www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –83 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




# मानसून ने दिखाया तेवर दो दिन से प्रदेश में झमाझम बारिश

**जनजीवन होने लगा प्रभावित, निचले इलाकों में भरा पानी**



**रायपुर, 7 जुलाई ( देशबन्धु )। समय से पूर्व आए मानसून ने अब अपना तेवर दिखाना शुरु कर दिया है। इन दिनों प्रदेशभर में मानसूनी सक्रियता के चलते बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर सहित दक्षिण क्षेत्रों के साथ सरगुजा में झमाझम बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। महानदी का जलस्तर बढ़ने से धमतरी और राजिम में हालात बिगड़े है। वहीं जांजगीर चापां के कांजीनाला में बाढ़ के कारण ग्राम कुथुर डूब गया है। बारिश के कारण प्रदेशभर में तापमान में गिरावट दर्ज की गई जो अधिकतम 7 एवं न्यूनतम 4 डिग्री तक है।**

## कुथूर डूबा, बाढ़ से खेत-गलियों में तबाही



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में झमाझम मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर,, नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुथूर के कंजीनाला में आई बाढ़, गांव की गलियों समेत खेतों में जा घुसा नाले का पानी किसानों का फसल हुआ बर्बाद,, मौके पर अब तक नहीं पहुंचा प्रशासनिक अमला, सवालों के घेरे में जिम्मेदार!

पिछले कई दिनों से हो रहे झमाझम मूसलाधार बारिश से गांव के कांजी नाले जल स्तर बढ़ गया, और जल स्तर इतना बढ़ गया कि गांव के गलियों में पानी जा घुसा, जहां खेत तरफ जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पूरी तरह ब्लॉक हो गया, सैकड़ो एकड़ खेतों का फसल पानी का जलस्तर बढ़ने से डूब कर बर्बाद हो गया, और लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर उसी रास्ते से आवागमन करते दिख रहे हैं। और इतने में भी अब तक ग्राम पंचायत कुथूर में जायजा लेने प्रशासनिक अधिकारी अब तक नहीं पहुंची है, मानो जिम्मेदार अफसरों की आंखें अभी भी बंद हैं,, और ये बात हम इसलिए कह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राजधानी में जमकर बरसे बादल

मानसूनी सक्रियता के चलते राजधानी रायपुर भी तरबतर हो चुकी है। शहर के निचले इलाके में लगातार हो रही बरसात के कारण पानी भरने की खबर है। शहर के सुंदरनगर क्षेत्र, जयस्तंभ चौक मार्ग, गुढ़ियारी अंडरब्रिज, मोवा अंडर ब्रिज सहित कई इलाकों में पानी भर गया जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही। वहीं रविभवन सहित कुछ अंडर ग्राउंड पार्किंग स्थलों में पानी भरने से पंपों के माध्यम से पानी निकासी की कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित है। वहीं लगातार बारिश के कारण आज भी बाजारों में वारानी छाई रही। दफ्तरों और कार्यालयों में भी उपस्थिति कुछ कम रही। भिलाई नगर में भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में पानी सप्लाई ठप है। बताया जा रहा है कि मरोदा पंप हाउस के मोटार में पानी घुस जाने से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है। पंप का एनआरवी डैमेज हो गया है।

■ **भिलाई में पंप हाऊस में पानी घुस जाने से पानी सप्लाई ठप**

## राजिम का चौक तालाब में तब्दील

**राजिम।** अंचल में पिछले चौबीस घंटे से रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। कई इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए हैं, वहीं कई गांवों में बारिश का पानी घरों में घुस गया है। बारिश के कहर से कई गांवों से संपर्क भी टूट गया है। जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित है।

घरों में घुसा बारिश का पानी- अंचल में बारिश के कारण हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम रावड़ में 7 घरों में बारिश का पानी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## धमतरी में जनजीवन अस्त-व्यस्त



**धमतरी।** पिछले दो दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण शहर के निचले वार्डों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो दिनों से हो बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश के चलते निचली बस्तियों में जल भराव होने जनजीवन प्रभावित हो गया है। बारिश के चलते बच्चे स्कूल जाने व कामकाजी लोगों को दुकान, दफ्तार पहुंचने में भी असुविधा हुई। खेत-खलिहान पानी से लबालब भरा हुआ है। जिले के सिहावा-नगरी वनांचल क्षेत्र के नदी-नालों में बाढ़ आ गई है, जिससे सोंढूर नदी में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भारी बारिश के बीच कांग्रेस की सभा में खड़गे का मोदी-शाह पर तीखा हमला

## जंगल, जमीन, जल सब अडाणी को सौंपा






**नारेबाजी करने वालों को लगाई फटकार**

साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस ने 'किसान-जवान-संविधान' जनसभ में प्रदेशभर के कार्यकर्ता शामिल हुए। संबोधन के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को फटकार लाग दी। उद्बव धन के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो खड़गे ने मंच से कहा, 'चुप बैठो, चुनाव में जोश दिखाना।' उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के उद्बबोधन के दौरान भी नारेबाजी की, जिस पर चरण दास महंत भी नाराज़ दिखे। सभा का आलम ये था कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को उठकर एन एस यू आई कार्यकर्ताओं को चुप रहने की हिदायत देनी पड़ी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी लगातार कार्यकर्ताओं को शांत करने की कोशिश करते रहे। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी सीट छोड़कर कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे और उन्हें शांत रहने की समझाइश दी।

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में भारी बारिश के बीच कांग्रेस की किसान, जवान और संविधान रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है वे तो संविधान से धर्म निरपेक्ष और समाजवाद को निकालकर देखें।पूरा देश उनके खिलाफ उठ खड़ा होगा।उन्होंने कहा संविधान सुरक्षित है तो हम सुरक्षित है।उन्होंने कहा 2024 के चुनाव ने मोदी के अहंकार को तोड़ दिया है।भाजपा खुद सरकार नहीं बना पाई। प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा, 400 पार का दावा करने वाले आज दूसरों की बैसाखियों पर चल रहे हैं। अगर मध्यप्रदेश और राजस्थान में हमें 20 सीटें और मिल जातीं तो मोदी को गुजरात भेज चुके होते।

मोदी और शाह पर हमला करते हुए कहा उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल, जमीन और खनिज संसाधन सब कुछ अडाणी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के लोगों के जीवन को तबाह करने का काम किया है।गृहमंत्री अमित शाह को लेकर कहा वे यहां बार बार क्यों आते है,क्या उनका घर है,या ससुराल है। यहां के मुख्यमंत्री को बैठने कहो तो बैठ जाते है।इतना अपमान सह रहे है लेकिन पद नहीं छोड़ रहे। मोदी और शाह पर हमला करते हुए कहा उन्होंने छत्तीसगढ़ की संपत्ति उद्योगपतियों को बेच दी है। और प्रदेश सरकार अब दिल्ली की कठपुतली बनकर रह गई है।खड़गे ने मंच से कार्यकर्ताओं को बारिश में डटे रहने के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**कांग्रेस में अंतर्कलह आया सामने-** प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के उद्देश्य से जिस 'किसान-जवान-संविधान' सभा का आयोजन किया गया। उसी सभा में कांग्रेस की अंतर्कलह नजर आई। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के स्वागत के लिए विधायक देवेंद्र यादव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय से माइक छीनते नजर आए।

**पानी से भरे मैदान में नेताओं का भाषण सुनने डटे रहे लोग**

मल्लिकार्जुन खरगे ने बारिश के बीच किसान-जवान-संविधान जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें सुनने पहुंची जनता भी काफी उत्सुक नजर आई। लोग पानी से भरे मैदान में कांग्रेस नेताओं का भाषण सुनने डटे रहे। कोई रेनकोट पहनकर तो कोई छतरी पकड़कर सभा स्थल तक पहुंचे थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं।

## सार संक्षेप

### जस्टिस वर्मा मामले में तुरंत एफआईआर की जरूरत : उपराष्ट्रपति

**कोच्चि।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जस्टिस वर्मा केस मामले को फिर से उठाया। उन्होंने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत एफआईआर की बात कही। उन्होंने कहा, यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने वाला है। इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, ये जानना बहुत जरूरी है।

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 11 को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 जुलाई 2025 को सवेरे 11.30 बजे से राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन ) में आयोजित होगी ।

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन ने मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

# बिहार वोटर लिस्ट मामले में 10 को सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के मामले को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर की ओर से दायर याचिका में वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा, यह लाखों मतदाताओं का सवाल है। अगर इस कार्रवाई को तुरंत नहीं रोका गया तो इसका असर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी।

**यह नामुमकिन काम है: सिंघवी**

वकील अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा, 8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है। 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा, यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही वकीलों ने यह भी मांग की कि इस मामले की सुनवाई आज या कल की जाए, क्योंकि चुनाव आयोग ने सिर्फ एक महीने की समय सीमा दी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 10 जुलाई (गुरुवार) को करने के लिए राजी हो गया है, लेकिन फिलहाल अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अपनी याचिकाओं की प्रतियां चुनाव आयोग और अन्य पक्षों को सौंपने का निर्देश दिया। अब सबकी निगाहें गुरुवार को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। फिलहाल, एसआईआर के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें आरजेडी सांसद मनोज झा, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल, योगेंद्र यादव और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा शामिल हैं।

## आईएएस यशवंत कुमार बनाए गए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी यशवंत कुमार (बैच 2007) को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उन्हें यह दायित्व भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र के आधार पर सौंपा गया है।

वर्तमान में यशवंत कुमार सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर कार्यरत हैं। वे इस नई ज़िम्मेदारी के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी यथावत संभालते रहेंगे। साथ ही, हिमांशु गुप्ता (आईएएस, 2007) अब केवल सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें विभाग के प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है।

## पंजाब में बस पलटने से 8 की मौत, 32 घायल

**होशियारपुर**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। पंजाब में जिला होशियारपुर के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही एक निजी मिनी बस कार से टकरा कर पलट जाने से एक बालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य सवार घायल हो गए। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसूहा जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक कार से टकरा कर बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी।

मृतकों में मां और पुत्री भी शामिल हैं, जिनकी पहचान रज्जू बाला पुत्री अशरफ और मीना पतनी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को इलाज के लिए दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

## बिहार में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**पटना**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई है। प्रदेश के पूर्णिया जिले में एक महिला के डायन होने के शक में उसे और उसके परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। पांचों रविवार रात से ही रहस्यसमी ढंग से लापता थे। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड संख्या 10 का है। इसी गांव में रहने वाले बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य लोगों को जिंदा जला दिया गया> मृतक बाबू लाल उरांव का 16 साल का बेटा खुद घटना का चश्मदीद गवाह है। वारदात के बाद से घर के आस-पास रहने वाले सभी लोग अपने घर से फरार हैं।

## ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे : मोदी

**रियो डी जेनेरियो**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा है कि इसका मतलब 'सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार' है। रियो डी जेनेरियो में सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देश सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे और समूह को फिर से परिभाषित करने पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत हम सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे...हम ब्रिक्स को फिर से परिभाषित करने की दिशा में काम करेंगे। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का मतलब होगा सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन तथा नवाचार । उन्होंने कहा कि जिस तरह जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी-20 समूह को व्यापक बनाया और एजेंडे में ग्लोबल साउथ के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी तरह ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वोपरि की भावना से आगे ले जाएगा।

# नड्डा की विधायक-मंत्री और सांसदों को नसीहत, भ्रष्टाचार की शिकायतें न आए

**सरगुजा**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर सोमवार से मैनपाट के तिब्बती कैंप-01 में शुरू हो गया है। इस अहम शिविर की शुरुआत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन से हुई, जिन्होंने विधायकों, मंत्रियों और सांसदों को अनुशासन और व्यवहार को लेकर नसीहत दी है।

जेपी नड्डा ने नेताओं से कहा कि पार्टी के जनप्रतिनिधि स्थानीय लोगों के साथ अपना व्यवहार और शिष्टाचार बनाकर रखे। उन्होंने कहा कि विनम्रता और संयम बनाकर काम करें। विभागों और निर्वाचन क्षेत्रों से भ्रष्टाचार की शिकायतें नहीं चाहिए। साथ ही जेपी नड्डा ने कहा कि मीडिया में अनर्गल टिप्पणी से बचें, पार्टी की छवि का ध्यान सभी को रखना होगा।




**बैठक के बाहर रखवाया गया मोबाइल फ़ोन**

बता दें कि शिविर को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। सभी सांसदों, विधायकों और मंत्रियों से मोबाइल फोन बाहर जमा करा लिए गए हैं। किसी को भी मोबाइल अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

**12 सत्रों का होगा प्रशिक्षण**

भाजपा के सांसद और विधायक दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र कुल 12 सत्रों में पूरा होगा। प्रथम दिवस दो सत्र होंगे, जिसमें भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन मंत्री संतोष तावड़े, बी सतीश, द्वितीय दिवस छह सत्र होंगे, जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रशिक्षक के रूप में शामिल होंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रकाश प्रशिक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे।

**3 एसपी, 4 एडिशनल एसपी सहित 800 जवान होंगे तैनात**-सरगुजा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मुताबिक भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने पहुंच रहे मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के मंत्री और सांसद, विधायक दलों की सुरक्षा के लिए तीन एसपी और चार एडिशनल एसपी की तैनाती की गई है। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षा के लिए थाना प्रभारियों सहित 800 जवान तैनात रहेंगे। प्रशिक्षण स्थल के पूर्व तथा मार्ग में कई स्थानों पर बेरियर भी लगाए जा रहे हैं, जहां मैनपाट पहुंचने वाले लोगों को पुलिस के विशेष जांच प्रक्रिया के बीच से गुजरना होगा।

# देश

**उवाच**



"पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है। आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है।"

–संजय राउत, शिवसेना (यूबीटी) नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 37.0 | 28.0 |

# देश में फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में घोटाला : कांग्रेस

## सीबीआई की प्राथमिकियों से उजागर फर्जीवाड़े को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकियों से साफ हो गया है कि चिकित्सा कॉलेजों को मान्यता देने में जबरदस्त घोटाला हुआ है और यह फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा की सहमति के बिना संभव ही नहीं है इसलिए नड्डा को जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस नेत्री डॉ.ओनिका मेहरोत्रा ने सोमवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कई मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान की गई है।



**मेडिकल शिक्षा में फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य मंत्री की सहमति के बिना संभव ही नहीं है इसलिए जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दें नड्डा : डॉ.ओनिका मेहरोत्रा**

### सीबीआई ने दो बड़े घोटाले किए उजागर

कांग्रेस नेत्री डॉ.ओनिका मेहरोत्रा ने कहा कि सीबीआई ने 25 जून को प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें कई कॉलेजों के फर्जी होने के प्रमाण मिले हैं। उनका कहना था कि सीबीआई ने दो बड़े घोटाले उजागर किए हैं जिनमें एक एनएमसी में और दूसरा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया में हुआ है और ये दोनों घोटाले कुख्यात व्यापम घोटाले से भी बड़े हैं। इस बार यह सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है बल्कि यह घोटाला राजस्थान, हरियाणा, इंदौर, वारंगल और विशाखापत्तनम तक फैला हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सबसे पहले मध्य प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर व्यापम घोटाले की योजना बनी और फिर पूरे देश में पेपर लीक और भर्ती घोटाले हुए।

अब इस ठगी में फर्जी मेडिकल कॉलेज शामिल कर दिए हैं और एनएमसी फर्जी फैकल्टी, फर्जी मरीज, क्लोन फिंगरप्रिंट और छेड़छाड़ की गई बायोमेट्रिक प्रणाली का इस्तेमाल कर फर्जीवाड़े के जरिए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी जा रही है। इस घोटाले में मोदी और नड्डा जिम्मेदार हैं क्योंकि उनकी नाक के नीचे देशभर में मेडिकल घोटाला हो रहे हैं लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार देश भर में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेजों ने रिश्वत, फर्जी रिकॉर्ड और हेराफेरी करके मान्यता प्राप्त की है। जांचकर्ताओं के अनुसार है कि मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की परवाह किए बिना निजी संस्थानों से करोड़ों रुपए की रिश्वत ली गई है। उन्होंने इस संबंध में कई मेडिकल कॉलेजों के नाम लिए और कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़ा एक अलग मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस बारे में दर्ज प्राथमिकी में अनियमितताओं का उल्लेख है।

## बिहार में एनडीए एक डूबता हुआ जहाज : प्रमोद तिवारी



कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बिहार में एनडीए एक डूबता हुआ जहाज है। चिराग पासवान, रामविलास पासवान जैसे सम्मानित नेता के बेटे होने के बावजूद अशांत राजनीतिक जल में तैरते रहने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वे सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि अंदरूनी दरारें चौड़ी हो गई हैं और गठबंधन के कई सदस्य चुनाव से पहले ही बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं। एनडीए के नेताओं को पता है कि वे कई सीटें हारने जा रहे हैं। उनकी हताशा नजर आ रही है। जबकि वे केंद्र सरकार बना रहे हैं, वे राज्य पर अपनी पकड़ खो रहे हैं। इससे उनके अपने सहयोगियों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है।

## झारखंड में सिमडेगा बाल सुधार गृह से छह किशोर फरार

**सिमडेगा, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** झारखंड में सिमडेगा बाल कल्याण गृह से रविवार देर रात छह किशोर फरार हो गए, जिनकी तलाश के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि हत्या सहित विभिन्न आपराधिक मामलों में हिरासत में लिए गए किशोर अंधेरे का फायदा उठाते हुए चारदीवारी फांदकर फरार हो गए।

फरार होने वालों में लातेहार का एक, पश्चिमी सिंहभूम के दो और गुमला के तीन किशोर शामिल हैं। इस घटना के बाद सिमडेगा मुख्यालय के डीएसपी और एसडीपीओ ने जांच शुरू कर दी है। फरार किशोरों की तलाश के लिए पुलिस टीमें तैनात की गई हैं। उल्लेखनीय है कि इस सुविधा में यह पहला विवाद नहीं है। कुछ महीने पहले हिरासत में कथित हमले के बाद एक किशोर की मौत हो गई थी, जिससे इस सुविधा के प्रशासन एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी ने किशोरों के फरार होने की पुष्टि करते हुए कहा कि लापता लड़कों का पता लगाने की कोशिश जारी है।

## पहलगाम के आतंकी अब तक क्यों नहीं पकड़े गए : उद्धव ठाकरे

### देश में हिंदुओं की रक्षा नहीं करने का लगाया आरोप

**मुंबई, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में मराठी बनाम हिंदी भाषा का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर महायुति और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच जुबानी जंग जारी है। इस बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है।



उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार मराठी भाषा के दुश्मन हैं। यह हमारे मराठी लोगों की तुलना आतंकवादियों से कर रहे हैं। यह गिरे हुए लोग हैं, क्योंकि पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों की तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। क्या पहलगाम के आतंकवादी भाजपा में शामिल हो गए। अब तक वे पकड़े क्यों नहीं गए। यह शर्म की बात है कि आप भारत में हिंदुओं की रक्षा नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई कुछ भी करके भाजपा में शामिल हो जाता है तो वह वॉशिंग पाउडर निरमा से साफ हो जाता है। ठाकरे ने कहा कि कुछ बाहरी लोग आकर यहां लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। बीजेपी नेता आशीष शेलार ने मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापारी की पिटाई करने की तुलना पहलगाम हमले से की। उन्होंने कहा कि जैसे पहलगाम में आतंकियों ने नाम और धर्म पूछकर निर्दोषों पर गोलियां चलाईं, वैसे ही मुंबई में निर्दोष हिंदुओं से उनकी भाषा पूछकर हमला किया जा रहा है।

### *किसी भी भाषा को जबरन थोपना ठीक नहीं*

*शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन किसी भी भाषा को जबरन थोपना ठीक नहीं है। मैं भी हिंदी बोल रहा हूं। हमारे सांसद भी संसद में हिंदी बोलते हैं। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश में तीसरी भाषा कौन सी होगी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की मूल भाजपा खत्म हो गई है। आज जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने मूल भाजपा की हत्या कर दी।*

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में आज से खुलेंगे स्कूल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की स्कूली शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने सोमवार को कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार से यहां के स्कूल खुलेंगे। स्कूल खुलने की इस आधिकारिक घोषणा के बाद ग्रीष्मावकाश बढ़ाए जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। कश्मीर के स्कूलों में 15 दिनों की छुट्टी 23 जून को शुरू हुई थी। इटू ने कहा, हम कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग के शीतकालीन क्षेत्रों में स्कूल खोल रहे हैं।

### इजरायल के खिलाफ माकपा का डिजिटल विरोध का आह्वान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने फिलिस्तीन के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए इजरायल के खिलाफ डिजिटल विरोध का आह्वान किया है। फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने व इजरायल के खिलाफ डिजिटल विरोध में शामिल होने के लिए माकपा महासचिव मरियम अलेक्जेंडर बेबी ने लोगों से प्रतिदिन रात 9.00 बजे से 9.30 बजे तक फोन और कंप्यूटर बंद करने का आह्वान किया है। आम नागरिकों द्वारा एक मजबूत संदेश जाना चाहिए कि हम भी गाजा में इजरायल द्वारा किए जा रहे नरसंहार के खिलाफ कुछ कर सकते हैं।

### दीमापुर में लगातार बारिश से तीन लोगों की मौत

**दीमापुर/नागालैंड।** नागालैंड के दीमापुर में बिजली का करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई है। इस क्षेत्र में जोरदार बारिश हो रही है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और मौसम जनित हादसों में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार को कुडा गांव में दो लोगों की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई जबकि शनिवार को पुलिस कॉलोनी में एक महिला की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब वह पानी में डूबे इन्वर्टर को हटाने की कोशिश कर रही थी। दीमापुर, निउलैंड और चुमौकेदिमा जिलों में सप्ताहांत में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने घर खाली करने पड़े हैं।

### डॉ. यादव ने मछुआरा समाज से की पंजीकरण की अपील

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के मछुआरा समाज से नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराकर प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना का लाभ उठाने की अपील की है। यादव ने कहा कि उज्जैन में पहली बार भगवान राम के सखा के नाम पर मछुआरा भाइयों का निषादराज सम्मेलन 10 जुलाई को हो रहा है। मछली पालकों से मेरी अपील है कि नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराकर प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना का लाभ उठाएं।

## नवीन पटनायक को अस्पताल से मिली छुट्टी



**22 जून को हुई थी सर्जरी**

**मुंबई, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक को सोमवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल से छुट्टी मिल गई। 22 जून को उनकी सर्जरी हुई थी। अस्पताल से नवीन पटनायक की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे चिकित्सकों के साथ नजर आ रहे हैं। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में 22 जून को नवीन पटनायक की सर्जरी हुई थी। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमाकांत पांडा की देखरेख में सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। डॉ. पांडा पटनायक के प्राइवेट डॉक्टर भी हैं। ऐसे में पहले ही उम्मीद जताई जा रही थी कि उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। इसी क्रम में सेहत में सुधार होने के बाद नवीन पटनायक अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। सर्जरी के बाद पूर्व सीएम नवीन पटनायक के बड़े भाई प्रेम पटनायक ने एक वीडियो संदेश के जरिए बताया था कि बीजद प्रमुख की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है और अब वह ठीक हैं। मैं उनके बारे में सोचने और उनके ठीक होने की प्रार्थना करने के लिए सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद और आपकी शुभकामनाओं से वह जल्दी ठीक हो जाएंगे। नवीन पटनायक की सर्जरी के बाद मोदी ने उनसे बात की थी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं सार्वजनिक जीवन में शीघ्र वापसी की कामना की थी।

## वृंदावन कॉरिडोर के नाम पर जमीन का खेल : अखिलेश

**लखनऊ, 7 जुलाई (देशबन्धु)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि वृंदावन में कॉरिडोर के नाम पर जमीनों का खेल हो रहा है। श्री यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा की नज़र जमीनों पर है। अपने कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा लाखों लोगों को उजाड़ रही है। ये कारीडोर रास्ता नहीं आस्था है। वृंदावन की गलियां आस्था की गलियां है। उनका हेरीटेज वैसा ही रहना चाहिए। सरकार चौड़ीकरण के नाम पर पुरानी चीजों को खत्म कर रही है। बात चौड़े रास्तों की नहीं, मैनेजमेंट की होती है। अगर चौड़ा स्थान से ही भीड़ संभल सकती है तो कुंभ खुले मैदान में लगा था वहां क्यों भगदड़ हो गयी।



- पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित की प्रेस कांफ्रेंस
- वृंदावन की गलियां आस्था की गलियां है

उन्होने कहर कि भाजपा सरकार मैनेजमेंट में फेल हो जाता है। उसके सुधारने के बजाय तोड़फोड़ और बर्बादी करती है। भाजपा सरकार को उन देशों से प्रेरणा लेना चाहिए जिन्होंने अपनी विरासत और संस्कृति को बचाते हुए विकास किया है। वृंदावन में जो लोग आते है वे कुंज गलियों को देखने आते है। कुंज गलियों में राधा-कृष्ण के हजारों गीत बने हैं। उनका अपना इतिहास है।

श्री यादव ने कहा कि सारा झगड़ा जमीन का हैं जिस तरह से भाजपा ने अयोध्या में जमीनों में हेरफेर किया, वाराणसी में हजारों मंदिर तोड़े वही वृंदावन में भी करना चाहती है। मथुरा वृंदावन में पांच हजार से ज्यादा मंदिर हैं। जिन्हें पुराने जमाने के तमाम राजाओं और महाराजाओं ने उन्हें बनवाया है। भाजपा अपने लोगों को ठेका देकर उनसे चंदा वसूली करती है। मुआवजा के नाम पर घोटाला करती है। उन्होने कहा कि जनता आज मजबूर है। प्रदेश में नई सरकार आयेगी तब विकास के नाम पर भाजपा की विनाश की नीति हमेशा के लिए समाप्त कर दी जाएगी। हर मुआवजा, घोटाले की जांच होगी। भाजपा सरकार ने कई जगह जमीनों के अधिग्रहण के बदले में मुआवजा नहीं दिया या अपने लोगों को खुश करने के लिए खेल करते है। भाजपा जिस तरह का काम कर रही है उसे मथुरा वृंदावन कभी माफ नहीं करेगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा आस्था को व्यापार न बनाये। आस्था को आस्था रहने दें। जो वहां की परम्परागत चीजें होती रही हैं उस आर्टिटेक्चर को नष्ट न करें। भाजपा कोई भी चीज बना नहीं सकती है जो चीजें बनी है उसे बर्बाद कर देती है। श्री यादव ने कहा कि सच्चा रास्ता ही धर्म का रास्ता है। भेदभाव करने वाले सनातनी नहीं हो सकते है। अन्याय करने वाले, बच्चों से राजनीति करवाने वाले, नफरत पैदा करने वाले कभी सनातनी नहीं हो सकते है। केवल कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं हो जाता है।

### भाजपा सरकार पूरी दुनिया में बदनामी करा रही

समाजवादी सरकार में गोमती रिवर फ्रंट बनाया गया। इस सरकार ने बर्बाद कर दिया। वरुणा नदी पर रिवर फ्रंट का काम रोक दिया। गोमती, वरुणा, यमुना में गंदगी है। कूड़े का ढेर है। पानी से बदबू आ रही है। भाजपा सरकार पूरी दुनिया में बदनामी करा रही है। नदियों से जुड़ें विभाग के मंत्री जी अधिकारियों के साथ सफाई करने उतरे थे लेकिन गोमती नदी साफ नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नदियों का बुरा हाल है। पूरे प्रदेश में सीवर ट्रीटमेंट प्लान बंद कर दिये गये हैं। नालों का पानी और गंदगी सीधे नदियों में डाला जा रहा है। बुंदेलखंड में नदियों में अवैध खुदाई करके जगह-जगह टीले बना दिए गए हैं। लेकिन लगता है यह भ्रष्टाचार के टीले भी 17 सौ करोड़ के दबाव में किसी को दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र पर विशेष जोर दिए जाने की आवश्यकता : राजनाथ

### रक्षा लेखा विभाग के नियंत्रक सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसयां)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दुनिया भर में फिर से हथियारों की होड़ बढ़ने से रक्षा क्षेत्र को अब केवल आवश्यक व्यय के बजाय एक रणनीतिक आर्थिक निवेश के रूप के रूप में देखा जा रहा है और इसे ध्यान में रखते हुए 'रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र' पर विशेष जोर दिए जाने की जरूरत है। सिंह ने सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन 2025 में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी बदलावों का उल्लेख किया। दुनिया के अनेक हिस्सों में बढ़ रहे टकरावों तथा संघर्षों के मद्देनजर हथियारों की होड़ के बढ़ने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आज भारत सहित पूरा विश्व फिर से हथियारबंद होने के नए दौर से गुजर रहा है। अब इस क्षेत्र में काफी पूंजीगत निवेश किए जा रहें हैं। कुछ समय पहले तक तो रक्षा क्षेत्र में किए गए निवेश को संपूर्ण अर्थव्यवस्था का हिस्सा तक नहीं माना जाता था। इसे मात्र आवश्यक व्यय के तौर पर देखा जाता था और सुरक्षा पर हुए निवेश का कोई आर्थिक मूल्यांकन भी नहीं होता था। रक्षा क्षेत्र में हथियारों से संबंधित निवेश के बढ़ने से रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है।



### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का किया जिक्र

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि सैनिकों की वीरता और स्वदेशी हथियारों की क्षमता के प्रदर्शन ने स्वदेशी उत्पादों की वैश्विक मांग को और बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र को नए सम्मान के साथ देख रही है। वित्तीय प्रक्रियाओं में जरा भी देरी या त्रुटि सीधे परिचालन तैयारियों को प्रभावित कर सकती है।

## पुणे में गांधी प्रतिमा को तोड़ने का प्रयास निंदनीय : कांग्रेस

**पुणे, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने रविवार रात रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ने की कोशिश करने वाले सूरज शुक्ला नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सूरज जब दरांती लेकर प्रतिमा के चबूतरे पर चढ़ गया तो प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे रोका और सूरत को अधिकारियों को सौंपने से पहले प्रतिमा को ज्यादा नुकसान होने से बचाया। पुणे सिटी पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है और प्रतिमा को तोड़ने के स्पष्ट इरादे का हवाला देते हुए आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि सूरज के साथ उसका कोई सहयोगी इसमें शामिल नहीं था। कांग्रेस पार्टी ने इस कृत्य की निंदा की और पुणे सिटी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख अरविंद शिंदे ने प्रतिमा को खंडित करने के प्रयास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। शिंदे ने कहा, हम गांधी की प्रतिमा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और इस तरह का अनादर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीक की विरासत की रक्षा के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## तेलंगाना में अगले विस चुनाव में महिलाओं को 60 सीटें : रेवंत रेड्डी

### पीजेटी कृषि विवि में वन महोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित



**हैदराबाद, 7 जुलाई (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए सोमवार को घोषणा की कि अगले विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर महिला उम्मीदवार होंगी। रेड्डी ने सोमवार को यहां पीजेटी कृषि विश्वविद्यालय में वन महोत्सव 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि अगले चुनावों में विधायी निकायों में महिलाओं के लिए कोटा लागू होगा और वह अपनी पार्टी की ओर से 60 महिलाओं को टिकट देने की जिम्मेदारी लेंगे। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने और लड़कियों के लिए सरकारी स्कूल चलाने की जिम्मेदारी सहित महिला सशक्तिकरण योजनाओं को सूचीबद्ध करते हुए रेड्डी ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष महिला समूहों को 21,000 करोड़ रुपए का ऋण प्रदान किया है। राज्य सरकार महिलाओं को मुफ्त आरटीसी बस यात्रा प्रदान कर रही है और उन्हें आरटीसी को 1,000 बसों का बेड़ा किराए पर देने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें बसों का मालिक बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला समूहों को अपने उत्पादों को हाई टेक सिटी में बेचने की सुविधा भी प्रदान की जाती है, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियां स्थित हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार ने एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाने का लक्ष्य रखा है तथा शहरी क्षेत्रों में भी महिला स्वयं सहायता समूह बनाए जाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि सरकार सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने और इंदिराम्मा शासन में महिलाओं को आत्मसम्मान के साथ सभ्य जीवन जीने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**चिंता** | अमरनाथ यात्रा में लोगों के पहुंचने से बढ़ता तापमान बना चिंता का सबब

# भीषण गर्मी से बाबा बर्फानी के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 7 जुलाई (देशबन्धु)। इस बार अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या ने नहीं बल्कि भीषण गर्मी ने हिमलिंग के अस्तित्व के लिए खतरा बढ़ा दिया है क्योंकि इससे हिमलिंग के वक्त से पहले गायब होने की आशंका है। कई सालों से ऐसा देखने को मिल चुका है कि अक्सर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से हिमलिंग समय से पहले भक्तों की सांसों के कारण लुप्त हो गए और अबकी बार गर्मी अपना दम दिखा रही है।**

तीन जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में पांच दिनों में ही हिमलिंग के दर्शन करने वालों का आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले काफी कम है। लेकिन बढ़ते तापमान को हिमलिंग के लिए खतरे के तौर पर लिया जा रहा है। हालांकि इस साल हिमलिंग 22 फुट के बने थे जो भीषण गर्मी के कारण चौथाई रह चुके हैं।

हालांकि साल 2018 में हिमलिंग की ऊंचाई 15 फीट थी। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के बकौल, करीब दो माह पहले हिमलिंग अपने पूरे आकार में था। यह करीब 20 से 22 फुट का था। और अब इसकी ऊंचाई 4 से 5 फुट के बीच रह गई है। उनके मुताबिक, यह अब तेजी से पिघल रहा है। दरअसल इस बार पूरी दुनिया में गर्मी ने जो कहर बरपाया अमरनाथ यात्रा का प्रतीक हिमलिंग भी उससे अछूता नहीं रहा है। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है कि हिमलिंग तेजी से पिघल रहा हो बल्कि पिछले कई सालों से यह देखने को मिल रहा है हिमलिंग यात्रा के आरंभ होने के कुछ ही दिनों के उपरांत पूरी तरह से पिघल जाता रहा है। हालांकि तब इसके लिए ग्लोबल वार्मिंग के साथ साथ उन लाखों भक्तों की सांसें भी जिम्मेदार होती थीं जो दर्शनार्थ गुफा तक पहुंचते थे। विशेषज्ञों के मुताबिक अमरनाथ ग्लेशियरों से घिरा है। ऐसे में ज्यादा लोगों के वहां पहुंचने से तापमान के बढ़ने की आशंका होगी। इससे ग्लेशियर जल्दी पिघलेंगे। साल 2016 में भी भक्तों की ज्यादा भीड़ के अमरनाथ पहुंचने से हिमलिंग तेजी से पिघल गया था। आंकड़ों के मुताबिक उस वर्ष यात्रा के महज 10 दिन में ही हिमलिंग पिघलकर डेढ़ फीट के रह गए थे। तब तक महज 40 हजार भक्तों ने ही दर्शन किए थे।



■ **चार से पांच फुट के बीच रह गई हिमलिंग की ऊंचाई**

साल 2016 में प्राकृतिक बर्फ से बनने वाला हिमलिंग 10 फीट का था। जो अमरनाथ यात्रा के शुरुआती सप्ताह में ही आधे से ज्यादा पिघल गया था। ऐसे में यात्रा के शेष 15 दिनों में दर्शन करने वाले श्रद्धालु हिमलिंग के साक्षात दर्शन नहीं कर सके थे। साल 2013 में भी अमरनाथ यात्रा के दौरान हिमलिंग की ऊंचाई कम थी। उस वर्ष हिमलिंग महज 14 फुट के थे। लगातार बढ़ते तापमान के चलते वे अमरनाथ यात्रा के पूरे होने से पहले ही अंतरध्यान हो गए थे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2013 में हिमलिंग के तेजी से पिघलने का कारण तापमान में वृद्धि था।

उस वक्त पारा 34 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। साल 2018 में भी बाबा बर्फानी के तेजी से पिघलने का सिलसिला जारी था। 28 जून से शुरू हुई 60 दिवसीय इस यात्रा में एक महीने बीतने पर करीब दो लाख 30 हजार यात्रियों ने दर्शन किए थे।

### 'आंखों की गुस्ताखियां' का मेरा किरदार 'शोले' की 'बसंती' से प्रेरित : सानंद

**मुंबई।** 'भाबीजी घर पर हैं' फेम अभिनेता सानंद वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। अभिनेता ने अपने किरदार के बारे में बताया कि इसे रचने में हेमा मालिनी के 'शोले' के किरदार 'बसंती' से प्रेरणा मिली। इस फिल्म में सानंद का किरदार एक मजेदार और बातूनी ड्राइवर का है। सानंद ने अपने किरदार के बारे में बताया कि अपकमिंग फिल्म में मेरे किरदार का नाम शौकी लाल है, जिसका नाम भी काफी मजेदार है। वह एक हंसमुख और बातूनी ड्राइवर है, जो बिल्कुल रुकता नहीं और लगातार बात करता है। यह किरदार 'शोले' की बसंती की याद दिलाता है, जो गाड़ी चलाते हुए लगातार बोलती थी, खूब बात करती थी।

## पंजाबी की तुलना में तेलुगू फिल्म सेट पर रहती है ज्यादा गंभीरता : यामिनी मल्होत्रा



**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेत्री यामिनी मल्होत्रा पंजाबी के साथ ही तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने दोनों इंडस्ट्री के काम करने के तौर-तरीकों में बड़ा अंतर बताया। यामिनी के अनुसार, पंजाबी फिल्मों के सेट किसी बड़े शादी फंक्शन जैसे होते हैं, जबकि तेलुगू सेट पर सख्त प्रोफेशनल माहौल रहता है।

उन्होंने कहा कि पंजाबी फिल्म की शूटिंग किसी शादी फंक्शन की तरह है। हर कोई उत्साह से भरा होता है। खाना, हंसी-मजाक और म्यूजिक का माहौल रहता है। काम के बावजूद यह परिवार के एकजुट होने जैसा लगता है। शूटिंग के बाद लोग साथ में समय बिताते हैं, रिश्ते बनते हैं और माहौल बेहद दोस्ती भरा होता है। वहीं, तेलुगू सेट्स के बारे में यामिनी का अनुभव बिल्कुल अलग है। उन्होंने बताया कि तेलुगू सेट्स पर नियम और सटीकता की सख्ती होती है। हर कोई अपना काम करने के बाद वैनिटी वैन में चला जाता है। आपस में बातचीत बहुत कम होती है। माहौल पूरी तरह प्रोफेशनल और कभी-कभी मशीन जैसा लगता है। 'बिग बॉस 18' की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी दोनों इंडस्ट्री की खासियतों को पसंद करती हैं। उनके हिसाब से फिल्म के अनुसार माहौल का भी निर्धारण होता है। वे पंजाबी सेट्स की गर्मजोशी और तेलुगू सेट्स की दक्षता, दोनों का आनंद लेती हैं। यामिनी अब बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'चिल मारना ब्रो' जल्द रिलीज होगी। तेजस दत्तानी के निर्देशन में बनी यह फिल्म कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें ढेर सारे ट्विस्ट्स और हंसी-मजाक का तड़का है।

### हाथ धोने का सही तरीका

## हाथ धोने के समय 'सुमंक' को अपनाएं

- संक्रमण के प्रसार और रोकथाम में हाथ की बहुत अहम भूमिका
- 6 प्रक्रिया में कम से कम 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना चाहिए



**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। देश भर में कोविड-19 के प्रकोप के बाद पर्सनल हाइजीन पर खास ध्यान दिया गया है। इस वर्ष कोविड के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। वहीं, मानसून का सीजन आने से अन्य संक्रमण से संबंधित बीमारियां भी पांव पसार रही हैं। बैक्टिरिया या वायरस से होने वाली बीमारियों के संक्रमण के प्रसार और रोकथाम दोनों में हमारे हाथ की बहुत अहम भूमिका है। लेकिन बहुत ही कम लोगों को हाथ धोने का सही तरीका पता है। चाहे विश्व स्वास्थ्य संगठन हो भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय, इनकी ओर से कई बार हाथ धोने के सही तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता रहा है।

नेशनल हेल्थ मिशन (यूपी) के 'स्वच्छ हाथ, सुरक्षित जीवन' अभियान ने भी हाथ धोने के तरीके बारे में जरूरी जानकारी रोचक तरीके से दी है। इसके तहत यह बताया गया है कि सिर्फ हाथ धोना काफी नहीं, बल्कि सही तरीके से हाथ धोना जरूरी है। इसके लिए 'सुमंक' विधि को अपनाने की सलाह दी जाती है, जो एक प्रभावी और आसान तरीका है।

यूनीसेफ के अनुसार, इन 6 प्रक्रिया में कम से कम 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना चाहिए, फिर साफ पानी से धोकर सुखाना चाहिए। 'सुमंक' विधि से बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगजनकों को प्रभावी ढंग से हटाया जा सकता है।

यह विधि फ्लू, कोविड-19 और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव में काफी हद तक प्रभावी हो सकती है। यह सभी लोगों के लिए जरूरी है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए इसे ध्यान रखना बहुत अहम है। 'सुमंक' विधि रक्त प्रवाह में सुधार के अलावा अस्पतालों में होने वाले संक्रमणों को कम करने में भी मददगार है। यह सस्ता और आसान उपाय है, जो स्वास्थ्य लागत को भी कम करता है। स्वच्छ भारत मिशन के अनुसार, सही तरीके से हाथ धोने से बीमारियों से बचा जा सकता है। साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोने की आदत डालकर, न केवल स्वस्थ भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं बल्कि कई बीमारियों को पनपने से भी रोक सकते हैं।

### सुमंक के बारे में समझना जरूरी

- 'सुमंक' अंग्रेजी के लेटर 'एसयूएमएएनके' से मिलकर बना है। यह हाथ धोने के 6-स्टेप वाले प्रोसेस को दर्शाता है। नेशनल हेल्थ मिशन इसके बारे में विस्तार से जानकारी देता है।
- 'एस' का मतलब है 'सीधा' - यानी धोते हुए साबुन से पहले सीधी हथेलियों को बारी-बारी से घिसें।
- 'यू' का मतलब है 'उल्टा'- जिसके अनुसार हाथों को उल्टा करके भी बारी-बारी से रगड़े।
- 'एम' मतलब 'मुट्ठी'- यानी मुट्ठी बंद करने के बाद भी हाथों को साबुन से अच्छी तरह रगड़े।
- 'ए' का मतलब है अंगूठे - यानी मुट्ठी बंद कर हाथों को रगड़ने के बाद अंगूठों को भी ठीक से रगड़ें।
- 'एन' का मतलब है 'नाखून' - यानी अपने नाखूनों को भी अच्छी तरह साफ करें।
- 'के' कलाई को दर्शाता है- यानी सबसे अंत में अपनी कलाइयों को भी ठीक से रगड़ें।

**इस तरह 'सुमंक' के जरिए आप हाथ को सही तरीके से धोने का क्रम आसानी से याद कर सकते हैं और बहुत सी बैक्टीरिया या वायरस जनित बीमारियों के प्रसार को रोक सकते हैं।**

## पोषक तत्वों से भरपूर धनिया पत्ती

- धनिया की पत्तियां खाने से पाचन तंत्र होता है मजबूत
- विटामिन सी शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है धनिया

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। रसोई में यूं तो कई तरह की हरी सब्जियां मौजूद होती हैं, लेकिन इनमें से सबसे खास होती है 'धनिया'। चाहे दाल हो या सब्ज़ी, रायता हो या चटनी, धनिया की पत्तियां हर खाने का स्वाद और खुशबू बढ़ा देती हैं। ये पत्तियां सिर्फ स्वाद ही नहीं बढ़ातीं, बल्कि हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद भी होती हैं। यह एक ऐसी चीज है जो दिखने में भले ही मामूली लगे, लेकिन इसके अंदर छिपे पोषक तत्व हमारी सेहत को मजबूत बनाने में मददगार होते हैं। आयुर्वेद में भी धनिया को औषधि के रूप में माना गया है।

धनिया कई पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में इस्तेमाल किया जाता है। आधुनिक समय में भी इसकी महत्ता कम नहीं हुई है। अमेरिका की एफडीए और यूरोप की खाद्य सुरक्षा एजेंसियों ने धनिया को सुरक्षित और उपयोगी चीजों के रूप में स्वीकार किया है।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, धनिये की पत्तियों में जरूरी विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। इनमें विटामिन ए, सी, और के होता है, जो आंखों, त्वचा और हड्डियों के लिए बहुत जरूरी होता है। इसके अलावा, इसमें फोलेट, कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन और मैग्नीशियम जैसे तत्व भी पाए जाते हैं। इन तत्वों से शरीर को न केवल ऊर्जा मिलती है, बल्कि ये बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं।

धनिया की पत्तियां खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। सुबह खाली पेट इन पत्तियों को चबाने से या इनका पानी पीने से गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है। इसमें मौजूद फाइबर खाना पचाने में मदद करता है और आंतों की सफाई करता है। धनिया में विटामिन सी शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी रहती है, तो सर्दी-जुकाम, खांसी, फ्लू जैसी मौसमी बीमारियां जल्दी नहीं होतीं। रिसर्च में पाया गया है कि धनिया की पत्तियों में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो ब्लड शुगर को संतुलित रखते हैं। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

धनिया में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह कोलेस्ट्रॉल को भी संतुलित करता है। वहीं एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ए त्वचा को चमकदार बनाते हैं, चेहरे के मुंहासे और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं, और साथ ही बालों को झड़ने से रोकते हैं।

यह शरीर को डिटॉक्स भी करता है। धनिया का पानी शरीर में से जहरीले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। इससे लीवर और किडनी सही से काम करते हैं और शरीर हल्का व साफ महसूस होता है। इसमें मौजूद कैल्शियम और मैग्नीशियम हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद होते हैं।

## 80 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध एंटी-रेबीज वैक्सीन



**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में 2030 तक रेबीज उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के करीब 80 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध है। यह जानकारी इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के एक नए अध्ययन में सामने आई है, जो प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल द लैंसेट रीजनल हेल्थ, दक्षिण पूर्व एशिया में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन में कहा गया है कि रेबीज के मामलों को रोकने के लिए पशु के काटने के बाद की रोकथाम का सुलभ और किफायती होना बेहद जरूरी है। अध्ययन के प्रमुख लेखक और आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज मुर्हेकर के अनुसार, हमने पाया कि देश के लगभग 80 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध थी। आईसीएमआर के आंकड़ों के अनुसार, भारत में रेबीज से होने वाली मौतों में 75 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिर भी, हर साल लगभग 5,700 लोग इस बीमारी से जान गंवाते हैं और करीब 90 लाख पशु काटने के मामले सामने आते हैं। यह सर्वे 15 राज्यों के 60 जिलों में किया गया, जिसमें कुल 534 स्वास्थ्य केंद्रों को शामिल किया गया। इनमें से 467 (87.5 प्रतिशत) केंद्र सार्वजनिक क्षेत्र के थे।

वहीं, एंटी-रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता 60 प्रतिशत से लेकर 93.2 प्रतिशत तक भिन्न रही। सबसे कम उपलब्धता शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पाई गई। रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन केवल 95 सार्वजनिक केंद्रों में उपलब्ध था, जिसमें सबसे अधिक उपलब्धता दक्षिण भारतीय राज्यों में रही। मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में इसकी उपलब्धता 69.2 प्रतिशत तक पहुंची, जबकि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह महज 1.8 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि उत्तर-पूर्वी भारत में वैक्सीन की उपलब्धता सबसे कम थी, जबकि दक्षिण भारत में सबसे अधिक रही। दो-तिहाई सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों ने डोज-बचाने वाले इंट्राडर्मल रेजीम को अपनाया है।

### पीएम मोदी को ट्रोल करने वालों को अमीश त्रिपाठी का जवाब

## हिंदी हमारी कमजोरी नहीं, ताकत है



**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। लेखक अमीश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करते हुए कहा है कि उनकी हिंदी बोलने की क्षमता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की अंग्रेजी बोलने को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अमीश त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया दी और इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज इंग्लिश जरूरी हो गई है, खासकर नौकरी और समाज में आगे बढ़ने के लिए। लेकिन इंग्लिश जरूरी होने का मतलब यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा को छोटा समझें। आज बहुत से लोग दबाव में इंग्लिश बोलते हैं, और जो लोग हिंदी बोलते हैं, उन्हें कमतर समझा जाता है, जो गलत सोच है। हमें भारतीय भाषाओं पर गर्व करना चाहिए, न कि शर्म महसूस करनी चाहिए।

अमीश त्रिपाठी ने कहा कि मैं अंग्रेजी बोलने के खिलाफ नहीं हूं। आज के समय में इंग्लिश सीखना जरूरी हो गया है। अगर आपको अच्छी नौकरी चाहिए तो आपको इंग्लिश बोलनी सीखनी होगी। हमारे परिवार में हम पहली पीढ़ी हैं जो इंग्लिश मीडियम स्कूल में गए। मेरे माता-पिता ने हिंदी मीडियम स्कूल में पढ़ाई की थी। इसलिए, मैं फिर से दोहराता हूं कि मैं इंग्लिश बोलने के खिलाफ नहीं हूं और न ही इसके प्रभाव के खिलाफ हूं।

अमीश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग फ्लूएंट इंग्लिश न बोलने पर मोदी जी का मजाक उड़ाते हैं। यह गलत है। मोदी जी ने इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई नहीं की, फिर भी वह हिंदी में बिना किसी कागज या नोट्स के बहुत अच्छा बोलते हैं। हमें उनकी इस बात की सराहना करनी चाहिए, न कि आलोचना। उन्होंने कहा कि अगर मोदी जी चाहें तो इंग्लिश में भी बोल सकते हैं, लेकिन इस बात पर मजाक उड़ाना बिल्कुल भी सही नहीं है।

अमीश त्रिपाठी ने दूसरे देशों के नेताओं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, जापान और चीन के नेताओं के उदाहरण देते हुए कहा कि वे सभी अपनी भाषा में बोलते हैं, लेकिन उन पर कोई नहीं हंसता।

उन्होंने सवाल किया कि जब दूसरे देशों में ऐसा नहीं होता, तो हम भारत में ऐसा क्यों करते हैं? अमीश ने कहा कि इंग्लिश का प्रभाव अच्छा हो सकता है, लेकिन इसे बोलने का दबाव इतना नहीं होना चाहिए कि लोग खुद को ही छोटा समझने लगें।

## कमर दर्द, थायरॉइड समेत कई समस्याओं को दूर करने में मददगार 'सेतु बंध सर्वांगासन'

- पीठ के निचले हिस्से की जकड़न को कम करने में मदद
- गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन करने से बचना चाहिए

**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। प्राचीन भारतीय पद्धति योग के पास हर एक शारीरिक और मानसिक समस्या का समाधान है, जो स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मददगार है। इनमें सेतु बंध सर्वांगासन, जिसे 'ब्रिज पोज' भी कहा जाता है, एक ऐसा योगासन है जो कमर दर्द, थायरॉइड समेत कई समस्याओं को दूर करने में कारगर है।

यह आसन रीढ़, हैमस्ट्रिंग, ग्लूट्स और कंधों को मजबूत करता है, साथ ही छाती और फेफड़ों को खोलकर सांस लेने की क्षमता को भी बेहतर बनाता है।

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय 'सेतु बंध सर्वांगासन' के अभ्यास से होने वाले लाभ को गिनाता है। इससे कमर दर्द और पीठ के निचले हिस्से की जकड़न को कम करने में मदद मिलती है। यह थायरॉइड ग्रंथि को उत्तेजित करता है, जिससे हार्मोनल संतुलन में सुधार होता है। यह आसन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी सहायक है। इसके अलावा, यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और रक्त संचार को बढ़ाता है। महिलाओं में पीरियड्स से जुड़ी समस्याओं को कम करने में भी प्रभावी है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि इस आसन को करने की सही विधि क्या है। इसके लिए सबसे पहले पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं। अपने हाथों को शरीर के दोनों तरफ रखें, हथेलियां नीचे की ओर हों। अब दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ें और पैरों को कूल्हों के पास लाएं, ताकि पैर जमीन पर सपाट रहें। धीरे-धीरे सांस लेते हुए कूल्हों को ऊपर की ओर उठाएं, जिससे शरीर का पोस्चर एक पुल जैसा आकार ले ले। इस दौरान कंधा और सिर जमीन पर ही रहना चाहिए। अभ्यास के दौरान इस स्थिति में 10-15 सेकंड तक रुकना चाहिए और सामान्य तरीके से सांस लेते रहना चाहिए। फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए कूल्हों को वापस जमीन पर लाएं। इस प्रक्रिया को 3 से 5 बार दोहराना चाहिए।

नियमित अभ्यास से सेतु बंध सर्वांगासन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। हालांकि एक्सपर्ट इस आसन के अभ्यास के दौरान कुछ सावधानियां बरतने की भी सलाह देते हैं। यदि गर्दन, पीठ या कंधों में चोट है, तो इसे नहीं करना चाहिए।



## फिल्मों में महिला कलाकारों की भूमिका सीमित, ओटीटी पर असली मौका : वाणी कपूर



**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने सिनेमा में महिलाओं की बदलती स्थिति पर बात की। उन्होंने कहा कि अब एक नई पीढ़ी की एक्ट्रेस सामने आ रही हैं, जो सिर्फ रोमांटिक या पारंपरिक किरदार ही नहीं निभा रही हैं, बल्कि एक्शन से भरे, दमदार और चुनौतीपूर्ण रोल भी कर रही हैं।

उन्होंने ओटीटी पर भी बेबाक राय रखते हुए कहा कि फिल्मों के मुकाबले ओटीटी पर एक्ट्रेस को टैलेंट दिखाने का सही मौका मिलता है। वाणी का मानना है कि यह एक अच्छा बदलाव है, जो दिखाता है कि महिलाएं अब हर तरह की भूमिका में आगे आ रही हैं और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल की नई एक्ट्रेस पुरानी सीमाएं तोड़ रही हैं। वह अब ऐसे किरदार कर रही हैं, जो एक्शन, तेज रफ्तार और उत्साह से भरपूर होते हैं। ये किरदार दिखाते हैं कि ताकत और गहराई से भरे भाव, दोनों एक साथ स्क्रीन पर दिख सकते हैं। अब भारतीय एक्ट्रेस बिना किसी डर के एक्शन फिल्मों में लीड रोल निभा रही हैं, जो पहले नहीं होता था। अब इंडस्ट्री में एक बड़ा बदलाव देखा जा रहा है और ये बदलाव जरूरी भी है।

वाणी कपूर जल्द ही नेटफ्लिक्स की थ्रिलर सीरीज 'मंडला मर्डर्स' से ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एक्ट्रेस को अब पहले से बेहतर और दमदार कहानियों वाले रोल मिल रहे हैं।

## उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती है हड्डियों की बीमारी

- हड्डियों से संबंधित परेशानियों से बचने के लिए खाने में लें प्रोटीन से भरपूर फूड्स
- मसूर दाल, राजमा, चना, अंडा, दूध, पनीर, दही जैसी चीजों में पर्याप्त प्रोटीन



**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। बढ़ती उम्र के साथ अगर सेहत का खास ख्याल न रखा जाए तो कई तरह की समस्याएं शुरू हो सकती हैं। बुढ़ापे में हमारी मांसपेशियां और हड्डियां युवावस्था की तुलना में काफी कमजोर हो जाती हैं। यदि इस पर ध्यान न दिया जाए तो ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या गंभीर हो सकती है। ऐसे में यह जरूरी है कि बुढ़ापे में हड्डियों की कमजोरी से बचने के लिए आप पहले से ही इनका ख्याल रखना शुरू कर दें।

ऑस्टियोपोरोसिस बुढ़ापे में होने वाला एक ऐसा हड्डी रोग है, जिसमें हड्डी की मिनरल डेंसिटी और बोन मास में कमी हो जाती है। आम भाषा में कहें तो हड्डियां बेहद कमजोर हो जाती हैं और थोड़ी भी चोट लगने पर इनमें फ्रैक्चर (हड्डियों के टूटने) का खतरा बढ़ जाता है। यह बीमारी अक्सर उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती ही जाती है।

हालांकि बढ़ती उम्र के साथ कुछ जरूरी चीजें अपनाकर इस हड्डियों के कमजोर होने की रफ्तार को कम किया जा सकता है। नेशनल हेल्थ मिशन के अनुसार, वृद्धावस्था में हड्डियों से संबंधित परेशानियों से बचने के लिए आप अपनी डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स जरूर लें। मसूर दाल, राजमा, चना, अंडा, दूध, पनीर, दही जैसी चीजों में शाकाहारी लोगों के लिए पर्याप्त प्रोटीन होता है। अगर आप मांसाहारी हैं तो मछली का सेवन भी आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। प्रोटीन शरीर में ऊतकों की मरम्मत करने के अलावा बॉडी मास को मेंटेन करने में अहम रोल अदा करता है, जिससे हड्डियों को सपोर्ट मिलता है।

इसके साथ ही बुजुर्ग लोगों को कुछ समय धूप में जरूर बिताना चाहिए। धूप में विटामिन डी मिलता है। विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाने, इम्यूनिटी स्ट्रांग करने और कैल्शियम को एब्जॉर्ब करने में मदद करता है। विटामिन-डी के रूप में आप सूर्य की रोशनी के साथ ही फिश- जैसे सैल्मन, मैकेरल, ट्यूना या अंडे की जर्दी, फोर्टिफाइड दूध, अनाज को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

कैल्शियम की कमी से भी हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आप दूध, पनीर, दही, हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे पालक, सरसों के पत्ते, बादाम, तिल, सोया मिल्क आदि का सेवन कर सकते हैं। हड्डियों की मजबूती के लिए बुढ़ापे में उम्र के अनुसार हल्के-फुल्का व्यायाम करना भी बहुत फायदेमंद है। जैसे- रोजाना पैदल चलना, योग, और हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियां करना बेहद जरूरी हैं। इससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं कम होती हैं और पूरे दिन बॉडी एनर्जेटिक भी रहती है। गलत पोस्चर में बैठने से भी हड्डियों से जुड़ी समस्याएं हो सकती है। व्यायाम से यह समस्या भी दूर सकती है। धूम्रपान और शराब वृद्धावस्था में हड्डियों को कमजोर कर सकता है और साथ ही यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या को बढ़ावा देता है। ऐसे में आपको इसका सेवन करने से परहेज करना चाहिए।

## 'प्लॉस्टिक मुक्त जुलाई' मुहिम दिया मिर्जा को आई पसंद



**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। एक्ट्रेस और पर्यावरण संरक्षण समर्थक दिया मिर्जा ने सोमवार को 'प्लॉस्टिक मुक्त जुलाई' मुहिम की सराहना की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने इस कार्यक्रम को लेकर एक प्रेरणादायक बात कही। कहा कि मकसद लोगों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जागरूक करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति और पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम युनाइटेड नेशंस हाउस (भारत में मौजूद) में आयोजित किया गया था। दिया मिर्जा ने अपनी पोस्ट में बताया कि हम जितना प्लास्टिक कचरा फैला रहे हैं, उसे संभालने की हमारी क्षमता बहुत कम है, और इस फर्क को जल्दी दूर करना जरूरी है। उन्होंने टाइड टर्नर्स प्लॉस्टिक चैलेंज की तारीफ की, जो संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नेतृत्व में एक वैश्विक पहल है। इसका मकसद युवाओं को प्लॉस्टिक प्रदूषण के खिलाफ कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। दिया मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि इस मंडे मोटिवेशन में मुझे विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम की याद आ रही है, जो काफी प्रभावशाली था। इसमें बताया गया कि हम जितना कचरा बनाते हैं, उसे संभालने की हमारी ताकत उतनी नहीं है, और यह फर्क लगातार बढ़ता जा रहा है।

रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कंगना और प्रियंका

हिमाचल प्रदेश इस समय भारी बारिश से मची तबाही से जूझ रहा है। कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने आम आदमी की जान सांसत में डाल दी है। एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक 11 महीने की बच्ची महिला अधिकारी की गोद में खेल रही है, उसे पता नहीं कि वह अब अनाथ है, उसके मां-बाप, दादा-दादी समेत पूरा परिवार बह चुका है और वो इस दुनिया में अकेली है। दर्द के ऐसे सैकड़ों किस्से इस समय हिमाचल प्रदेश में दिखाई-सुनाई दे रहे हैं, लेकिन खुद को शान से हिमाचली बताने वाली कंगना रानौत को ऐसे दुख के वक्त में भी हंसी आ रही है।

कंगना रानौत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पत्रकार उनसे पूछ रहे हैं कि उन्हें यहां आने में देर क्यों हुई। साथ ही राहत और बचाव कार्य को लेकर भी सवाल हुए तो कंगना ने बाकायदा खुलकर हंसते हुए कहा कि मेरे पास न तो कोई केबिनेट मंत्री का पद है, न फंड हैं कि मैं कुछ कर सकूं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी समेत कई जिलों में बाढ़ कहर बरपा रही है, जिसके चलते लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। 20 जून से आए मानसून के बाद बारिश इतनी बढ़ी कि अब तक कम से कम 80 लोगों की जान चली गई है, अकेले मंडी जिले में ही 14 लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं। मवेशी, पशु-पक्षी भी बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। खेती और व्यापार तबाह हो रहे हैं। बाढ़ की वजह से 572 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। पेयजल, सड़क, बिजली आदि की सुविधाओं में बड़ी समस्या तो खड़ी हो ही चुकी है, इनसे जुड़ी बड़ी परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सैकड़ों कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन आजीविका का एक बड़ा आधार है और इस बार की बारिश में जो तबाही आई है, उसका सीधा असर इस व्यवसाय पर भी पड़ेगा।

फिलहाल राज्य की कांग्रेस सरकार मदद और बचाव में लगी है। कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के भी स्थानीय नेता हालात पर नजर बनाए रखे हैं और लोगों के दर्द सुन रहे हैं। लेकिन कंगना रानौत को इस मौके पर भी राजनीति सूझ रही है। पहले तो कंगना रानौत आपदाग्रस्त क्षेत्र में आने की जगह घूमती-फिरती रहीं और जब रविवार को कंगना ने आपदाग्रस्त सिराज विधानसभा का दौरा किया तो उसमें भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। कंगना ने कहा कि केंद्र सरकार ने तुरंत सेना भेजकर राहत अभियान चलाया है। प्रधानमंत्री भले ही विदेश यात्रा पर हों, लेकिन उन्हें यहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी है। इसके बाद अपनी सीमित भूमिका का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि एक सांसद के तौर पर मेरा काम फंड लाना और जमीनी हकीकत को सरकार तक पहुंचाना है। मेरे पास अपना तो कोई फंड है नहीं, न कोई अधिकारी हैं और न ही कोई कैबिनेट है। सांसद का काम सीमित होता है। केंद्र का फंड राज्य सरकार के पास आता है, ये लोग पैसा खाकर बैठे हैं। मेरे पास तो फंड आएगा नहीं, देना तो उन्हीं (हिमाचल सरकार) को है।

कंगना के इस बयान से जाहिर है कि उन्हें न हालात की गंभीरता समझ आ रही है, न ही उन्हें मुद्दों की कोई समझ है। वे बस अभिनेत्री होने की लोकप्रियता को भुनाकर संसद पहुंच गई हैं, लेकिन सही मायनों में जनप्रतिनिधि नहीं बनी हैं। याद कीजिए कि पिछले साल इन्हीं दिनों में केरल में भूस्खलन हुआ था। तब नयी-नयी सांसद बनी प्रियंका गांधी और उनके साथ राहुल गांधी केरल पहुंचे थे और दोनों ने घूम-घूमकर सारे आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया था, पीड़ितों का दर्द बांटा था। प्रियंका गांधी ने लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बनाया था कि केरल के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करे। प्रियंका गांधी की ही मुहिम का असर था कि फिर नरेन्द्र मोदी को भी राज्य का दौरा करना पड़ा था। प्रियंका गांधी संवेदनशीलता के साथ अपनी सांसद की भूमिका को निभा रही हैं, लेकिन कंगना रानौत यहां पूरी तरह से नाकाम दिखीं।

बल्कि अपनी कमजोरी ढंकने के लिए कंगना हिमाचल प्रदेश की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही हैं। बिना किसी सबूत के कंगना ने कह दिया कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी सरकार काम कर रही है। पूर्व में भी केंद्र सरकार ने आपदा के समय जो हजारों करोड़ रुपए भेजे थे, उसे प्रदेश सरकार ही डकार गई है। उन्होंने आशंका जताई कि अब भी केंद्र से जो रिलीफ फंड आयेगा, वो भी प्रभावितों तक पहुंचेगा या नहीं। प्रभावितों तक हर मदद पहुंचे, इसके लिए कोई रास्ता निकालना होगा। कंगना ने मुख्यमंत्री सुक्खू और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिनका काम है वो लापता है, उनका मानना है कि कंगना आकर काम कर जाती तो अच्छा था या तो कंगना यहां रहकर मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी के काम कर जाती तो वो अच्छा था। खैर हमसे जो भी बन पड़ेगा वो किया जाएगा।

कंगना रानौत सामान्य नेता नहीं हैं, बल्कि निर्वाचित सांसद हैं, इसलिए उन्हें अगर राज्य सरकार पर कोई आरोप लगाना हो तो उसके सबूत भी पेश करने चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं कर रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी मजबूरी बता रही हैं कि मेरा कोई कैबिनेट तो है नहीं, मेरा काम है केंद्र से राहत कोष लेकर आना। यहां कंगना को पता होना चाहिए कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सांसद की कई भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। एक सांसद के पास सरकार के खर्चों को मंजूरी देने और नियंत्रित करने की शक्ति होती है, यह शक्ति उन्हें बजट और कराधान पर नियंत्रण रखने के कारण हासिल होती है। सांसद यह सुनिश्चित करते हैं कि सरकार का पैसा प्रभावी ढंग से और जनता के हित में खर्च किया जाए। गौरतलब है कि 1993 में शुरू की गई सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत हर सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के लिए हर साल 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इस योजना का संचालन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से किया जाता है। एमपीएलएडीएस के तहत सांसद निधि को जिले में संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों के जरिए भेजा जाता है। जिससे सांसद अपने क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की सिफारिश करते हैं। इसमें सड़कें, स्कूल, अस्पताल, पेयजल सुविधाएं और अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाते हैं और सरकार से उनके समाधान के लिए अपील करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय सांसद अपने क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। राहत सामग्री, राशन, मेडिकल सहायता, राहत शिविर लगाने के साथ-साथ और सरकार से राहत पैकेज की मांग कर सकते हैं। प्रियंका गांधी ने केरल में यही सब किया था। लेकिन कंगना रानौत अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह बहाने बना रही हैं।

# नोटबंदी से वोटबंदी तक

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षण के लिए स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय के तत्काल जरूरी होने को पहचानते हुए, इस पर विचार के लिए तीन दिन बाद, बृहस्पतिवार 10 जुलाई की तारीख तय की है। इस संबंध में संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बिहार में विधानसभाई चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छः याचिकाएं पहुंची थीं। इनमें, विशेष रूप से चुनाव सुधारों से संबंधित पहलुओं पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) तथा जनाधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के अलावा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद, मनोज कुमार झा की याचिकाएं शामिल हैं। सभी याचिकाओं का मुख्य मुद्दा एक ही है, विधानसभाई चुनाव से पहले इतने कम समय में की जा रही मतदाता सूचियों में भारी फेर-बदल की यह पूरी कसरत, खासतौर पर करोड़ों की संख्या में वंचितों तथा कमजोर व हाशिए के तबके के लोगों से मताधिकार छीनने का ही काम करेगी। इसलिए, इस प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की प्रार्थना की गयी है।

कहने की जरूरत नहीं है कि अब सभी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई हैं। लेकिन, 25 जून को मतदाता सूची पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब तक इस मामले भारतीय चुनाव आयोग या ईसीआई का जो आचरण रहा है, मोदी राज के ग्यारह साल में मजबूती से कायम कर दी गयी शासकीय संस्कृति को ही प्रतिबिंबित करता है। इस शासकीय संस्कृति के तीन खास तत्व हैं। पहला, नाटकीय तरीके से बड़े लगने वाले और आम जनता के लिए कड़े साबित होने जा रहे, कथित रूप से 'साहसिक' फैसले लेना। इन कदमों की साहसिकता का एक ही सबूत होता है, जनता की तकलीफों की और इन तकलीफों को स्वर देने वाले राजनीतिक विपक्ष के विरोध की परवाह ही नहीं करते हुए, आगे बढ़ते जाना। दूसरा, जनता की मुश्किलों के रूप में इन निर्णयों के दुष्परिणामों के सामने आने पर, लीपा-पोती करने से लेकर, पांव पीछे खींचने तक की कोशिशें करना। और तीसरा, यह सब करते हुए भी इसका शासकीय अहंकार दिखाना कि शासन का फैसला पूरी तरह से सही था और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है! नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंधन के झंडे तले संगठित विपक्ष ने 'वोटबंदी' का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं।

जहां तक कथित रूप से 'साहसिक' निर्णय का सवाल है, चुनाव से ऐन पहले और वह भी कुल तीन महीने से भी कम समय में, आठ करोड़ के लगभग मतदाताओं की सूचियां एक तरह से नये सिरे से बनाना, अगर इतना खतरनाक नहीं होता तो बेशक साहसिक तो माना ही जा सकता था। अब यह सभी जान चुके हैं कि बिहार में मतदाता सूचियों में इस तरह का गहन पुनरीक्षण, 2003 में हुआ था। उसके 22 साल बाद, इस गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को नये सिरे से दोहराए जाने की, एक 'बड़ा काम' कर के दिखाने की ललक के सिवा और क्या आवश्यकता थी, इसका चुनाव आयोग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है।



राजेंद्र शर्मा

जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा।

बेशक, इस निर्णय से पहले चुनाव प्रक्रिया के मुख्य हितधारकों के रूप में राजनीतिक पार्टियों के साथ किसी तरह के परामर्श में तो नहीं, बहरहाल आलोचना के तीखे होते स्वरों के सामने चुनाव आयोग ने इस कसरत को जरूरी साबित करने की कोशिश की है। लेकिन, चुनाव आयोग द्वारा दी गयी दलीलें इतनी लचर हैं कि खुद चुनाव आयोग के अधिकारीगण जहां-तहां मैदानी स्तर पर इस फैसले की जरूरत बताते हुए, अक्सर 'पहले नागरिकता तय करने' की दलील में खिसक जाते हैं, जो कि जाहिर है कि चुनाव आयोग का काम नहीं है और जिससे चुनाव आयोग अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने अपने फैसले का बचाव करते हुए, अपना दामन ही नहीं छुड़ा ले तो ही आश्चर्य की बात होगी। एक और प्रमुख कारण, जिसका जिक्र चुनाव आयोग के मुंह से निकल गया है, हालांकि इसे भी आयोग द्वारा अब ढांपने की कोशिश की जाएगी, बिहार से रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले मेहनतकशों की संख्या करोड़ों में होना है। इन मेहनतकशों का मकान ही बिहार में नहीं होता है, बिहार से, उसकी नियति से उनका जीवंत रिश्ता रहता है, जबकि दूसरे राज्यों के जीवन से, जहां वे रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, वे वैसा आवयविक रिश्ता नहीं बना पाते हैं। सामान्य रूप से अपने गृह राज्य में नहीं रहने के आधार पर, उन्हें बिहार के मतदाता की हैसियत से बेदखल करने की आयोग की नीयत, कानून के सामने एक मिनट भी नहीं टिक पाएगी। चुनाव आयोग को यह तय करने का तो अधिकार है कि ये प्रवासी, अगर बिहार में मतदाता हैं तो दूसरे राज्यों में भी मतदाता नहीं बनें, लेकिन उसे यह तय करने का अधिकार नहीं है कि किसी प्रवासी को, अपने गृह राज्य में मतदान करना चाहिए या अपने काम की जगह पर।

अपने इस 'बड़े' निर्णय के बचाव के लिए चुनाव आयोग, एक सरासर अर्द्धसत्य का सहारा लेता है। वह राजनीतिक हितधारकों के साथ किन्हीं 'चार हजार परामर्शों' की बार-बार दुहाई देता रहा है। और इसके साथ ही यह दलील दोहराता आया है कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूचियों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। लेकिन, चुनाव आयोग इन दलीलों के जरिए इस सच्चाई को छुपाने की कोशिश करता है कि न तो किसी भी राजनीतिक पार्टी ने मतदाता सूची के इस तरह के सघन पुनरीक्षण की मांग की थी और न ही आयोग ने किसी भी राजनीतिक पार्टी से इस तरह के पुनरीक्षण को लेकर कोई परामर्श किया था। इसके विपरीत, इस फैसले का राजनीतिक पार्टियों के सिर पर अचानक बम की तरह फोड़ दिया जाना ही, आयोग की नजरों में इस फैसले को बड़ा या साहसिक बनाता था।

नोटबंदी जैसी दूसरी विशेषता तब दिखाई दी, जब चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया वाकई शुरू की। अब वे जमीनी सच्चाइयां उसके सामने थीं, जिन्हें सिर्फ प्रचार के सहारे हवा में नहीं उड़ाया जा सकता था। सबसे बड़ी समस्या, जैसा कि सभी टिप्पणीकार शुरू से ही रेखांकित कर रहे थे, जन्म प्रमाणपत्र समेत उन दस्तावेजों के जुटाए जाने की थी, जो मतदाता के रूप में नामांकन के फार्म के साथ, तीन श्रेणियों में मतदाताओं को अलग-अलग हद तक, जमा कराने थे और 26 जुलाई तक जमा कराने थे। यह साफ होने में जरा भी देर नहीं लगी कि करोड़ों मतदाताओं के लिए, जिनमें गरीब भूमिहीन तथा गरीब किसान, मजदूर, प्रवासी मजदूर, कम पढ़े, निचली मानी जाने वाली जातियों के लोगों और महिलाओं की संख्या खासतौर पर बड़ी होगी, आवश्यक सार्टिफिकेट जमा करना ही नहीं, तस्वीर से युक्त फार्म भरकर जमा कराना भी, कठिन परीक्षा होगी।

पहले पग पर इस कठिनाई के सामने पहले चुनाव आयोग की ओर से नया स्पष्टीकरण दिया गया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है, उनके लिए तस्वीर के साथ फार्म के साथ, सिर्फ मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी देना ही काफी होगा। फिर और स्पष्टीकरण आया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं, उनके माता-पिता का नाम अगर उक्त मतदाता सूची में है, तो उनके जन्म प्रमाणपत्र की जगह, मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी लगाना काफी होगा। इसके बाद भी, जब मुश्किलें कम नहीं हुईं तो चुनाव आयोग की ओर से कह दिया गया कि पहले सिर्फ फार्म भरकर जमा कराया जाए, भले ही उसमें तस्वीर भी नहीं हो। बाकी दस्तावेजों को बाद में देखी जाएगी।

लेकिन, जब राजनीतिक पार्टियों ने इसे चुनाव आयोग की ओर से कठिनाइयों को देखते हुए, नियमों में बदलाव करने की कोशिश बताया गया, जो बेशक उनके हिसाब से स्वागतयोग्य और जरूरी थी, तो चुनाव आयोग का ईगो आगे आ गया और उसने तीसरी विशेषता का प्रदर्शन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग ने दावा करना शुरू कर दिया कि उसने नियमों में कोई बदलाव नहीं किये हैं। सारे नियम ज्यों के त्यों हैं। कुछ भी नहीं बदला है। दस्तावेज बाद में लगाए जा सकते हैं, कच्ची सूची बनने के बाद, कच्ची सूची की समीक्षा के दौर तक। इस तरह, एक ओर चुनाव आयोग जो पहले दस दिन में एक करोड़ से थोड़े से ज्यादा फार्म ही जमा कर पाया है, बाकी प्रमाणों की शर्त स्थगित करने के जरिए, एक महीने की तय अवधि में प्रकट विफलता से बचने की कोशिश कर रहा है और दूसरी ओर, यह दावा किया जा रहा है कि आयोग ने नियमों में कोई छूट नहीं दी है, बस अब दस्तावेज बाद में लिए जा सकेंगे। यानी दस्तावेजों की उपलब्धता की जो करोड़ों मतदाताओं की समस्या है, उसे सिर्फ कुछ हफ्तों के लिए टाला भर गया है।

इस तरह, जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा, उसने तो सिर्फ गहन पुनरीक्षण का, मतदाता सूचियों की साफ-सफाई का काम किया है। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ही चुनाव आयोग को जनतंत्र पर यह बड़ा आघात करने से रोक सकता है। याद रहे कि यह खेल शुरू भले बिहार से किया गया है, आने वाले दिनों में पूरे देश को इस छद्म एनआरसी से गुजरना पड़ेगा, बशर्ते सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले पर रोक नहीं लगा दे।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विनाश को विस्तार देते युद्ध!

■ कुमार प्रशांत

आजकल की राजनीतिक शैली में बात कुछ ऐसी बना दी गई है कि देश के बारे में, फौज के बारे में, युद्ध के बारे में, देश की सुरक्षा के बारे में कुछ भी न बोलो, न पूछो, न सोचो! पहलगाम के बाद तमाम विपक्ष ने कह दिया कि हम सरकार के साथ हैं। यह घबराई हुई, जड़विहीन, राजनीतिक दृष्टि से कायर विपक्ष की सोच है। संकट का आसमान रचना और फिर उस आसमान में अपने शिकार करना सरकारों का पुराना हथकंडा है। ऐसे में विपक्ष की एक ही भूमिका होनी चाहिए कि हम हर हाल में देश के साथ खड़े रहेंगे। हमारी इस भूमिका से सरकार को जितनी मदद, जितना समर्थन मिलता है, उससे हमें एतराज़ भी नहीं है, लेकिन सरकार की आंखों से हम देखें, सरकार के कानों से हम सुनें तथा सरकार के पांवों पर हम चलें, यह कैसे हो सकता है? यह तो बौनों का बला का संकट है और इससे घिरा हमारा विपक्ष बौने-से-बौनातर हुआ जा रहा है।

तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न! कहने की देर थी कि सभी तैयार हो गए। किसी ने नहीं कहा कि हमें अपनी पार्टी की सहमति लेनी पड़ेगी! जब राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना हो, तो पार्टी की क्या बात है। पार्टी से राष्ट्र बड़ा होता है कि नहीं! नतीजे में जहां, जिसे, जैसा मौका मिला, उसने वहां, वैसा सरकार का पक्ष रखा। लौटने पर सबने पाया कि वे तो विदेश से लौट आए हैं, लेकिन उनकी आवाज कहीं विदेश में ही रह गई है। आज हमारे संसदीय विपक्ष के पास न चेहरा है, न आवाज़!

तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न!

जब विपक्ष के ऐसे हालात हों और सत्तापक्ष के भीतर सत्ता-सुख व अहंकार के अलावा कुछ हो ही नहीं, तो यह सवाल कौन पूछे कि अंगुलियों पर गिने जाने जैसे आतंकवादी हमारी सीमा में घुस आए और उन्होंने हमारे 26 नागरिकों की हत्या कर दी, इतने से सारा देश कैसे खतरे में आ गया? पहलगांव में घुस आए आतंकवादियों व उन नागरिकों की हत्या से देश खतरे में नहीं आया था, बल्कि वह खतरे में इसलिए आया कि आप कश्मीर की सीमा की सुरक्षा में विफल रहे। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में जो कश्मीर है, चोर उसकी दीवार में सेंध लगा लेता है तो यहां खतरा आपका निकम्मापन है। खतरा यहां है कि आप उस आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए ऐसा रास्ता अख्तियार करते हैं जो काइंया अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को अपना खेल खेलने के लिए उकसाता है।

अलबत्ता, सच भी कहीं-न-कहीं से अपना सर उठा ही लेता है। हमारे वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और बाद में 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' जनरल अनिल चौहान की बात ऐसी नहीं है कि हम उसे नजरंदाज करें। वे कह रहे हैं कि तीन दिनों का यह युद्ध दोनों तरफ़ को बेहद नुक़सान पहुंचा गया है। पाकिस्तान का नुक़सान ज्यादा हुआ है, लेकिन उसने हमारा जितना नुक़सान किया है, वह स्थिति को ख़तरनाक बनाता है। पाकिस्तान ने हमारे विमान भी गिराए और सैनिक अड्डों को भी नुक़सान पहुंचाया। यह युद्ध रुकना ही चाहिए था, क्योंकि इस युद्ध से हासिल कुछ नहीं हो सकता था। परिस्थिति का यह आकलन व अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव हमें युद्धविराम तक ले आया।

हमें यह सच्चाई समझनी चाहिए कि हथियार के व्यापारियों से खरीद-खरीदकर जो जखीरा हम भी और पाकिस्तान भी जमा करता रहता है, वह हर देश को करीब-करीब एक ही धरातल पर ला खड़ा करता है। इसलिए आज की दुनिया में कोई लड़ाई अंतिम तौर पर किसी को जीत नहीं दिलाती, बल्कि विनाश ही आज के युद्ध का सच है। रूस-यूक्रेन का दो बरस से ज्यादा लंबा युद्ध कौन जीत रहा है? दोनों बर्बाद हो रहे हैं। अमेरिका व यूरोप की फौजी मदद से लड़ रहा यूक्रेन और हथियारों का अकूत जखीरा रखने वाला रूस-दोनों का दम फूल रहा है। दोनों का देश बर्बाद हो रहा है। फौजी भी मारे जा रहे हैं, नागरिक भी; शहर-गांव-कस्बे सब मलबों में तब्दील हो रहे हैं। ऐसे में आप जीत-हार की बात क्या पूछेंगे!

पूछने वाला सवाल यही है कि बताइए, कितना विनाश हो चुका है और कितना विनाश करके आप रुकेंगे? इजरायल ने ईरान पर हमला कर किया क्या? या फिर ट्रंप ने वहां अपनी नाक घुसेड़ कर क्या किया? आप सोचिए, अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला बोला तो क्या होगा? जीत या हार? नहीं, ऐसा कुछ नहीं होगा। विश्वयुद्ध भी नहीं होगा, वैश्विक विनाश होगा – शायद वैसा, जैसा दुनिया ने अब तक देखा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि देश में आज एक ही विपक्ष राहुल गांधी बचा है, लेकिन इस एक आदमी का विपक्ष भी हर कदम पर ठिठकता, भटकता और असमंजस में पड़ा दिखाई देता है। यह इसलिए कि वह हर तरफ़ से अकालग्रस्त है – अकाल संख्या का नहीं, प्रतिभा, प्रतिबद्धता का अकाल है! किसी भी नेता के लिए निर्णायक भूमिका निभाने या उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कुछ आला सहकर्मियों की ज़रूरत होती है। ऐसे सहकर्मी बने-बनाए नहीं मिलते, बनाने पड़ते हैं। राहुल के पास वे नहीं हैं, क्योंकि अब तक का अनुभव बताता है कि उन्हें ग़लत सहकर्मियों को चुनने में महारत हासिल है।

हिंसा में से वीरता तो पहले ही निकल चुकी है, अब युद्ध में से जीत-हार भी निकल गई है। बची है विशुद्ध हैवानियत- क्रूरता, अश्लीलता और अपरिमित विनाश! कोई राहुल गांधी यदि पूछता है कि बताइए, तीन दिनों के इस युद्ध में हमारा कितना नुक़सान हुआ, कितने विमान गिरे, कितने जवान मरे तो यह देशभक्ति की कमी या अपनी सेना की क्षमता पर भरोसे की कमी जैसी बात नहीं है। यही सवाल है जो पाकिस्तान में भी पूछा जाना चाहिए, इजरायल में भी, यूक्रेन और गाजा व ईरान में भी। आज किसी भी कारण जो जंग का रास्ता चुनते हैं या जबरन किसी को जंग में खींच लाते हैं उन सबके संदर्भ में यही सबसे अहम सवाल है जो आंखों में आंखें डालकर पूछा जाना चाहिए। लेकिन पूछे कौन? जिस विपक्ष की ज़ुबान खो गई है वह पूछे भी तो कैसे?

**(लेखक गांधीशांति प्रतिष्ठान केअध्यक्ष हैं।)**

## आपके पत्र

### क्या समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का संघ सबसे बड़ा शत्रु है?

महत्वपूर्ण बात ये है कि यदि भाजपा को समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष दलों और सत्ता लोलुप कांग्रेसियों का साथ न मिला होता तो संघनीत भाजपा कभी भी सत्ता के करीब नहीं पहुंच सकती थी। आज भी भाजपा जेडीयू नीतीश कुमार जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तेलुगु देशम प्रमुख चंद्राबाबू नायडू की बैसाखियों के दम पर ही सत्ता पर काबिज़ है।

इधर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले का हालिया बयान कि आपातकाल के दौरान संविधान में जोड़ा गया समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाए जाने पर विचार करना चाहिए, ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। ठीक वैसे ही जैसे पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत का यह कहना कि आरक्षण की व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। इन दोनों बयानों को नए राजनीतिक संदर्भ में संघ परिवार की संविधान बदलने की मंशा से जोड़ा जाना लगभग तय है।

किंतु, जैसा कि पूर्ववत लिखा जा चुका है कि संघ और भाजपा बिना समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं। हालांकि उनकी मंशा मनुवादी समाज की स्थापना ही है किंतु भारत जैसे विशाल देश में यह असंभव है इसलिए भागवत जी, सभी के एक डीएनए की बात करते हैं तथा दलित पिछड़ी जातियों को दोयम दर्जे से बाहर निकालने पर जब तब जोर देते हैं और अखंडता, एकता, समानता की बात कहते हैं। किंतु कथनी करनी का फ़र्क सबको नज़र आने लगा है कि इनके इरादे नेक नहीं है।

आज होसबोले को संघ का अपना इतिहास भी टटोलना चाहिए जब जनसंघ ने जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष नेता के साथ मिलकर इमरजेंसी के बाद कांग्रेस से सत्ता छीनी थी। उसमें मधुलिमिये और जार्ज फर्नांडीज जैसे समाजवादी लोग थे। तब कांग्रेस से निकले मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे। याद कीजिए, 1977 में चुनाव घोषित हो जाने के बाद, कांग्रेस (ओ), स्वतंत्र पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ और लोकदल के मिलन से जनता पार्टी का गठन हुआ। कांग्रेस छोड़कर आए जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा और नंदिनी सत्पथी ने कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी का गठन किया और जनता गठबंधन में शामिल हो गए।

यही हाल अटल बिहारी जी की सरकार में रही जब भाजपा के साथ, शिवसेना, तेलगु देशम, अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, जनता दल यूनाइटेड, जदयू, आरजेडी, बीजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा विकास पार्टी, लोकशक्ति, मद्रास स्टेट मुस्लिम लीग, तमिल मनीला कांग्रेस, केरल कांग्रेस, मर्केस्टिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस, जम्मू एंड कश्मीर पैंथर्स पार्टी, जनतादल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जैसे चौबीस दल एनडीए में शामिल थे। इनमें बहुसंख्यक दल समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे तो ऐसे चली थी संघनीत तथाकथित एनडीए सरकार। ये बात और है कि दो बार झूठ और छल से भाजपा पूर्ण बहुमत से भी आई 2014 में संघ के अन्ना हजारे और छिपे संघियों ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप का धुआंधार प्रचार कर पूंजीपतियों के धन के ज़रिए कराकर मात्र 31 प्रतिशत वोट हासिल कर सरकार बनाई। आज समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने का शोर बहुत है किंतु यह संघ का एक शिगूफा ही है। उसमें फिलहाल ऐसा कुछ करने का साहस नहीं है।

**सुसंस्कृति परिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: कुछ इंदौर, कुछ उज्जैन

*'हमें इंदौर एक दिन रुककर उज्जैन जाना था। मित्रों ने प्रसन्नता के साथ सूचित किया- कोई परेशानी नहीं, बस पचास किलोमीटर तो है, एक घंटे में पहुंच जाएंगे। कोई हड़बड़ी मत कीजिए। हमने उनकी बात मान ली। शहर से निकलकर हाईवे तक आने में जो भी समय लगा हो, उसके बाद तो चालीस-पैंतालीस मिनट में सफर तय हो गया। शहर के भीतर एक एक्सप्रेस-वे है इस पर टोल टैक्स का नाका पड़ता है। हमारे टैक्सी ड्राइवर ने टोल नहीं पटाया। उसने बताया कि यह नाका अवैध रूप से चल रहा है। सरकार इसे बंद कर चुकी है। इंदौर वाले इस बात को जानते हैं, लेकिन बाहर की नंबर प्लेट देखकर नाकेदार वसूली कर लेते हैं। उसने भाजपा के एक बड़े स्थानीय नेता का नाम लिया कि अवैध वसूली में चालीस परसेंट हिस्सा उनको जाता है। उन नेता की शहर में और कहां-कहां हिस्सेदारी है, क्या-क्या जमीन-जायदाद हैं, यह रहस्योद्घाटन भी उसने किया। एक तरफ इंदौर की सड़कों की स्वच्छता, दूसरी तरफ राजनीति की मलीनता, दो विरोधाभासी तथ्य उजागर हुए। लेकिन टैक्सी ड्राइवर ने जो बात बताई वह तो आज की कड़वी सच्चाई है और सर्वव्यापी है। इसकी सफाई कैसे होगी, पता नहीं।'*

**(देशबन्धु में 29 जून 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### कर्मों की अभिव्यक्ति

चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंच पाता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। इसलिए भाग्य को नहीं, कर्म को प्रधान कहा गया है। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी हो सकते हैं। परिश्रम और पुरुषार्थ करने के बजाय आलसी, अकर्मण्य और निष्क्रिय बने रहना और भाग्य के भरोसे बैठे रहने वाले लोगों को जीवन में निराशा और असफलता ही हाथ लगती है। अस्तु हमें सदैव सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए और चलते रहना चाहिए, क्योंकि कर्मरूपी पथ पर चलते रहने से ही मंजिल प्राप्त होती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही प्रधानता दी गई है, कर्म करने को ही महत्वपूर्ण माना गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म करने, युद्ध करने, स्वधर्म पालन करने का ही उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अभी युद्ध करना ही तुम्हारा धर्म है, कर्म है। तुम कर्मरूपी धर्म का पालन करो। तुम युद्ध करो, पर युद्ध के परिणाम की चिंता, अपने कर्मों को मुझे अर्पित करते रहो।

कर्म भाग्य के अधीन नहीं, बल्कि भाग्य कर्म के अधीन है। हाथ की लकीरों में अपने भाग्य को ढूंढने के बजाय अगर हम हाथों से कर्म करें, पुरुषार्थ करें तो हम जो कुछ चाहें, वह प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा है-

करम प्रधान बिस्व करि राखा।<br>
जो जस करई सो तस फलु चाखा।।<br>
सकल पदारथ है जग माही।<br>
कर्महीन नर पावत नाही।।

अर्थात विश्व में कर्म को ही प्रधान कहा गया है। जो जैसा कर्म करता है. वह वैसा ही फल भोगता है। इस संसार में हर वस्तु उपलब्ध है और हम जो भी पाना चाहें उसे कर्म करके, पुरुषार्थ करके ही प्राप्त कर सकते हैं, पर जो कर्महीन हैं अर्थात जो कर्म नहीं करते, प्रयास नहीं करते वे उसे प्राप्त नहीं कर पाते।

नीतिशास्त्र में भी कहा गया है- यदि सिंह शिकार करने न जाए और सोया रहे तो मृग स्वयं ही उसके मुख में नहीं चला जाएगा। सिंह को यदि भूख मिटाना है तो उसे आलस्य त्यागकर मृग का शिकार करना ही पड़ेगा। उसी प्रकार हमें जीवन में यदि कुछ पाना है उसके लिए हमें तद्नुरूप कर्म, प्रयास करना ही होगा, पर इसके साथ ही महत्वपूर्ण यह भी है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, सफलतारूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिए। शुभ कर्म ही शुभ परिणाम दे सकता है और अशुभ कर्म हमेशा अशुभ परिणाम ही लेकर आता है। जैसे बबूल बोने पर बबूल ही प्राप्त होता है और आम बोने पर ही आम ही प्राप्त होता है। शुभ कर्म करना बहुत अच्छा है, पर शुभ कर्म का जन्म भी शुभ विचारों से ही होता है। इसलिए हमें अच्छे कर्मों से सुखद और अच्छे प्रारब्ध अच्छे भाग्य का निर्माण होता है, वहीं बुरे कर्मों से दुखद और बुरे प्रारब्ध और भाग्य का निर्माण होता है। जीवन में मिलने वाले सुख-दुख वे कर्मों का ही फल है।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## रूसी वायु सेना ने यूक्रेन के छह ड्रोन को मार गिराया

**मास्को,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। रूसी वायु रक्षा बलों ने सोमवार मास्को पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि आपातकालीन सेवाओं के विशेषज्ञ दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले महीनों में मास्को को लक्षित करके हजारों ड्रोन छोड़े गए हैं, लेकिन इनमें से कुछ ही मास्को तक पहुंचने में कामयाब रहे। कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन द्वारा एक-दूसरे पर हमला करने के लिए ड्रोन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

### भारत ने ईरान-इजरायल संघर्ष पर रखी अपनी राय, कहा

# कूटनीतिक बातचीत ही आगे बढ़ने का तरीका

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिक्स में भारत ने आतंकवाद, ईरान-इजरायल संघर्ष समेत ग्लोबल साउथ के मुद्दे पर अपनी बात स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय की और से आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स में भारत की मजबूत और स्पष्ट नीति दुनिया के सामने रखी। उन्होंने पहलगाम और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर भारत के रुख को रेखांकित किया। ईरान-इजरायल संघर्ष पर उन्होंने कहा कि संदेश बहुत स्पष्ट है कि कूटनीतिक बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।



**भारत सालों से संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक कन्वेंशन की पहल करता रहा है : दम्मू रवि**

दम्मू रवि ने कहा कि पैरा 34 में कुछ अहम बातें साफ-साफ बताई गई हैं। सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी देशों ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ये निंदा केवल आतंकवादी हमलों की नहीं है, बल्कि उन देशों, संगठनों या लोगों की भी है जो आतंकवाद को किसी भी रूप में समर्थन, फंडिंग या शरण देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में सीमा पार से होने वाली आतंकवादी गतिविधियों और इसमें शामिल समूहों का स्पष्ट जिक्र किया गया। यह भारत के लिए एक अहम मुद्दा रहा है, क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद का दृढ़ता से जवाब दे रहा है। दम्मू रवि ने इस दौरान यह भी बताया कि भारत सालों से संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ व्यापक कन्वेंशन की पहल करता रहा है। इस कन्वेंशन का मकसद वैश्विक स्तर पर आतंकवाद की एक स्पष्ट परिभाषा तय करना और इसके खिलाफ सभी देशों को एक साथ लाना है।

उन्होंने इंटर-ट्रेडिंग रिलेशन पर भी राय रखी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स वैश्विक दक्षिण देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और ब्रिक्स देशों में विविधताएं हैं। इसलिए, देश विकल्प तलाश रहे हैं। सीमा पार व्यापार करने में सक्षम होने के मामले में अंतर-संचालनीय भुगतान (इंटर ऑपरेबल पेमेंट) तेज मैकेनिज्म है। इसे सफलतापूर्वक लागू किया गया है और हम कई देशों के साथ द्विपक्षीय व्यवस्था में भी प्रवेश कर रहे हैं। देशों के भीतर इस पर चर्चा हो रही है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बातचीत होगी और देश इसे स्वीकार किया जाएगा क्योंकि यह अधिकांश के लिए फायदेमंद है। दम्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दोहराया कि 20वीं सदी के वैश्विक संगठनों में 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने की क्षमता का अभाव है, इसलिए उन्होंने बहुपक्षीय संगठनों में सुधार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बहुध्रुवीय, समावेशी विश्व व्यवस्था का आह्वान किया और कहा कि वैश्विक शासन संस्थाओं, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ, विश्व बैंक और डब्ल्यूटीओ को समकालीन वास्तविकताओं और समय को प्रतिबिंबित करने के लिए तत्काल सुधार करना होगा।

# पटरी से उतर चुके हैं एलन मस्क : ट्रंप

**वाशिंगटन,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व सहयोगी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तीखा हमला किया है। ट्रंप ने मस्क को पटरी से उतरी ट्रेन बताया है। मस्क ने हाल ही में अमेरिका पार्टी नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा की है, जिससे ट्रंप नाखुश हैं। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा कि मुझे एलन मस्क को पूरी तरह से पटरी से उतरते देखकर दुख हुआ, जो पिछले पांच हफ्तों में ट्रेन के मलबे के रूप में तब्दील हो गए हैं। वह एक तीसरी राजनीतिक पार्टी भी शुरू करना चाहते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में कभी सफल नहीं हुए हैं। ऐसा लगता है कि सिस्टम उनके लिए डिजाइन नहीं किया गया है।

**'अमेरिका पार्टी' के बनने से ट्रंप नाराज**



**मस्क इसलिए नाखुश हैं, क्योंकि वन बिग ब्यूटीफुल बिल ने इलेक्ट्रिक व्हीकल मैंडेट को खत्म कर दिया है : डोनाल्ड ट्रंप**

उन्होंने आगे कहा कि तीसरी पार्टियां सिर्फ पूर्ण व्यवधान और अराजकता की ओर ले जाती हैं और वाशिंगटन में कट्टरपंथी वामपंथी डेमोक्रेट्स के साथ यह सब बहुत हो चुका है, जिन्होंने अपना आत्मविश्वास और अपना दिमाग खो दिया है। दूसरी ओर, रिपब्लिकन एक अच्छी तरह से चलने वाली मशीन हैं, जिन्होंने अभी-अभी इस तरह का सबसे बड़ा बिल पारित किया है।

ट्रंप ने हाल ही में 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर करते हुए उसे एक नया कानून बनाया है।

## सुडोकू 6967

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6967

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | | ■ | ८ | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
९. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५.सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जो तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में दान
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत करत अभ्यास के... होत सुजान
२. मृत्यु शोक (उर्दू)
३. टाईम कीपर
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाहत (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6966

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | नी | २ नि | का | ■ | ■ | ३ वि | धा | ४ य | क |
| र | ■ | रा | ■ | ५ व्य | व | स्था | ■ | ती | ■ |
| ६ दा | न | व | ■ | भि | ■ | ७ पि | ता | म | ८ ह |
| ता | ■ | लं | ■ | ९ चा | ह | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० आ | ब | ११ का | री | ■ | ■ | १२ सं | बं | ध |
| ■ | क्रां | ■ | र | ■ | १३ स | म | ग्र | ■ | र |
| १४ वि | त | १५ र | ण | ■ | या | ■ | १६ ह | १७ ल | ■ |
| डं | ■ | स | ■ | १८ ज | ना | १९ ब | ■ | श्क | ■ |
| २० ब | टो | ही | ■ | र्ज | ■ | २१ ह | स | र | २२ त |
| ना | ■ | २३ न | ज | र | आ | ना | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 8 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12

## राशिफल

मेष - आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ - आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन - अधूरे कामों को पूरा करने के लिए अच्छा समय है। आपके परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण होगा। अपने काम में यश एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। लोगों के साथ संपर्क के दौरान स्वभाव को शांत रखना आवश्यक है।

कर्क - आज आपका दिन चिंता और भय से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक तकलीफ भी रहेगी। नए काम के आरंभ के लिए दिन अनुकूल नहीं है। अचानक कोई खर्चा हो सकता है।

सिंह - आज का दिन शुभ फलदायी नहीं है। घर में वाद-विवाद का वातावरण रहेगा। आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मन किसी चिंता में रहेगा। नेगेटिव विचार आपको परेशान करेंगे।।

कन्या - आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय गुजरेगा। भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे। मित्रों एवं स्वजनों से भेंट होगी। भाई-बहनों से लाभ होगा।

तुला - आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक - आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोपहर के बाद तन और मन की प्रसन्नता रहेगी। सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलने से मन खुश होगा।

धनु - आज अपनी बोली पर संयम रखें। आपको किसी बात पर गुस्सा भी आ सकता है। इससे किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से चिंता सताएगी। दुर्घटना से सावधान रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

मकर - सामाजिक कामों से आपको लाभ होगा। मित्रों तथा सम्बंधियों के साथ हुई भेंट आपके लिए लाभदायी सिद्ध हो सकती है। विवाहोत्सुक जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा।

कुंभ - आज आपका दिन अनुकूल है। आप का हर काम सरलता से पूरा होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे। कार्यालय और व्यापार में अनुकूल परिस्थिति का वातावरण रहेगा। बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

मीन - मन में व्याकुलता एवं अशांति का अहसास बना रहेगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ संभलकर चलें। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यर्थ में धन खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर किए हमले



**यरुशलम/सन्ना,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। इजरायल ने कल देर रात यमन में लाल सागर के बंदरगाहों पर हवाई हमले किए हैं। यह हमला इजराइली सेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को तत्काल क्षेत्र को खाली निकासी की चेतावनी जारी करने के कुछ ही मिनटों बाद पश्चिमी होदेइदाह प्रांत में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने होदेइदाह बंदरगाह सहित यमन के पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर विस्फोटों की सूचना दी।

इजराइल काट्ज़ ने एक बयान में कहा कि हमलों ने हूती के गढ़ों को निशाना बनाया, जिसमें होदेइदाह, अस सालिफ़ और रास ईसा के बंदरगाह, रास कातिब पावर स्टेशन और गैलेक्सी लीडर शामिल हैं। इजरायली सेना ने कहा कि लक्षित बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती द्वारा ईरानी शासन से हथियार स्थानांतरित करने के लिए किया गया था, जिसका उपयोग तब इजरायल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है। इजरायली सेना के अनुसार गैलेक्सी लीडर को रेड सी में जहाजों को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रडार प्रणाली से लैस किया गया है, जिससे आगे की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। श्री कैट्ज ने कहा कि जो कोई भी इजरायल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे नुकसान पहुंचाया जाएगा। हुतियों को अपने कार्यों के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# इराक में मीथेन गैस से आठ तुर्की सैनिकों की मौत

**अंकारा/दमिश्क,** 7 जुलाई (एजेसियां)। उत्तरी इराक में स्थित एक गुफा में तलाशी एवं निकासी अभियान के दौरान मीथेन गैस के संपर्क में आने से बुरी तरह बीमार तीन और तुर्की सैनिकों की मौत के बाद मरने वाले सैनिकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई। यह जानकारी तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दी।

यह दुर्घटना रविवार को तुर्की के ऑपरेशन क्लॉ-लॉक क्षेत्र में हुई जहां तुर्की सेना 2022 में मारे गए एक प्रथम लेफ्टिनेंट के अवशेषों का पता लगाने की कोशिश में एक गुफा की तलाश कर रही थी। इसका उपयोग पहले प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) द्वारा किया जाता था। मंत्रालय ने कहा कि अभियान के दौरान मीथेन गैस के संपर्क में आए 19 सैनिकों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिनमें से पांच की कल मौत हो गई थी और तीन सैनिकों की मौत आज हो गई। इसे मिलाकर मरने वाले सैनिकों की संख्या बढकर आठ हो गई है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि हम इस घटना में अपनी जान गंवाने वाले बहादुर शहीदों के प्रति अपनी संवेदना एवं श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं।

## पश्चिमी नाइजर में 11 आतंकवादी मारे गए : सेना

**नियामी,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। नाइजीरिया की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी नाइजर के टिल्लाबेरी और डोसो क्षेत्रों में दो जुलाई और तीन जुलाई को किए गए दो समन्वित हमलों के जवाब में कम से कम 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। नाइजीरियाई रेडियो और टेलीविजन पर रविवार को प्रसारित एक सैन्य बयान के अनुसार पहली मुठभेड़ दो जुलाई को हुई।

उस समय आतंकवादी समूहों ने टिल्लाबेरी के एक गांव के रास्ते में एक सैन्य काफिले पर घात लगाकर हमला किया। बयान में कहा गया कि जवाबी कार्रवाई में पांच आतंकवादी मारे गए। चार एके-47 राइफलें, 10 मैगजीन, तीन मोटरसाइकिल और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**कुथूर डूबा...**

रहे है क्योंकि तेज बारिश होने के कारण पुल के ऊपर पानी का तेज बहाव हो रहा है और इसी के ऊपर से लोग अपनी आवागमन कर रहे हैं,, मानो जैसे जान की कीमत,, कोई मायने ही नहीं रख रहा है! सबसे शर्मनाक बात तो ये है कि इतना कुछ हो गया मगर अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर ग्रामीणों का हाल-चाल पूछने तक नहीं पहुंचे हैं।

**राजिम का चौक ...**

घुस गया है। इसी तरह लोहरसी गांव के 2 घरों में पानी भर गया है। मामला सामने आते ही एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अमले ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। बारिश के चलते प्रशासन की टीम सतर्क हो गई है। एसडीआरएफ की टीमों को भी अलर्ट कर दिया गया है। सड़क पर वाहनों की कतार लग गई है। सड़कों पर जलभराव के कारण लोग दुर्घटना की आशंका बन रही है वहीं वाहनों की कतार लगनी भी प्रारंभ हो गई है । राजिम केशिवजी चौक के पास करीब डेढ़ फीट पानी भरा हुआ है ।

**धमतरी में जनजीवन ...**

अधिक बाढ़ आने के कारण घोरागांव सहित कुछ गांव टापू बन गया है। लिहाजा वहां के ग्रामीणों का अन्य जगहों से संपर्क टूट गया है। वहीं वहां पदस्थ शिक्षक भी स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। नदी के इस तरफ खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

**भारी बारिश के बीच ...**

धन्यवाद देते हुए कहा, हम मंच पर भीग रहे हैं, आप मैदान में भीग रहे हैं, लेकिन पार्टी के लिए ये समर्पण दिखाता है कि आप हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। आप सभी साथ है तो हमें कोई नहीं हरा सकता।

उन्होंने याद दिलाया कि यहीं रायपुर में 2023 का महाधिवेशन हुआ था, जहां उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था।

खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह ने छत्तीसगढ़ के जंगल, जमीन और खनिज संसाधन सब कुछ अडाणी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा, यहां उद्योगपति कोयला, स्टील और आयरन ओर लूटने आ रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा, 400 पार का दावा करने वाले आज दूसरों की बैसाखियों पर चल रहे हैं। अगर मध्यप्रदेश और राजस्थान में हमें 20 सीटें और मिल जातीं तो मोदी को गुजरात भेज चुके होते। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।खड़गे ने खुलासा किया कि रायपुर में जब कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था, तब उसे विफल करने के लिए ईडी की छापेमारी करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाना चाहती है।अभी भी सताने का काम चल रही है।ताकि कांग्रेस पार्टी कमजोर हो जाएगी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

झूठों के सरदार है मोदी

प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए श्री खड़गे ने मोदी को झूठों का सरदार बताया।उन्होंने कहा चुनाव में भाजपा ने चुनाव में15 लाख देने, 500 रुपये में सिलेंडर, एमएसपी जैसे वादे किए थे।ये सारे वादे झूठे निकले।

मणिपुर हिंसा पर चुप्पी

खड़गे ने कहा कि मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री एक बार भी वहां नहीं गए।पहलगाम हमले के बाद भी गैरहाजिर रहे। खड़गे ने कहा कि सभी दलों की मीटिंग बुलाई गई, लेकिन पीएम मोदी नहीं पहुंचे।

खड़गे ने सभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कर्जमाफी, एमएसपी, आरक्षण, शिक्षा और आदिवासी अधिकारों को मजबूत किया। बीजेपी आई और सब कुछ खत्म कर दिया सिर्फ अमीरों के लिए सरकार चल रही है, गरीबों के लिए नहीं।

## आज का इतिहास

1776- अमेरिका में कर्नल जॉन निक्सन ने स्वतंत्रता की घोषणा को पहली बार सार्वजनिक रूप से पढ़ा।
1792- फ्रांस ने परशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1836- महान वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन शोध करने सेंट हेलेना पर पहुंचे।
1889- अमेरिकी अखबार 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' की शुरुआत हुई। आज हर दिन इसकी 20 लाख प्रतियां बिकती हैं।
1914- महान वामपंथी नेता और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रिकार्ड लंबे समय तक कार्यरत रहे ज्योति बसु का जन्म।
1954- भाखड़ा नहर परियोजना का उद्घाटन
1963- अमेरिका ने क्यूबा के साथ अपने सभी वित्तीय लेनदेन बंद किए।
1967- पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की सलाहाकार और बहन फातिमा जिन्ना का निधन।
1972- बतौर कप्तान भारतीय क्रिकेट को नए तेवर देने वाले खिलाड़ी सौरव गांगुली का जन्म।
1981- फ्रांस के प्रधानमंत्री मॉरिस ने बैंको और कुछ बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया।
1994- उत्तर कोरिया के तानाशाह और संस्थापक किम इल सुंग का निधन।
1994- पिता के निधन के बाद किम जोंग उन ने नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर का पद संभाला।
2007- पूर्व प्रधानमंत्री एवं समाजवादी नेता चंद्रशेखर का निधन।
2016- पाकिस्तान के विश्व प्रसिद्ध इदी फाउंडेशन के संस्थापक अब्दुल सत्तार ईधी का निधन।

**मामला** / बलूच वॉइस फॉर जस्टिस ने पाक की काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट पर लगाया आरोप, कहा

# गुलजार दोस्त की गिरफ्तारी मानवाधिकारों का उल्लंघन

**क्वेटा, 7 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के बीच पाकिस्तान की काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता गुलजार दोस्त को जबरन हिरासत में ले लिया। इस घटना की कई मानवाधिकार संगठनों ने कड़ी निंदा की है। मानवाधिकार संगठन बलूच यकजैती कमेटी (बीवाईसी) की कार्यकर्ता सामी दीन बलूच ने गुलजार दोस्त की जबरन गिरफ्तारी को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि गुलजार दोस्त को सोमवार तड़के बलूचिस्तान के केच जिले के तुर्बत स्थित उनके घर से सीटीडी ने जबरन उठा लिया।**

उन्होंने कहा कि यह सोची-समझी साजिश के तहत बलूच आवाजों को दबाने और शांतिपूर्ण असहमति जताने वालों को डराने की कार्रवाई है। गुलजार दोस्त जैसे अहिंसक कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई संकेत देती है कि शांतिपूर्ण विरोध भी उतना ही खतरनाक समझा जा रहा है, जितना आतंकवाद।

गुलजार दोस्त की पहचान एक ऐसे कार्यकर्ता के रूप में है जो हमेशा न्याय के लिए अहिंसात्मक मार्ग अपनाते रहे हैं। बीवाईसी ने उनकी तत्काल रिहाई और सुरक्षा की मांग की है।

सामी ने कहा कि यदि राज्य बलूचिस्तान में वास्तव में शांति चाहता है, तो उसे हिंसा नहीं, बल्कि बदलाव के लिए शांतिपूर्ण प्रयास करने वालों की सुरक्षा करनी होगी। हर प्रकार के प्रतिरोध को सजा देकर लोकतांत्रिक रास्ते बंद कर देना, चरमपंथ को ही जन्म देता है।



■ **संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार रक्षकों ने की गुलजार दोस्त की तत्काल रिहाई की अपील**

संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार रक्षकों की विशेष प्रतिनिधि मैरी लॉलर ने भी पाकिस्तान से गुलजार दोस्त की तत्काल रिहाई की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुझे गुलजार दोस्त की हिरासत की चिंता है। मैंने 2024 में उनसे ऑनलाइन बातचीत की थी। मैं पाकिस्तान के स्थायी मिशन से मांग करती हूं कि उन्हें तुरंत वकील, परिवार से मिलने की अनुमति मिले और जल्द रिहा किया जाए।

बलूच वॉइस फॉर जस्टिस (बीवीजे) ने भी इस जबरन हिरासत की कड़ी आलोचना करते हुए इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया है। संगठन ने कहा कि गुलजार दोस्त की जबरन गिरफ्तारी पूरी तरह से गैरकानूनी और अमानवीय है। उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस तरह की कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। ह्यूमन राइट्स काउंसिल ऑफ बलूचिस्तान (एचआरसीबी) ने भी गिरफ्तारी को निंदनीय बताया और गुलजार दोस्त की बिना शर्त रिहाई की मांग की। संगठन ने कहा कि गुलजार दोस्त ने बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों के परिवारों के लिए लगातार काम किया है।

## दुनिया को जानें

# अधिक वजन के कारण ब्रेस्ट कैंसर का बढ़ सकता है खतरा : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नई स्टडी में खुलासा हुआ है कि मेनोपॉज के बाद हृदय रोग से पीड़ित महिलाओं में अधिक वजन होना ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है। यह स्टडी अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के जर्नल 'कैंसर' में सोमवार को प्रकाशित हुई। स्टडी के अनुसार, जिन महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) ज़्यादा होता है, उनमें स्तन कैंसर का खतरा पहले से ही अधिक होता है। टाइप-2 डायबिटीज का इस खतरे पर कोई खास असर नहीं देखा गया, यानी डायबिटीज वाली और बिना डायबिटीज वाली महिलाओं में अधिक बीएमआई से ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम समान रूप से बढ़ता है।

संगठन की कैंसर रिसर्च विंग, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के शोधकर्ता हेंज फ्रीस्लिंग ने बताया कि इस स्टडी के नतीजे ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में वजन घटाने के ट्रायल में हृदय रोग वाली महिलाओं को शामिल करके ब्रेस्ट कैंसर रोकथाम पर शोध किया जाना चाहिए।

# खेल जगत

## शुभमन गिल कप्तान की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं: मदन लाल

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने टेस्ट कप्तान होने के दबाव को संभालने के लिए शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे गिल ने टीम को जीत दिलाई और साथ ही अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी ख्याल रखा। मदन लाल ने कहा, 'भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में दबदबा बनाया। टीम इंडिया पिछले मैच में खासकर खराब फील्डिंग के कारण हारी थी, इसके अलावा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया। हमारी गेंदबाजी इंग्लैंड की तुलना में कहीं बेहतर थी। पिछले मैच में हमने थोड़ी शॉर्ट बॉलिंग की, जिससे इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने का मौका मिला।' मदन लाल ने युवा कप्तान की तारीफ करते हुए कहा, 'शुभमन गिल की चर्चा हर जगह हो रही है। वह आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।



# अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी: शुभमन गिल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार था

■ पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के पहली पारी में दोहरे शतक और दूसरी पारी में शतक सहित कुल 430 रन बना और आकाश दीप के मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में चटकाए कुल दस विकेट की बदौलत भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में रविवार रात 336 रन की बड़ी जीत के साथ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में एक एक की बराबरी पा लिए। चीफ कोच गौतम गंभीर व कप्तान शुभमन गिल की जसप्रीत बुमराह को आराम देकर दूसरे टेस्ट की एकादश में शामिल तेज गेंदबाज आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर व नीतिश रेड्डी सहित दूसरे टेस्ट जिन तीन बदलावों के लिए कड़ी आलोचना की जा रही उनमें से आकाश दीप व सुंदर कसौटी पर खरे उतरे और भारत की जीत में अहम योगदान किया।

पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल ने भारत की बड़ी जीत के बाद कहा, 'गेंदबाजों के लिए एजबेस्टन टेस्ट में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल था। पिच पर गेंद ज्यादा जल्दी ढीली हो बहुत जल्दी अपना आकार खो रही थी। मुझे नहीं मालूम यह क्या था, मौसम या पिच कुछ भी लेकिन गेंदबाजों के लिए इस पिच पर विकेट चटकाना बहुत मुश्किल हो रहा था। बतौर टीम जब आप यह जानते हैं कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं तो बहुत सी चीजे आपके काबू से बाहर हो जाती हैं। जहां तक मेरे खेल की बात है तो मैं कहूंगा कि मैं अपने खेल को लेकर सहज महसूस कर रहा हूं। अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं। बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहता हूं। पहले टेस्ट के बाद हमने जो कुछ भी किया सही किया। हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार थी। जब आप कप्तान होते हैं तो तब आपको अनुकरणीय खेल दिखाने की जरूरत होती है जिससे कि जब कोई अन्य खिलाड़ी इस स्थिति में हो आप उसका मार्गदर्शन कर सकें। आपको अपने मन की करने की बजाय खुद से पहले टीम को रखना होता है। मैं अच्छी गेंद पर आउट हो जाउ तो भले हो जाउ लेकिन मैं लंबे से लंबा खेलना चाहता हं। बेशक दूसरा टेस्ट भी पांच दिन तक चला लेकिन हमारी भारतीय टीम इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है।बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अच्छी बात यह रही कि हम इसमें ज्यादा समय तक बल्लेबाजी कर रहे थे न कि गेंदबाजी।

शुभमन ने कहा,' यहां तक पहली पारी में हमने लगभग एक दिन यानी 90 ओवर फील्डिंग की और हमारे लिए यह अच्छा ही रहा। अब मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाकी आगामी टेस्ट मैचों में हम यदि निरंतर 300 अथवा 400 के करीब रन बनाते हैं तो हम हमेशा टेस्ट में बने रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने धारदार गेंदबाजी दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में कुल मिलाकर आपस में 17 विकेट बांटे जो अपने आप में तब एक बड़ी उपलब्धि है और उन्होंने यह कामयाबी जसप्रीत बुमराह भाई के बिना हासिल की। दूसरे टेस्ट से पहले बहुत सवाल थे कि क्या हम इसमें इंग्लैंड के 20 विकेट चटका पाएंगे? जिस तरह आकाश दीप और सिराज ने मिलकर दोनों पारियों में इंग्लैंड को आउट किया वह वाकई शानदार था और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।'

## इंग्लैंड वैसा नहीं खेल पाई, जैसा हम चाहते थे : ब्रैंडन मैकुलम

बर्मिंघम। एजबेस्टन में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में भारत के हाथों 336 रनों से करारी हार झेलने के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि मेजबान टीम अपनी इच्छानुसार नहीं खेल पाई और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। रिकॉर्ड 608 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन दूसरे सत्र से में 271 रन पर सिमट गई। भारत की सीरीज बराबर करने वाली जीत में कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने मैच में 10 विकेट लिए। ब्रेंडन मैकुलम ने कहा, 'हम पांच दिनों तक दूसरे नंबर पर रहे। भारत ने असाधारण खेल दिखाया। शुभमन गिल ने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और भारत पूरी तरह से जीत का हकदार था।'

# ईस्ट बंगाल व साउथ यूनाइटेड के बीच होगा डूरंड कप फुटबॉल का उद्घाटन मैच

## शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया



**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ईस्ट बंगाल और साउथ युनाइटेड के बीच ग्रुप ए के कोलकाता में 23 जुलाई को खेले जाने वाले उदघाटन मैच से देश के सबसे पुराने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की का आगाज होगा। दोनों टीमों के बीच यह उद्घाटन मैच कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। डूरंड कप एक महीने तक चलेगा और इसमें कुल 43 मैच होंगे और फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।

टूर्नामेंट के ग्रुप और कार्यक्रम की घोषणा सोमवार को की गई, जिससे एक बार फिर भारतीय फुटबॉल की परंपरा और जुनून को देखने का अवसर मिलेगा। इसमें शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है। छहों ग्रुप की विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ उप विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 19 और 20 अगस्त को होंगे। फाइनल 23 अगस्त, शनिवार को खेला जाएगा। नॉकआउट दौर के मैचो के स्थानो की घोषणा जल्द की जाएगी।

कोलकाता में ग्रुप ए और बी के मुकाबले होंगे। ईस्ट बंगाल के शुरुआती मैच के बाद इंडियन एयर फोर्स फुटबॉल टीम और आई-लीग क्लब नामधारी एफसी क्रमश: 27 और 30 जुलाई को एसयूएफसी के खिलाफ अपना अपना पहला मैच खेलेगी। ग्रुप बी का आगाज 28 जुलाई को मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के मैच से होगा जो कि भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई को इसी मैदान में आईएसएल चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी के बीच बहुप्रतीक्षित मैच होगा।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स फुटबॉल टीम 1 अगस्त को डायमंड हार्बर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

ग्रुप सी की शुरुआत जमशेदपुर में 24 जुलाई को होगी, जहां जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफटी के खिलाफ जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी क्रमश: 29 जुलाई और 2 अगस्त को अपना पहला मुकाबला खेलेंगे.। कोकराझार ग्रुप डी की मेज़बानी करेगा, जिसमें आईएसएल क्लब पंजाब एफसी, असम की करबी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी, स्थानीय बोडोलैंड एफसी और इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस एफटी (आईटीबीपी एफटी) शामिल हैं। आईटीबीपी और कार्बी आंगलोंग के बीच पहला मैच 27 जुलाई को होगा। बोडोलैंड एफसी 31 जुलाई को अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि पंजाब एफसी 3 अगस्त को मैदान में उतरेगा।

ग्रुप ई की शुरुआत शिलॉन्ग में 26 जुलाई को होगी, जहां मेजबान शिलॉन्ग लाजोंग एफसी का सामना फॉरेन सर्विस टीम से होगा। गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2 अगस्त को फॉरेन सर्विस टीम के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा शुरू करेगा। शिलॉन्ग डर्बी 29 जुलाई को लाजोंग और रंगदाजीद यूनाइटेड एफसी के बीच खेली जाएगी। ग्रुप एफ की मेज़बानी इंफाल करेगा, जहां 30 जुलाई को ट्राउ एफसी और नेरोका एफसी के बीच स्थानीय डर्बी से शुरुआत होगी। इंडियन नेवी एफटी और रियल कश्मीर एफसी 2 अगस्त को अपना अभियान शुरू करेंगे। अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला 12 अगस्त को कोकराझार में बोडोलैंड एफसी और आईटीबीपी एफटी के बीच खेला जाएगा। आईएसएल क्लबों, प्रमुख सर्विसेज़ टीमों और क्षेत्रीय चहेते क्लबों की भागीदारी के साथ, 134वां इंडियन ऑयल डूरंड कप न सिर्फ भारतीय फुटबॉल की विरासत का जश्न मनाएगा बल्कि देश भर की प्रतिभाओं को मंच देने का अवसर भी प्रदान करेगा।

# साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट में कप्तानी करते हुए वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर रचा इतिहास



**बुलावायो,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 334 गेंदों में नाबाद 367 रन बनाए। पारी के दौरान 49 चौके और चार गगनचुंबी छक्के जड़े। केशव महाराज की अनुपस्थिति में वियान मुल्डर को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। टेस्ट में पहली बार कप्तानी कर रहे 27 वर्षीय ऑलराउंडर ने पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद 264 रन बनाए। इसके अगले दिन जब खेल शुरू हुआ तो उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लंच तक नाबाद 367 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी बल्लेबाज की ओर से यह स्कोर अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 24 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुल्डर ने अपनी पहली कप्तानी पारी में बहुत धैर्य दिखाया। उन्होंने कमजोर गेंदों को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। उन्होंने डेविड बेडिंगम के साथ 184 रन और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 185 गेंदों पर 217 रन की शानदार साझेदारी की। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए घर से बाहर चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन 264 रन बनाए, जो किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा टेस्ट के पहले दिन बनाया गया सर्वाधिक स्कोर और विश्व में ओपनिंग डे पर दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। दूसरे दिन उन्होंने तेजी से बल्लेबाजी जारी रखी और 297 गेंदों में तिहरा शतक (300 रन) पूरा किया, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक है। इस उपलब्धि के साथ वे हाशिम अमला के बाद यह मुकाम हासिल करने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने।

# आईसीसी ने जून महीने में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए मार्करम, रबाडा और निसांका के नाम की घोषणा की



**दुबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और श्रीलंका क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे पथुम निसांका को जून 2025 के लिए पुरुष कैटेगरी में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार देने की घोषणा की। आईसीसी ने पुरुष के अलावा महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की भी घोषणा की।

मार्कराम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। गेंद से स्टीव स्मिथ का महत्वपूर्ण विकेट लेने के बाद, मार्कराम ने शानदार 136 रन बनाकर प्रोटियाज को 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। वियान मुल्डर और चोटिल कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ उनकी साझेदारी ने दक्षिण अफ्रीका को 27 वर्षों में पहली बार आईसीसी पुरुष ट्रॉफी जीतने में मदद की।

रबाडा ने अपनी आक्रामक शैली का जोरदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफरीका के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 49 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने इस प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पूर्व गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया। रबाडा ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को ज्यादा खुलकर शॉट्स खेलने का मौका नहीं दिया। जिससे ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर करने में सफल नहीं हो पाई। पहली पारी में कम स्कोर के बाद दक्षिण अफ्रीका को मुकाबले में बनाए रखने में रबाडा की गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान पथुम निसांका श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज थे। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 187 रन की पारी खेली और अपनी टीम को मैच ड्रॉ कराने में मदद की और दूसरे टेस्ट में 158 रन बनाकर श्रीलंका को पारी और 78 रन से जीत दिलाई। निसांका ने बेहतरीन निरंतरता और धैर्य दिखाते हुए सीरीज का अंत शीर्ष स्कोरर के रूप में किया। आईसीसी की ओर से महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स और दो वेस्टइंडीज मूल की खिलाड़ी, हेले मैथ्यूज और अफी फ्लेचर शामिल हैं। ब्रिट्स के लिए यह महीना सभी प्रारूपों में प्रभावशाली रहा।

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर में 'डूरंड कप ट्रॉफी' का अनावरण, राज्यपाल ने बताया झारखंड के लिए गर्व का क्षण

**जमशेदपुर।** 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसकी ट्रॉफी का अनावरण सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने डूरंड कप जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीम भाग ले रही हैं। जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छह मुकाबले खेले जाने हैं। सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटबॉल फैंस उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'इस मौके पर न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल डूरंड कप की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण इस बात का प्रतीक है कि झारखंड की खेल संस्कृति निरंतर नई ऊचाइयों को छू रही है।'

### अब महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए खेलेंगे पृथ्वी शॉ, हो गया आधिकारिक ऐलान

**पुणे।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके हैं। अब उन्होंने घरेलू स्तर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को अलविदा कहते हुए आगामी सत्र से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए खेलने का फैसला किया है। अपने फैसले के बारे में पृथ्वी शॉ ने कहा, 'करियर के इस मोड़ पर, मैंने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए महाराष्ट्र टीम की ओर से खेलने का फैसला किया है। मैं एक बार फिर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अब तक मिले अवसरों और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पिछले कुछ वर्षों से पूरे राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की खास कोशिशें कर रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, महिला एमपीएल, कॉर्पोरेट शील्ड, डीबी देवधर ट्रॉफी जैसे इवेंट्स इसके प्रमाण हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि इस तरह के माहौल में खेलना मेरे करियर को एक नया मोड़ देगा।'

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' शैली से दुखी माइकल वॉन, टीम को दे डाली नसीहत

**बर्मिंघम,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट 336 रन से गंवाना पड़ा, जिससे पूर्व कप्तान माइकल वॉन दुखी हैं। उनका मानना है कि हेडिंग्ले में 'बैजबॉल विद ब्रेन' के बाद मेजबान टीम फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ गई है। माइकल वॉन ने सोमवार को 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'ईमानदारी से कहें, तो इस हफ्ते इंग्लैंड की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीसरे दिन चार घंटे के खेल को छोड़कर, जिसमें हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की, भारत ने इंग्लैंड पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। यह ऐसा प्रदर्शन था, जिसने मुझे बहुत चिंतित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे डर है कि इंग्लैंड ने पहले मैच को टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके के पूर्ण प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया।

# माही के घर के बाहर पहुंचे फैंस, केक काटकर मनाया जन्मदिन



**रांची,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपने इस हीरो को बधाई देने फैंस रांची स्थित माही के घर के बाहर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केक काटकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का जन्मदिन मनाया। सानिया सिंह एक युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट एकेडमी में खेलती हूं। मेरे कोच धोनी सर के बड़े फैन हैं। मैं भी उनकी बड़ी फैन हूं। सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर्स के लिए धोनी प्रेरणा हैं। मैं चाहती हूं कि उनके जैसी ही खिलाड़ी बनूं।' धोनी के एक अन्य फैन ऋषभ राज ने कहा, 'हम धोनी का जन्मदिन मनाने के लिए उनके घर के बाहर खड़े हैं। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि माही ऐसे ही फिट बने रहें और पूरे देश को प्रेरित करते रहें।' धोनी के जन्मदिन पर सुबोध नामक एक फैन ने कहा, 'हमने यहां केक कटिंग की और लोगों के बीच इसे बांटा।

# ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना डीडीसीए का उद्देश्य : रोहन जेटली



**नई दिल्ली**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 के लिए सोमवार को महिला खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इस मौके पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि संघ का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना है। रोहन जेटली ने कहा, 'डीपीएल को लेकर हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। हमने पुरुष लीग में दो टीमें जोड़ी हैं। विमेंस टीम में पूल को बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा खिलाड़ियों को ऑक्शन में मौका मिल सके।'

उन्होंने आगे कहा, 'पहले हम सालभर में करीब 1,000 मैच करवाते थे, लेकिन अब इसकी संख्या 1,800 हो चुकी है। हमारे पास अंडर-16, अंडर-19, ओपन लीग, प्रोफेशनल टी20 लीग, डीपीएल जैसे आयोजन हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी क्लब लेवल क्रिकेट की शुरुआत की गई है। हम खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं।' इस मौके पर डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा, 'जब रोहन जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष बने, तो वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते थे, जहां दिल्ली के बच्चों का टैलेंट लोगों को दिखे। हमने पिछले साल डीपीएल की शुरुआत की, जो बेहद सफल रहा। मैच के दौरान 20-22 हजार फैंस आए। खिलाड़ियों को शानदार प्लेटफॉर्म मिला। इसी प्लेटफॉर्म से निकलकर कुछ खिलाड़ी आईपीएल खेले। हम चाहते हैं कि इस बार और ऊपर जाएं और कम से कम 10 खिलाड़ी भारतीय टीम का दरवाजा खटखटाएं।'

### एमएलसी 2025: एमआई न्यूयॉर्क की सीजन में सातवीं हार

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 29वें मैच को अपने नाम किया। इस टीम ने फ्लोरिडा में एमआई के खिलाफ खेले गए मुकाबले को छह विकेट से जीता। गीली आउटफील्ड के चलते यह मुकाबला 18-18 ओवरों का था। पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी वाशिंगटन ने इस सीजन 10 में से आठ मैच अपने नाम किए हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान पर है, जबकि 10 में से सात मुकाबले गंवा चुकी एमआई न्यूयॉर्क की टीम चौथे स्थान पर प्लेऑफ की टिकट हासिल करने की जंग लड़ रही है।

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने 18 ओवरों के खेल तक आठ विकेट खोकर 112 रन बनाए। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज कुंवरजीत सिंह ने सर्वाधिक 33 रन जड़े।

### सुडोकू 6967 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 |


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र./202505111500025/अ-27/2024-25
रायपुर, दिनांक 25.06.2025
प्रति,
01. भरत देव मिश्रा पिता अशोक मिश्रा निवासी देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 02. अनिरूद्ध मिश्रा, नंदिनी मिश्रा दोनों पिता विवेक मिश्रा, नीलम मिश्रा पति विवेक मिश्रा निवासी- देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 03. मनीष मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 04. अभिषेक मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 05. श्रीमती वीणा मिश्रा पति सुभाष मिश्रा तीनों निवासी ऐश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 06. विशद मिश्रा पिता हर्ष मिश्रा, मधुलिका मिश्रा पति हर्ष मिश्रा दोनों निवासी- 47 ऐश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 07. श्रीमती प्रीति बाजपेयी पति सदाशिव बाजपेयी, 08. श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी पति प्रदीप कुमार त्रिपाठी दोनों निवासी- बंगला नंबर 23 न्यु (1) मोती बाग दक्षिण दिल्ली 09. श्रीमती मंजू शुक्ला पति दिनेश शुक्ला निवासी छोटापारा रायपुर, 10. आर. के. मिश्रा पिता जे.एस.मिश्रा, 11. मनु मिश्रा पिता आर. के. मिश्रा, 12 देविका मिश्रा पिता आर. के. मिश्रा तीनों निवासी बंगला नंबर 23 न्यु मोतीबाग दक्षिण दिल्ली भारत
द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिकागण 01. श्रीमती पूनम मिश्रा पति स्व. शशांक मिश्रा, 02. प्रणीता मिश्रा 03. सुचेता मिश्रा दोनों पिता स्व. शशांक मिश्रा सभी निवासी-ई-177 सेकण्ड फ्लोर लाजपत नगर साउथ दिल्ली द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम कोटा, प.ह.नं. 51, तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 19/18 रकबा 0.0405हे. भूमि आवेदिकागण एवं अनावेदकगण 01. भरत देव मिश्रा पिता अशोक मिश्रा निवासी- देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 02. विवेक मिश्रा पिता अशोक मिश्रा मृत वारिसान अनिरूद्ध मिश्रा, नंदिनी मिश्रा दोनों पिता विवेक मिश्रा, नीलम मिश्रा पति विवेक मिश्रा निवासी- देव ट्रेवल्स गौरव पथ मौली पारा रायपुर, 03. मनीष मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 04. अभिषेक मिश्रा पिता सुभाष मिश्रा, 05. श्रीमती वीणा मिश्रा पति सुभाष मिश्रा तीनों निवासी एश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 06. हर्ष मिश्रा पिता बी.डी. मिश्रा मृश्रा मृत वारिसान विशद मिश्रा पिता हर्ष मिश्रा, मधुलिका मिश्रा पति हर्ष मिश्रा दोनों निवासी-47 एश्वर्या रेसीडेन्सी तेलीबांधा रायपुर, 07. श्रीमती प्रीति बाजपेयी पति सदाशिव बाजपेयी, 08. श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी पति प्रदीप कुमार त्रिपाठी दोनों निवासी बंगला नंबर 23 न्यु मोती बाग दक्षिण दिल्ली, 09. श्रीमती मंजू शुक्ला पति दिनेश शुक्ला निवासी छोटापारा रायपुर, 10. आर. के. मिश्रा पिता जे.एस. मिश्रा, 11. मनु मिश्रा पिता आर.के. मिश्रा, 12 देविका मिश्रा पिता आर.के. मिश्रा तीनों निवासी- बंगला नंबर 23 न्यु मातीबाग दक्षिण दिल्ली भारत के नाम संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि श्रीमती प्रकाशवती मिश्रा पति बी.डी. मिश्रा के स्वामित्व की भूमि है उक्त भूमि को श्रीमती प्रकाशवती मिश्रा द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 21.06.1983 को निष्पादित किया गया है जिसके अनुसार उक्त भूमि बी.डी. मिश्रा, अशोक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, शशांक मिश्रा, हर्ष मिश्रा को प्राप्त हुई है। उपरोक्त वसीयतनामा के हिसाब से आवेदित भूमि को 5 बराबर हिस्सों में विभाजन किये जाने के बाद एक हिस्से में आवेदित भूमि का रकबा 0.009हे. प्राप्त होता है तथा बी डी शर्मा की मृत्यु हो गई है जिसके पश्चात् उनके वारिसान अशोक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, शशांक मिश्रा, हर्ष मिश्रा, मंजू मिश्रा, उषा पाण्डेय है इस प्रकार उक्त भूमि रकबा 0.009हे. का छठवां हिस्सा रकबा 0.0015हे. पाने का हकदार है। इस प्रकार आवेदिकागण को रकबा 0.0090हे. तथा रकबा 0.0015हे. कुल रकबा 0.0105हे. भूमि प्राप्त होगी। अत: उक्त आवेदित भमि में से हिस्से की भूमि को पृथक से राजस्व अभिलेख में दर्ज कर विभाजित कर खाता विभाजन किये जाने निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 10.07.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर नायब तहसीलदार, रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJESH KUMAR ALIAS RAJESH AGRAWAL S/O JAGDISH PRASAD resident of H.NO. 143, WARD NO.12, NAWDHA CHOWK SAKTI DIST SAKTI (C.G.) have changed my old name RAJESH KUMAR ALIAS RAJESH AGRAWAL S/O JAGDISH PRASAD so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH KUMAR SARAF S/O JAGDISH PRASAD in all Government and other documents.

**RAJESH KUMAR SARAF**
H.NO. 143, WARD NO.12,
NAWDHA CHOWK SAKTI
DIST SAKTI (C.G.) 496001

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र सिंह ध्रुव पिता सेऊक राम निवासी द्वारा आवेदित ग्राम प.ह.नं.... राजस्व निरीक्षक मंडल केन्द्री स्थित भूमि खसरा नंबर 252/7 रकबा क्रमश: 0.21 हे. भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 30.05.2025 के परिपालन में दिनांक 11.07.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया हैं। अत: उक्त सीमांकन बटांकन में त्रुटि सुधार हेतु जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन बटांकन में त्रुटि सुधार बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 12 के सलौनी स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. केन्द्री-अभनपुर**

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
उद्योग भवन, रिंग रोड नंबर 1, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नंबर (0771) 2583652-54, फैक्स नं. 2583651
Email: dtic-directorate.cg@gov.in
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन)
**मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (सोलर डिवीजन), (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु**
**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-
1. मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (सोलर डिवीजन), छत्तीसगढ़ में स्थापित है। उक्त उद्योग के संचालन हेतु नये भागीदार श्री मनीष बोहरा ग्राम-भिंभौरी, तह.-तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के मध्य अनुबंध का निष्पादन हुआ है।
2. मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (सोलर डिवीजन), बैंक ऑफ बडौदा, शाखा पण्डरी रायपुर द्वारा वित्त पोषित रही है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र दिया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र PROJ-41011/126/2025 दिनांक 01/07/25 द्वारा मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (सोलर डिवीजन), में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।
अत: उक्त मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (सोलर डिवीजन), ग्राम-भिंभौरी, तह.-तिल्दा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था/बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
रायपुर, दिनांक-
**संचालक**

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
उद्योग भवन, रिंग रोड नंबर 1, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नंबर (0771) 2583652-54, फैक्स नं. 2583651
Email: dtic-directorate.cg@gov.in
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन)
**मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु**
**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-
1. मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी , छत्तीसगढ़ में स्थापित है। उक्त उद्योग के संचालन हेतु नये भागीदार श्री मनीष बोहरा ग्राम-देवरी, विकासखंड धरसीवां जिला-रायपुर (छ.ग.) के मध्य अनुबंध का निष्पादन हुआ है।
2. मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी , बैंक ऑफ बडौदा, शाखा पण्डरी रायपुर द्वारा वित्त पोषित रही है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र दिया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र PROJ-41011/128/2025 दिनांक 01/07/25 द्वारा मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी , में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।
अत: उक्त मेसर्स वक्रांगी पैकेजिंग एलएलपी, ग्राम-देवरी,विकासखंड धरसीवां, जिला-रायपुर (छ.ग.) के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था/बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
रायपुर, दिनांक-
**संचालक**

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंद यूनिलीवर | 3.06 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.07 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 0.94 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.90 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.87 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बीईएल | 2.46 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.83 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.28 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.07 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,596 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,531 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# वाहनों की बिक्री जून में 20 लाख यूनिट के पार

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को कहा कि भारत में सभी सेगमेंट में ऑटोमोबाइल की कुल खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर 4.84 प्रतिशत बढ़कर 20.03 लाख यूनिट को पार कर गई, जो त्योहार और शादी के मौसम की मांग की वजह से देखी गई।

फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि सेगमेंट-वाइज, हर कैटेगरी में दोपहिया वाहनों की बिक्री 4.73 प्रतिशत, तिपहिया वाहनों की बिक्री 6.68 प्रतिशत, पैंसेजर व्हीकल की बिक्री 2.45 प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 6.6 प्रतिशत, ट्रैक्टरों की बिक्री 8.68 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन इक्विप्मेंट्स की बिक्री 54.95 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि त्योहारों और शादी के मौसम की मांग ने बिक्री को बढ़ावा दिया, लेकिन वित्तीय बाधाओं और बीच-बीच में वैरिएंट की कमी ने बिक्री को धीमा कर दिया। मानसून की शुरुआती बारिश और ईवी की बढ़ती पहुंच ने भी खरीदारी के पैटर्न को आकार दिया।

विग्नेश्वर ने कहा कि कुल मिलाकर, जून में मिश्रित बाजार संकेतों के बीच दोपहिया वाहनों का प्रदर्शन




मजबूत रहा। पैसेंजर व्हीकल की खुदरा बिक्री में मासिक आधार पर 1.49 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि सालाना आधार पर 2.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

भारी बारिश और बाजार में लिक्विडिटी की कमी के कारण ग्राहकों की संख्या पर असर पड़ा, जबकि प्रोत्साहन योजनाओं में वृद्धि और नई बुकिंग ने चुनिंदा समर्थन दिया।

विग्नेश्वर ने कहा कि कुछ डीलरों ने संकेत दिया कि कुछ पीवी मैन्युफैक्चरर्स ने वॉल्यूम लक्ष्यों को पूरा

- त्योहारों व शादी के मौसम की मांग से बिक्री को मिला बढ़ावा
- ईवी की बढ़ती पहुंच ने भी खरीदारी के पैटर्न को दिया आकार

करने के लिए स्वचालित थोक डेबिट जैसी अनिवार्य बिलिंग प्रक्रियाएं शुरू की हैं। परिणामस्वरूप इन्वेंट्री लगभग 55 दिनों की है।

इस प्रकार जून में विभिन्न बाजार संकेतों के बीच पीवी प्रदर्शन की मामूली लेकिन स्थिर तस्वीर पेश की गई। सीवी खुदरा बिक्री में मासिक आधार पर 2.97 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि सालाना आधार पर 6.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

विग्नेश्वर ने कहा कि मानसून से जुड़े स्लोडाउन मंदी और सीमित लिक्विडिटी के कारण पूछताछ और रूपांतरण में कमी आने से पहले महीने की शुरुआत में डिलीवरी ने वॉल्यूम को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि सदस्यों ने नए सीवी कराधान और अनिवार्य वातानुकूलित केबिनों के प्रभाव की ओर इशारा किया, जिससे स्वामित्व लागत बढ़ गई है, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग में भी कमी आई है। कुल मिलाकर, जून में एक मजबूत सीवी सेगमेंट दिखाई दिया।

## वित्त वर्ष 2026 में भारत में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 2-5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** पिछले दो वित्तीय वर्षों में धीमी वृद्धि दर्ज करने के बाद वित्त वर्ष 2026 में भारत में वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) की थोक बिक्री में लगभग 2-5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएचसीवी) सेगमेंट में 4-6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि इसी अवधि में हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) सेगमेंट में 2-4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। कैरएज रेटिंग्स की एसोसिएट डायरेक्टर आरती रॉय ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन (सीवी) उद्योग में मध्यम वृद्धि का अनुभव होने की उम्मीद है, वित्त वर्ष 2026 में कुल बिक्री मात्रा में लगभग 2-5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

## मक्के का उत्पादन 2047 तक दोगुना करने का का लक्ष्य : शिवराज

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि कृषि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान अर्थव्यवस्था की आत्मा हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी नीति देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ, किसानों की आमदनी को बढ़ाना और खेती को लाभकारी बनाना है।

फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 90 के दशक में मक्के का उत्पादन 10 मिलियन टन था, जो बढ़कर लगभग 42.3 मिलियन टन तक पहुंच चुका है। वहीं, विकसित भारत के संकल्प के साथ मक्के का उत्पादन 2047 तक बढ़कर 86.10 मिलियन टन तक पहुंच सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में औसत मक्का उत्पादन 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में मक्का उत्पादन राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है, जिसे समग्र रूप से अधिक बढ़ाए जाने की जरूरत है।

मक्के के उत्पादन में नए रिकॉर्ड स्थापित करने वाले किसानों को



कृषि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ व किसानों की अर्थव्यवस्था की आत्मा हैं : शिवराज सिंह चौहान

सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं इन किसानों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिकों से जोड़ने के लिए हमने विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से वैज्ञानिकों को किसानों के बीच भेजने के साथ लैब को लैंड से जोड़ने का काम किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत करीब 11 हजार वैज्ञानिक 60 हजार से ज्यादा गांवों में पहुंचे। हमने देखा कि उत्पादन खेत में बढ़ता है और वैज्ञानिक लैब में काम कर रहे हैं। किसान अलग काम कर रहा था, वैज्ञानिक अलग काम कर रहा था। हमने तय किया कि लैब और लैंड की दूरी को खत्म कर इन्हें जोड़ने का काम किया जाएगा।

## फिनटेक को धोखाधड़ी पर लगाना चाहिए अंकुश : नागराजू

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को कहा कि फिनटेक कंपनियों को आम लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के साथ-साथ एआई जैसी उभरती टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर धोखाधड़ी, हैकिंग और दूसरे साइबर खतरों के खिलाफ मजबूत समाधान विकसित कर अपनी ताकत और इनोवेशन का लाभ उठाना चाहिए।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव नागराजू मदिराला ने कहा कि देश के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के तेजी से परिपक्व होने के साथ, इसका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर ग्लोबल साउथ तक



पहुंचने लगा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित तीसरे 'वित्तीय समावेशन और फिनटेक सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने वित्तीय समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को आगे बढ़ाने में फिनटेक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

नागराजू ने वित्तीय समावेशन और ऋण पहुंच के लोकतंत्रीकरण के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## वित्त वर्ष 2026 में अधिक लाभ कमा सकता है सीमेंट उद्योग : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की सीमेंट मांग में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के दौरान 6.5-7.5 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। सोमवार को जारी क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग की प्राप्तियों में वृद्धि के साथ परिचालन लाभप्रदता लगभग 100 रुपए बढ़कर दशकीय औसत से थोड़ा ऊपर के स्तर पर पहुंच जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत बैलेंस शीट के साथ स्वस्थ उपार्जन सीमेंट निर्माताओं की क्रेडिट प्रोफाइल को स्थिर रखेगा।

क्रिसिल का विश्लेषण 17 सीमेंट कंपनियों के आंकड़ों पर आधारित है, जो घरेलू बिक्री मात्रा का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान आम चुनावों और अनियमित मानसून के कारण निर्माण गतिविधियों में धीमी गति के कारण पहली छमाही में



- मजबूत बैलेंस शीट के साथ स्वस्थ उपार्जन सीमेंट निर्माताओं की क्रेडिट प्रोफाइल को रखेगा स्थिर

सीमेंट की मांग में नरमी आई और 2-3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, दूसरी छमाही में सुधार हुआ, जिससे वार्षिक मांग में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक सेहुल भट्ट ने कहा कि इस वित्त वर्ष में, सीमेंट की मांग ग्रामीण आवास सेगमेंट में 7-8 प्रतिशत की वृद्धि से बढ़ेगी, जो घरेलू मांग का एक तिहाई है। वास्तव में, संभावित स्वस्थ मानसून पर कृषि आय में वृद्धि की उम्मीदों के कारण ग्रामीण आवास की मांग इस वित्त वर्ष में प्राथमिक मांग चालक के रूप में इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट की जगह लेगी। कर कटौती और सौम्य मुद्रास्फीति के कारण उच्च प्रयोज्य आय भी ग्रामीण आवास की मांग को बढ़ावा देगी।

दूसरी ओर, इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट के पिछले दो वित्त वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कम आवंटन और रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय वृद्धि के कारण अपेक्षाकृत धीमी, लेकिन स्थिर गति से बढ़ने की उम्मीद है। यह सेगमेंट लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सीमेंट की मांग में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

## बिकवाली के दबाव से बाजारों में कारोबार सीमित

**मुंबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय बाजारों में सीमित कारोबार और नरमी की धारणा के बीच बैंकिंग, आटो और आईटी क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली के दबाव के साथ सोमवार को प्रमुख सूचकांक पिछले सप्ताहांत के स्तर पर बने रहे।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार निवेशक अमेरिका में आयात शुल्क पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले की प्रतीक्षा में कोई जोखिम उठाना नहीं चाह रहे हैं। बाजार को स्पष्ट संकेतों का इंतजार है और आने वाले दिनों वे निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता के नतीजे तथा कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों से संकेत ले सकते हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह 83,398.08 पर खुलने के पूर्वाह्न में एक समय 83,516.82 तक चढ़ गया था। यह तेजी ज्यादा देर नहीं टिकी और कारोबार के दौरान 83,262.23 तक गिरने के बाद अंत में पिछले बंद के मुकाबले 9.61 यानी 0.01 प्रतिशत की तेजी नाममात्र की बढ़त के साथ 83,442.50 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 83,432.89 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 में से 12 शेयर हानि और 18 लाभ में बंद हुये। लाभ में रहे शेयरों में हिंदुस्तान लीवर तीन प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ। कोटक बैंक, ट्रेंट, रिलायंस, आईटीसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सनफार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और अडानी पोर्ट भी हल्के लाभ में रहे।




- सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,442.50 अंक पर
- निफ्टी 0.30 अंक की बढ़त के साथ 25461.30 पर बंद

सेंसेक्स के बाकी शेयरों में 0.01 प्रतिशत से 1.83 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गयी। सबसे ज्यादा 2.46 प्रतिशत की गिरावट बीईएल में रही, जबकि टाटा मोटर 0.01 प्रतिशत हानि में रहा। आटो, बैंक और आईटी शेयरों में भी बिकवाली का दबाव बढ़ा हुआ था।

नेशनल स्टॉक एस्क्चेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 ज्यादातर समय पिछले बंद के स्तर से नीचे रहने के बाद 0.30 अंक (0.00 प्रतिशत) की नाम मात्र की बढ़त के साथ 25461.30 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नरमी के साथ 25,450.45 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,489.80 और नीचे में 25,407.25 तक गया था। एनएसई में बैंक और वित्तीय सेवाओं के वर्ग के सूचकांकों में भी गिरावट दर्ज की गई।

आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग सर्विसेज के तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा कि पूरे सत्र के दौरान सूचकांक में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, क्योंकि निवेशक अमेरिका में प्रशुल्क पर ट्रम्प सरकार की घोषणाओं से पहले सतर्कता बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार का उत्साह गिरा हुआ है, जिससे निवेशकों ने प्रमुख क्षेत्रों में रक्षात्मक रुख अपनाया। श्री केवट ने कहा कि इसके बावजूद बाजार में उपभोक्ता वस्तुओं, तेल और गैस, उपभोग और रियल्टी शेयरों में खरीदारी में दिलचस्पी देखी गयी। इसके विपरीत, मीडिया, धातु, आईटी और ऑटो क्षेत्रों में कुछ मुनाफावसूली हुई और इन शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा।

## भारत को खाद्य प्रसंस्करण में ग्लोबल लीडर बनाएंगे एआई व आईओटी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन द्वारा संचालित एक सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए तैयार हो रहा है, यह देश को इस क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित होने में मदद करेगा। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एसोचैम द्वारा आयोजित फूड टेक कॉन्फ्रेंस में जारी एसोचैम-पीडब्ल्यूसी की संयुक्त रिपोर्ट में बताया गया कि उद्योग 4.0 से जुड़ी टेक्नोलॉजी (एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन) से खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और परिवहन के तरीके में परिवर्तन ला रहा हैं। इन इनोवेशनों से परिचालन दक्षता, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शिता में सुधार हो रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक खाद्य रोबोटिक्स बाजार के 2032 तक 6.08 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत के पास इन टेक्नोलॉजी का उपयोग करने का एक महत्वपूर्ण अवसर



- वैश्विक खाद्य रोबोटिक्स बाजार के 2032 तक 6.08 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

है, खासकर जब यह फसल के काटने के समय होने वाले नुकसान जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान करता है, जिससे देश को सालाना अनुमानित 1.53 ट्रिलियन रुपए का नुकसान होता है।

मनीष सिंघल ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा, इसके खाद्य प्रसंस्करण पारिस्थितिकी तंत्र के परिवर्तन से काफी हद तक प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट में उद्योग के सामने आने वाली बाधाओं को भी बताया गया है। इसमें आपूर्ति श्रृंखला ट्रेसेबिलिटी, सीमित प्रसंस्करण कवरेज, पर्यावरण संबंधी चिंताएं और कुशल मैनपावर की कमी शामिल है।

## अब भारत में 23 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक स्वर्ण बाजार का 15 प्रतिशत हिस्सा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 12.5 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि सोने का बाजार वर्तमान में 23 ट्रिलियन डॉलर का है, जिसमें से 15 प्रतिशत भारत में है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

डीएसपी म्यूचुअल फंड की जुलाई 2025 की नेत्रा रिपोर्ट के अनुसार, अब तक निकाले गए कुल सोने में से 65 प्रतिशत आभूषणों के रूप में है और वैश्विक भंडार का मात्र 5 प्रतिशत सोने में स्थानांतरित होने से इसकी कीमत में निरंतर और महत्वपूर्ण उछाल आ सकता है। केंद्रीय बैंक के सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है और उन्होंने पिछले 21 वर्षों की तुलना में पिछले चार वर्षों में अधिक सुरक्षित-संपत्तियां खरीदी हैं। 2000 से 2016 तक केंद्रीय बैंक द्वारा की गई सोने की खरीद कुल 85 बिलियन डॉलर थी। लेकिन एक ही वर्ष, 2024 में, केंद्रीय बैंकों ने 84 बिलियन डॉलर का सोना खरीदा। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 से, केंद्रीय



केंद्रीय बैंक के सोने के भंडार में हो रही वृद्धि

बैंकों ने हर साल लगभग 1,000 टन कीमती धातु खरीदी है, जो सोने की वार्षिक खनन आपूर्ति का एक चौथाई से भी अधिक है। सोने की खरीद का यह सिलसिला अधिकांश देशों की गैर-डॉलर आरक्षित परिसंपत्तियों को रखने की रुचि को दर्शाता है।

अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की अस्थिर प्रकृति ने सोने को केंद्रीय बैंकों के लिए अधिक आकर्षक साधन बना दिया है। इसलिए, रिपोर्ट में बताया गया है कि फिलहाल सोने की मांग मजबूत है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत में भारतीय रिजर्व बैंक के पास कुल 880 मीट्रिक टन सोना है। देश ने वित्त वर्ष 2026 में अभी तक अपने सोने के भंडार में कुछ नहीं जोड़ा है, संभवतः भारत भू-राजनीतिक और व्यापार अनिश्चितताओं के बीच पांच वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने वाली सुरक्षित-संपत्ति की कीमतों में नरमी का इंतजार कर रहा है।

## 2035 तक 9.82 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा भारतीय कंपनियों का जीवीए : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के तेजी से विकसित होने के साथ, भारतीय व्यवसाय 2035 तक ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 9.82 ट्रिलियन डॉलर का लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दी गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया स्टडी के अनुसार, जीवीए गणना में योगदान देने वाले सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक 'मेक' डोमेन होगा, जिसमें अन्य क्षेत्रों के अलावा मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक उत्पादन शामिल हैं।

रिपोर्ट का अनुमान है कि अकेले यह क्षेत्र 2023 के 945 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर का जीवीए हो जाएगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट, 'नेविगेटिंग द वैल्यू शिफ्ट' में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी व्यवधान जैसे बड़े रुझान वैल्यू क्रिएशन के नए रास्ते बना रहे हैं, जो पारंपरिक उद्योग



- पीडब्ल्यूसी ने रणनीतिक-निर्णय लेने का मार्गदर्शन करने के लिए एक डोमेन-बेस्ड फ्रेमवर्क किया डेवलप

सीमाओं से परे हैं। इस परिदृश्य के बीच, व्यवसाय तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए विविधीकरण कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, इस परिवर्तन को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए उन्हें एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है, ताकि वे पहचान कर सकें कि गतिशील मूल्य को प्राप्त करने के लिए कहां और कैसे विविधता लानी है। इस आवश्यकता का समर्थन करने के लिए पीडब्ल्यूसी ने इस नए युग में रणनीतिक-निर्णय लेने का मार्गदर्शन करने के लिए एक डोमेन-बेस्ड फ्रेमवर्क डेवलप किया है।

डोमेन ऐसे बाजारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां व्यवसाय बुनियादी मानवीय और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं से परे जाते हैं।

पीडब्ल्यूसी इंडिया के अध्यक्ष संजीव कृष्ण ने कहा कि भारत के सीईओ पहले से ही इन बदलावों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पीडब्ल्यूसी के 28वें 'एनुअल ग्लोबल सीईओ सर्वे- इंडिया पर्सपेक्टिव' में भारत के 40 प्रतिशत सीईओ ने कहा कि उनकी कंपनियों ने पिछले पांच वर्षों में कम से कम एक नए क्षेत्र में प्रवेश किया है, जिनमें से आधे ने इन नए उपक्रमों से अपने राजस्व का 20 प्रतिशत तक कमाया है।

## सार संक्षेप

### जियो ब्लैकरॉक ने एनएफओ में जुटाए 17,800 करोड़ रुपए

**मुंबई।** जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट) ने अपने पहले ही न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) में निवेशकों से कुल 17,800 करोड़ रुपए (2.1 अरब डॉलर) से अधिक का निवेश हासिल किया है। यह जानकारी कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में दी। कंपनी ने तीन नकद एवं ऋण म्यूचुअल फंड लॉन्च किए थे। इनमें जियो ब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड, जियो ब्लैकरॉक लिक्विड फंड और जियो ब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड शामिल थे। विज्ञप्ति के अनुसार 90 से अधिक संस्थागत निवेशकों और 67,000 से अधिक व्यक्तियों ने ऑफर अवधि के दौरान इन फंडों में निवेश किया। जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड (जेएफएसएल) और ब्लैकरॉक इंक का संयुक्त उद्यम है। गत 30 जून को शुरू हुआ यह न्यू फंड ऑफर 2 जुलाई को बंद हुआ।

### तमिलनाडु में ईवी चार्जिंग की बढ़ सकती है लागत

**चेन्नई।** तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग (टीएनईआरसी) द्वारा बिजली दरों में संशोधन के बाद पूरे तमिलनाडु में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग ऑपरेटर परिचालन लागत में भारी वृद्धि हो सकती हैं। तमिलनाडु में नई बिजली दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। संशोधित टैरिफ संरचना ने ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए ऊर्जा शुल्क और निश्चित मासिक शुल्क दोनों में वृद्धि की गई है, जिससे राज्य में सार्वजनिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की आर्थिक व्यवहार्यता के बारे में ऑपरेटरों के बीच चिंता बढ़ गई है। हालांकि, टीएनईआरसी ने अपने टाइम-ऑफ-डे (टीओडी) टैरिफ मॉडल को बरकरार रखा है, जिसे पहली बार 2023 में ऑफ-पीक चार्जिंग को प्रोत्साहित करने के लिए पेश किया गया था। नई शुल्क संरचना के तहत सबसे बड़ी बढ़ोतरी हाई-टेंशन (एचटी) कनेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क में की गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर फास्ट-चार्जिंग स्टेशनों द्वारा किया जाता है।

### भारत में आरईआईटी व इनविट में निवेश बढ़ा

**मुंबई।** सार्वजनिक इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और आरईआईटी की ट्रेड वॉल्यूम में बीते दो वर्षों में क्रमश- 128.23 प्रतिशत और 399.54 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट में बताया गया कि यील्ड्स देने वाली परिसंपत्तियों में निवेशकों की बढ़ती रुचि के कारण पिछले दो वर्षों में सार्वजनिक रूप से कारोबार किए जाने वाले आरईआईटी और इनविट की वॉल्यूम में अच्छी वृद्धि हुई है। आरईआईटी और इनविट ऐसे निवेश साधन हैं जो निवेशकों को स्वामित्व के बिना संपत्तियों या बुनियादी ढांचे की परिसंपत्तियों में प्रत्यक्ष निवेश करने की अनुमति देते हैं। मधुबनी सेनगुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में सार्वजनिक आरईआईटी के बाजार पूंजीकरण में 10 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई है।

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए मामले की श्रेणी:राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722100240

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी फुलुबाई देवांगन पति तुलाराम देवांगन पिता/पति आरंग भूमि के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 671/18 0.0040 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रूद्र प्रसाद देवांगन पिता/पति तुलसीराम देवांगन पता अयोध्या नगर बिजली आफिस के पास शुभ किराना स्टोर के सामने गली न्यू चंगोराभाठा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.06.25 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी:राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00073 देवपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725700167

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00073 के अंतर्गत ग्राम देवपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 439/4 0.0111 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सरिता शर्मा पिता/पति भरत शर्मा पता लीली चौक पुरानीबस्ती खजांची निवास रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., अपराजिता शर्मा पिता/पति अरविंद शर्मा पता लीली चौक पुरानीबस्ती खजांची निवास रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.07.25 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी:राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00022 मंदिर हसौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440204500063

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम मंदिर हसौद के वर्तमान भूमिस्वामी संगीता गोलदार पिता/पति सोमीर गोलदार पता गांधी नगर पंडरीतराई रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 109/5 0.0140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जतिन बछाड पिता/पति राजू बछाड पता वार्ड नं. 14 ग्राम सेरीखेडी, पोस्ट मंदिर हसौद तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.07.25 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/ब-121/2024-2025
ग्राम हीरापुर, प.ह.नं. ...
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 07.07.2025

उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में इस नवाचार से आगामी समय में सार्थक एवं अच्छा परिणाम अवश्य दिखेगा। प्रथम सत्र में छात्र छात्राओं का पंजीयन कराया गया। यह कोर्स शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय व मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के लिए संयुक्त रूप से किया जा रहा है। द्वितीय सत्र में रेडियो पत्रकार एवं शोधार्थी दीपक तिवारी ने च्साक्षात्कार तकनीकज्ञ के संदर्भ में पी.पी.टी. के माध्यम से महत्व पूर्ण जानकारी दी। साक्षात्कार लेने के तरीकों के साथ-साथ किन विषय बातों को ध्यान में रखकर साक्षात्कार लें इसकी सूक्ष्मता को सरलता पूर्वक विश्लेषण किया। इस अवसर पर मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी, दाऊ कल्याण महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रीता यादव, डॉ. मंजू अग्रवाल अतिथि प्राध्यापक (हिन्दी) जनभागीदारी से कु. पूजा बांधे उपस्थित थे। दोनों महाविद्यालय की हिन्दी विभाग के लगभग 40 छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

# भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर किया गया वृहद वृक्षारोपण




**बलौदाबाजार**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सपनों को साकार करते हुए भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसर, विकास शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन के आदेश अनुसार 7 जुलाई स्वामी आत्मानंद विद्यालय लाहौद में एक पेड मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी उपस्थित थे। अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल ने किया। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, जिला मुख्य आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष पीयुष मिश्रा, विभा केसरवानी, नरेश केसरवानी, रामकुमार साहू उपाध्यक्ष स्थानीय संघ, दिनेश कुमार साहू, सबा खान, राजकुमारी रजनी केसरवानी, अनामिका मिश्रा, हरिश्चंद्र वर्मा, मुरारी साहू, सरिता मार्के, राधेश्याम पटेल, नरेश भट्टर, संजय पटेल, डा. दुलार पटेल, डी. आर. साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, हरीश साहू जनपद सदस्य, केशव सेन, आनंद अग्रवाल, विजय यादव उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय केसरवानी द्वारा पेड़ के महत्व तथा जीवन में पेड़ क्यों आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला। समारोह अध्यक्ष रामाधार पटेल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद वर्मा द्वारा शिक्षा के महत्व, खेल एवं संस्कार के साथ वृक्ष के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया। सभी अतिथियों, स्काउट गाइड एवं स्काउटर गाइडर तथा संस्था के सभी शिक्षकों द्वारा उत्साह के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाया गया। जिसमें फलदार पौधे आम, आंवला, सीताफल, अमरूद, जामुन, औषधि दार पौधे नीम, करण, शीशम, छायादार पौधे बरगद, पीपल, अर्जुन, सुगंधित पुष्प देने वाले आदि लगभग 100 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में स्थानीय संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाया गया एवं प्रतीक चिन्ह व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल स्तरीय कार्यक्रम के तहत शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन भी किया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण के साथ प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरण देकर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कैलाश साहू प्राचार्य, कौशिक मुनि त्रिपाठी संकुल समन्वय, अमृतलाल भारद्वाज जिला सचिव, जगदीश साहू स्काउटर, नरेंद्र कुमार वर्मा, तिलक वर्मा, गंगाराम वर्मा, धनेश कुमार वर्मा, योगेंद्र सोनवानी, चंद्रकांत वर्मा, नरेंद्र साहू, पारसनाथ वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, गंगाराम वर्मा, भगवत प्रसाद चंद्राकर, सनत खरे, लहाराम मनहरे, गाइडर श्रीमती अनुसूया वर्मा, लता कश्यप, श्रीमती माधुरी श्रीवास बड़ी संख्या में शिक्षक स्काउट गाइड एवं छात्र तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल वर्मा एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड सचिव भारत स्काउट गाइड चूड़ामणि वर्मा द्वारा किया गया।

# जिला प्रशासन की पहल पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ

**प्रत्येक गुरुवार को वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन**

**बलौदाबाजार**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में चिकित्सा व्यवस्था में कसावट लाने और आम जनता को कुशल चिकित्सकों की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला खनिज न्यास निधि से विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक इंटरव्यू का आयोजन 3 जुलाई से किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि वॉक-इन इंटरव्यू में मेडिसिन, नाक-कान-गला, एनेस्थीसिया, स्त्री रोग, जनरल सर्जरी, रेडियोलॉजिस्ट, हड्डी तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जानी है। यह डॉक्टर जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवा देंगे।

आयु सीमा इसके लिए अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित की गई है। नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई तथा एक वर्ष हेतु होगी। योग्य प्रतिभागी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिवस को स्थानीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**आवश्यकता है**

अनुभवी सेल्समेंन 07 पद, सर्विस एग्जीक्युटीव 02 पद, नये व्यक्ति भी एप्लाई एवं सम्पर्क कर सकते है।

**पताः- अर्जुन मोटर्स**
**लवन रोड बलौदाबाजार एवं सारंगढ, मो.नं. 9752840019, 9304507001,**
**मिलने का समय एवं दिनांक 09.07.2025 समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक।**

**आवश्यकता है**

धनवंतरी अस्पताल में कार्य करने हेतु वार्ड बॉय की आवश्यकता है प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं संपर्क करें नजदीकी निवासरत एवं पिछड़ी जाति को प्राथमिकता

**संपर्क**
**धनवंतरी अस्पताल नेहरू नगर भिलाई**
**फोन 0788-40 40 489, 0788-229 2832।**

**न्यायालय तहसीलदार गीदम में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**उद्घोषणा**

क्रमांक: 202503160100001
विषय अ-19 (4) सन् 2024-2025
वाद भूमि: 669, गीदम, दिनांक 07.07.2025
तहसील: गीदम : हाउरनार, प.ह.नं. 00020
क्रमांक/602/रीडर/तह./2025
आवेदक-श्री त्रिलोक सुराना पिता/पति/विभाग-श्री रतनलाल सुराना, पता-निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री त्रिलोक सुराना पिता स्व. रतनलाल सुराना उम्र 45 वर्ष जाति जैन निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम हाउरनार प.ह.नं. 20 स्थित स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 5/3/1 रकबा 0.3040 हे. में से रकबा 0.092 हे. मूनि स्थित है, उक्त प्रभावित भूमि खसरा नंबर पर अस्थाई सड़क (कशी) एवं नाली का निर्माण में प्रभावित भूमि के समतुल्य मूल्य की भूमि अदला-बदली के तहत आबंटन करने हेतु मांग की गई है। इस संबंध में हल्का पटवारी हारम द्वारा शासकीय भूमि का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसकी जानकारी निम्नानुसार है:- आवेदक त्रिलोक सुराना पिता स्व. रतनलाल निवासी गीदम के ग्राम पंचायत हाउरनार में स्थित 5/4 (0.32 हे.) में से 0.126 हे. व खसरा नंबर 5/3/1 (0.304 हे.) में से 0.092 हे. भूमि ग्राम पंचायत हाउरनार में अस्थाई सड़क एवं नाली निर्माण किये जाने से प्रभावित भूमि के समतुल्य की भूमि अदला-बदली हेतु प.ह.नं. 20 ग्राम हारम में शासकीय भूमि की जानकारी चाही गई है जिसके संबंध में राजस्व अभिलेख अनुसार स्थित जानकारी खसरा नंबर 42 रकबा 1.65 में से 0.06 भूमि का मद नजूल प्रति हे. भूमि का मूल्य 157344.00 खसरा नंबर 858 रकबा 0.24 में से 0.098 भूमि का मद नजूल प्रति हे. भूमि का मूल्य 134113.00. कुल 02 खसरा नंबर कुल रकबों 1.89 में से 0.158, प्रति हे. भूमि का मूल्य 291457.00 है। राजस्व निरीक्षक गीदम से उक्त के संबंध में भूमि का मूल्यांकन विवरण दर्शने वाला पत्रक प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने लेख किया है कि उक्त ग्राम के अभिलेख के अनुसार प्रारूप् तीन नियम 7 कृषि भूमि के बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2018-19/प्रारूप एक नियम 7 नगरीय भूखण्डों के बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2018-19 जो वर्तमान में प्रभावशील के अनुसार खसरा नंबर 42 रकबा 0.08 हे. भूमि का मूल्य 157344.00 (एक लाख संतावन हजार तीन सौ चौवालिस रूपये) एवं खसरा नंबर 658 रकबा 0.098 हे. भूमि का मूल्य 134113.00 (एक लाख चौतीस हजार एक सौ ग्यारह रूपये) है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेशी कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गीदम

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
Tele Phone 07726-221068 Emall Address-cmobhastapara@rediffmail.com

क्रं./436 लोनिवि/न.पा.प/2025-26 भाटापारा, दिनांक: 07/07/2025

**निविदा सूचना ( मैन्यूवल )**

नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत स्व वित्तीय योजना/पी.पी.पी अंतर्गत शंकर वार्ड क. 11 स्थित मोती गार्डन में व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए एकीकृत पजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से मैन्यूअल निविदा 03 लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

(निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथी 17.07.2025 एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05.08.2025 समय साय: 03.00 बजे तक)

| क्रं. | कार्य का नाम | लागत ( लाख रू.में ) | निविदा प्रपत्र |
|---|---|---|---|
| 01 | स्थित मोती गार्डन में शंकर वार्ड क्रं.11 व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य | 9.53 | प्रपत्र "A" |

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र..... ब/121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम भाटापारा तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को हार के व्दारा सूचित किया जाता है कि आवेदक करण ध्रुव पिता मनीराम ध्रुव जाति गोड निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र रूद्र व पिता करण ध्रुव (माता भारती के जन्म दिनांक 17/09/2015 को (स्थान) भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्टार जन्म-मृत्यु रजिस्टार नगर पालिका माटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्री करण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म - मृत्यु रजिस्ट्री करण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वार्ड पार्षद / सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 11/7/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11/7/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/06/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ )**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र.....ब/121 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम भाटापारा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नूर मोहम्मद पिता फकीर मोहम्मद निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र अब्दुल सलाम पिता नूर मोहम्मद माता सुगरा बानी का जन्म दिनांक 25.08.1998 (स्थान) नगर माता देवालय वार्ड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/ मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पार्षद का प्रमाण, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 15.07.25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15.07.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दाया/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ )**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र.... ब / 121 वर्ष 2024-25**
**भाटापारा तह. ग्राम भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक नरेश यादव उम्र 40 साल पिता जगदीश यादव जाति रावत निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री कु अनीता पिता नरेश यादव (माता गोदावरी यादव) के जन्म दिनांक 23/10/2015 को (स्थान) भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगर पालिका भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्री करण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जम्म मृत्यु रजिस्ट्री करण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं वार्ड पार्षद / सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विधाराधीन है, तथा दिनांक 11/7/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11/7/25 तवा स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/06/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ )**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2024-2025
आरंग, दिनांक .........
ग्राम आरंग, प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपेन्द्र कुमार साहू पिता शिवनारायण साहू निवासी केवशी साहू पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नं. 3406/2, 3405/2 का रकबा 0.008, 0.012हे. भूमि कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.020हे. भूमि खातेदार उपेन्द्र कुमार साहू पिता शिवनारायण के नाम पर राजस्व अभिलेख के मेनुअल रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि खसरा नं. 3406/2, 3405/2 का रकबा 0.008, 0.012हे. भूमि त्रुटिवश ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार कर मेनुअल राजस्व अभिलेख के आधार पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण इस न्यायालय में दर्ज किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 22.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा तहसील आरंग, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामधर गुप्ता पिता दशरथ लाल निवासी ग्राम बनरसी तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम बनरसी प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि बंदोबस्त पूर्व खसरा नंबर 839/1 रकबा क्रमशः 1.539 हे. भूमि आवेदक के पिता दशरथ लाल वल्द रामेश्वरणे पंजीकृत विक्रय विलेख को क्रय कर नामांतरण क्रमांक 822 को 69 आदेश दिनांक 09.04.1983 के अनुसार राजस्व अभिलेखों में मे बहैसियत भूमिसवामी नाम दर्ज कराकर काश्त काबिज रहे हैं। उक्त वर्णित भूमि खसरा नं. 839/1 का बंदोबस्त पश्चात् नया खसरा नं. 467 रकबा 1.46 हे. एवं खसरा नं. 468 रकबा 0.08 हे. भूमि दर्ज किया गया। खसरा नं. 467 रकबा 1.46 हे. भूमि वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख बी-1 एवं खसरा पांचशाला में खसरा नं. 467 रकबा 1.09 हे. त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में खसरा नं. 467 का रकबा राजस्व अभिलेखों बी-1 वर्ष 2004 के अनुसार रकबा में सुधार कर दुरुस्त किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.07.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार समोदा**

**आम सूचना**

यह कि मैं महेन्द्र वर्मा (MAHENDRA VERMA) पिता श्री मनोहर वर्मा (MANOHAR VERMA) निवासी ग्राम व पो. चौरेंगा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार, छ.ग. का मूल निवासी हूं। जो कि मेरे शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र मे नाम त्रुटिवश महेन्द्र कुमार (MAHENDRA KUMAR) पिता श्री मन्नू लाल (MANNU LAL) अंकित हो गया है। मैं अपने एवं अपने पिताजी के नाम में संशोधन कराना चाहता हूं। जिस बाबत् आवेदन पत्र के साथ स्व.प्रमाणित दस्तावेज संलग्न कर आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। जिसे स्वीकार कर मेरा नाम महेन्द्र कुमार (MAHENDRA KUMAR) पिता श्री मन्नू लाल (MANNU LAL) उसे सुधार कर बदलकर मेरा नाम महेन्द्र वर्मा (MAHENDRA VERMA) पिता श्री मनोहर वर्मा (MANOHAR VERMA) शासकीय गजट में प्रकाशित करने हेतु निर्धारित शुल्क भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिमगा में मेरे द्वारा चालान के जरिये जमा कर दिया गया है।

**आवेदक**
**महेन्द्र वर्मा**
**पिता श्री मनोहर वर्मा**
**निवासी ग्राम व पो. चौरेंगा,**
**तहसील सिमगा,**
**जिला बलौदाबाजार ( छ.ग. )**
**मो.नं. 97544 21679**

**आम सूचना**

(परिवर्तित भूमि मय मकान जिसका खसरा नं.-921/21, रकबा 2152 व.फु, जो ग्राम लहरौद प.ह.नं. 04 , वार्ड नं.-11, रा.नि.मं.- लहरौद, तहसील-पिथौरा जिला महासमुंद छ.ग. के सम्बन्ध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार एल. आई. सी. हाउसिंग फा. लि. रायपुर के श्रीमति नीलम अग्रवाल पति श्री अनिल अग्रवाल निवासी लहरौद तह. पिथौरा, जिला महासमुंद छ.ग., ने उपरोक्त वर्णित सम्पति बंधक में रख कर (गृह ऋण) हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति को श्रीमति नीलम अग्रवाल ने श्री रामनिवास पाण्डेय से विक्रय विलेख दिनांक 14.11.2024 के माध्यम से क्रय किया है, तथा इसके पूर्व श्री रामनिवास पाण्डेय ने उक्त संपत्ति को श्री पुनीतराम से विक्रय पत्र दिनांक 24.07.2013 के माध्यम से क्रय किया है। श्रीमति नीलम अग्रवाल ने यह कथन किया है की उनसे मूल विक्रय पत्र दिनांक 24.07.2013 जिसे उप पंजीयक पंजीयन कार्यालय पिथौरा के पुस्तक क्र:- अ-1, ग्रन्थ क्र. 7057, दस्तावेज क्र.1487 देकर पंजीकृत किया गया है गुम गयी है, जिसके सम्बन्ध उन्होंने ने पिथौरा थाना में विधिवत सूचना/रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मेरे पक्षकार द्वारा मूल विक्रय पत्रों अन्य दस्तावजो को बंधक में रखकर श्रीमति नीलम अग्रवाल को गृह ऋण उपब्लब्ध कराया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, साहूकार, शासकीय, गैर-शासकीय, संस्थान आदि को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है की श्रीमति नीलम अग्रवाल को उपलब्ध कराये जाने वाले ऋण अथवा उपरोक्त वर्णित गुम हुए विक्रय पत्र दिनांक 24.07.2013 या उपरोक्त वर्णित संपत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर आपत्ति मय दस्तावेज पेश करे, म्याद बीतने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 07.07.2025

**सौरभ कुसार दास**
**अधिवक्ता**
**29/101, दुर्गा चौक, इंदिरावती कॉलोनी**
**कैनाल लिंकिंग रोड, रायपुर छत्तीसगढ़**
**मो.न.98279 11809**

# पिछले दो दिनों की बारिश से पूरे जिले में बोनी कार्य में तेजी, नदी-जलाशयों का जलस्तर बढ़ा

■ इंदिरा मार्केट स्थित जर्जर मछली मटन मार्केट की मुख्य दीवार गिरी



**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले दो दिनों से दुर्ग जिले में मानसूनी बारिश शुरू हो गई है। इस वर्षा से शहर का जनजीवन प्रभावित चल रहा है। दो दिनों से धूप नहीं निकली और सड़कें गीली है। इन दो दिनों की बारिश से शहर में पानी भराव की स्थिति बने लगी है। लगातार हो रही बारिश के चलते इंदिरा मार्केट स्थित मटन मार्केट की जर्जर भरभराकर गिर पड़ी। इस दीवाल के गिरने से कोई जनक्षति तो नहीं हुई मगर यही स्थिति रही तो आगे चलकर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। चूंकि यह मार्केट बुरी तरह जर्जर हो चुका है। शिवनाथ नदी में भी पानी का स्तर बढ़ा है। महमरा एनीकट से पानी एक फिट ही नीचे रह गया है। कुछ गेट आज खोले गये है। इसी तरह शहर के विभिन्न वार्डो की गलियों व सड़कों में जहां तहां गड्ढे है वहां पानी भर गया है। सड़कों के बीच में डिवाईडर से लगकर आवारा मवेशियों के बैठने से आवागमन में तकलीफ हो रही है। दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने लगी है। इधर लगातार बारिश होने से कृषि कार्यो के अंतर्गत बोनी में तेजी आई है और यही स्थिति रही तो अगले एक सप्ताह में बोनी का कार्य भी पूरा कर लिया जायेगा। जिले में 1 जून से 7 जुलाई तक 144.07 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

**मटन मार्केट की मुख्य दीवार गिरी :** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट मटन मार्केट की जर्जर दीवाल आज भरभराकर गिर गई। उल्लेखनीय है कि यह मटन मार्केट भवन काफी जर्जर हो चुका है। नगर निगम द्वारा इसे काफी पहले से जर्जर घोषित करते हुए यहां व्यवसाय करने वाले व्यापारियों एवं आने जाने वाले ग्राहकों को आगाह कर दिया गया था कि यह भवन जर्जर हो गया और कभी भी गिर सकता है। नगर निगम द्वारा यहां के व्यवसाइयों को पद्मनाभपुर में नवनिर्मित मटन मछली मार्केट में अपना व्यवसाय शिफ्ट कर लेने को कहा गया था। नगर निगम द्वारा मार्केट के मुख्य द्वार पर ही चेतावनी का बोर्ड लगा दिया गया था। इसके बाद भी व्यापारियों ने नगर निगम की इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया। व्यापारी इस मार्केट को खाली करने की बजाय उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश ले आये है।

**कृषि कार्य में आई तेजी :** 15 जून को ही वर्षा होनी शुरू हो गई थी मगर बीच बीच में तेज धूप भी निकल जाती थी। जिससे कृषि कार्य में लगातार अवरोध आ रहा था। अब जिस तरह से बारिश हो रही है इससे किसानों में उत्साह बढ़ा है। कृषि कार्य में तेजी आई है। धान बोनी के कार्य ने जोर पकड़ा है। यही स्थिति रही तो अगले एक सप्ताह में पूरे जिले में धान बोनी का कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

**नदी नाले भी भरने लगे :** शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ा है। यह वर्षा दुर्ग जिले में ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में हो रही है। यही स्थिति रही तो राजनांदगांव जिले के मटियामोती डेम इत्यादि का पानी छलकने लगेगा व बाढ़ जैसी स्थिति आ सकती है। शहर के अन्य नालों नालियों में भी पानी बढ़ने लगा है। तालाबों में भी पानी बढ़ा है। इस वर्षा से लोगों को व्यवहारिक दिक्कतें हो रही है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में देरी हो रही है। कपड़े नहीं सूख रहे है।

**जिले में अब तक 144.7 मिमी वर्षा :** 1 जून से 7 जुलाई तक 144.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 271.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 84.7 मिमी, तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 104.0 मिमी, तहसील अहिवारा में 141.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 118.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 147.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज 7 जुलाई को तहसील दुर्ग में 32.6 मिमी, तहसील धमधा में 8.3 मिमी, तहसील पाटन में 35.0 मिमी, तहसील बोरी में 16.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 12.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 36.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट में विराम

## नवा रायपुर में बनेगा कमर्शियल हब

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' पर फिलहाल ब्रेक लग गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को निरस्त किया जा चुका है. अब नए सिरे से कमर्शियल हब निर्माण पर विचार किया जा रहा है. इससे पहले नवा रायपुर में सिटी लेवल डेवलपमेंट का कार्य शुरू कर दिया गया है. साथ ही नवा रायपुर के अलग-अलग सेक्टरों में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने भूमि आवंटित की जा रही, ताकि नवा रायपुर क्षेत्र का संतुलित व समग्र विकास हो सके.




नवा रायपुर अटल नगर प्राधिकरण की ओर से नवा रायपुर में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है. करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अधोसंरचना निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है. इनमें 30 करोड़ रुपए सड़क निर्माण पर खर्च होंगे. वहीं, शेष राशि नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर व्यय किए जाएंगे.

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के शासनकाल में नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होलसेल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया था. 'होलसेल कॉरिडोर' के लिए नवा रायपुर में 1083 एकड़ जमीन चिन्हित की गई थी और इसका भू-उपयोग परिवर्तन हो चुका था. तब दावा किया जा रहा था कि 'होलसेल कॉरिडोर' दक्षिण एशिया व देश का सबसे बड़ा थोक व्यावसायिक बाजार होगा. होलसेल कॉरिडोर में 540 रुपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भू-खंड आवंटित करने तथा इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि शासन द्वारा व्यय किया जाना था. बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार के प्रस्ताव को वर्तमान भाजपा सरकार सहमत नहीं और और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है. नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. कमर्शियल हब निर्माण की भी योजना है. इसके पहले सिटी लेवल डेवलपमेंट का कार्य शुरू किया जा रहा है.

रावतपुरा सरकार मेडिकल यूनिवर्सिटी मान्यता मामला

# 6 आरोपी 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल



**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। रावतपुरा सरकार मेडिकल यूनिवर्सिटी मान्यता प्रकरण में सोमवार को सीबीआई की गिरफ्त में आए 6 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। सीबीआई ने किसी एक को और भी रिमांड पर नहीं मांगा है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 1 जुलाई को टीम ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनमें से 3 मान्यता देने के बदले 55 लाख की रिश्वत लेने वाले आरोपी डॉक्टर थे। वहीं अब सीबीआई ने अन्य 35 लोगों को आरोपी बनाया है, अभी 29 लोगों की तलाश जारी है।

# प्रेम विवाह के बाद पत्नी पर हंसिए से हमला

■ सास-ससुर और पति पर एफआईआर दर्ज

**नवापारा राजिम,** 7 जुलाई (देशबंधु)। नगर से लगे ग्राम तर्री में एक नवविवाहिता पर उसके पति ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस अपराध में आरोपी की मां और पिता ने भी उसका साथ दिया। खून से लथपथ नवविवाहिता ने इसकी जानकारी अपने पिता को दी और उसे इलाज के लिए नवापारा सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया।

**पुलिस ने पिंटू को बुलाकर समझाइश देकर घर भेज दिया था**

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा से लगे ग्राम तर्री निवासी पिंटू उर्फसौरभ देवांगन से एक युवती ने प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पिंटू युवती के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद युवती ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने पिंटू को बुलाकर समझाइश देकर घर भेज दिया। समझौते के बाद भी पिंटू पत्नी पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उसे परेशान और मारपीट करने लगा।



**पत्नी पर हंसिए से किया हमला**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति पिंटू, सास गिरजा देवांगन और ससुर ईश्वरी देवांगन उसे लगातार परेशान और मारपीट करते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को भी उसका पति पिंटू पैसों की मांग करते हुए मारपीट करने लगा। उसके सास-सुसर भी बेटे पिंटू का साथ देते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद पति पिंटू ने पत्नी पर हंसिए से हमला कर दिया। खून से लथपथ युवती ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी इसके बाद उसे गंभीर हालत में नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रिफर कर दिया।

**पति, सास-ससुर पर दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज किया। मामले में पुलिस ने आरोपी पिंटू उसकी मां गिरजा देवांगन और पिता ईश्वरी देवांगन के खिलाफ के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है। फ्लिहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परामर्शदात्री खुलेश वर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति रायपुर के खुलेश वर्मा ने रेलवे स्टेशन रायपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी के साथ रेलवे स्टेशन रायपुर के स्टेशन मास्टर आरके मंडल, डिप्टी कमिश्नर सत्येंद्र सिंह, नापतौल विभाग के कंट्रोलर देवेंद्र भारद्वाज के कहने पर डिप्टी कंट्रोलर रविशंकर सोरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन में निरीक्षण के दौरान साफ सफाई स्वच्छता एवं एक्सीलेटर लिफ्ट चालू पाया गया। वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों एवं विकलांगों के लिए रेलवे ने लिफ्ट की सुविधा प्रदान की है यह सुविधा युवा पुरुष एवं महिलाएं अति आवश्यक होने पर ही इस्तेमाल करें। रेलवे परिसर में जितने भी दुकान संचालित है दुकानदारों को एमआरपी में सामग्री विक्रय करने एवं एक्सपायरी तिथि देखकर विक्रय करने की बात बताई साथ ही जितने भी होटल संचालित है वहां स्वच्छता एवं सही मूल्य पर क्वॉंटिटी और क्वालिटी पर विशेष ध्यान देने जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री लोकेश वर्मा एवं खैरागढ़ जिला अध्यक्ष संजय वर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पोषण बांधे व विनोद कश्यप भी उपस्थित रहे।



# रायगढ़ परिवार पर हुए हमले के खिलाफ पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**रायगढ़,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम तोलमा निवासी निकोलस टोप्पो ने एसपी से शिकायत करते हुए कहा कि लैलूंगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। निकोलस ने अपने परिवार के साथ मिलकर ज्ञापन में पूरी घटना का वर्णन किया।

पीड़ित ने बताया कि उनकी 5.76 हेक्टेयर कृषि भूमि का सीमांकन पिछले वर्ष हुआ था एवं वे उसी में खेती कर रहे थे। 10 जून 2025 को जब वे खेत में काम कर रहे थे, तभी कुछ स्थानीय व्यक्तियों ने उन पर हमला कर दिया।

इस हमले में निकोलस के भाई, जोनसन व नबियुस टोप्पो सहित अन्य परिवार के सदस्य शामिल थे। हमलावरों ने न केवल गाली-गलौच किया बल्कि उन्हें डंडों से भी पीटा, जिससे सभी भाई बेहोश हो गए। निकोलस की बहू निराली टोप्पो को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। इस घटना के बाद हमलावरों ने निकोलस के खेत में ट्रैक्टर को पेट्रोल और पैरा डालकर आग लगा दी।



निकोलस ने आरोप लगाया कि हमलावर अब भी गांव में घूमकर जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं, जिससे उनका पूरा परिवार दहशत में है। निकोलस टोप्पो ने एसपी दिव्यांग कुमार पटेल से आग्रह किया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि उनके परिवार के सदस्य सुरक्षित रह सकें। उन्होंने बताया कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती है, तब तक उन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है। निकोलस द्वारा दी गई शिकायत से स्पष्ट होता है कि स्थानीय पुलिस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, ताकि ऐसे मामलों में उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# सहकारी समितियों के माध्यम से खाद और बीज की पर्याप्त आपूर्ति

■ खरीफ 2025 के लिए 55 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद वितरण का लक्ष्य, अब तक 70 फीसदी वितरण पूर्ण

**कबीरधाम,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति और भंडारण की कार्यवाही की जा रही है। कबीरधाम जिले में स्थापित डबल लॉक केन्द्रों में वर्तमान में 3,128 मीट्रिक टन खाद सुरक्षित भण्डारित है। कृषकों की मांग के अनुसार खाद की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अब तक कुल निर्धारित 55,864 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 39,322 मीट्रिक टन खाद का भण्डारण और 35,201 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। यह आंकड़ा कुल लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है।

उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को डी.ए.पी. खाद के साथ-साथ वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एन.पी.के. एवं एस.एस.पी. की ओर भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मैदानी अमलों द्वारा गांव-गांव जाकर कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वैकल्पिक खादों का उठाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।



कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पौध अवस्था के अनुसार खाद जैसे यूरिया का छिड़काव समय पर किया जाए। खरीफ मौसम के शेष तीन महीनों के दौरान यूरिया और एन.पी.के. की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी और कृषि विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर कंपनियों एवं वरिष्ठ कार्यालयों से लगातार संवाद किया जा रहा है।

जिले में समय-समय पर रेक प्वाइंट के माध्यम से डी.ए.पी. खाद की आपूर्ति भी जारी है, जिससे भण्डारण और वितरण में किसी प्रकार की रुकावट न आए। किसानों को आवश्यकतानुसार गुणवत्ता युक्त खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कृषि विभाग, विपणन संघ और सहकारी समितियों के बीच समन्वय बनाकर खाद वितरण प्रणाली को पारदर्शी, त्वरित और सहज बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जिले के कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे समय पर खेतों में खाद का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें।

# राज्य में पहली बार गले के नस की दुर्लभ सर्जरी

■ 70 वर्षीय मरीज को मिली नई जिंदगी

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में एक दुर्लभ और जोखिमपूर्ण सर्जरी कर 70 वर्षीय मरीज की जान बचाई गई। मरीज के गले की नस कैरोटिड आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था, जिसे कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी नामक जटिल सर्जरी से सफलतापूर्वक हटाया गया।

यह सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम द्वारा की गई। डॉ. साहू के अनुसार यह सर्जरी राज्य में इस प्रकार की प्रथम एवं अत्यंत दुर्लभ सर्जरी है।

बालाघाट निवासी 70 वर्षीय मरीज को पिछले दो वर्षों से बार-बार लकवा, चक्कर, एक आंख से धुंधला दिखना और सुनाई न देने जैसी समस्याएं हो रही थीं। प्रारंभिक जांच के बाद कैरोटिड सीटी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें पता चला कि मरीज की दाहिनी कैरोटिड आर्टरी में 95% से अधिक रुकावट थी। इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति बाधित हो रही थी। डॉ. के.के. साहू ने परिजनों को स्पष्ट किया कि इस सर्जरी में जान का खतरा हो सकता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान यदि कोई भी प्लाक का टुकड़ा या हवा का बुलबुला मस्तिष्क में चला जाता तो मरीज ब्रेन डेड हो सकता था। इसके बावजूद मरीज एवं परिजनों ने ऑपरेशन की सहमति दी। सर्जरी के दौरान कैरोटिड शंट नामक विशेष उपकरण का प्रयोग किया गया ताकि मस्तिष्क में रक्त प्रवाह लगातार बना रहे। ब्लॉकेज हटाने के बाद नस को बोवाइन पेरीकार्डियम पैच से मरम्मत कर पुन: सामान्य किया गया।

# भारी बारिश के बीच खेत में फंसे 17 लोग, देर रात निकाले गए सुरक्षित

■ प्रशासन और एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**कोरबा-पाली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम ढकुपथरा एवं पोड़ी के लब्दापारा के बच्चों, महिलाओं समेत 17 ग्रामीण रविवार को हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। कई घंटे की मशक्कत के बाद सोमवार की तड़के 3 बजे इन सभी लोगों को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान लोगों के चेहरे पर संतोष के भाव दिखे लेकिन कई घंटे फंसे रहने का खौफ भी साफ नजर आ रहा था।

भारी बारिश के कारण कोरबा जिले में कई तरफ हालात प्रतिकूल है। खबर के अनुसार पाली ब्लॉक के ग्राम ढकुपथरा एवं पोंडी के लब्दापारा के 17 ग्रामीण रविवार को शाम को हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। जिसमें मासूम से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी शामिल थे। ये सभी खेती के कार्य से गए थे। नदी में बाढ़ के हालात निर्मित होने पर वापस नहीं आ सके। ग्रामीणों के बाढ़ में फंसे होने की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। जिला प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में पाली तहसीलदार सूर्य प्रकाश केशकर के नेतृत्व में राजस्व, राजस्व विभाग पाली, थाना पाली, जिला आपदा प्रबंधन नगर सेना कोरबा एवं राज्य आपदा टीम बिलासपुर की टीम ने रविवार शाम को ही संयुक्त रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। सोमवार की तड़के (सुबह) 3 बजे सभी 17 जिंदगी को महफूज कर लिया है। भयावह बाढ़ में मौत का 10 घण्टे तक सामना कर सुरक्षित वापस लौटे ग्रामीणों के चेहरे पर खुशियाँ एवं सुकून देखी जा सकती थी।



**अलर्ट की अनदेखी पड़ी भारी**

इस पूरे प्रकरण में भारी बारिश एवं बाढ़ पर प्रशासन द्वारा जारी चेतावनी की अनदेखी भारी पड़ी है। जिला प्रशासन ने मीडिया, मुनादी समेत अन्य माध्यमों से पूर्व दिवस ही अलर्ट जारी कर नदी, नालों से लगे तटीय इलाकों को रहवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। प्रशासन की चेतावनी को नजरअंदाज कर भारी बारिश के बीच खेती किसानी के कार्य को जीवन से भी बढ़कर सर्वोच्च प्राथमिकता देने का ही यह परिणाम था। घटना का सुखद पहलू यह था कि सभी 17 जिंदगी को सुरक्षित कर लिया था, अन्यथा यह जिले की एक भयावह हादसे में परिवर्तित हो सकता था। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ग्रामीणों को भी जागरूकता दिखानी होगी।

# प्रदेश में अब तक 291.9 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 291.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 447.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 113.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 244.9 मि.मी., सूरजपुर में 394.7 मि.मी., जशपुर में 410.2 मि.मी., कोरिया में 371.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 281.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 192.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 259.0 मि.मी., गरियाबंद में 230.4 मि.मी., महासमुंद में 249.3 मि.मी. और धमतरी में 233.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 276.0 मि.मी., मुंगेली में 318.5 मि.मी., रायगढ़ में 426.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 316.0 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 385.8 मि.मी., सक्ती में 323.3 मि.मी. कोरबा में 394.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 286.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 144.7 मि.मी., कबीरधाम में 195.7 मि.मी., राजनांदगांव में 140.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 353.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 160.8 मि.मी., बालोद में 198.9 मि.मी. और बस्तर जिले में 431.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 248.5 मि.मी., कांकेर में 306.8 मि.मी., नारायणपुर में 304.9 मि.मी., दंतेवाड़ा में 385.0 मि.मी., सुकमा में 192.9 मि.मी. और बीजापुर में 412.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

NECC

| 08.07.2025 | अंडा | मुर्गी | कांकेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 555 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 570 सैंकड़ा
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं तुम्हें कितनी अच्छी लगती हूं?
पति - बहुत ज्यादा.
पत्नी - फिर भी बताओ कितनी ?
पति- इतनी कि मन करता है तुम्हारे जैसी एक और ले आऊं।

संपादकीय

## मितानिनों से किया वादा पूरा हो

प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ एक बार फिर से मितानिनें तथा उनके जैसे वर्गों के शासकीय कार्यकर्ता हड़ताल पर जा रहे हैं। इनमें मितानिनों के अलावा उनके प्रशिक्षक, हेल्थ डेस्क फेसिलिटेटर और विकासखंड समन्वयक हैं जो सोमवार से काम और कलम बंद हड़ताल पर चले गये। वैसे तो उनकी 9 मांगें हैं लेकिन मुख्य है- उनका स्वास्थ्य विभाग में संविलियन तथा वेतन में 50 फीसदी की बढ़ोतरी, जिसका वायदा भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में किया था।

भाजपा की सरकार तो बनी लेकिन यह आश्वासन पूरा नहीं किया जा सका है। उपरोक्त मांगों के अतिरिक्त प्रति माह नियमित भुगतान तथा केन्द्र व राज्य के अंश की प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान भी अन्य प्रमुख मांगें हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 13 दिसम्बर से भी लम्बी हड़ताल मितानिनों व सम्बन्धित कार्यकर्ताओं ने की थी। उस समय उनकी हड़ताल इस आशा में खत्म हो गयी थी कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें पूरा करेगी। ऐसा न होने से इन वर्गों ने फिर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया।

ग्रामीण व अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में ये मितानिनें बहुत महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। खासकर जिन इलाकों के गांवों में व्यवस्थित और सुनियोजित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। महिलाओं व बच्चों के सुपोषण से लेकर प्राथमिक उपचार और उन्हें दवाएं सुझाना, अवसर पड़ने पर अस्पताल ले जाने जैसे काम वे निष्ठा भाव से तथा समर्पण के साथ करती हैं। अन्य जो वर्ग हड़ताल करने के लिये आये हैं उनकी भूमिका को भी कतई कमतर नहीं आंका जा सकता। शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य-उप स्वास्थ्य केन्द्रों की जहां तक पहुंच नहीं हैं, उन गांवों व आदिवासी इलाकों में ये मितानिनें चौबीसों घंटे जनसेवा के मैदान में डटी रहती हैं।

इन्हें जनता के काम में उलझे रहने के कारण खुद के परिवारों की ओर भी ध्यान देने का वक्त नहीं होता। इस लिहाज से देखें तो उनकी मांगें जायज हैं। यदि इनकी तनख्वाह अच्छी हो तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि मिले तो उनका अपना जीवन स्तर भी सुधरेगा। आज वे जिन परिस्थितियों में रहती हैं, पहले उसी में सुधार की सख्त ज़रूरत है। सरकार को चाहिये कि वह मितानिनों के संघ से तत्काल न सिर्फ बात करे वरन उनकी मांगों को पूरा भी करे।

जन स्वास्थ्य केन्द्र व राज्य सरकार दोनों की वरीयता सूची में है। सतत विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) के तहत भी सभी सरकारों के लिये यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय बाध्यता है कि वे अपने नागरिकों के लिये अच्छी स्वास्थ्य सेवा मुहैया करायें। यह सिर्फ दवाओं, बड़े अस्पतालों और उच्च शिक्षित डाक्टरों से नहीं होगा वरन उन्हें भी साथ लेना होगा जिनका सीधा सम्पर्क समाज के निचले स्तर तक है। मितानिनें तथा अन्य सम्बन्धित वर्ग जिनकी सेवा करते हैं वे ही समाज के अंतिम व्यक्ति हैं।

## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर याद किया



**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर उन्हें याद किया और उनका नमन करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व व पश्चिम नगर मंडल द्वारा संयुक्त रुप से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुये कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताये मार्ग व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करें। उनके आदर्शों को अपना कर विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जनसंघ के संस्थापक डा. मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणा हैं। संगठन को गढ़ने व नई ऊंचाइयों तक पहुचानें उनके विचारों को समझे, उस पर चलते हुये आगे बढ़े। पश्चिम मण्डल उपाध्यक्ष योगेश शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिम्हा ने किया व आभार प्रदर्शन सुधा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेन्द्र पाण्डेय, अश्विन सरडे, आर्येन्द्र आर्य,राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, दशरथ गुप्ता, गायत्री कश्यप, बृजेश शर्मा, बी जयराम,दंतेश्वर राव, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, माहेश्वरी ठाकुर, निर्मल पाणिग्रही, दिगम्बर राव,दिनेश पाणिग्रही, संतोष बाजपेयी, अभय दीक्षित, राजेश श्रीवास्तव,दिलीप झा, श्याम सुंदर बघेल,राजपाल कसेर, कलावती कसेर,रोहित त्रिवेदी,हरीश >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## गांजा परिवहन करने बस का इंतजार कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे 15 .221 किलोग्राम गांजा जप्त**

**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगरनार पुलिस के द्वारा 15 किलो से अधिक गांजा का अवैध परिवहन करने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति अपने कब्जे के सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी एवं काला लाल रंग के पीटठू बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका के पास जगदलपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार कर रहा है कि सुचना पर हमराह पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एन0एच0 63 के पास पहुंच कर देखे मुखबीर के बताये अनुसार एक व्यक्ति रोड किनारे मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम सुनील केंवट पिता स्व गोविंद केवट जाति केंवट उम्र 23 साल निवासी मेल पिपलिया पोस्ट उमरिया थाना खातेगांव जिला देवास मध्यप्रदेश का रहने वाला बताये। आरोपी के अधिपत्य के प्लास्टिक बोरी एवं बैग का तलाशी लेने पर कुल 05 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ कुल बजन 15.221 किग्रा. कुल किमती 152000/ रूपया एवं एक नग मोबाईल को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया एवं न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय जगदलपुर के समक्ष पेश किया गया।

## दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय में बैंकिंग क्षेत्र में करियर पर एसबीआई द्वारा मार्गदर्शन



**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय दन्तेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय में सोमवार को करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई ) द्वारा प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की भर्ती प्रक्रिया, वेतनमान और कैरियर अवसरों पर एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस्तर संभाग के एसबीआई रीजनल मैनेजर पुरुषोत्तम कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी शिव कुमार रेड्डी, भानु प्रकाश सोनी एवं टॉम अतुल डुंग डुंग भी मौजूद थे। कौशिक ने एसबीआई के इतिहास, विस्तार और कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी छात्राओं को दी तथा बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर के उज्जवल अवसरों को रेखांकित किया। तत्पश्चात शिव कुमार रेड्डी ने >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## शहर में बेनर-पोस्टर लगाने वाले 12 दुकानदारों को ननि ने दिया नोटिस

**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र में अब बगैर अनुमति के फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर लगाने वालों पर नगर निगम की नजर है। शहर के अंदर फ्लेक्स लगाने वाले 12 दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। ऐसा नही करने पर आने वाले समय पर उनके विरुद्धा कठोर कार्रवाई की जाएगी। जो लोग बिना अनुमति के सरकारी या निजी संपति पर पोस्टर या पंफलेट लगा रहे थे उन्हें सार्वजनिक संपति रविरूपण अधिनियम के तहत परिषद की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए फिलहाल निगम प्रशासन के आदेश पर राजस्व अधिकारी ने करीब 12 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने जवाब संतोषजनक नहीं दिया तो परिषद संपति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर सकती है। राजस्व विभाग के सभापति संग्राम सिंह राणा ने बताया कि नोटिस में बताया गया कि बिना सक्षम अधिकारी या संबंधित संपत्ति के मालिक की पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी पोस्टर बैनर आदि नहीं लगा सकता है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति विरूपण अधिनियम के अनुसार किसी भी प्रकार के विज्ञापन, पोस्टर व बैनर आदि लगाने से पहले संबंधित सक्षम अधिकारी या संबंधित संपत्ति के मालिक की अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर आदि लगाने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर व अन्य स्थानों पर निजी स्थानों एवं सरकारी सार्वजनिक भवनों की दीवारों पर बिना अनुमति के पोस्टर व बैनर आदि लगाए जा रहे हैं। इससे गंदगी फैलती है और शहर की सुंदरता को नुकसान पहुंचता है। सरकारी संपत्ति पर कई लोगों द्वारा बिना अनुमति के विज्ञापन लगाकर शहर को गंदा किया है। किसी अन्य विभाग, पार्टी या दल व व्यक्ति को इन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना मना है। परिषद ने ऐसे सभी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही निगम के राजस्व अधिकारी राकेश यादव ने की है।

## स्काउट्स एवं गाइडस् द्वारा घाटलोहंगा में पौधारोपण कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट शाउमावि घाटलोहंगा में भारत स्काउट्स एवं गाइडस् जिला संघ बस्तर के द्वारा सोमवार को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे लोगों में पौधारोपण के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है और भविष्य में इसके अच्छे परिणाम भी नजर आएंगे। अतिथियों ने सभी लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने घरों, बाड़ी एवं आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करने की अपील की ताकि हमारा क्षेत्र हरा-भरा हो और पर्यावरण के प्रति हम हमारे दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइडस् एवं महापौर संजय पाण्डे, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, राणा घोस, संग्राम सिंह राणा, अध्यक्ष जनपद पंचायत बस्तर संतोष बघेल, सरपंच घाटलोहंगा दिव्या भद्रे, उप सरपंच यमुना प्रसाद तिवारी, जनपद सदस्य गजेंद्र ठाकुर, बस्तर कलेक्टर हरीस एस, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, सुधा परमार, मीरा हिरवानी, जिला सचिव लिलेश देवांगन, डीओसी दसरुराम यादव आदि उपस्थित रहे।

## उद्यमिता जागरूकता शिविर में युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने दी गई योजनाओं की जानकारी



**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। युवाओं को स्वरोजगार की ओर आकर्षित करने हेतु सोमवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आड़ावाल जगदलपुर में एक दिवसीय उद्यमिता विकास जागरूकता शिविर का आयोजन क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के द्वारा किया गया है।

उक्तयू जागरूकता शिविर में आईटीआई सहित पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आरसेटी के प्रशिक्षणार्थियों को विभाग में संचालित प्रमुख स्वरोजगार योजनाओं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम के तहत स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेजेण्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत प्रेजेण्टेशन में स्थानीय उत्पाद कोदो-कुटकी, इमली एवं मुनगा से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों का विडियो रूपांतरण भी दिखाया गया। उद्यमिता विकास जागरूकता शिविर में क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के मुख्य महाप्रबन्धक अजित सुन्दर विलुंग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कार्यालय में संचालित योजनाओं के वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित कर हरसंभव सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस जागरूकता शिविर में उद्योग विभाग के प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार एवं लोकेश खापर्डे द्वारा योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी सहित आवेदन प्रक्रिया एवं बैंक की सहायता इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन उपरांत उपस्थित आईटीआई के प्राचार्य सहित आरसेटी एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के अधिकारी तथा इन संस्थानों के कर्मचारियों तथा प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर ने किया दरभा स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश**



**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस सोमवार को दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित लैब परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने दरभा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए जर्जर भवन का डिस्मेंटल करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। हॉस्पिटल के खराब भवन को भी नया बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने भी कहा।

कलेक्टर ने दरभा के पंचायत भवन और लाइब्रेरी के लिए चिन्हांकित जमीन का भी अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा, सीएमएचओ डॉक्टर संजय बसाक, जनपद सीईओ विजय बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक



**शहर के सड़क विकास कार्यों को नवंबर तक करें पूर्ण : कलेक्टर**

**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस सोमवार को दरभा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में नवनिर्मित लैब परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने दरभा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए जर्जर भवन का डिस्मेंटल करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। हॉस्पिटल के खराब भवन को भी नया बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने भी कहा।

कलेक्टर ने दरभा के पंचायत भवन और लाइब्रेरी के लिए चिन्हांकित जमीन का भी अवलोकन किया।

इस दौरान एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा, सीएमएचओ डॉक्टर संजय बसाक, जनपद सीईओ विजय बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एबीसीडी अग्रवाल बिजनेस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट की प्रथम बैठक

**जगदलपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। एबीसीडी अग्रवाल बिजनेस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट (एबीसीडी) की प्रथम बैठक रायपुर के सीजीपीएएस राज्य मुख्यालय, हनुमान मार्केट, रामसागर पारा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सीजीपीएएस अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, एबीसीडी संयोजक ललित अग्रवाल, सह-संयोजक हजारी मित्तल, रायपुर जिला कोर कमेटी सदस्य घनश्याम अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। कई सदस्य ऑनलाइन भी जुड़े। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जैसे एबीसीडी का विशेष कंप्यूटरीकृत एवं वातानुकूलित कार्यालयऑफिस नं. 06, हनुमान मार्केट, रामसागर पारा, रायपुर में एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जाएगा। सभी सदस्यों के लिए क्यूआर कोडेड आईकार्ड्स के डिज़ाइन को अंतिम रूप दिया गया। राज्य मुख्यालय एवं जिला टीम के सभी पदाधिकारियों के लिए विजिटिंग कार्ड एवं आईकार्ड्स तैयार किए जाएंगे। एबीसीडी राज्य मुख्यालय एवं जिला शाखाओं के लिए आधिकारिक लेटरहेड को अंतिम रूप दिया गया।

प्रथम चरण के वेंडर टाई-अप सूची तैयार की गई है, जिसमें होटल, अस्पताल, डाइनिंग, स्वीट शॉप, ज्वेलर्स, कपड़े, लग्जरी बस, बिल्डर्स, कॉलेज, स्कूल,, अखबार, ऑटोमोबाइल शोरूम आदि में भारी छूट मिलना शामिल है, जो शीघ्र ही सभी सदस्यों के बीच सर्कुलेट की जाएगी। पूरे वर्ष प्रत्येक सप्ताह ऑनलाइन चिज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें हर सप्ताह तीन विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। राज्यभर के वेंडरों, कोर कमेटी एवं सामान्य सदस्यों के लिए प्रथम भव्य गेट-टुगेदर, प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं पार्टी इसी जुलाई माह के अंत तक एक लक्जरी होटल में आयोजित की जाएगी। राज्यभर के अग्रवाल बंधु अब एबीसीडी कार्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग कर सकते हैं। अपने रायपुर प्रेजेंस के लिए एबीसीडी कार्यालय का पता उपयोग कर सकते हैं, साथ ही इसी कार्यालय में साप्ताहिक 1 या 2 बैठकें भी कर सकते हैं तथा इसी पते पर कोरियर, पार्सल आदि की सुविधाएँ प्राप्त कर सकते हैं। अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा,कि यह बैठक हमारे संगठन के लिए नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा लेकर आई है। हम मिलकर अग्रवाल समुदाय के विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। संयोजक ललित अग्रवाल ने कहा कि सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से हमारा संगठन सामूहिक प्रगति की ओर तेजी से बढ़ेगा और हम एक मजबूत एवं सफल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। सह संयोजक हजारी मित्तल ने कहा,कि सभी सदस्यों के उत्साह को देखते हुए, हम जल्द ही सभी जिला इकाइयों का गठन कर पूरे प्रदेश में अग्रवाल समुदाय को एक सशक्त रूप देंगे, जिससे समुदाय का सामाजिक,राजनैतिक, आर्थिक एवं तकनीकी विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि अग्रवाल समुदाय के पूरे राज्य में 50,000 से अधिक परिवार हैं एवं एबीसीडी के तहत सभी हाइ वैल्यू परचेस मिला कर अनुमानित वार्षिक व्यापार लगभग 150 करोड़ रुपए तक पहुँचने की संभावना है। एबीसीडी परिवार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी उत्साह के साथ सामाजिक और व्यवसायिक विकास के लिए तत्पर रहने की बात कही है।

# निगम व टाउनशिप में लोगों के घरों में बारिश का पानी

## पंप हाउस में भरा पानी प्लांट और भिलाई टाउनशिप में पानी सप्लाई प्रभावित



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद शहर सहित आस-पास की बस्तियों में घरों में पानी भरने ी शिकायत मिल रही है। इसके लिये निगम प्रशासन सहित भिलाई टाउनशिप में पानी को निकालने के लिये लोगों को स्वयं ही मेहनत करनी पड़ रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में पानी सप्लाई फिलहाल ठप है। बताया जा रहा है कि मरोदा पंप हाउस के मोटर में पानी घुसने की वजह से खराबी आई है। मोटर खराब होने के कारण पानी की सप्लाई रोक दी गई है। मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मरोदा से खबर आई है कि डब्ल्यूटीपी पंप हाउस का एनआरवी डैमेज हो गया है इसके कारण डब्ल्यूटीपी से टाउनशिप में पानी सप्लाई कब होगा एये पता नहीं है। सावन आने के पहले ही बरिश की झड़ी लग गई है। भिलाई में बादल छाए रहे व बारिश लगातार हो रही है। जिसके कारण टाउनशिप के कई घरों में पानी भर जाने की शिकायत मिल रह है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को सुपेला मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंडर ब्रिज की है। जिसमें पानी भर जाने से वे यातायात के लिये बंद कर दिया जाता है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद चन्द्र मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंड़रब्रिज में पानी भर जाने से इस बंद कर दिया गया है। इस तरह बारिश का पानी निगम व टाउनशिप की निचली बस्तियों में भर जाने से लोगों को काफ परेशानी हुई। रविवार व सोमवार को लगातार बारिश होने से सड़के सुनसानी रही। आज नगर के अनेक स्कूल में बच्चों की उपस्थित कम रही। मार्केट में बारिश पानी की निकासी नही होने के कारण जल भराव की स्थिति है। टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मकानों में बारिश के पानी की सिपेज की स्मस्या से लोग परेशान रहे। लोगों को कहना है कि इसकी शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग इसमें कोई कार्यवाही नही कर रहा है। जिसके कारण घर का सामान खराब हो रहा है। निगम की पोल भी पहली ही बारिश में खुल गई। बारिश व बाढ़ से बचने के लिये बनाई गई समिति भी लोगों की मदद करने में लचर दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार इस तरह का मौसम आने वाले एक-दो दिनों तक और रह सकता है। बारिश से लोगों को परेशानी हो रही है, तो किसानों के चेहरे खिले दिखाई दे रहे है।

# नव विवाहित को ट्रक ने कुचला दोनों की मौत



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु) । शासकीय आईटीआई के समीप फोरलेन में बीति रात्रि सड़क दुर्घटना में एक नव विवाहिता जोड़े की मौत हो गई। खुर्सीपार थाना अंतर्गत 6 जुलाई की रात पौने 11 बजे के करीब अज्ञात ट्रक द्वारा नव विवाहित कपल अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों के द्वारा देर रात को ही सड़क पर चक्का जाम कर दिया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी देर रात शांत हुए। इसके पश्चात दोनों ही शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में पहुंचाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि वार्ड नं 13 कोहका निवासी शिवकुमार कुर्रे 30 वर्ष एवं उनकी पत्नी श्रीमती मुस्कान कुरे 28 वर्ष को कल देर रात एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार के ठीक सामने नेशनल हाईवे रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक द्वारा ठोकर मार कर भाग गया। जिससे बाइक सवार दंपति की मौके पर मौत हो गया। इन दोनों लोगों को मौत से आक्रोशित कॉलोनी वासी द्वारा चक्का जाम कर दिया। पुलिस अधिकारी द्वारा समझाने के बाद शव को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवकुमार कुर्रे का 2 महीने पूर्व ही शादी हुआ था। दोनों पति.पत्नी अपने रिश्तेदार वार्ड 51 खुर्सीपार शिवाजी नगर के घर पर खाना खाने के निमंत्रण पर गए हुए थे। खाना खाकर के पश्चात घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# आयात-निर्यात से वैश्विक व्यापार की संभावनाए-अजय



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर के व्यवसायिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र जगदलपुर द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। इस कार्यशाला में आयात-निर्यात के अवसर और वैश्विक व्यापार की संभावनाएं, इस विषय पर अपने विचार रखे। महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय उद्यमियो, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रक्रियाओं, नीतियों, अवसरों और आवश्यकताओं से अवगत कराना। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के. रंगराजन प्रोफेसर एवं केंद्र प्रमुख सेंटर फॉर डैडम् ने निर्यात नीति व निर्यात को बढ़ावा देने विचार रखे। सुमन दास कोऑर्डिनेटर ने बताया कि निर्यात करके हम डॉलर में धन कमा सकते है। निर्यात के लिए किस तरह अपना मार्केट तैयार करे इस विषय पर प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने कहा कि यह प्रयास व्यापारियों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उन्होंने कहा औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए ऐसी कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। श्री भसीन ने स्वदेशी सामानों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने जगदलपुर में एक स्वदेशी मेला लगाने हेतु वहाँ के व्यापारियों से चर्चा की । आने वाले दिनों में जल्द ही बस्तर में स्वदेशी मेला लगाकर लोगो को स्वदेदशी सामानों के प्रति जागरूक किया जायेगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शंकर सचदेव, भोलानाथ सेठ, सुनील मिश्रा, चिन्ना रॉव, प्रेम रतन गहलोत उपस्थित थे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में दुर्ग और भिलाई के व्यापारी, स्टार्टअप संस्थापक और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक और मार्गदर्शक बताया।

# संयंत्र में बड़ा हादसा कोक ओवन की गैलरी ढही

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोकोवन बैटरी नंबर 5-6 का कोल टावर 3 का गैलरी लगभग 25 मीटर ऊंचाई से गुज़रता है, आज गिर गया है। बताया जा रहा है कि कोई जान माल का नुक़सान नहीं हुआ है। लगातार भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन देकर कई बैठकों में अवगत कराये जाने की जानकारी दी है । यूनियन के अनुसार संयंत्र के अंदर लोहे के बने शेड एवं स्ट्रक्चरल मे जंग लग कर सड़ गया है। संयंत्र के सभी स्ट्रक्चरल का सस्टेनेबिलिटी टेस्टिंग करवाया जाये। समय रहते संयंत्र के सभी स्ट्रक्चरल को दुरुस्त किया जाना चाहिए । आने वाले समय में प्लांट में दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। बताया जा रहा है कि भिलाई स्टील प्लांट के कोक ओवन बैटरी नंबर 5 व 6 की गैलरी के नीचे से कर्मचारियों और अधिकारियों की आवाजाही होती है। बारिश की वजह से उस हादसे के समय कार्मिकों की आवाजाही नहीं थी।



# मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठक



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। वर्षा ऋतु को देखते हुए मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य अमले को फील्ड में मुस्तैद रहने बैठक लेकर दवाओं से लेकर आवश्यक सामग्री भर्ती मरीज करने बेड की स्थिति उपकरणों की जानकारी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में समीक्षा बैठक ली। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताय कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोग टाइफाइड, बुखार, वायरल फीवर, उल्टी दस्त, डेंगू ओर विभिन्न संक्रमण रोग का प्रसारण होता है। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास वर्षा जनित रोगों की दवाएं उपलब्धता सुनिश्चित कराया गया सभी बुखार के जांच कीट डेंगू मलेरिया की आवश्यकता की जानकारी ली गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि वायरल फीवर ओर टाइफइड डेंगू ओर उल्टी दस्त के प्रकरणों में बढ़ोतरी मिल सकतीं हैं। इसलिए पानी उबालकर ठंडा होने पर उपयोग करें। ताजा भोजन करें बासी भोजन से उपयोग से बचें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के चिकित्सक अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए पानी में अनावश्यक ना भीगे फल सब्जियां को धोकर पकाएं किसी भी खुले में बिकने वाले चीजों में मक्खियों ओर अन्य कीट बैठते हैं। जिससे रोग हो सकता है इसलिए ताजा भोजन अथवा घर के बनी चीजें उपयोग करें सभी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने सभी से वर्षा ऋतु में हल्का ताजा भोजन करने उन्होंने कहा सभी शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवा ओर उपकरणों सहित जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है जागरूक रहना चाहिए सर्तक रहना ओर नीम हकीम से इलाज कराने से बचना चाहिए।

# भूमिहार समाज की बैठक मे कोषाध्यक्ष राय ने पेश किया बजट



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। परशुराम भवन भिलाई में भूमिहार समाज की आमसभा संपन्न सेक्टर-2 परशुराम भवन पर सम्पन्न हुई। अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह ने सामाजिक सदस्यों के उत्थान के लिए अपने विचार रखे। महासचिव मधु सूदन शर्मा ने वर्ष भर की सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष कृष्णा नन्द राय ने सभा के समकक्ष वर्ष 2024-25 का आय-वय एवं वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट रखा। जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। संचालन बलराम सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय ने किया सभा ने अन्य विषयों जिसमें समाजिक सहयोग राशि को तीन लाख से पांच लाख, भवन के विस्तारीकरण पर पंद्रह लाख की राशि स्वीकृति दी। फ्रीजर, अंतिम संस्कार, शादी व्याह के लिए भी राशि स्वीकृति दी। इस अवसर पर ए एन सिंह, रामजी राय, चंद्रमा राय, संजय सिंह, अजय राय, नवीन राय, संजीव सिंह, सत्यप्रकाश राय, हरेंद्र राय, विपिन ठाकुर, बंटू शर्मा, अंजनी राय, सुनिल शुक्ला, शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा उपस्थित थे।

# साईकलिंग क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट एवं बी एस पी साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में अस्मिता साइकिलिंग खेल से ही है। पहचान का आयोजन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद , संरक्षक साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छग, अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बी एस पी साइकिलिंग क्लब, विशिष्ट अतिथि विनोद खाण्डेकर संरक्षण साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग, परविंदर सिंह महासचिव बी एस पी ऑफिसर एसोसिएशन बी एस पी साइकिलिंग पोलो क्लब, सुधीर बंसल, शोमा शर्मा संचालक मां शारदा पब्लिक स्कूल उपाध्यक्ष साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्टएवी आर चन्नावार महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग संयुक्त सचिव भारतीय साइकिलिंग पोलो महासंघ, तोबन्द वर्मा कोषाध्यक्ष छग साइकिलिंग पोलो संघ, रमेश श्रीवास्तव समाज सेवी, देव प्रकाश वर्मा सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफदुर्ग डिस्ट्रिक्ट, संयुक्त सचिव छग साइकिलिंग पोलो संघ, शशांक देशमुख सचिव दुर्ग जिला साइकिलिंग पोलो संघ सयुक्त सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट रहे। नरेन्द्र बंछोर ने कहा कि सांसद विजय बघेल ने मार्च से इस की शुरुआत की थी। हमारी भिलाई शिक्षा धानी के साथ में खेलों का भी रहा जो अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनया रहा है। वी आर चन्नावार ने कहा की अस्मिता का अर्थ होता है हमारी पहचान जिसे भारत सरकार में शामिल किया गया है 175 लड़कियों का अब तक रजिस्ट्रेशन हुआ है। सांसद विजय बघेल ने कहा की अस्मिता खेल इंडिया भिलाई ही नहीं पूरे भारत में हों केन्द्रीय खेल मंत्रालय मंत्री मनसुख मांडवी ने भी कहा आज भारत के बच्चों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल खेलो को उस स्थान पर पहुंचाने का काम किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फंड के साथ में खेलों को भी प्रोत्साहित किया है। बदलती दुनिया में कोई भी न चुकें आज भारी बारिश होने के बावजूद भी बच्चों ने भाग लिया बच्चों को प्रोत्साहित करने खेल में हम सब आए हुए हैं। सांसद विजय बघेल ध्वज दिखाकर साइकिलिंग बच्चों को बिदा किया इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




# सेक्टर-9 अस्पताल में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्रए सेक्टर-9 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर एवं डॉ. विनीता द्विवेदी की अध्यक्षता में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय कर्मचारी श्रीमती गीतांजली साहू, हेड फार्मसिस्ट श्रीमती सुनीता उल्लास, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट एवं श्रीमती मीना साजी, स्टाफ नर्स को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित कर्मियों को बधाई दी और आगे भी इसी प्रकार सेवाभाव, समर्पण एवं लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में उप प्रबंधक नर्सिंग प्रशासन श्रीमती शैला अब्राहम, सहायक प्रबंधक एच.आर. श्रीमती शीबा थॉमस तथा अन्य अधिकारी एवं चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित थे। कर्म शिरोमणि पुरस्कार कर्मियों को प्रोत्साहन करने के लिये दिया जाता है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद...

पारेख, पितामह नायक, सुरेश मिश्रा, अभिलाष यादव, संतोष पाण्डेय, अभिषेक साव, बसंती समरथ, गीता नाग, रेखा सिंह, रोशन झा, रूपेश जैन, संतोष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, रितेश सोनी, सतीश बाजपेयी, गायत्री बघेल, लक्ष्मी कश्यप, मनोज ठाकुर, राजेश दास, प्रेम सेठिया, गजेन्द्र पगाड़े, संतोष पाण्डेय, विनायक बेहरा, राजा यादव, मनीष सखलेचा, भुवनेश्वर ध्रुव, अनिमेष सिंह चौहान, मोहन सेठिया, जलंधर कश्यप, राजेश राव, संजीव ठाकुर, कौशल्या क्षत्रिय, रंजीता पाणिग्रही, किरण दीवान, देव भण्डारी, अमिता भारत, नरेंद्र कुमार पाण्डेय आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय...

एसबीआई पीओ परीक्षा की तिथि, रिक्त पद, चयन प्रक्रिया के चरण, वेतनमान और सेवा सुविधाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

# मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु दवा छिड़काव जारी

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। निगम क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया के संक्रमण से बचाव रोकथाम नियंत्रण हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आम नागरिकों से अपील किए हैं। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात् लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। मच्छर लार्वा स्त्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर, सूखाकर पालीथीन से ढककर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें। बाग-बगीचों में रखे गए कबाड़, अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो। घर के आसपास के गड्ढों, नालियों के रूके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है। विगत वर्षों में डेंगू से प्रभावित क्षेत्र, मोहल्ले को संवेदनशील मानते हुए निर्धारित रोस्टर अनुसार निरंतर घर घर जाकर सर्वेलेंस सर्वेक्षण एवं मच्छर रोधी औषधियों का छिड़काव कार्य जारी है। प्रत्येक सर्वेक्षित घरों के कूलर, टंकी, ड्रम, कंटेनर एवं अन्य मच्छर लार्वा उत्पत्ति पात्र की जांच किए जा रहे हैं। अवकाश के दिन शुष्क दिवस मनाते हुए समुचित पात्रों के पानी साफकर, सूखाकर ही नए पानी भरकर उपयोग करने की समझाइश दी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में ठेका श्रमिक घायल ईलाज जारी

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। वीति रात्रि बोरिया गेट के समीप नाईट शिफ्ट ड्यूटी पर जा रहे भिलाई इस्पात संयंत्र ठेका श्रमिक कर्मी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल अवस्था में उन्हें भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सालय सेक्टर-9 ले जाया गया, जहां उनका ईलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बोरिया गेट शिव मंदिर के सामने लोक नाथ 32 वर्षीय नामक संयंत्र कर्मी रात्रिपालीन ड्यूटी पर जा रहा था। तभी एक्टिवा और सायकल में भीडंत हो गई। जिससे लोकनाथ को सर व कमर में चोट पहुंची। घटना के समय अन्य कर्मी भी ड्टूटी जा रहे थे। तभी घायल को पहले भारतीय मजदूर संघ के श्रमिक नेता प्रशांत कुमार शिरसागर व आने जाने वाले कर्मचारी की मदद से बीएसपी की ऐम्बुलन्स को फोन कर घायल को भिलाई इस्पात संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। घायल के बेहतर ईलाज के लिये उन्हें सेक्टर-9 के मुख्य चिकित्सालय रेफर किया गया। बताया जा रहा है, कि घायल का ईलाज सेक्टर-9 अस्पताल के ई-1 वार्ड में किया जा रहा है। जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घायल लोकनाथ सेक्टर-2 सड़क-13 का निवासी बताया जा रहा है।



# छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने गतका खिलाड़ियों का सम्मान किया



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ गतका टीम ने 70 मैडल जीतकर पंजाब के बाद दूसरे रनर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलने वाले भिलाई के 22 मैडलिस्ट गतका खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने मोमेंटो और सिरोपाओ द्वारा सम्मानित किया गया। गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ लल्लू एसोसिएशन के टेक्निकल प्रमुख और नेशनल रैफरी अमन सिंघ, करन सिंघ, राजवीर सिंघ, गर्ल्स कोच रोहिणी धीमान, राजविंदर कौर डौली का सिक्ख पंचायत की ओर से विशेष सम्मान किया गया और आगे भी गतके के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर चैयरमैन जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, तजिंदर सिंह नानू, हरपाल सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, गुरदेव सिंह, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह गांधी, गुरमेज सिंह सोखी, बलविंदर सिंह, कुलवंत कौर, जसबीर सिंह सैनी, सरूप सिंह, मुखविंदर सिंह, गतका एसोसिएशन के पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में सिक्ख संगत उपस्थित हुए। जसवन्त सिंह खालसा ने एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत और गुरुद्वारे प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों का गतके खेल में हमेशा की तरह सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# नि:शक्त व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना



**कोण्डागांव** 07 जुलाई (देशबन्धु)। नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के तहत नि:शक्त मेधावी व्यक्तियों को सिविल सेवा के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जा रही है। इससे अन्य दिव्यांग व्यक्ति प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित होंगे तथा उन्हें आगामी तैयारी हेतु आर्थिक सहयोग प्राप्त हो सकेगा। उप संचालक समाज कल्याण, जिला कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक के दिव्यांग पात्र होंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ का निवासी हो, अभ्यर्थी को संघ या छ.ग.लोक सेवा आयोग प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना चाहिए। योजना अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रू.20000 एकमुश्त, मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रू.30000 एकमुश्त और संघ/छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर रू. 50000 एकमुश्त राशि मिलेगी। संघ या छ.ग.लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत आवेदक को ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन ऑनलाइन नहीं कर पाने की स्थिति में ऑफलाइन आवेदन संयुक्त व उपसंचालक, समाज कल्याण जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बीजापुर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता: 8 लाख का इनामी नक्सली सोढ़ी कन्ना ढेर

## मुठभेड़ स्थल से एक .303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए गए

**बीजापुर** 07 जुलाई (देशबन्धु)। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 एवं सीआरपीएफ यंग प्लाटून की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

प्राप्त आसूचना के अनुसार तेलंगाना राज्य समिति, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, PLGA बटालियन नंबर 01 तथा अन्य सशस्त्र माओवादी कैडर उक्त क्षेत्र में सक्रिय थे। इस सूचना के आधार पर संयुक्त बलों ने माओवादी उपस्थिति की पुष्टि के बाद अभियान प्रारंभ किया।

यह अभियान 04 जुलाई से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ के पश्चात क्षेत्र की तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी का शव, एक .303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किया गया।

मृत नक्सली की पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो PLGA बटालियन नंबर 01 की कंपनी नंबर 02 का डिप्टी कमांडर था। उस पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ?08 लाख का इनाम घोषित था।

सोढ़ी कन्ना टेकलगुड़ियम क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों, धरमारम कैंप पर हमले समेत कई बड़ी




### मुठभेड़ स्थल से बरामद

1. 01 नग .303 रायफल तथा 05 नग जीवित राउंड
2. एके-47 का मैग्जीन व 59 नग जीवित राउंड
3. नक्सली वर्दी / 01 जोड़ी
4. कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई

वारदातों में शामिल रहा है। वह सीसीएम माड़वी हिडमा का सहयोगी था और बटालियन में स्नाइपर के रूप में कार्यरत था। उसके मारे जाने से माओवादी संगठन को स्नाइपर क्षमताओं के लिहाज से भारी क्षति हुई है।

**पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी. ने बताया कि—** वर्ष 2024 में प्राप्त निर्णायक सफलताओं को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई (नक्सली) संगठन के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा सघन, रणनीतिक एवं निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। बीते 18 महीनों (2024/25) में अब तक 415 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं—यह आँकड़ा सुरक्षा बलों की कुशल योजना, साहसिक कार्रवाई और जनसमर्थन का स्पष्ट प्रमाण है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भीषण वर्षा और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले मानसून के इस चुनौतीपूर्ण दौर में भी सुरक्षा बलों की सक्रियता, सतर्कता और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। फिसलन भरे जंगल पहाड़ी रास्तों और लगातार बदलते मौसम के बीच भी DRG, STF, CoBRA, CRPF, BSF, ITBP, CAF, Bastar Fighters सहित समस्त बल मजबूत मनोयोग से मिशन को अंजाम दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने सुरक्षाबलो को दी बधाई



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के बीजापुर जिले में माओवादियों की पीएलजीए बटालियन के 8 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को सुरक्षा बलों द्वारा न्यूट्रलाइज किए जाने पर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, सटीक रणनीति और जनसहभागिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का मिशन निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान में पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटी है।*

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का हुआ प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा,** 07 जुलाई 2025। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आज प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दंतेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले तहसील बारसूर एबं कुआकोंडा के मतदान केंद्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर शामिल थे। इस दौरान निर्वाचक नामावली में फार्म 6 नाम जोड़ने के लिए फार्म 7 विलोपन जैसे स्थानांतरण विवाह मृत्यु होने पर फार्म 8 त्रुटि सुधार जैसे नाम जन्म तिथि स्थानांतरण डुप्लीकेट फोटो परिचय पत्र दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित करना आदि एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बीएलओ को घर-घर सर्वे के दौरान मतदाताओं से विनम्रता पूर्वक परिचय देते हुए निर्वाचन संबंधी कार्य के बारे में जानकारी लेने के बारे में कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ के कर्तव्य निर्वाचन संबंधी नियम दंड के प्रावधान, बीएलओ एप, बीएलओ और मतदाता के बीच प्रश्न उत्तर के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, दंतेवाड़ा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बारसूर, कुआकोंडा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं बी.एलओ, सुपरवाइजर प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

## शेड्यूल-एच दवाओं में दस्तावेजी अनियमितता

# बप्पी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 10 दिन के लिए निलंबित



**कोण्डागांव** 07 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी-बिक्री और दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश और कलेक्टर कोंडागांव के निर्देशानुसार की जा रही है।

इसी क्रम में औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे द्वारा कोंडागांव ब्लॉक अंतर्गत बप्पी मेडिकल स्टोर, किबईबालेगा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल-एच और अन्य दवाओं की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

उल्लंघन के मद्देनज़र फर्म संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बप्पी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस 10 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है।

औषधि निरीक्षक श्री धुर्वे ने जानकारी दी कि जिले में सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण जारी है और संदिग्ध औषधियों के नमूनों को औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है। साथ ही उन्होंने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देशित किया है कि दवाइयों की खरीदी-बिक्री से संबंधित समस्त दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करें और केवल मानक और प्रमाणित दवाओं की ही बिक्री करें, साथ ही शेड्यूल-एच, शेड्यूल-एक्स, नार्कोटिक दवाएं तथा एमटीपी किट जैसी औषधियों का विक्रय केवल पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही करें।

औषधि विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा ताकि जनसाधारण को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित औषधियां उपलब्ध हो सकें।

## ''एक पेड़ माँ के नाम''

# वृक्षारोपण कार्यक्रम एकलव्य विद्यालय परिसर दंतेवाड़ा में हुआ सम्पन्न



**दंतेवाड़ा,** 07 जुलाई 2025। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस. के. अम्बस्ट, जिला आयुक्त श्याम लाल शोरी, श्रीमती शैनी रविन्द्र (सहायक राज्य आयुक्त गाइड) मार्ग दर्शन में एकलव्य विद्यालय परिसर दंतेवाड़ा में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के स्काउट, गाइड्स पदाधिकारी एवं स्काउट्स एवं गाइड्स मौजूद थे। इसके साथ ही उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रकृति की सुरक्षा संबंधी शपथ समस्त स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा लिया गया।

# बालेंगा गांव में शिक्षकों की कमी से ग्रामीणों ने की कलेक्टर से मुलाकात

## मंडरा रहा है स्कूल बंद होने का खतरा



**फरसगांव/विश्रामपुरी** 07 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम बालेंगा के ग्रामीणों ने हाल ही में कलेक्टर से मुलाकात कर हाई स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि गणित के शिक्षक न होने के कारण बच्चे हाई स्कूल में दाखिला लेने से हिचक रहे हैं, और जो छात्र पहले से पढ़ रहे हैं, वे भी दूसरे स्कूलों में जाने का मन बना रहे हैं। इससे गांव के हाई स्कूल में नौवीं और दसवीं कक्षा में छात्रों की संख्या काफी कम होने या स्कूल बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। गांव के सरपंच सुकमन नेताम और अन्य ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से मिले। सरपंच नेताम ने बताया कि वे लंबे समय से स्कूल में विषय शिक्षकों की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इसी वजह से यह स्थिति पैदा हुई है कि बच्चे अपने ही गांव के स्कूल को छोड़कर कहीं और पढ़ाई करने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया है, और कलेक्टर ने उन्हें समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, ग्रामीणों का मानना है कि इन दिनों स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, और यदि अभी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती है, तो बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ेगा।

ग्रामीणों ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी की भी शिकायत की है। उनका कहना है कि कई जगहों पर विषय शिक्षक न होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यदि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में सही सामंजस्य बिठाया गया होता, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बालेंगा गांव के ग्रामीण जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की उम्मीद कर रहे हैं ताकि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव(बोरगांव) से डॉ. ओम प्रकाश को भावभीनी विदाई




**फरसगांव** 07 जुलाई (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कोंडागांव (बोरगांव) में बीते पाँच वर्षों से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के रूप में अपनी अमूल्य सेवाएँ दे रहे डॉ. ओम प्रकाश को आज रविवार को एक भावभीनी विदाई दी गई। उनके सम्मान में केंद्र में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सहकर्मियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें कि डॉ. ओम प्रकाश ने कोंडागांव जिले में कृषि और संबंधित क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया। वे विशेष रूप से मत्स्यिकी (फिशरीज) के विशेषज्ञ थे और साथ ही अन्य कृषि विषयों का भी उन्हें गहरा ज्ञान था। उनके कार्यकाल के दौरान, कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली, जो उनके कुशल नेतृत्व और दूरदृष्टि का परिणाम है। उनके प्रयासों से जिले में कृषि विकास को नई दिशा मिली और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जुड़ने में काफी मदद मिली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. ओम प्रकाश द्वारा कोंडागांव जिले में किए गए कार्यों की सराहना की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उनका तबादला अब कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में हो गया है, जहाँ वे अपनी विशेषज्ञता और अनुभव से उस क्षेत्र के कृषि विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डॉ. ओम प्रकाश की विदाई के बाद, उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार मरकाम कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव के नए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे। डॉ. मरकाम से कोंडागांव के कृषि क्षेत्र में नए नवाचार और विकास की उम्मीदें हैं। यह विदाई समारोह डॉ. ओम प्रकाश की समर्पित सेवाओं को एक श्रद्धांजलि थी, और उनके योगदान को कोंडागांव हमेशा याद रखेगा।

# लाईवलीहुड कॉलेज कारली में 10 जुलाई को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा,** 07 जुलाई 2025। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार लाईवलीहुड कॉलेज कारली में 10 जुलाई 2025 को प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु एक्सिस बैंक दंतेवाड़ा में फील्ड ऑफिसर के 50 पद, ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर की 30 पद की रिक्तियां प्राप्त हुई है, इस संबंध में इच्छुक आवेदक आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन पूर्णत: निशुल्क रहेगा।

## जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर चिपावंड में सम्पन्न

# भारत स्काउट गाइड शिविर चिपावंड में समापन पर किए 200 पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम

## अपने जीवन की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण व संरक्षण आवश्यक-नूपुर राशि पन्ना

**कोण्डागांव** 07 जुलाई (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के नेतृत्व में 3 से 7 जुलाई 2025 तक राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास का पांच दिवसीय शिविर का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिपावंड में किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कोण्डागांव जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना मुख्य अतिथि के रुप में, सरपंच सुश्री सूरज नेताम कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, धनसिंह मरकाम उप सरपंच, तुलसी पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति, पंचगण कनिज फातिमा, राधा मरकाम, देवी सेठिया, गंगा वैष्णव, बुधमन मरकाम एवं विशिष्ट नागरिक सोनधर नेताम, मिश्रीलाल नेताम, आयतुराम मंडावी, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू, वरिष्ठ सलाहकार ऋषिदेव सिंह, जिले के समस्त स्काउटर-गाइडर, प्राचार्य इंद्रेश चतुर्वेदी एवं शिक्षक स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में भारत माता के छायाप्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

राज्य पुरस्कार पूर्व अभ्यास समापन शिविर के अवसर पर विद्यार्थियों को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जानकारी देते हुए कहा कि अपने जीवन में तीन बातों को उतार लीजिए, इसमें प्रमुख है पर्यावरण संरक्षण एवं अपने जीवन की सुरक्षा के लिए अपनी मां के नाम एक पौधा जरूर लगाएं। धरती मां की सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ों की कटाई रोकें, हर व्यक्ति अपनी सुरक्षा स्वयं करे।



दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें और पढ़ाई को निरंतर जारी रखें। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही बच्चों को अपने घरों में भी पौधे लगाने हेतु दिए गए। राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास के समापन अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिपावंड में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के करकमलो से एक वृक्ष मां के नाम अभियापन के तहत विद्यालय के प्रांगण में काजू का पौधारोपण किया गया। इस प्रकार से पूरे विद्यालय परिसर में 200 पौधारोपण किया गया। जिसमें स्काउट गाइड के 47, गाइड रेंजर के 64, राज्य पुरस्कार स्काउट से रोवर 18, रेंजर 10, ओपन रेंजर 4, स्काउट रोवर 47, गाइड रेंजर 64, एन.एस.एस 50 एवं 300 स्कूली छात्र-छात्राओं सहित 450 छात्र-छात्राओं ने 200 पौधों का रोपण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती संजना हरमीट, वरिष्ठ सलाहकार ऋषि देव सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्यामलाल कोर्राम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, चमन लाल सोरी जिला सचिव, श्रीमती संगीता सोरी, रेंजर, श्रीमती शशिकला ठाकुर एडवांस रेंजर, कोमल साहू रोवर, शैलेंद्र सोनभद्र रोवर, पुरुषोत्तम निषाद रोवर, जितेंद्र झा एडवांस रोवर, श्रीमती दीपमाला वैष्णव एडवांस फ्लॉक लीडर, पवन कुमार साहू एडवांस कब मास्टर, प्रकाश देवांगन बेसिक रोवर, कुमकुम सोरी बेसिक गाइड, आशा माझी बेसिक, विद्या टोप्पो, विद्यालय के प्राचार्य चंद्रेश चतुर्वेदी, आलोक मेश्राम, मोहनलाल बोगा, श्रीमती संगीता बघेल, श्रीमती मधु ध्रुव, सुश्री प्रतिभा नायक सहित शिक्षक स्टॉफ का विशेष सहयोग मिला। नागेन्द्र पोयाम सेजस दहिकोंगा, तुष्कर पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड के विद्यार्थी निराली मण्डल और प्रज्ञा साहू से वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण विषय पर संवाद किया। उपरोक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई।

# आप ने की शासकीय फार्मेसी कॉलेज स्थापित करने की मांग

जगदलपुर ,7 जुलाई (देशबन्धु)। फार्मेसी करने के इच्छुक युवाओं के लिए आदिवासी अंचल बस्तर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज की कमी को देखते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को पत्र लिखकर जगदलपुर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की मांग की है। पूर्व विधायक बाफना ने कहा है कि, आदिवासी अंचल बस्तर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज न होने से यहाॅ के युवाओं को फार्मेसी शिक्षा प्राप्त करने के लिए राजधानी रायपुर या फिर दूसरे राज्य की ओर अपना रूख करना पड़ रहा है और निजी फार्मेसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त करना हर किसी के लिए संभव नहीं है, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में शासकीय फार्मेसी कॉलेज



स्थापित करने की मांग के पीछे मुख्य उद्देश्य केवल इस आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मजबूत करना है ताकि बस्तर के युवाओं को फार्मासिस्ट, ड्रग इंस्पेक्टर, गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञ, चिकित्सा लेखक और नैदानिक अनुसंधान सहयोगी के रूप में तैयार करके अंचल के अंदरूनी क्षेत्र जो स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की कमी से जूझ रहे हैं उस कमी को पूरा किया जा सके और फार्मेसी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त और बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को एक बहुत बड़ी चुनौती बताते हुए बाफना

उल्टा पुल्टा

पत्नी - तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो ? पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है. गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं. पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई।

## संपादकीय

### मितानिनों से किया वादा पूरा हो

*प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ एक बार फिर से मितानिनें तथा उनके जैसे वर्गों के शासकीय कार्यकर्ता हड़ताल पर जा रहे हैं। इनमें मितानिनों के अलावा उनके प्रशिक्षक, हेल्थ डेस्क फेसिलिटेटर और विकासखंड समन्वयक हैं जो सोमवार से काम और कलम बंद हड़ताल पर चले गये। वैसे तो उनकी 9 मांगें हैं लेकिन मुख्य है- उनका स्वास्थ्य विभाग में संविलियन तथा वेतन में 50 फीसदी की बढ़ोतरी, जिसका वायदा भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में किया था।*

*भाजपा की सरकार तो बनी लेकिन यह आश्वासन पूरा नहीं किया जा सका है। उपरोक्त मांगों के अतिरिक्त प्रति माह नियमित भुगतान तथा केन्द्र व राज्य के अंश की प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान भी अन्य प्रमुख मांगें हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 13 दिसम्बर से भी लम्बी हड़ताल मितानिनों व सम्बन्धित कार्यकर्ताओं ने की थी। उस समय उनकी हड़ताल इस आशा में खत्म हो गयी थी कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें पूरा करेगी। ऐसा न होने से इन वर्गों ने फिर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया।*

*ग्रामीण व अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में ये मितानिनें बहुत महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। खासकर जिन इलाकों के गांवों में व्यवस्थित और सुनियोजित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। महिलाओं व बच्चों के सुपोषण से लेकर प्राथमिक उपचार और उन्हें दवाएं सुझाना, अवसर पड़ने पर अस्पताल ले जाने जैसे काम वे निष्ठा भाव से तथा समर्पण के साथ करती हैं। अन्य जो वर्ग हड़ताल करने के लिये आये हैं उनकी भूमिका को भी कतई कमतर नहीं आंका जा सकता। शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य-उप स्वास्थ्य केन्द्रों की जहां तक पहुंच नहीं हैं, उन गांवों व आदिवासी इलाकों में ये मितानिनें चौबीसों घंटे जनसेवा के मैदान में डटी रहती हैं।*

*इन्हें जनता के काम में उलझे रहने के कारण खुद के परिवारों की ओर भी ध्यान देने का वक्त नहीं होता। इस लिहाज से देखें तो उनकी मांगें जायज हैं। यदि इनकी तनख्वाह अच्छी हो तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि मिले तो उनका अपना जीवन स्तर भी सुधरेगा। आज वे जिन परिस्थितियों में रहती हैं, पहले उसी में सुधार की सख्त ज़रूरत है। सरकार को चाहिये कि वह मितानिनों के संघ से तत्काल न सिर्फ बात करे वरन उनकी मांगों को पूरा भी करे।*

*जन स्वास्थ्य केन्द्र व राज्य सरकार दोनों की वरीयता सूची में है। सतत विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) के तहत भी सभी सरकारों के लिये यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय बाध्यता है कि वे अपने नागरिकों के लिये अच्छी स्वास्थ्य सेवा मुहैया करायें। यह सिर्फ दवाओं, बड़े अस्पतालों और उच्च शिक्षित डाक्टरों से नहीं होगा वरन उन्हें भी साथ लेना होगा जिनका सीधा सम्पर्क समाज के निचले स्तर तक है। मितानिनें तथा अन्य सम्बन्धित वर्ग जिनकी सेवा करते हैं वे ही समाज के अंतिम व्यक्ति हैं।*

# संगठन में ब्लॉकों के पुनर्गठन और भाजपा को घेरने बनी रणनीति

## मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में पॉलिटिकल अफेयर कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित सीनियर नेता शामिल हुए।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन में ब्लॉकों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस की संख्या बढ़ाने के लिए जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार ब्लॉक बढ़ाने की आवश्यकता पर पीएसी की बैठक में नेताओं ने अपनी बात रखी। बैठक में बीजेपी सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में पांच एजेंडों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेसी नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने, बस्तर के खनिज संसाधनों और गरीब आदिवासियों के जल जंगल जमीन पर कब्जा करने, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराने और युक्तियुक्तकारण के तहत 10000 से अधिक स्कूलों को बंद सहित अन्य अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई।

**पार्टी के अंदर की बातें बाहर नहीं जानी चाहिए: खड़गे**

इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह देते हुए कहा, भाजपा हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने की कोशिश कर रही है। उनके प्रयासों को सफल नहीं होने देना है। खरगे ने कहा, एकजुटता से इसका जमकर विरोध करें।

बैठक में खड़गे ने नसीहत दी, कि पार्टी के अंदर की बातें बाहर नहीं जानी चाहिए। उन्होंने पार्टी गतिविधियों की समीक्षा की, और जिला अध्यक्षों, और ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक मे छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टी. एस. सिंहदेव, राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, मलकीत सिंह गैदू, सांसद ज्योत्सना महंत, ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री मोहमद अकबर, शिवकुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, अमितेष शुक्ल, सुशील आनंद शुक्ला उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेताओं ने खड़गे का विमानतल पर किया स्वागत




रायपुर में किसान जवान संविधान सभा को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे जी का माना विमानतल पर स्वागत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू आदि नेताओं ने किया।

# मिर्गी व सिर के इलाज में लगने वाला इंजेक्शन जांच में अमानक निकला

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ( छग एमएससी ) ने प्रेगनेंसी डायग्नोस्टिक कीट, इंट्रावीनस ड्रिप सेट के बाद एक और दवा को अमानक पाया है। CGMSC ने Phenytoin sodium दवा की बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी है। इस दवाई का उपयोग मिर्गी के झटके और सर में चोट लगने से आने वाले झटकों को रोकने के लिए दी जाती थी। कई मरीजों को यह दवा जीवन पर्यंत भी देनी पड़ती है।

सिस्टोग्राम लैबोरेट्रीज लिमिटेड द्वारा सप्लाई किए गए phenytoin sodium इंजेक्शन को पहले परीक्षण में भी अमानक पाया था। जिसके बाद इंजेक्शन के उपयोग और वितरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाई गई थी। इस दवाई की गुणवत्ता परीक्षण के बाद फिर से इसे अमानक पाया गया है। इस दवा का वितरण रोक कर अब इसे गोदाम में वापस करने के लिए संयुक्त संचालक, अस्पतालों और संबंधित संस्थानों को निर्देशित किया गया है।

**प्रेगनेंसी कीट और इंट्रावीनस ड्रिप पर भी लगी है रोक**-इससे पहले प्रेगनेंसी डायग्नोस्टिक कीट और इंट्रावीनस ड्रिप सेट के उपयोग एवं वितरण पर रोक लगाई थी। गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायत आने पर प्रेगनेंसी डायग्नोस्टिक कीट और इंट्रावीनस ड्रिप सेट के उपयोग और वितरण पर रोक लगाई गई है। वहीं अब Phenytoin sodium दवा अमानक पाए जाने पर इसके उपयोग पर रोक लगाई गई है।

# ट्रेड यूनियनों की मशाल रैली आज

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। मजदूर विरोधी श्रम संहिता की वापसी सहित केंद्र सरकार की मजदूर, किसान एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ इंटक, एच एम एस, एटक, सीटू, ऐक्टू सहित केन्द्र, राज्य, बैंक, बीमा, संगठित, असंगठित श्रमिकों के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर 9 जुलाई को होने जा रही देशव्यापी हड़ताल के पूर्व इस हड़ताल के साथ आम जनता को एकजुट करने 8 जुलाई को रायपुर सहित पूरे प्रदेश में मशाल/ कैंडल लाइट , मोटर साइकल रैली आयोजित की जाएगी।

रायपुर में यह रैली शाम छह बजे से कर्मचारी भवन सप्रे स्कूल से प्रारंभ होकर निगम कार्यालय, छोटापारा, कोतवाली, बिजली आफिस चौक से वापस सप्रे स्कूल पहुंचकर सभा में तब्दील होगी ।

### डिग्रीधारकों को मिली राहत

# हाईकोर्ट ने पीएचई विभाग में इंजीनियरों की भर्ती नियम को बताया गैरकानूनी

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स को सब-इंजीनियर पदों से बाहर करने वाले नियम को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गैरकानूनी और अधिकार क्षेत्र से बाहर करार दिया है। यह नियम छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 2016 की भर्ती नियमावली में था, जिसमें केवल डिप्लोमा धारकों को ही सीधी भर्ती में पात्र माना गया था।



**दो रिट याचिकाओं पर हुई सुनवाई**

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने यह फैसला दो रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुनाया, जिन्हें दो दर्जन से ज्यादा इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स ने दायर किया था।

दरअसल पीएचई विभाग में सब-इंजीनियर (सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल) की सीधी भर्ती के लिए 7 मार्च 2025 को विज्ञापन जारी हुआ था। परीक्षा 27 अप्रैल 2025 को रखी गई थी। लेकिन इसमें सिर्फ तीन साल के डिप्लोमा होल्डर्स को ही आवेदन करने की अनुमति थी। मामले में याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि इंजीनियरिंग डिग्री डिप्लोमा से उच्च योग्यता है, फिर उन्हें आवेदन से क्यों बाहर रखा गया ? साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य विभाग जैसे पीडब्ल्यूडी और सीएसपीडीसीएल में डिप्लोमा और डिग्री दोनों धारक पात्र होते हैं, फिर पीएचई में भेदभाव क्यों ?

**'प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्ती में बाधा'**

हाईकोर्ट ने कहा कि उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को बाहर करना न केवल अनुचित है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 21 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह नियम प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्ती में बाधा डालता है, और यह योग्यता, समान अवसर और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है।

**राज्य शासन की दलील**

इस मामले में राज्य सरकार ने कहा कि 2016 के नियम पुराने 1979 और 2012 के नियमों जैसे ही हैं, और 5 प्रतिशत प्रमोशन कोटा डिप्लोमा व डिग्रीधारकों दोनों के लिए पहले से है। यह कोटा सेवा में पहले से कार्यरत कर्मचारियों के लिए है। लेकिन कोर्ट ने इसे मुख्य भर्ती से जोड़कर डिग्रीधारकों को वंचित करना गलत बताया।

कोर्ट ने राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को निर्देश दिया कि इंजीनियरिंग डिग्री धारकों को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाए, बशर्ते वे अन्य निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हों। 25 मार्च 2025 को हाईकोर्ट ने डिग्री धारकों को अस्थायी रूप से आवेदन की अनुमति दी थी, जो अंतिम निर्णय पर निर्भर थी। अब कोर्ट के अंतिम आदेश के बाद डिग्रीधारकों की पात्रता पर मुहर लग गई है।

# शादी के बाद हो रही हत्याओं पर शंकराचार्य ने जताई चिंता

## हिंदी बोलने में शर्म क्यों? : स्वामी निश्चलानंद




**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। शादी के बाद पति की हत्या की घटनाओं पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने चिंता जताई और समाज आत्ममंथन करने की सलाह दी है। रावणभाटा स्थित सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आजकल जिन पर फिदा होकर लोग शादी करते हैं, वही महिलाएं अपने पति को मरवा दे रही है।फिर सवाल उठता है कि जिनसे दूसरा विवाह किया, उसकी हत्या नहीं होगी, इसकी क्या गारंटी है ? पहले प्रेम होता है, फिर विवाह और उसके बाद हत्या। यह प्रेम नहीं, आत्मिक पतन है जब कोई महिला अपने पति को मरवाकर दूसरी शादी करती है, तो क्या भरोसा है कि वह अपने दूसरे पति के साथ ऐसा नहीं करेगी ?'

हिंदी बोलने में शर्म क्यों ?

महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में हिंदी भाषा को लेकर चल रहे विरोध पर सवाल उठाते हुए शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कहा- महाराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों के लोग जब दिल्ली आते हैं तो हिंदी में ही बात करते हैं। तो फिर अपने राज्य में हिंदी का विरोध क्यों ? देश के चारों-पांचों प्रांतों की भाषाएं अलग-अलग हैं. कई लोग अंग्रेजी नहीं बोल पाते और हिंदी बोलने में शर्म महसूस करते हैं, यह गलत है। हिंदी बोलना जरूरी है। क्षेत्रीय भाषाओं का सम्मान सबको है, लेकिन हिंदी का अनादर करना उचित नहीं है।

गौहत्या ना हो, उनका पालन हो इसलिए गाय दे रही सरकार

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को गाय देने की योजना पर पूरी शंकराचार्य ने कहा, आदिवासी एक भ्रामक शब्द है।वशिष्ठ आदिवासी नहीं थे क्या. ? गौहत्या ना हो उनका पालन हो इसलिए गाय दे रहे हैं।गाय को लेकर दक्षिण भारत में सन् 1970-71 में पैदल घूमा हूं। उन्होंने कहा, ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां गाय की पहचान नहीं है। आदिवासियों को गाय देने का तात्पर्य गाय की रक्षा करना है. गौवंश का पालन करें।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड की टॉप-10 सूची में होगा बदलाव

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉप-10 की सूची में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मई में घोषित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम के बाद जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किया था, उनके संशोधित परिणाम हाल ही में जारी हुए हैं। इनमें कई छात्रों के 15 से 20 अंक तक बढ़े हैं, जिससे कुछ नए नाम टॉप-10 की लिस्ट में शामिल हो सकते हैं।

### पुनर्मूल्यांकन में बढ़े नंबर नई फाइनल मेरिट जल्द




**जिनके नाम पहले से मेरिट में हैं, उन्हें नहीं हटाया जाएगा**

सीजी बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि मई में जारी अस्थायी टॉपर्स लिस्ट में जिन छात्रों के नाम पहले से हैं, वे यथावत बने रहेंगे। केवल नए नामों को जोड़ा जाएगा, यानी पुराने टॉपर्स को हटाया नहीं जाएगा। इस फैसले से छात्रों में पारदर्शिता और विश्वास को बल मिलेगा।

**दूसरी बार होगी बोर्ड परीक्षा**

**बोर्ड की दूसरी वार्षिक परीक्षा** भी 8 जुलाई से शुरू हो रही है। यह परीक्षा 22 जुलाई तक चलेगी, जिसमें 75,000 छात्र शामिल होंगे। दसवीं की परीक्षा 9 जुलाई से 21 जुलाई तक और बारहवीं की 8 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पूरक, फेल और विभिन्न श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र भी शामिल हो सकते हैं। इस प्रणाली की शुरुआत पिछले साल से हुई थी और यह छात्रों को दूसरा मौका देने के लिहाज से अहम पहल है।

**दो वर्षों के टॉपर्स को मिलेगा सम्मान और प्रोत्साहन राशि**

इस बार बोर्ड 2024 और 2025 के टॉपर्स का एक साथ सम्मान समारोह आयोजित करेगा। 2024 में दसवीं के 85 और बारहवीं के 19 टॉपर्स हैं, जबकि 2023 में दसवीं के 73 और बारहवीं के 23 छात्र मेरिट में थे। प्रत्येक टॉपर को 1.5 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पहले हेलीकॉप्टर की सैर कराई जाती थी, लेकिन इस बार हवाई सैर होगी या नहीं, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**सम्मान समारोह की तारीख जल्द घोषित होगी**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2023 के टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए पहले शासन को प्रस्ताव भेजा था। अब 2024 के टॉपर्स को लेकर भी नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सम्मान समारोह की तारीख जल्द घोषित होने की उम्मीद है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने मांगों को लेकर बनाई रणनीति, आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ (संबद्ध ङ्क छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ) ने रायपुर में आयोजित महासमिति बैठक में छह प्रमुख मांगों को लेकर आगामी रणनीति तैयार की है। राजधानी में आयोजित इस बैठक में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं संरक्षक रविंद्र तिवारी और प्रांताध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार की उपस्थिति में प्रदेशभर से आए 300 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया

बैठक में सहमति के आधार पर मांग पूरी कराने संघीय कार्रवाई का निर्णय पारित किया गया। इसमें राज्य में पदस्थ 4200 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर समय-समय पर विभिन्न स्तर पर निरंतर विनम्र निवेदन, आवेदन, ध्यानाकर्षण कराने के साथ 3 दिवसीय ऐतिहासिक आंदोलन करने के पश्चात भी शासन स्तर पर मांगों पर न तो कोई ठोस निर्णय गया और न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई। सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा जिसके कारण प्रदेश के सभी सामुदायिक अधिकारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

बैठक में 6 मांगों पर सहमति जताते हुए शासन स्तर से निराकरण कराने सहमति प्रदान की गई जिनमें भारत सरकार द्वारा जारी प्रस्ताव एवं राज्य शासन के घोषणा पत्र के अनुरूप नियमिति करण की प्रक्रिया पूर्ण होते तक 62 वर्ष उम्र तक नौकरी की सुरक्षा, गारंटी प्रदान किया जाए।




भारत सरकार द्वारा जारी वित्त दिशा निर्देश के अनुरूप प्रति माह 25000/वेतन एवं 15000/ कार्य आधारित वेतन प्रतिमाह निर्धारित तिथि में प्रदान किया जाए। गृह जिला में स्थानांतरण की सुविधा प्रदान किया जाए। राज्य शासन मानव संसाधन नीति2018 का अनुरूप एवं कर्मचारी भविष्य निधि के नियमानुसार EPF का लाभ प्रदान किया जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बैठ कर ओपीडी संचालन करते हुए 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के मूलभूत कार्य संपादन में अवरोध पैदा करते हुए ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दबाव देने एवं किए जा रहे दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाया जाए। विभाग प्रमुख द्वारा सभी संवर्ग के कर्मचारियों के लिए जारी कार्यदायित्व के अनुरूप कार्य लिया जाय तथा कार्यदायित्व के विपरित दबाव पूर्वक कराए जा रहे कार्य पर रोक लगाया जाए।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के संरक्षक रविंद्र तिवारी और प्रांताध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि यदि राज्य शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा समय सीमा में कर्मचारी हित में ठोस निर्णय नहीं लेती है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से दबाव पूर्वक लिए जा रहे नियम विरुद्ध कार्य पर तुरंत रोक नहीं लगाई जाती है तो संघ न चाहते हुए भी बड़ा कदम उठाते हुए राज्य स्तर पर ऑनलाइन रिपोर्टिंग बंद करने के साथ-साथ कार्य बंद करने का निर्णय लेने बाध्य होगा। परिणाम स्वरूप ग्रामीणों के उपचार में आने वाली बाधाओं के लिए शासन की पूर्ण जवाबदेही होगी।

महासमिति की बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवानंद ,प्रदेश उपाध्यक्ष ङ्क दीपचंद निषाद, हिरेंद्र कुमार कर, प्रांतीय महामंत्री आशीष नंद, हीरामन साहू, प्रांतीय महासचिव हेमंत साहू, अविनाश तिग्गा, प्रांतीय सचिव निधि श्रीवास, प्रीति पांडे, पुरुषोत्तम चतुर्वेदी, सह सचिव हिमानी सिन्हा, मिथलेश साहू अस्मिता कुजूर, प्रांतीय संगठन सचिव ओम कुर्रे, पायल वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष सोहन कुंभकार, सह कोषाध्यक्ष अंजू खरे, प्रांतीय संगठन सचिव अमित पारथी, विकास राठौर, मीडिया प्रभारी प्रतीक कुमार गुप्ता, प्रियंका तिर्की, आईटी सेल प्रभारी हेमराज निषाद, दीपक वर्मा, नैना नवीन, नीयत राम सिदार, सहित प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष और समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# बीजापुर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता 8 लाख का इनामी नक्सली सोढ़ी कन्ना ढेर

◆ **मुठभेड़ स्थल से एक .303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए गए**

**बीजापुर** 07 जुलाई (देशबन्धु)। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 एवं सीआरपीएफ यंग प्लाटून की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

प्राप्त आसूचना के अनुसार तेलंगाना राज्य समिति, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, PLGA बटालियन नंबर 01 तथा अन्य सशस्त्र माओवादी कैडर उक्त क्षेत्र में सक्रिय थे। इस सूचना के आधार पर संयुक्त बलों ने माओवादी उपस्थिति की पुष्टि के बाद अभियान प्रारंभ किया।

यह अभियान 04 जुलाई से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ के पश्चात क्षेत्र की तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी का शव, एक .303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किया गया।

मृत नक्सली की पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो PLGA बटालियन नंबर 01 की कंपनी नंबर 02 का डिप्टी कमांडर था। उस पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ?08 लाख का इनाम घोषित था।

सोढ़ी कन्ना टेकलगुड़ियम क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों, धरमारम कैंप पर हमले समेत कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है। वह सीसीएम माड़वी हिडमा का सहयोगी था और बटालियन में स्नाइपर के रूप में कार्यरत था। उसके मारे जाने से माओवादी संगठन को स्नाइपर क्षमताओं के लिहाज से भारी क्षति हुई है।




**मुठभेड़ स्थल से बरामद**

1. 01 नग .303 रायफल तथा 05 नग जीवित राउंड
2. एके-47 का मैग्जीन व 59 नग जीवित राउंड
3. नक्सली वर्दी / 01 जोड़ी
4. कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई

**पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी. ने बताया कि—** वर्ष 2024 में प्राप्त निर्णायक सफलताओं को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई ( नक्सली) संगठन के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा सघन, रणनीतिक एवं निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। बीते 18 महीनों (2024/25) में अब तक 415 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं— यह आँकड़ा सुरक्षा बलों की कुशल योजना, साहसिक कार्रवाई और जनसमर्थन का स्पष्ट प्रमाण है।

## मुख्यमंत्री ने सुरक्षाबलो को दी बधाई

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के बीजापुर जिले में माओवादियों की पीएलजीए बटालियन के 8 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को सुरक्षा बलों द्वारा न्यूट्रलाइज किए जाने पर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, सटीक रणनीति और जनसहभागिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का मिशन निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान में पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे वीर सुरक्षाबलों के पराक्रम और सुनियोजित अभियानों का जीवंत उदाहरण है। सुरक्षाबलों की निरंतर और निर्णायक कार्रवाइयों ने नक्सल संगठन की रीढ़ तोड़ दी है। आज नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार पूरी दृढ़ता के साथ यह अभियान जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर क्षेत्र में लोकतंत्र, विश्वास और प्रगति की विजय सुनिश्चित होगी।*



विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भीषण वर्षा और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले मानसून के इस चुनौतीपूर्ण दौर में भी सुरक्षा बलों की सक्रियता, सतर्कता और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। फिसलन भरे जंगल पहाड़ी रास्तों और लगातार बदलते मौसम के बीच भी DRG, STF, CoBRA, CRPF, BSF, ITBP, CAF, Bastar Fighters सहित समस्त बल मजबूत मनोयोग से मिशन को अंजाम दे रहे हैं।

# नव विवाहित दंपति को ट्रक ने कुचला, स्थल पर हुई मौत

भिलाईनगर, 7 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय आईटीआई के समीप फोरलेन में बीति रात्रि सड़क दुर्घटना में एक नव विवाहिता जोड़े की मौत हो गई। खुर्सीपार थाना अंतर्गत 6 जुलाई की रात पौने 11 बजे के करीब अज्ञात ट्रक द्वारा नव विवाहित कपल अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों के द्वारा देर रात को ही सड़क पर चक्का जाम कर दिया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी देर रात शांत हुए। इसके पश्चात दोनों ही शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में पहुंचाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि वार्ड नं 13 कोहका निवासी शिवकुमार कुर्रे 30 वर्ष एवं उनकी पत्नी श्रीमती मुस्कान कुरे 28 वर्ष को कल देर रात एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार के ठीक सामने नेशनल हाईवे रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक द्वारा ठोकर मार कर भाग गया। जिससे बाइक सवार दंपति की मौके पर मौत हो गया। इन दोनों लोगों को मौत से आक्रोशित कॉलोनी वासी द्वारा चक्का जाम कर दिया। पुलिस अधिकारी द्वारा समझाने के बाद शव को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवकुमार कुर्रे का 2 महीने पूर्व ही शादी हुआ था। दोनों पति.पत्नी अपने रिश्तेदार वार्ड 51 खुर्सीपार शिवाजी नगर के घर पर खाना खाने के निमंत्रण पर गए हुए थे। खाना खाकर के पश्चात घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।



# परपोडी में नालियां जाम, गंदा पानी सड़कों पर

**परपोड़ी**, 7 जुलाई(देशबंधु)। परपोड़ी एक ऐतिहासिक स्थान है। यह गोंड वंशी राजाओ की कर्मस्थली है। जानकारी के अनुसार नगर को 2003 में नगर पंचायत का दर्ज प्राप्त हुआ। निकाय में प्रमुख रूप वार्डो के सड़क निर्माण, नालियों का निर्माण, इनका रखरखाव, सड़कों में विद्युत व्यवस्था और नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी प्रमुख होती है। लेकिन परपोड़ी के बस अड्डे में ही नालियों की सफाई नियमित नहीं की जा रही है। बांकी जगहों का अंदाज आसानी से लगाया जा सकता है। नालियां जाम होने से बरसाती पानी और नालियों का दूषित जल सड़कों में बह रहा है। नालियों के पानी से जल से संबंधित बीमारी का खतरा बढ़ गया है।



### नालियों के निर्माण में होते है लाखों खर्च

प्रशासन द्वारा नालियों के निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते है। इन नालियों के माध्यम से दूषित जल का सुरक्षित निपटान होता है। इसके लिए अधोसंरचना मद, 15 वे वित्त की राशि, सांसद निधि, विधायक निधि आदि की राशि खर्च किया जाता है। शहरी क्षेत्रों में यह कार्य नगरीय निकाय के द्वारा किया जाता है। नगर पंचायत परपोड़ी में भी लाखों रुपए खर्च करके नालियों का निर्माण 1 से 15 वार्ड के सभी गलियों में कराया गया है।

### सफाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगरीय निकाय द्वारा नाली, सड़क और सेप्टिक की सफाई ही की जाएगी। घरों से निकलने वाले कचरे को स्व सहायता समूह के द्वारा इकट्ठा किया जाएगा। जिसके सुरक्षित निपटान के लिए सभी 15 वर्षों के प्रत्येक आवास में नीले एवं हरे रंग की बाल्टी कचरा जमा करने हेतु प्रदाय की गई है। जिसे समूह द्वारा प्रत्येक घर से इकठ्ठा किया जाना चाहिए। मुख्य रूप से देखा जाए तो घरों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन समूह के माध्यम से किया जाना है। लेकिन इसकी नियमित देखरेख आवश्यक है जिसके नहीं होने से नगर के प्रमुख स्थानों में पानी का जमाव हो रहा है।

### बारिश में सफाई जरूरी

बरसात के मौसम में नालियों की सफाई जरूरी है। नालियों की सफाई नहीं होने से दूषित जल सड़कों में, घरों और गड्ढों में भरता है। नगर के बस अड्डे में ही पानी का भरा रहता है। दूषित जल का जमाव डेंगू व मलेरिया के मच्छर को पनपने में मदद करता है। नालियों में कचरा जमा होने से दूषित जल सड़कों में बहता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### स्वच्छता का सर्वे लेकिन सुधार नहीं

प्रशासन द्वारा नगरों की स्वच्छता को लेकर सर्वे भी कराया जाता है। सफाई को लेकर आम नागरिकों को कोई दिक्कत हो तो टोल फ्री नंबर 1100 में शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। सर्वे के बाद भी सफाई में सुधार नजर नहीं आ रहा है जबकि इसके लिए शासन द्वारा अलग से खर्च किया जा रहा है। कचरा के सुरक्षित निपटान के लिए एसएलआरएम सेंटर बनाया गया है। जहां कचरे के निपटान के लिए मशीन खरीदने की भी योजना शासन के द्वारा है।

# शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

◆ **आरोपी से कुल 10 लीटर महुआ शराब को किया गया जप्त**

**बिलाईगढ** 7 जुलाई(देशबंधु)। थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई कर दिनांक 07,07,25 को मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के ग्राम गोरबा के रोहित खूंटे नाम का व्यक्ति अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी रोहित खूंटे पिता परसराम खूंटे उम्र 40 वर्ष ग्राम गोरबा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमती 1000 रू को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।




प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्ढ़ शिव कुमार धारी प्र.आर.भंवरलाल काटले प्र.आर.किशोर खटकर आर हेमंत जाटवर कमल कुर्रे म आर मोहन कुमारी समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

## निधन

### महादेव प्रसाद श्रीवास्तव

**महासमुंद** 07 जुलाई (देशबंधु)। स्थानीय पुराना सिविल लाइन निवासी महादेव प्रसाद श्रीवास्तव 87 वर्ष सेवानिवृत प्रधान पाठक का सोमवार शाम निधन हो गया। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### गोपीचंद पटेल

झलप 07 जुलाई (देशबंधु)। ग्राम छिलपावन निवासी गोपीचंद पटेल 75 वर्ष का 7 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम छिलपावन में किया गया। वे दिनेश पटेल के पिता थे।



### राममनोरथ लोधी

आरंग 7 जुलाई(देशबंधु)। ग्राम कलई निवासी श्री राममनोरथ लोधी (उम्र 65) का आकस्मिक निधन हो गया है।वे रामावतार लोधी एवं रवि लोधी के पिता थे।उनका अंतिम संस्कार ग्राम कलई मुक्तिधाम में दिनांक 08 जुलाई 2025 दिन मंगलवार सुबह 10 बजे किया जाएगा।



### नंदिनी देवी साहू

बागबाहरा, 7 जुलाई। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसेकेरा निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद के रूपेंद्र कुमार साहू ( जिला गौ संवर्धन संयोजन एवं सरस्वती शिशु मंदिर प्रकल्प के आचार्य) की धर्मपत्नी श्रीमती नंदिनी देवी साहू का आज 7 जुलाई सोमवार को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 37 वर्ष की थी। जिनका अंतिम संस्कार कसेकेरा गांव में आज सोमवार की शाम किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# गांजा परिवहन करने बस का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर, 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगरनार पुलिस के द्वारा 15 किलो से अधिक गांजा का अवैध परिवहन करने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति अपने कब्जे के सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी एवं काला लाल रंग के पीटठू बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका के पास जगदलपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार कर रहा है कि सुचना पर हमराह पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एन0एच0 63 के पास पहुंच कर देखे मुखबीर के बताये अनुसार एक व्यक्ति रोड किनारे मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम सुनील केंवट पिता स्व गोविंद केवट जाति केंवट उम्म्र 23 साल निवासी मेल पिपलिया पोस्ट उमरिया थाना खातेगांव जिला देवास मध्यप्रदेश का रहने वाला बताये। आरोपी के अधिपत्य के प्लास्टिक बोरी एवं बैग का तलाशी लेने पर कुल 05 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ कुल बजन 15.221 किग्रा. कुल किमती 152000/ रूपया एवं एक नग मोबाईल को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया एवं न्यायिक रिमांड पर न्यायालय जगदलपुर के समक्ष पेश किया गया।



# किसानों के खेत तक नहीं पहुंचा नहर का पानी

**परपोड़ी**, 7 जुलाई(देशबंधु)। प्रशासन द्वारा बीते 5 वर्षों में नहर के निर्माण, संधारण और नहर लाइनिंग के कार्य में करोड़ों रुपए खर्च किया गया ताकि किसानों को फसलों के लिये सिंचाई की सुविधा मिल सके। लेकिन किसानो के खेत तक पानी पहुंचा ही नहीं है। सन 2020- 21 में नवागांव,परपोड़ी, भटगांव होते हुए देवकर तक नहर के संधारण, लाइनिंग वाल आदि का कार्य किया गया। किसानों का कहना है कि 5 साल बाद भी किसानों के खेत में पानी नहीं पहुंचा है।

सिंचाई विभाग से लोगो ने जानकारी लेने का प्रयास किया गया। किसानों ने बताया कि सन 2020 में नहर के संधारण का कार्य प्रारंभ हुआ। नवागांव की ओर से भटगांव से गोड़मर्रा व अन्य गांव तक नहर के निर्माण कार्य किया गया। नहर के बांए एवं दाएं तट में नहर लाइनिंग का कार्य भी किया गया है। इससे परपोड़ी हल्का, भटगांव, गोड़मर्रा, तिरियाभाठ, आदि के गांव के किसानों के खेत में पानी को पहुंचना था। किसानों के गांव तक आज पर्यंत एक बूंद भी पानी नहीं सिंचाई के लिए नहीं पहुंचा है जबकि शासन द्वारा इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं।



प्रशासन के करोड़ों रुपए को अधिकारी, अभियंता और ठेकेदार द्वारा बंदरबांट किया गया है। ठेकेदार को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा भरपूर सहयोग करने के कारण गड़बड़ी हुई है।किसानों का कहना है कि खेत की मिट्टी को बिना अनुमति नहर निर्माण में उपयोग किया गया है। किसानों ने जानकारी चाही तो उन्हें धमकाया गया। किसानों को कहा गया कि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। इसका परिणाम यह हुआ कि नहर को जिस गहराई में बनना था वह बना ही नहीं जिससे खेतों में पानी जाना संभव ही नहीं है। किसानों ने बताया कि नहर निर्माण से पहले सिंचाई विभाग द्वारा किसानों की भूमि का सीमांकन भी नहीं कराया गया था। किसानों के खेतों को जबरदस्ती अधिग्रहित किया गया था। चूंकि यह कार्य पूर्व प्रभावी नेता के क्षेत्र में हो रहा था इसलिए किसी की हिम्मत नहीं हुई। सिंचाई विभाग में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार के संबंध में कोई एक शब्द भी बोल पाएं। किसानों के अनुसार भ्रष्टाचार का आलम यह था कि काली मिट्टी पर काला पालीथीन लगाकर डेढ़ से दो इंच का ढलाई किया गया है जो कि पहली बारिश में बह गया है। अंदाज लगाया जा सकता है कि ठेकेदार ने कैसी मनमानी की है।

# निगम व टाउनशिप में लोगों के घरों में बारिश का पानी

भिलाईनगर, 7 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद शहर सहित आस-पास की बस्तियों में घरों में पानी भरने ी शिकायत मिल रही है। इसके लिये निगम प्रशासन सहित भिलाई टाउनशिप में पानी को निकालने के लिये लोगों को स्वयं ही मेहनत करनी पड़ रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में पानी सप्लाई फिलहाल ठप है। बताया जा रहा है कि मरोदा पंप हाउस के मोटर में पानी घुसने की वजह से खराबी आई है। मोटर खराब होने के कारण पानी की सप्लाई रोक दी गई है। मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मरोदा से खबर आई है कि डब्ल्यूटीपी पंप हाउस का एनआरवी डैमेज हो गया है इसके कारण डब्ल्यूटीपी से टाउनशिप में पानी सप्लाई कब होगा एये पता नहीं है। सावन आने के पहले ही बरिश की झड़ी लग गई है। भिलाई में बादल छाए रहे व बारिश लगातार हो रही है। जिसके कारण टाउनशिप के कई घरों में पानी भर जाने की शिकायत मिल रह है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को सुपेला मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंडर ब्रिज की है। जिसमें पानी भर जाने से वे यातायात के लिये बंद कर दिया जाता है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद चन्द्र मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंड़रब्रिज में पानी भर जाने से इस बंद कर दिया गया है। इस तरह बारिश का पानी निगम व टाउनशिप की निचली बस्तियों में भर जाने से लोगों को काफ परेशानी हुई। रविवार व सोमवार को लगातार बारिश होने से सड़के सुनसानी रही। आज नगर के अनेक स्कूल में बच्चों की उपस्थित कम रही। मार्केट में बारिश पानी की निकासी नही होने के कारण जल भराव की स्थिति है। टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मकानों में बारिश के पानी की सिपेज की समस्या से लोग परेशान रहे। लोगों को कहना है कि इसकी शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग इसमें कोई कार्यवाही नही कर रहा है। जिसके कारण घर का सामान खराब हो रहा है। निगम की पोल भी पहली ही बारिश में खुल गई। बारिश व बाढ़ से बचने के लिये बनाई गई समिति भी लोगों की मदद करने में लचर दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार इस तरह का मौसम आने वाले एक-दो दिनों तक और रह सकता है।



## शेड्यूल-एच दवाओं में दस्तावेजी अनियमितता

# बप्पी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 10 दिन के लिए निलंबित

कोण्डागांव 07 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में औषधियों की गुणवत्ता, खरीदी-बिक्री और दस्तावेजों के सत्यापन को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश और कलेक्टर कोंडागांव के निर्देशानुसार की जा रही है।

इसी क्रम में औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे द्वारा कोंडागांव ब्लॉक अंतर्गत बप्पी मेडिकल स्टोर, किबईबालेगा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल-एच और अन्य दवाओं की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। उल्लंघन के मद्देनज़र फर्म संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बप्पी मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस 10 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। औषधि निरीक्षक श्री धुर्वे ने जानकारी दी कि जिले में सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण जारी है और संदिग्ध औषधियों के नमूनों को औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा जा रहा है। साथ ही उन्होंने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देशित किया है कि दवाइयों की खरीदी-बिक्री से संबंधित समस्त दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करें और केवल मानक और प्रमाणित दवाओं की ही बिक्री करें, साथ ही शेड्यूल-एच, शेड्यूल-एक्स, नार्कोटिक दवाएं तथा एमटीपी किट जैसी औषधियों का विक्रय केवल पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही करें।



# 29 आरोपी आबकारी अधिकारियों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित 2174 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अब विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी किया है।

शराब घोटाला मामले के सभी 29 आरोपियों का चालान कोर्ट में प्रस्तुत करने से पहले न्यायालय में पेश होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन कोई भी आरोपी पेश नहीं हुए। इसके बाद अब विशेष कोर्ट ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर 20 अगस्त को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।




**आबकारी शराब घोटाला**

**शराब घोटाले में इन अधिकारियों को बनाया है आरोपी :** जनार्दन कौरव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, अनिमेष नेताम, उपायुक्त आबकारी, विजय सेन शर्मा, उपायुक्त आबकारी, अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त आबकारी, प्रमोद कुमार नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी, रामकृष्ण मिश्रा, सहायक आयुक्त आबकारी, विकास कुमार गोस्वामी, सहायक आयुक्त आबकारी, इकबाल खान, जिला आबकारी अधिकारी, नितिन खंडुजा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, नवीन प्रताप सिंह तोमर, सहायक आयुक्त आबकारी, मंजुश्री कसेर, सहायक आबकारी अधिकारी, सौरभ बख्शी, सहायक आयुक्त आबकारी, दिनकर वासनिक, सहायक आयुक्त आबकारी, मोहित कुमार जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी, नीतू नोतानी ठाकुर, उपायुक्त आबकारी, गरीबपाल सिंह दर्दी, जिला आबकारी अधिकारी, नोहर सिंह ठाकुर, उपायुक्त आबकारी, सोनल नेताम, सहायक आयुक्त आबकारी, प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त आबकारी, अलेख राम सिदार, सहायक आयुक्त आबकारी, आशीष कोसम, सहायक आयुक्त आबकारी, ए.के. सिंह, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त), राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त आबकारी, जे.आर. मंडावी, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त), जी.एस. नुरुटी, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त), देवलाल वैद्य, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त), ए.के. अनंत, जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त) वेदराम लहरे, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त), एल.एल. ध्रुव, सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त)।

गौरतलब है कि राज्य में शासकीय शराब दुकानों के माध्यम से बी-पार्ट शराब की अवैध बिक्री के खुलासे के बाद, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने इस घोटाले की जांच में बड़ा कदम उठाते हुए चतुर्थ पूरक चालान आज न्यायालय में प्रस्तुत किया है। यह चालान 5 जुलाई को दाखिल किया जाना था, लेकिन विशेष न्यायाधीश के अवकाश के चलते इसे आज पेश किया गया।

वर्ष 2019 से 2023 के बीच, राज्य के 15 बड़े जिलों में पदस्थ आबकारी अधिकारी और अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा बिना ड्यूटी चुकाई गई देसी शराब की शासकीय दुकानों में समानांतर अवैध बिक्री की गई। बस्तर और सरगुजा संभाग को छोड़कर चयनित जिलों में अधिक खपत वाली देसी शराब दुकानों को डिस्टलरी से सीधे अतिरिक्त अवैध शराब भेजी जाती थी, जिसे वैध शराब के साथ समानांतर बेचा जाता था।

इस पूरे नेटवर्क में डिस्टलरी, ट्रांसपोर्टर, सेल्समैन, सुपरवाइजर, आबकारी विभाग के जिला प्रभारी अधिकारी, मंडल व वृत्त प्रभारी, और मैन पावर एजेंसी के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। अवैध शराब को बी-पार्ट शराब कहा जाता था, और इससे अर्जित रकम सीधे सिंडीकेट के पास पहुंचाई जाती थी।

# कबीरधाम कलेक्टर के दुर्व्यवहार के विरोध में सौंपा ज्ञापन, खेद प्रकट करने पर आंदोलन स्थगित



**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कर्मचारियों के साथ किए गए सार्वजनिक दुर्व्यवहार के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के समस्त जिलों में विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। फेडरेशन ने सरकार से मांग की थी कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं संबंधित के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए।

इस संबंध में कलेक्टर कबीरधाम द्वारा फेडरेशन के जिला संयोजक प्रताप चंद्रवंशी एवं प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्वजनिक रूप से चर्चा करते हुए फेडरेशन के प्रति अपनी बात स्पष्ट की गई तथा खेद प्रकट किया गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

उक्त घटनाक्रम के पश्चात फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जी.आर. चंद्रा, रोहित तिवारी एवं संजय सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह घोषणा की है कि चूंकि कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त कर लिया गया है, अत: इस प्रकरण के विरोध में प्रस्तावित आगामी चरण के आंदोलन को स्थगित किया जाता है।

# 15 करोड़ की ठगी, केके श्रीवास्तव न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर के प्रोजेक्ट में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम के करीबी केके श्रीवास्तव की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को उन्हें तेलीबांधा थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट रायपुर में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



पुलिस ने कोर्ट में दोबारा रिमांड की मांग नहीं की। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी रावत एसोसिएट्स के मालिक अशोक रावत ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 500 करोड़ रुपये का ठेका दिलवाने के नाम पर करीब 15 करोड़ रुपए की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जांच में यह भी सामने आया कि श्रीवास्तव और उनके बेटे कंचन श्रीवास्तव के खातों में करीब 300 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है। यह रकम फर्जी कंपनियों और ईडब्ल्यूएस के नाम पर खोले गए खातों में ट्रांसफर की गई।

# कैंसर पीड़ित बच्चे को दी गई कीमोथेरेपी

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वास्थ्य सेवा विस्तार के विजन को साकार करते हुए, अंबिकापुर जिले के नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (यूसीएचसी) ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को नवापारा यूसीएचसी में न्यूरोब्लास्टोमा से पीड़ित एक मासूम बच्चे को सफलतापूर्वक कीमोथेरेपी की चौथी साइकिल दी गई। यह पहली बार है जब नवापारा सीएचसी में किसी बाल कैंसर मरीज को कीमोथेरेपी दी गई है, जो राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को कीमोथेरेपी देना दुर्लभ माना जाता था, जिसके कारण कैंसर से पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पतालों या बड़े शहरों में भटकना पड़ता था। नवापारा यूसीएचसी ने इस पुरानी प्रथा को बदलते हुए एक नई मिसाल कायम की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कैंसर से जूझ रहे बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके, जिससे उनके परिवारों पर यात्रा और आर्थिक बोझ कम हो।



**नई शुरुआत की ओर एक और कदम नवापारा यूसीएचसी**

इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी और ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा, यह सिर्फ इलाज नहीं है, बल्कि एक उम्मीद की शुरुआत है। पहले बच्चों को कीमोथेरेपी के लिए मेडिकल कॉलेज या बड़े अस्पताल भेजना पड़ता था, लेकिन अब हमने नवापारा सीएचसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी है। यह हमारी टीम की सामूहिक मेहनत और सेवा भाव का परिणाम है।

इस सफल पहल के लिए पूरी चिकित्सा टीम जिसमें डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स, तकनीशियन, और फार्मासिस्ट शामिल हैं, जिन्हे धन्यवाद दिया गया। यह घोषणा की गई कि आने वाले समय में कैंसर मरीजों को यहां इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। यह कदम नवापारा सीएचसी को एक मॉडल कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर की दिशा में ले जाएगा, जो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के राज्यव्यापी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह सफलता जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन, कैंसर मरीजों के लिए अटूट समर्थन, जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों और केंद्र प्रभारी डॉ. शीला नेताम एवं नवापारा के समस्त स्टाफ नर्स की दृढ़ संकल्प सेवा के अथक समर्पण से संभव हुई है।

यह ऐतिहासिक विकास न केवल नवापारा यूसीएचसी के स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साह बढ़ाता है, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद लेकर आता है। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उन्हें सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 175 बार रक्तदान करने वाले नवनीत झा सांसद बृजमोहन के निवास में हुए सम्मानित

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल वि वि के कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि आचार्य सरयूकांत झा के अनुज उमाकांत झा के सुपुत्र नवनीत झा ने 175 बार रक्तदान करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये आप के द्वारा हर बार रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से ही हर चार चार माह में रक्तदान करते आ रहे हैं और एक एक जीवन के साथ साथ कई जीवन को बचाने का पुण्य कार्य करने वीणा उठाया है



आप कश्मीर के शब्बीर खान 174 बार रक्तदान करके राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले को पीछे छोड़ते हुए अपना नया रक्तदान का राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया है, नवनीत झा जी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास स्थान में ब्लड डोनेट किये सांसद बृज मोहन अग्रवाल ने कहा कि हर ब्यक्ति को ब्लड डोनेट करने की अपील की, नवनीत झा जी ने बृज मोहन जी के हाथों सम्मानित होकर अपने आप को गौरान्वित महसूस करते हैं।

नवनीत झा के द्वारा 175 बार रक्तदान करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये जाने पर मैथिल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय कुमार झा सचिव भवेश पंकज झा और कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र ने समाज की ओर से बधाई दी।

# अमर गिदवानी ने कचरा उठाव कार्य का लिया जायजा



**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। आज बरसते पानी में रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के कटोरा तालाब की गलियों में वार्ड पार्षद एवं निगम एमआईसी सदस्य श्री अमर गिदवानी जोन 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीरेन्द्र चंद्राकर के साथ निकले और गलियों की सफाई कामगारों द्वारा सफाई और बरसते पानी में कचरे के उठाव के अभियान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और वार्ड की सफाई के सम्बन्ध में जोन स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

# युक्तियुक्तकरण के बाद कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश**

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जारी आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने आदेश जारी किया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारी, सभी संभाग संयुक्त संचालक, सभी प्राचार्यों को आदेश की प्रतिलिपि भेजी गई है।

आदेश में कहा गया है कि अतिशेष शिक्षकों का विभिन्न स्कूलों में पदस्थापना किया गया है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों का आगामी आदेश तक वेतन आहरण रोका जाएगा। साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। हालांकि कोर्ट से राहत लेने वाले शिक्षकों पर ये आदेश लागू नहीं होगा।

# बरसते पानी में नाली की सफाई



**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। आज राजधानी शहर रायपुर में लगातार बरसते पानी में रायपुर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद भगत राम हरवंष ने नगर निगम जोन 8 जोन कमिष्नर श्रीमती राजेष्वरी पटेल एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेष झा सहित जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्षेत्र में कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण करते हुए नालियों एवं नाले की सफाई करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु गंदे पानी का निकास स्थल पर सुनिष्चित करवाया। सफाई व्यवस्था को लेकर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वार्ड पार्षद से हाउसिंग बोर्ड कालोनी कबीर नगर क्षेत्र की सफाई एवं निकासी व्यवस्था को लेकर स्थल पर चर्चा करते हुए इस संबंध में जोन कमिष्नर ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को आवष्यक निर्देष दिये।

# बस्तर में फैल रहा है अब विकास का उजियारा

**रायपुर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, घने वन क्षेत्र और विविध जनजातीय समुदायों के लिए जाना जाता है, लंबे समय से नक्सलवाद की चुनौती से जूझता रहा है। बस्तर के विकास में बाधक रहे नक्सलवाद के अब यहां से नक्सल उन्मूलन की अंतिम लड़ाई जारी है। बस्तर संभाग अपनी कला एवं संस्कृति के लिए विशिष्ट पहचान रखता है अकेले बस्तर संभाग में ही हल्बी, गोड़ी, भतरी दोलरी जैसे पारंपरिक बोली, बोली जाती है। वर्षों से अशांत रहे बस्तर अंचल में ढोल और मांदर की थाप अब फिर से सुनाई देने लगेगी। मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है। सटीक रणनीति के साथ यहां आतंक के खात्मे और सामाजिक-आर्थिक विकास के काम हो रहे हैं। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों में जिस तरह लोगों ने भागीदारी की वो इस बात का प्रमाण है की बस्तर में अब शांति स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मानना है कि ''लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर शोर से जारी है। इसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैंठेंगे।''

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए थे इस दौरान उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के वीर जवान कठिन चुनौतियों और दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को ऐतिहासिक सफलता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का अद्वितीय साहस और बलिदान न केवल हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शित करता है, बल्कि पूरे देश को एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि हमारा देश अब नक्सलवाद की बेड़ियों से मुक्त होने की ओर अग्रसर है।



छत्तीसगढ़ में बीते 21 मई 2025 को माओवादी सरगना बसव राजू के साथ अबूझमाड़ के जंगल में 26 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों के हाथों मारे जाने से नक्सलवाद की कमर टूटी है। इस पर सवा 3 करोड़ का ईनाम घोषित था। तीन दशकों में पहली बार हुआ है कि जनरल सेक्रेटरी रैंक का कोई माओवादी न्यूट्लाइज किया गया। यह असाधरण कामयाबी है और इस बात का स्पष्ट संकेत है कि नक्सल के ताबूत में हमने अंतिम कील जड़ दिया है। इसके अलावा शीर्ष ईनामी नक्सली लक्ष्मी नरसिम्हा चालम उर्फ सुधाकर भी 05 जून 2025 को नेशनल पार्क एरिया में पुलिस मुठभेड़ में ढेर किया गया, इस पर 1 करोड़ का ईनाम था।

नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना नक्सल प्रभावित इलाकों में गेम चेन्जर्स साबित हो रही है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों एवं ग्रामीणों को 17 विभागों की 59 हितग्राहीमूलक योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा।

प्रदेश में पिछले डेढ़ साल के भीतर सुरक्षाबलों ने अपनी बहादुरी से 438 नक्सलियों को मार गिराया है। साथ ही 1515 नक्सलियों को गिरफ्तार किया और 1476 नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने पर विवश किया है। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारे सुरक्षा बल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन कैंपों के माध्यम से हमारी सरकार अंदरूनी गांवों तक सुरक्षा के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की पहुंच भी सुनिश्चित करने में सफल हो रहे हैं।

**आखिर क्यों खास है पूवर्ती गांव**

सुकमा जिले के अंदरूनी व अतिसंवेदनशील क्षेत्र में बसा हुआ पूवर्ती गांव एक वक्त नक्सलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना हुआ करता था। एक करोड़ रूपए का ईनामी नक्सली हिड़मा तथा टेकलगुड़ा कैंप निर्माण के दौरान नक्सली हमले की घटना का मास्टरमाइंड देवा का यह पैतृक गांव होने के कारण हमेशा चर्चा में रहा है। माओवादियों का प्रभाव में होने के कारण पूवर्ती गांव में शासन की योजनाएं नहीं पहुंच पा रही थी, लेकिन अब इस गांव में सुरक्षा कैम्प खुलने से यहां के लोगों को तेजी से मूलभूत सुविधाएं सुलभ होने लगी है।

आदिवासी बाहुल्य आबादी, अनुपम नैसर्गिक सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बस्तर में आज विकास का सबसे बढ़ा अवरोधक है नक्सली हिंसा। पिछले 3 दशकों में नक्सलियों ने यहां अपने पैर पसारे। बंदूक के दम पर हिंसा के साथ विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई। नक्सलियों ने अपने झूठे, खोखले सिद्धांतों के जरिए लंबे समय तक भोले-भाले आदिवासियों को भ्रम में डाला, हिंसा का सहारा लेकर उन्हें डराने की कोशिश की। बच्चों से उनके स्कूल छीने, उनका बचपन छीना उन्हें हिंसा की राह पर धकेला। कई परिवारों को बर्बाद किया, सुहागनों की सिंदूर उजाड़े, बेटियों को अगवा किया और उन्हें भी हिंसा के रास्ते पर ले गए। इसी वजह से संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर पर देश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक होने का धब्बा लगा। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास के इस अवरोध को पूरी तरह से समाप्त करने पर डटी हुई है।

बस्तर में विकास का अब नया सबेरा होने वाला है। यहां नक्सलियों की कमर टूट चुकी है। लोगों को अब खुशहाल बस्तर मिलेगा। पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान पूरे हौंसले के साथ नक्सल मोर्चे पर डटे और अब जल्द ही नक्सलियों का समूल अंत होगा।

**- छगन लोन्हारे**
**उप संचालक, जनसम्पर्क**

उल्टा पुल्टा

पत्नी - तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो ?
पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है. गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं. पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई।

## संपादकीय

### मितानिनों से किया वादा पूरा हो

*प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ एक बार फिर से मितानिनें तथा उनके जैसे वर्गों के शासकीय कार्यकर्ता हड़ताल पर जा रहे हैं। इनमें मितानिनों के अलावा उनके प्रशिक्षक, हेल्थ डेस्क फेसिलिटेटर और विकासखंड समन्वयक हैं जो सोमवार से काम और कलम बंद हड़ताल पर चले गये। वैसे तो उनकी 9 मांगें हैं लेकिन मुख्य है- उनका स्वास्थ्य विभाग में संविलियन तथा वेतन में 50 फीसदी की बढ़ोतरी, जिसका वायदा भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में किया था।*

*भाजपा की सरकार तो बनी लेकिन यह आश्वासन पूरा नहीं किया जा सका है। उपरोक्त मांगों के अतिरिक्त प्रति माह नियमित भुगतान तथा केन्द्र व राज्य के अंश की प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान भी अन्य प्रमुख मांगें हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 13 दिसम्बर से भी लम्बी हड़ताल मितानिनों व सम्बन्धित कार्यकर्ताओं ने की थी। उस समय उनकी हड़ताल इस आशा में खत्म हो गयी थी कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें पूरा करेगी। ऐसा न होने से इन वर्गों ने फिर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया।*

*ग्रामीण व अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में ये मितानिनें बहुत महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। खासकर जिन इलाकों के गांवों में व्यवस्थित और सुनियोजित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। महिलाओं व बच्चों के सुपोषण से लेकर प्राथमिक उपचार और उन्हें दवाएं सुझाना, अवसर पड़ने पर अस्पताल ले जाने जैसे काम वे निष्ठा भाव से तथा समर्पण के साथ करती हैं। अन्य जो वर्ग हड़ताल करने के लिये आये हैं उनकी भूमिका को भी कतई कमतर नहीं आंका जा सकता। शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य-उप स्वास्थ्य केन्द्रों की जहां तक पहुंच नहीं हैं, उन गांवों व आदिवासी इलाकों में ये मितानिनें चौबीसों घंटे जनसेवा के मैदान में डटी रहती हैं।*

*इन्हें जनता के काम में उलझे रहने के कारण खुद के परिवारों की ओर भी ध्यान देने का वक्त नहीं होता। इस लिहाज से देखें तो उनकी मांगें जायज हैं। यदि इनकी तनख्वाह अच्छी हो तथा उन्हें प्रोत्साहन राशि मिले तो उनका अपना जीवन स्तर भी सुधरेगा। आज वे जिन परिस्थितियों में रहती हैं, पहले उसी में सुधार की सख्त ज़रूरत है। सरकार को चाहिये कि वह मितानिनों के संघ से तत्काल न सिर्फ बात करे वरन उनकी मांगों को पूरा भी करे।*

*जन स्वास्थ्य केन्द्र व राज्य सरकार दोनों की वरीयता सूची में है। सतत विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) के तहत भी सभी सरकारों के लिये यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय बाध्यता है कि वे अपने नागरिकों के लिये अच्छी स्वास्थ्य सेवा मुहैया करायें। यह सिर्फ दवाओं, बड़े अस्पतालों और उच्च शिक्षित डाक्टरों से नहीं होगा वरन उन्हें भी साथ लेना होगा जिनका सीधा सम्पर्क समाज के निचले स्तर तक है। मितानिनें तथा अन्य सम्बन्धित वर्ग जिनकी सेवा करते हैं वे ही समाज के अंतिम व्यक्ति हैं।*

## बगैर स्वीकृत ले आऊट एवं हार्वेस्टिंग के भौतिक सत्यापन किये बिना भवन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी

### महापौर ने ली इंजीनियरों की बैठक

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने अपने कक्ष में इंजीनियरों की बैठक लेकर उन्हें सौंपे गये नये प्रभारी वाले वार्डो की समीक्षा की चल रहे कार्यो की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बगैर ले आउट के भवन अनुज्ञा पत्र जारी न किये जायें और न ही रैन वाटर हार्वेस्टिंग का भौतिक सत्यापन कराये किसी भवन स्वामी को भवन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाये। महापौर ने वार्डो के भीतर जर्जर हो रही सड़कों पर डस्टफीलिंग करने के लिये शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार करें। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी कार्य ठेकेदारों के भरोसें छोड़ देने की बजाय अधिकारी मौके पर जाकर कार्य का निरीक्षण करें। उन्होंने विकास कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



बैठक में महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डो में सड़कों व गलियों में जहां भी पानी भराव की स्थिति है वहां तत्काल ही पानी निकाली के लिये नाली निर्माण किया जाये। वार्डो की भीतरी सड़कों से पानी भराव की स्थिति न बनें इसका पूरा ख्याल रखा जायें।

उन्होंने कहा कि जिस भी काम्पलेक्स में अंडर ग्राउण्ड पार्किंग को बंद किया गया है वहां पर शीघ्र जांच कर कार्रवाई की जायें। उन्होंने प्रत्येक जोन क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने रैन हार्वेस्टिंग के कार्यो के समय समय पर भौतिक निरीक्षण करते रहने के भी निर्देश दिये। बैठक में उपअभियंता हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, अर्पणा मिश्रा, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे मौजूद रहें।

## मामूली बात को लेकर सभापति श्याम शर्मा के पड़ोसी अधिवक्ता चौबे के मध्य जमकर झड़प

- **एक दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप**
- **पुलगांव थाने में दोनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज**

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ऋषभ ग्रीन सिटी में गत रात्रि रास्ते से एक्टीवा हटाने के मामले को लेकर नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा एवं उनके पड़ोसी वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज चौबे के बीच इस कदर गर्मागर्म बहस गाली गलौच चली कि मामला पुलगांव थाने तक पहुंच गया। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध गंभीर आरोप लगाये है। फिलहाल पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आज इस मामले को लेकर नगर निगम से लेकर अधिवक्ता परिषद व जिला न्यायालय में काफी सरगर्मी बनी रही।

दोनों पक्षों से मिली अलग अलग जानकारी के अनुसार अधिवक्ता नीरज चौबे गत रात्रि भिलाई से सपरिवार अपनी कार से भिलाई से अपने निवास ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग आ रहे थे। उनका कहना था कि इसी कालोनी में भाजपा के नेता रामफल शर्मा व उनके दामाद निगम सभापति श्याम शर्मा रहते है। यहीं पर रामफल शर्मा के निवास के सामने एक्टीवा व कुछ अन्य वाहन खड़ी थी। जिसकी वजह से वे अपनी कार निवास तक नहीं ले जा पा रहे थे। इस पर श्री चौबे ने लगातार कार का हार्न बजाना शुरू कर दिया। लगातार हार्न बजने से परेशान होकर श्याम शर्मा घर से निकलकर बाहर आये और श्री चौबे को पहचानते हुए लगातार हार्न बजाने का कारण पूछने लगे।

श्री शर्मा का आरोप है कि उनके द्वारा लगातार हार्न बजाने कारण पूछने पर श्री चौबे काफी नाराज हो गये। इसी बीच दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई और बात बढ़ती चली गई। श्री शर्मा का आरोप है कि बातों ही बातों में श्री चौबे इस तरह आपे से बाहर हो गये कि उन्होंने अपनी कार श्याम शर्मा पर चढ़ा दीं जिससे उन्हें चोट पहुंची। श्री शर्मा ने श्री चौबे पर इरादतन उन्हें चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है। यह मामला लगातार तूल पकड़ता गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलगांव थाने की पुलिस टीम एवं डीएसपी श्री राठौर मौके पर पहुंच गये। श्री शर्मा का उन्हें लगी चोट की जांच के लिये मुलाहिजा कराया गया।

इसके कुछ देर बाद ही पुलगांव थाने में श्री शर्मा के समर्थन में पार्षदगण व भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई और नारेबाजी की जाने लगी। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को उचित व निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया इसके बाद वे लोग यहां से विदा हो गये। ये प्रदर्शनकारी श्री चौबे की भी मेडिकल जांच के लिये दबाव बना रहे थे। उन पर नशे में होने का आरोप लगाया गया।

इधर अधिवक्ता नीरज चौबे से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि घर जाते समय उनकी कार मार्ग में एक्टीवा व अन्य वाहन खड़े होने से आगे नहीं बढ़ाई जा सक रही थी। उन्हें घर पहुंचने की जल्दी थी इसलिए वे हार्न बजा रहे थे। इस पर श्री शर्मा घर से बाहर आये और तैश में बातें करने लगे। इससे कहासुनी हुई। उन्होने श्याम शर्मा द्वारा लगाये गये अन्य सभी आरोपों को गलत बताया है। श्री चौबे ने जिला अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष नीता जैन को भी लिखित पत्र सौंपकर इस मामले में परिषद के समर्थन की मांग की है। सुश्री जैन ने इस प्रतिनिधि से कहा कि अभी इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। देर रात मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस की जांच टीम गठित की गई है। यह जानकारी एएसपी सुखनंदन राठौर ने दी।

## भिलाई राउंड टेबल ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा देने की अनुकरणीय पहल



- **बोरी स्कूल में कराया 14 कक्षाओं का निर्माण, विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाया जरुरत का सामान**

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षाविद, युवा उद्यमी एवं समाजसेवियों की संगठन भिलाई राउंड टेबल.243 ने शिक्षा और विद्यार्थियों को स्कूल में बेहतर सुविधा प्रदान करने अभिनव पहल की है। हाल ही में राउंड टेबल द्वारा ग्राम बोरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 14 कक्षाओं का अतिरिक्त निर्माण कराया गया। साथ ही स्कूल में बालक और बालिकाओं के लिए शौचालय एवं वॉटर फिल्टर की व्यवस्था की गई। स्कूल में कक्षाओ के निर्माण से छात्रों को राहत मिलेगी और अध्ययन अध्यापन के लिये अनुकूल माहौल मिलेगा। इससे पहले भी भिलाई राउंड टेबल द्वारा ग्राम बिरेभाट, कोडिया, समोदा, कोसानगर, बापूनगर, बासीन, ननकट्ठी, ढौर में स्कूली कक्षाओ का निर्माण करवाया गया है। भिलाई राउंड टेबल विद्यार्थियों को स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने पिछले 10 वर्षों से इस तरह का कार्य रही है। अभी तक कुल 48 कक्षाओ का निर्माण दुर्ग.भिलाई की विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। इसके अलावा भिलाई राउंड टेबल द्वारा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी विभिन्न स्कूलों में कराया गया है। भिलाई राउंड टेबल जरुरतमंद स्कूली बच्चों के मदद में हमेशा अग्रणी रही है। उन्होने स्कूली बच्चों को उनकी जरुरत व आवश्यकता की सामान उपलब्ध करवाया है। गौरतलब है कि भिलाई राउंड टेबल में भिलाई.दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी प्रमुख रूप से जुड़े हुए है। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से 48 क्लासरूम का निर्माण कराया जा चुका है। भिलाई राउंड टेबल राउंड टेबल इंडिया का एक अभिन्न हिस्सा है।

## साध्वियों का रतन भवन में भव्य मंगल प्रवेश, चातुर्मास 10 जुलाई से



**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। साध्वी समुदाय के साथ प्रियदर्शना श्रीजी आनंद मधुकर भवन में प्रवेश कर चुकी है। साध्वी समुदाय के सानिध्य में चातुर्मास कार्यक्रम 10 जुलाई से शुरू होगा। साध्वी प्रियदर्शना अपने साध्वी समुदाय के साथ 6 जुलाई को दोपहर स्टेशन रोड स्थित डालचंद संदीप कुमार सुराणा के निवास से निकलकर पदविहार करते हुए जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में प्रवेश किया।

साध्वी समुदाय के सम्मान संघ महिला मंडल, श्रमण संघ बालिका मंडल और आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति दी। आनंद मधुकर रतन भवन में धर्मसभा को समन्वय साधिका प्रिदर्शना श्रीजी, साध्वी विचक्षणा श्रीजी, सुप्रज्ञपति ने संबोधित किया। उन्होंने चातुर्मास के शुभअवसर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर का उपयोग धर्म ध्यान से जुड़कर त्याग तपस्या कर अपना जीवन सफल बनाना है।

धर्मसभा को संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा, सुमित जैन, पदम छाजेड़, रचिता श्रीश्रीमाल ने भी संबोधित किया। संचालन स्थानकवासी श्रावक श्रवण संघ के मंत्री राकेश संचेती ने किया।

## राजीव नगर में जलभराव, उरला वार्ड में जर्जर सड़क, शिवपारा वार्ड में अतिक्रमण को लेकर जनदर्शन में शिकायत

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन के दौरान नगर निगमए समाज कल्याण, खाद्य विभाग एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 80 आवेदन प्राप्त हुए।

शिवपारा वार्ड क्रमांक 38 के निवासी ने अपने क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वार्डवासी द्वारा उनके निवास मकान के सामने अतिक्रमण कर भैसांपुर चबूतरा का निर्माण कर लिया गया है, जहां नियमित रूप से पशु बलि जैसी गतिविधियाँ की जाती हैं। इस चबूतरे के कारण आम रास्ता बाधित हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। संकरी सड़क और धार्मिक गतिविधियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। आवेदक ने भैसांपुर चबूतरे को हटाकर किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए आवेदन दिया। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्डवासियों ने बारिश में डुबान से राहत दिलाने आवेदन दिया। राजीव नगर वार्ड क्रमांक 4 के वार्डवासियों ने बताया कि बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र की तीन प्रमुख नालियाँ वार्ड 02 (शिव नगर), वार्ड 04 (राजीव नगर) और वार्ड 03 (मठपारा) की निकासी का पानी नया आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित एक संकीर्ण नाली में मिलती हैं। यह नाली मोहल्ले की महिला के घर के बगल से होकर गुजरती है, महज 3 फीट चौड़ी हैए जबकि इससे जड़ने वाली नालियां इससे कहीं अधिक चौड़ी हैं। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



कलेक्टर जनदर्शन में 80 आवेदन

वार्ड क्रमांक 58 के पूर्व पार्षद ने सड़क जीर्णोद्धार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उरला क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई सड़क, जो चंडी चौक से होकर नदी रोड होते हुए उरला तक जाती है। बजरंग होटल से बजरंग पारा तक की सड़कें अत्यंत खराब है। यह सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि प्रतिदिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यह मार्ग न केवल क्षेत्रीय नागरिकों के लिए, बल्कि उरला हाई स्कूल के छात्र.छात्राओं के लिए भी मुख्य रास्ता है। छात्राएं आए दिन इस जर्जर सड़क से स्कूल आना.जाना करते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा बना रहता है। रात के समय इस मार्ग से बेलौदी, मालूद और आसपास के गांवों के हजारों राहगीर आवागमन करते हैं। खराब सड़क और अंधेरे के कारण इस रास्ते पर चलना बहुत मुश्किल होता है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## छेड़छाड़ का फरार आरोपी 24 वर्षो बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा, जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ छेड़छाड़ कर अपमानित करने के मामले में आजक थाना की पुलिस ने 24 वर्षो बाद एक आरोपी कमल सिंह उर्फ शुभपाल को भिलाई की एक कंपनी में गार्ड के रूप में काम करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी को उपपुलिस अधीक्षक क्राईम हेमप्रकाश नायक एवं उनकी टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी 30 नवंबर 2001 से पुलिस के चकमा देकर फरार था। उसके विरूद्ध न्यायालय से समय समय पर गिरफ्तारी वारंट जारी किये जाते रहे है। वह पुलिस से बचने के लिये नाम व पता बदलकर भिलाई में रह रहा था। आरोपी मूलरूप से डौंडीलोहारा का निवासी था।

## दुर्ग में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता कराने का निर्णय



**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग जिला कुश्ती संघ की बैठक में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में दुर्ग में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही संघ के नये पदाधिकारियों का चयन किया गया।

संघ के नये पदाधिकारी अध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, उपाध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, सचित नागेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित साहू चुने गये है।

## भव्य बाकलीवाल ने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा



**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। खंडेलवाल कालोनी निवासी विमल बाकलीवाल के सुपुत्र भव्य जैन बाकलीवाल ने कड़ी मेहनत से प्रथम प्रायस में सीए की परीक्षा अच्छे अंक से उत्तीर्ण की है।

भव्य ने कक्षा 12 वीं से ही ठान लिया था कि उसे आगे क्या करना है और आज यह उसी का परिणाम है कि आज उन्होने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## अब स्मार्ट, एलईडी टीवी आडियो विजुअल से पढ़ेंगे प्राथमिक शाला के बच्चे

- **स्टार लाईट फाउंडेशन ने स्कूल में किया स्तंभ शाला का शुभारंभ**

**दुर्ग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूती देने वाले निपुण भारत मिशन की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर स्टारलाइट फाउंडेशनए जो वर्ष 2020 से बाल शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एक प्रतिष्ठित गैर.सरकारी संस्था है, ने जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बोरिगारका में अपनी पहली स्तंभशाला का शुभारंभ किया। यह पहल ग्रामीण भारत में गुणवत्तापूर्ण और मूलभूत शिक्षा को बच्चों तक सुलभ कराने की दिशा में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

स्तंभशाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कक्षा है, जो कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की फाउंडेशनल लिट्रसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) की क्षमताओं को विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस कक्षा को आधुनिक तकनीकी और शिक्षण उपकरणों से सुसज्जित किया गया है स्मार्ट एलईडी टीवी के माध्यम से बच्चों को ऑडियो.विजुअल माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। रिच प्रिंट स्टडी मैटेरियल, चाट्‌र्स, चित्रात्मक पुस्तकों और कार्यपुस्तिकाओं से बच्चों की पढ़ाई को रोचक और प्रभावशाली बनाया गया है। फन लर्निंग एक्टिविटी किट और शैक्षिक खिलौनों के माध्यम से बच्चों को खेल.खेल में सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदलाल चौधरी (संयुक्त संचालक) महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि श्रद्धा साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, ग्राम सरपंच चुम्मन यादव संकुल प्रिंसिपल श्री जांगड़े ने अपनी उपस्थिति दी।



मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने कहा कि स्तंभशाला जैसी पहल देश की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। यह समय की आवश्यकता है कि हम बच्चों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा में सशक्त बनाएं। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य भी यही है कि 2026 तक हर बच्चा कक्षा 3 के अंत तक पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय कौशल में निपुण हो। संस्था के अध्यक्ष प्रतीक ठाकरे ने बताया कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की सहायता से एक विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम बच्चों की सीखने की क्षमता रुचि और सीखने की गति के अनुरूप अनुकूलित है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक आनंदमयी अनुभव बनाना है। स्तंभशाला के माध्यम से हम बच्चों के अंदर सीखने की जिज्ञासा जगाने का प्रयास कर रहे हैं। यह हमारी पहली कक्षा हैए और आने वाले महीनों में हम अन्य स्कूलों में भी इस मॉडल को लागू करेंगे।

टीम सदस्य अनुराग शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले 2.5 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और अब वह दुर्ग जिले के साथ.साथ पूरे छत्तीसगढ़ में अपने प्रयासों का विस्तार करने की योजना बना रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीत, कविता पाठ और समूह नृत्य प्रमुख रहे। यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके उज्जवल भविष्य की ओर प्रेरित करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।

## उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 परशुराम वार्ड में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आई.डी. क्रमांक 501007012 का संचालन कर रही संस्था सीता गीता महिला स्व सहायता समूह बेमेतरा द्वारा 1 जुलाई को संचालन में असमर्थता व्यक्त करते हुए त्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके फलस्वरूप उक्त दुकान रिक्त हो गई है।

उक्त रिक्त दुकान के संचालन हेतु छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समिति, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम अथवा वन सुरक्षा समितियां, जो न्यूनतम तीन माह पूर्व पंजीकृत हों, वे 11 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# निगम व टाउनशिप में लोगों के घरों में बारिश का पानी

## पंप हाउस में भरा पानी प्लांट और भिलाई टाउनशिप में पानी सप्लाई प्रभावित



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद शहर सहित आस-पास की बस्तियों में घरों में पानी भरने ी शिकायत मिल रही है। इसके लिये निगम प्रशासन सहित भिलाई टाउनशिप में पानी को निकालने के लिये लोगों को स्वयं ही मेहनत करनी पड़ रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में पानी सप्लाई फिलहाल ठप है। बताया जा रहा है कि मरोदा पंप हाउस के मोटर में पानी घुसने की वजह से खराबी आई है। मोटर खराब होने के कारण पानी की सप्लाई रोक दी गई है। मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मरोदा से खबर आई है कि डब्ल्यूटीपी पंप हाउस का एनआरवी डैमेज हो गया है इसके कारण डब्ल्यूटीपी से टाउनशिप में पानी सप्लाई कब होगा एये पता नहीं है। सावन आने के पहले ही बरिश की झड़ी लग गई है। भिलाई में बादल छाए रहे व बारिश लगातार हो रही है। जिसके कारण टाउनशिप के कई घरों में पानी भर जाने की शिकायत मिल रह है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को सुपेला मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंडर ब्रिज की है। जिसमें पानी भर जाने से वे यातायात के लिये बंद कर दिया जाता है। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद चन्द्र मौर्या टाकीज के समीप बने रेलवे अंड़रब्रिज में पानी भर जाने से इस बंद कर दिया गया है। इस तरह बारिश का पानी निगम व टाउनशिप की निचली बस्तियों में भर जाने से लोगों को काफ परेशानी हुई। रविवार व सोमवार को लगातार बारिश होने से सड़के सुनसानी रही। आज नगर के अनेक स्कूल में बच्चों की उपस्थित कम रही। मार्केट में बारिश पानी की निकासी नही होने के कारण जल भराव की स्थिति है। टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मकानों में बारिश के पानी की सिपेज की स्मस्या से लोग परेशान रहे। लोगों को कहना है कि इसकी शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग इसमें कोई कार्यवाही नही कर रहा है। जिसके कारण घर का सामान खराब हो रहा है। निगम की पोल भी पहली ही बारिश में खुल गई। बारिश व बाढ़ से बचने के लिये बनाई गई समिति भी लोगों की मदद करने में लचर दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार इस तरह का मौसम आने वाले एक-दो दिनों तक और रह सकता है। बारिश से लोगों को परेशानी हो रही है, तो किसानों के चेहरे खिले दिखाई दे रहे है।

# नव विवाहित को ट्रक ने कुचला दोनों की मौत



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय आईटीआई के समीप फोरलेन में बीति रात्रि सड़क दुर्घटना में एक नव विवाहिता जोड़े की मौत हो गई। खुर्सीपार थाना अंतर्गत 6 जुलाई की रात पौने 11 बजे के करीब अज्ञात ट्रक द्वारा नव विवाहित कपल अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों के द्वारा देर रात को ही सड़क पर चक्का जाम कर दिया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी देर रात शांत हुए। इसके पश्चात दोनों ही शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में पहुंचाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि वार्ड नं 13 कोहका निवासी शिवकुमार कुर्रे 30 वर्ष एवं उनकी पत्नी श्रीमती मुस्कान कुरे 28 वर्ष को कल देर रात एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार के ठीक सामने नेशनल हाईवे रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक द्वारा ठोकर मार कर भाग गया। जिससे बाइक सवार दंपति की मौके पर मौत हो गया। इन दोनों लोगों को मौत से आक्रोशित कॉलोनी वासी द्वारा चक्का जाम कर दिया। पुलिस अधिकारी द्वारा समझाने के बाद शव को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवकुमार कुर्रे का 2 महीने पूर्व ही शादी हुआ था। दोनों पति.पत्नी अपने रिश्तेदार वार्ड 51 खुर्सीपार शिवाजी नगर के घर पर खाना खाने के निमंत्रण पर गए हुए थे। खाना खाकर के पश्चात घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# आयात-निर्यात से वैश्विक व्यापार की संभावनाए-अजय



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर के व्यवसायिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र जगदलपुर द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। इस कार्यशाला में आयात-निर्यात के अवसर और वैश्विक व्यापार की संभावनाएं, इस विषय पर अपने विचार रखे। महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय उद्यमियो, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रक्रियाओं, नीतियों, अवसरों और आवश्यकताओं से अवगत कराना। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के. रंगराजन प्रोफेसर एवं केंद्र प्रमुख सेंटर फॉर डैडम् ने निर्यात नीति व निर्यात को बढ़ावा देने विचार रखे। सुमन दास कोऑर्डिनेटर ने बताया कि निर्यात करके हम डॉलर में धन कमा सकते है। निर्यात के लिए किस तरह अपना मार्केट तैयार करे इस विषय पर प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने कहा कि यह प्रयास व्यापारियों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उन्होंने कहा औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए ऐसी कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। श्री भसीन ने स्वदेशी सामानों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने जगदलपुर में एक स्वदेशी मेला लगाने हेतु वहाँ के व्यापारियों से चर्चा की । आने वाले दिनों में जल्द ही बस्तर में स्वदेशी मेला लगाकर लोगो को स्वदेद्शी सामानों के प्रति जागरूक किया जायेगा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शंकर सचदेव, भोलानाथ सेठ, सुनील मिश्रा, चिन्ना रॉव, प्रेम रतन गहलोत उपस्थित थे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में दुर्ग और भिलाई के व्यापारी, स्टार्टअप संस्थापक और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक और मार्गदर्शक बताया।

# संयंत्र में बड़ा हादसा कोक ओवन की गैलरी ढही

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोकोवन बैटरी नंबर 5-6 का कोल टावर 3 का गैलरी लगभग 25 मीटर ऊंचाई से गुज़रता है, आज गिर गया है। बताया जा रहा है कि कोई जान माल का नुक़सान नहीं हुआ है। लगातार भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन देकर कई बैठकों में अवगत कराये जाने की जानकारी दी है । यूनियन के अनुसार संयंत्र के अंदर लोहे के बने शेड एवं स्ट्रक्चरल मे जंग लग कर सड़ गया है। संयंत्र के सभी स्ट्रक्चरल का सस्टेनेबिलिटी टेस्टिंग करवाया जाये। समय रहते संयंत्र के सभी स्ट्रक्चरल को दुरुस्त किया जाना चाहिए । आने वाले समय में प्लांट में दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। बताया जा रहा है कि भिलाई स्टील प्लांट के कोक ओवन बैटरी नंबर 5 व 6 की गैलरी के नीचे से कर्मचारियों और अधिकारियों की आवाजाही होती है। बारिश की वजह से उस हादसे के समय कार्मिकों की आवाजाही नहीं थी।



# मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठक



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। वर्षा ऋतु को देखते हुए मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य अमले को फील्ड में मुस्तैद रहने बैठक लेकर दवाओं से लेकर आवश्यक सामग्री भर्ती मरीज करने बेड की स्थिति उपकरणों की जानकारी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में समीक्षा बैठक ली। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताय कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोग टाइफाइड, बुखार, वायरल फीवर, उल्टी दस्त, डेंगू ओर विभिन्न संक्रमण रोग का प्रसारण होता है। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास वर्षा जनित रोगों की दवाएं उपलब्धता सुनिश्चित कराया गया सभी बुखार के जांच कीट डेंगू मलेरिया की आवश्यकता की जानकारी ली गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि वायरल फीवर ओर टाइफाइड डेंगू ओर उल्टी दस्त के प्रकरणों में बढ़ोतरी मिल सकतीं हैं। इसलिए पानी उबालकर ठंडा होने पर उपयोग करें। ताजा भोजन करें बासी भोजन से उपयोग से बचें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के चिकित्सक अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए पानी में अनावश्यक ना भीगे फल सब्जियां को धोकर पकाएं किसी भी खुले में बिकने वाले चीजों में मक्खियों ओर अन्य कीट बैठते हैं। जिससे रोग हो सकता है इसलिए ताजा भोजन अथवा घर के बनी चीजें उपयोग करें सभी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने सभी से वर्षा ऋतु में हल्का ताजा भोजन करने उन्होंने कहा सभी शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवा ओर उपकरणों सहित जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है जागरूक रहना चाहिए सर्तक रहना ओर नीम हकीम से इलाज कराने से बचना चाहिए।

# भूमिहार समाज की बैठक मे कोषाध्यक्ष राय ने पेश किया बजट



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। परशुराम भवन भिलाई में भूमिहार समाज की आमसभा संपन्न सेक्टर-2 परशुराम भवन पर सम्पन्न हुई। अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह ने सामाजिक सदस्यों के उत्थान के लिए अपने विचार रखे। महासचिव मधु सूदन शर्मा ने वर्ष भर की सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष कृष्णा नन्द राय ने सभा के समकक्ष वर्ष 2024-25 का आय-वय एवं वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट रखा। जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। संचालन बलराम सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय ने किया सभा ने अन्य विषयों जिसमें समाजिक सहयोग राशि को तीन लाख से पांच लाख, भवन के विस्तारीकरण पर पंद्रह लाख की राशि स्वीकृति दी। फ्रीजर, अंतिम संस्कार, शादी व्याह के लिए भी राशि स्वीकृति दी। इस अवसर पर ए एन सिंह, रामजी राय, चंद्रमा राय, संजय सिंह, अजय राय, नवीन राय, संजीव सिंह, सत्यप्रकाश राय, हरेंद्र राय, विपिन ठाकुर, बंटू शर्मा, अंजनी राय, सुनिल शुक्ला, शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा उपस्थित थे।

# साईकलिंग क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट एवं बी एस पी साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में अस्मिता साइकिलिंग खेल से ही है। पहचान का आयोजन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद , संरक्षक साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छग, अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बी एस पी साइकिलिंग क्लब, विशिष्ट अतिथि विनोद खाण्डेकर संरक्षण साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग, परविंदर सिंह महासचिव बी एस पी ऑफिसर एसोसिएशन बी एस पी साइकिलिंग पोलो क्लब, सुधीर बंसल, शोमा शर्मा संचालक मां शारदा पब्लिक स्कूल उपाध्यक्ष साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्टएवी आर चन्नावार महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग संयुक्त सचिव भारतीय साइकिलिंग पोलो महासंघ, तोबन्द वर्मा कोषाध्यक्ष छग साइकिलिंग पोलो संघ, रमेश श्रीवास्तव समाज सेवी, देव प्रकाश वर्मा सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट, संयुक्त सचिव छग साइकिलिंग पोलो संघ, शशांक देशमुख सचिव दुर्ग जिला साइकिलिंग पोलो संघ सयुक्त सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट रहे। नरेन्द्र बंछोर ने कहा कि सांसद विजय बघेल ने मार्च से इस की शुरुआत की थी। हमारी भिलाई शिक्षा धानी के साथ में खेलों का भी रहा जो अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनया रहा है। वी आर चन्नावार ने कहा की अस्मिता का अर्थ होता है हमारी पहचान जिसे भारत सरकार में शामिल किया गया है 175 लड़कियों का अब तक रजिस्ट्रेशन हुआ है। सांसद विजय बघेल ने कहा की अस्मिता खेल इंडिया भिलाई ही नहीं पूरे भारत में हों केन्द्रीय खेल मंत्रालय मंत्री मनसुख मांडवी ने भी कहा आज भारत के बच्चों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल खेलो को उस स्थान पर पहुंचाने का काम किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फंड के साथ में खेलों को भी प्रोत्साहित किया है। बदलती दुनिया में कोई भी न चुकें आज भारी बारिश होने के बावजूद भी बच्चों ने भाग लिया बच्चों को प्रोत्साहित करने खेल में हम सब आए हुए हैं। सांसद विजय बघेल ध्वज दिखाकर साइकिलिंग बच्चों को बिदा किया इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




# सेक्टर-9 अस्पताल में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्रए सेक्टर-9 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर एवं डॉ. विनीता द्विवेदी की अध्यक्षता में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय कर्मचारी श्रीमती गीतांजली साहू, हेड फार्मसिस्ट श्रीमती सुनीता उल्लास, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट एवं श्रीमती मीना साजी, स्टाफ नर्स को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित कर्मियों को बधाई दी और आगे भी इसी प्रकार सेवाभाव, समर्पण एवं लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में उप प्रबंधक नर्सिंग प्रशासन श्रीमती शैला अब्राहम, सहायक प्रबंधक एच.आर. श्रीमती शीबा थॉमस तथा अन्य अधिकारी एवं चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित थे। कर्म शिरोमणि पुरस्कार कर्मियों को प्रोत्साहन करने के लिये दिया जाता है।

# मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु दवा छिड़काव जारी



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। निगम क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया के संक्रमण से बचाव रोकथाम नियंत्रण हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आम नागरिकों से अपील किए हैं। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात् लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। मच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफकर, सूखाकर पालीथीन से ढककर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें। बाग-बगीचों में रखे गए कबाड़, अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो। घर के आसपास के गड्ढों, नालियों के रूके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है। विगत वर्षों में डेंगू से प्रभावित क्षेत्र, मोहल्ले को संवेदनशील मानते हुए निर्धारित रोस्टर अनुसार निरंतर घर घर जाकर सर्वेलेंस सर्वेक्षण एवं मच्छर रोधी औषधियों का छिड़काव कार्य जारी है। प्रत्येक सर्वेक्षित घरों के कूलर, टंकी, ड्रम, कंटेनर एवं अन्य मच्छर लार्वा उत्पत्ति पात्र की जांच किए जा रहे हैं। अवकाश के दिन शुष्क दिवस मनाते हुए समुचित पात्रों के पानी साफकर, सूखाकर ही नए पानी भरकर उपयोग करने की समझाइश दी जा रही है।स्वास्थ अधिकारी जावेद अली के साथ वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग मोहन राव के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 6242 घरों का सर्वेक्षण किया गया।

# सड़क दुर्घटना में ठेका श्रमिक घायल ईलाज जारी



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। वीति रात्रि बोरिया गेट के समीप नाईट शिफ्ट ड्यूटी पर जा रहे भिलाई इस्पात संयंत्र ठेका श्रमिक कर्मी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल अवस्था में उन्हें भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सालय सेक्टर-9 ले जाया गया, जहां उनका ईलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बोरिया गेट शिव मंदिर के सामने लोक नाथ 32 वर्षीय नामक संयंत्र कर्मी रात्रिपालीन ड्यूटी पर जा रहा था। तभी एक्टिवा और सायकल में भीडंत हो गई। जिससे लोकनाथ को सर व कमर में चोट पहुंची। घटना के समय अन्य कर्मी भी ड्टूटी जा रहे थे। तभी घायल को पहले भारतीय मजदूर संघ के श्रमिक नेता प्रशांत कुमार शिरसागर व आने जाने वाले कर्मचारी की मदद से बीएसपी की ऐम्बुलन्स को फोन कर घायल को भिलाई इस्पात संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। घायल के बेहतर ईलाज के लिये उन्हें सेक्टर-9 के मुख्य चिकित्सालय रेफर किया गया। बताया जा रहा है, कि घायल का ईलाज सेक्टर-9 अस्पताल के ई-1 वार्ड में किया जा रहा है। जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घायल लोकनाथ सेक्टर-2 सड़क-13 का निवासी बताया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने गतका खिलाड़ियों का सम्मान किया



**भिलाईनगर,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ गतका टीम ने 70 मैडल जीतकर पंजाब के बाद दूसरे रनर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलने वाले भिलाई के 22 मैडलिस्ट गतका खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने मोमेंटो और सिरोपाओ द्वारा सम्मानित किया गया। गतका स्पोट्र्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ लल्लू एसोसिएशन के टेक्निकल प्रमुख और नेशनल रैफरी अमन सिंघ, करन सिंघ, राजवीर सिंघ, गर्ल्स कोच रोहिणी धीमान, राजविंदर कौर डौली का सिक्ख पंचायत की ओर से विशेष सम्मान किया गया और आगे भी गतके के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर चैयरमैन जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, तजिंदर सिंह नानू, हरपाल सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, गुरदेव सिंह, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह गांधी, गुरमेज सिंह सोखी, बलविंदर सिंह, कुलवंत कौर, जसबीर सिंह सैनी, सरूप सिंह, मुखविंदर सिंह, गतका एसोसिएशन के पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में सिक्ख संगत उपस्थित हुए। जसवन्त सिंह खालसा ने एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत और गुरुद्वारे प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों का गतके खेल में हमेशा की तरह सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## अच्छी बारिश होने से किसान खुस

पलारी 7 जुलाई (देशबन्धु) क्षेत्र में अच्छी बारिश हो से किसानो ने खुशी जाहिर की है। रोपाई का काम चालू हो गया है। समीपस्थ ग्राम बिनौरी में सरपंच किरण सनकुमार साहू खुद रोपा लगाते हुए अपने खेती



# परपोडी में नालियां जाम गंदा पानी सड़कों पर



**परपोड़ी, 7 जुलाई(देशबंधु)।** परपोड़ी एक ऐतिहासिक स्थान है। यह गोंड वंशी राजाओ की कर्मस्थली है। जानकारी के अनुसार नगर को 2003 में नगर पंचायत का दर्ज प्राप्त हुआ। निकाय में प्रमुख रूप वार्डो के सड़क निर्माण, नालियों का निर्माण, इनका रखरखाव, सड़कों में विद्युत व्यवस्था और नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी प्रमुख होती है। लेकिन परपोड़ी के बस अड्डे में ही नालियों की सफाई नियमित नहीं की जा रही है। बांकी जगहों का अंदाज आसानी से लगाया जा सकता है। नालियां जाम होने से बरसाती पानी और नालियों का दूषित जल सड़कों में बह रहा है। नालियों के पानी से जल से संबंधित बीमारी का खतरा बढ़ गया है।

### नालियों के निर्माण में होते है लाखों खर्च

प्रशासन द्वारा नालियों के निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते है। इन नालियों के माध्यम से दूषित जल का सुरक्षित निपटान होता है। इसके लिए अधोसंरचना मद, 15 वे वित्त की राशि, सांसद निधि, विधायक निधि आदि की राशि खर्च किया जाता है। शहरी क्षेत्रों में यह कार्य नगरीय निकाय के द्वारा किया जाता है। नगर पंचायत परपोड़ी में भी लाखों रुपए खर्च करके नालियों का निर्माण 1 से 15 वार्ड के सभी गलियों में कराया गया है।

### सफाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगरीय निकाय द्वारा नाली, सड़क और सेप्टिक की सफाई ही की जाएगी। घरों से निकलने वाले कचरे को स्व सहायता समूह के द्वारा इकट्ठा किया जाएगा। जिसके सुरक्षित निपटान के लिए सभी 15 वर्षों के प्रत्येक आवास में नीले एवं हरे रंग की बाल्टी कचरा जमा करने हेतु प्रदाय की गई है। जिसे समूह द्वारा प्रत्येक घर से इकठ्ठा किया जाना चाहिए। मुख्य रूप से देखा जाए तो घरों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन समूह के माध्यम से किया जाना है। लेकिन इसकी नियमित देखरेख आवश्यक है जिसके नहीं होने से नगर के प्रमुख स्थानों में पानी का जमाव हो रहा है।

### स्वच्छता का सर्वे लेकिन सुधार नहीं

प्रशासन द्वारा नगरों की स्वच्छता को लेकर सर्वे भी कराया जाता है। सफाई को लेकर आम नागरिकों को कोई दिक्कत हो तो टोल फ्री नंबर 1100 में शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। सर्वे के बाद भी सफाई में सुधार नजर नहीं आ रहा है जबकि इसके लिए शासन द्वारा अलग से खर्च किया जा रहा है। कचरा के सुरक्षित निपटान के लिए एसएलआरएम सेंटर बनाया गया है। जहां कचरे के निपटान के लिए मशीन खरीदने की भी योजना शासन के द्वारा है।

### बारिश में सफाई जरूरी

बरसात के मौसम में नालियों की सफाई जरूरी है। नालियों की सफाई नहीं होने से दूषित जल सड़कों में, घरों और गड्ढों में भरता है। नगर के बस अड्डे में ही पानी का भरा रहता है। दूषित जल का जमाव डेंगू व मलेरिया के मच्छर को पनपने में मदद करता है। नालियों में कचरा जमा होने से दूषित जल सड़कों में बहता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# नवोदय और प्रयास की नि:शुल्क कोचिंग देने वाले शिक्षकों का प्रेस क्लब गंडई ने किया सम्मान



**गंडई पंडरिया, 7 जुलाई(देशबंधु)।** नवोदय व प्रयास विद्यालय के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को नगर सहित अंचल के कुछ शिक्षकों द्वारा अपने स्कूली समय के अतिरिक्त समय देते हुए बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग देने वाले लगभग 15 शिक्षकों का प्रेस क्लब गंडई ने सम्मान किया है। मिली जानकारी अनुसार प्रेस क्लब गंडई के द्वारा गंडई क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में कार्यरत शासकीय शिक्षकों का सम्मान प्रमाण पत्र और पेन देकर सम्मानित किया गया।

बतादे कि 15 शिक्षकों का सम्मान किए जाने का प्रमुख कारण था कि सभी शिक्षक शासकीय स्कूलों में पतस्त है। पूरे दिन स्कूल में शिक्षा देने के अलावा उनके द्वारा गंडई क्षेत्र सहित दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के बच्चो को सुबह 7 से 8 बजे तक प्रतिदिन दिन निशुल्क नवोदय एवं प्रयास स्कूल के प्रतियोगी की तैयारी नगर के शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में शिक्षा दिया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा किए गए इस कार्य का प्रतिफल भी सामने आया है। यहां नवोदय और प्रयास स्कूल के लिए पढ़ाये जा रहे बच्चों में से 12 से अधिक बच्चों का चयन नवोदय और प्रयास स्कूल के लिए हुआ है। जिसके चलते गंडई क्षेत्र का नाम रौशन तो हुआ ही है। साथ ही बहुत से बच्चो का भविष्य बना है और बहुत से पालकों को राहत मिली है। इस अवसर पर शिक्षिका यांत्री पड़वार, प्रधान पाठक, कौशल सिंह राजपूत संकुल समन्वयक गंडई, राजेश कुमार श्रीवास्तव संकुल समन्वयक, भागचंद साहू, उज्ज्वल नामदेव, दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, प्रधान पाठक, महेश वर्मा, मायाराम राठौर, खेमशंकर साहू, शिक्षक, नंदकुमार जंघेल, शिक्षक, बिरेन्द्र कुमार वर्मा, शिक्षक, पुनेश्वर देवांगन, शेख कलीम, खेमलाल जंघेल, शामिल रहे। संरक्षक अनिल अग्रवाल, मन्नू चंदेल, अध्यक्ष विनोद नामदेव सहित क्लब के पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहे।

# नगर दल्लीराजहरा में बहुड़ा रथ यात्रा

◆ **महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की हुई वापसी**



**दल्लीराजहरा, 7 जुलाई(देशबंधु)।** भगवान जगन्नाथ सेवा समिति व समस्त समाज, धार्मिक संगठनों, श्रम संगठनों के सहयोग से द्वारा 27 जून आषाढ़ शुक्ल द्वितीय को महाप्रभु जगन्नाथ का विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया गया था द्य रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा का एक सप्ताह अपने मौसी ( गुंडिचा ) के घर रुकने के बाद अपने घर वापसी होती है द्य इसी मान्यता के तहत आज 5 जुलाई को भगवान जगन्नाथ भाई ,बलभद्र और देवी सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंडप से अपने गंतव्य स्थल गर्भगृह उत्कल समिति वापस पहुंचे द्य

उत्कल समाज द्वारा स्थानीय भाषा में इसे बहुड़ा रथ यात्रा (भगवान की घर वापसी ) कहा जाता है द्यरथ यात्रा प्रारंभ होने से पहले मंदिर प्रांगण में महाभोग (भंडारा) का आयोजन किया गया था द्य जहां हजारों की संख्या में नगर वासी ने भोग का आनंद लिया द्य महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को पूरी विधि विधान के साथ रथ में विराजमान करवाया गया भगवान जगन्नाथ भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के द्वारा पूजा अर्चना कर महाप्रभु से दल्ली राजहरा में अमन चैन और खुशहाली की आशीर्वाद मांगी गई द्य उसके बाद पूरी जोश और उमंग के साथ हजारों की संख्या में नगर वासियों के बीच रथ यात्रा प्रारंभ हुआ द्य रथ यात्रा में मनोज दुबे मंडल महामंत्री रमेश गुर्जर सौरभ लूनिया रमेश मित्तल अशोक बेहरा दशरथ महंत विजय भंज मृत्युंजय मोहंती बीएसपी के महाप्रबंधक जयप्रकाश ,यस आर बास्के , प्रवीण कुमार राय, जी पलीनिवल, शेखर रेड्डी, राजेंद्र राठी ,महेंद्र भाई पटेल के साथ राजहरा महिला समाज अध्यक्षा श्रीमती रेखा गहरवार, शीला जयप्रकाश , मिनौती बास्के, बबीता जेना ,पुरोबी वर्मा ,भी उपस्थित थे द्य रथ में बैठे महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र देवी सुभद्रा का नेपाली दुर्गा मंदिर के पुजारी धर्मानंद भट्ट के नेतृत्व में राम मंदिर के पास स्वागत किया गया भगवान जगन्नाथ बलभद्र व सुभ्रद्रा माता की द्यरथ यात्रा पुरे नगर में भ्रमण किया जिसका लोगों ने स्वागत कर पुजा अर्चना किये।रथ यात्रा समाप्ति उपरांत जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मौनू चौधरी ने यात्रा में सहयोग के लिए सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।थ यात्रा में सहयोग देने सभी समाज के लोग के साथ उत्कल समाज की सदस्यों एवं महिलाओं का भी पूरा योगदान रहा।

# खुलेश वर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**खैरागढ़ 07 जुलाई (देशबंधु)।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदाती समिति रायपुर खुलेश वर्मा ने रेलवे स्टेशन रायपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी के साथ रेलवे स्टेशन रायपुर के स्टेशन मास्टर आरके मंडल, डिप्टी कमिश्नर सत्येंद्र सिंह, नापतौल विभाग के कंट्रोलर देवेंद्र भारद्वाज के कहने पर डिप्टी कंट्रोलर रविशंकर सोरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन में निरीक्षण के दौरान साफ सफाई स्वच्छता एवं एक्सीलेटर लिफ्ट चालू पाया गया। वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों एवं विकलांगों के लिए रेलवे ने लिफ्ट की सुविधा प्रदान की है यह सुविधा युवा पुरुष एवं महिलाएं अति आवश्यक होने पर ही इस्तेमाल करे। रेलवे परिसर में जितने भी दुकान संचालित है दुकानदारों को एमआरपी में सामग्री बेचने एवं एक्सपायरी तिथि देखकर विक्रय करने की बात बताई साथ ही जितने भी होटल संचालित है वहां स्वच्छता एवं सही मूल्य पर क्वांटिटी और क्वालिटी पर विशेष ध्यान देने जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री लोकेश वर्मा एवं खैरागढ़ जिला अध्यक्ष संजय वर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पोषण बांधे व विनोद कश्यप भी उपस्थित रहे।

## निधन

### महादेव प्रसाद श्रीवास्तव



**महासमुंद 07 जुलाई (देशबंधु)।** स्थानीय पुराना सिविल लाइन निवासी महादेव प्रसाद श्रीवास्तव 87 वर्ष सेवानिवृत प्रधान पाठक का सोमवार शाम निधन हो गया। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### गोपीचंद पटेल



**झलप 07 जुलाई (देशबंधु)।** ग्राम छिलपावन निवासी गोपीचंद पटेल 75 वर्ष का 7 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम छिलपावन में किया गया। वे दिनेश पटेल के पिता थे।

### राममनोरथ लोधी



**आरंग 7 जुलाई(देशबंधु)।** ग्राम कलई निवासी श्री राममनोरथ लोधी (उम्र 65) का आकस्मिक निधन हो गया है।वे रामावतार लोधी एवं रवि लोधी के पिता थे।उनका अंतिम संस्कार ग्राम कलई मुक्तिधाम में दिनांक 08 जुलाई 2025 दिन मंगलवार सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### नंदिनी देवी साहू



**बागबाहरा, 7 जुलाई।** बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसेकेरा निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद के रूपेंद्र कुमार साहू ( जिला गौ संवर्धन संयोजन एवं सरस्वती शिशु मंदिर प्रकल्प के आचार्य) की धर्मपत्नी श्रीमती नंदिनी देवी साहू का आज 7 जुलाई सोमवार को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 37 वर्ष की थी। जिनका अंतिम संस्कार कसेकेरा गांव में आज सोमवार की शाम किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 25 वीं राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल खेल में जूनियर व सीनियर खिलाड़ियों ने जीता मैच

◆ **परपोडी के दो खिलाड़ियों ने मारी बाजी**



**परपोडी, 7 जुलाई(देशबंधु)।** गोवा माप्सा में राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें भारत के 10 अन्य राज्यों से राज्य स्तर के खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया। इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में सीनियर व जूनियर स्तर के मैच हुए, जिसमें सीनियर स्तर की टीम को दूसरा स्थान और जूनियर स्तर की टीम को पहला स्थान प्राप्त हुआ।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में परपोडी नगर के हेमशंकर गोस्वामी और चित्रांशु प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन कर अपने जिले व नगर का नाम रोशन किया। इन दोनों प्रतिभावना खिलाड़ियों को कोच कलिंदर मिंझ और तिलक पूरी गोस्वामी,सिलास एक्का के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता के बाद एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि दुबई में होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए परपोडी नगर के दोनों खिलाड़ियों हेमशंकर गोस्वामी और चित्रांशु प्रजापति का चयन हुआ है। यह न केवल परपोडी बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गर्व की बात है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का तीन दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**दल्लीराजहरा, 7 जुलाई (देशबन्धु)** ।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला व ब्लाक डौण्डी,डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही, गुरुर,दल्लीराजहरा के पदाधिकारियों व सदस्यों का राजनांदगांव, मोहला मानपुर जिले के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय वर्ग का आयोजन 4 जुलाई से 6 जुलाई तक राजनांदगांव के अग्रहरि भवन में व गांधी सभा कक्ष में आयोजित किया गया।जिसमे तीनो जिले क्रमश: बालोद,राजनांदगांव,व मोहला मानपुर से पहुँचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस शौर्य वर्ग में विहिप संगठन के कई बड़े पदाधिकारी शामिल हुए व युवाओं का मार्गदर्शन किया 4 जुलाई को सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र में जितेंद्र सिंह पवार क्षेत्र संगठन मंत्री ( मध्य क्षेत्र) के करकमलों से वर्ग प्रारंभ हुआ वही देर शाम को विहिप राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया लाल कुंदन का मार्गदर्शन मिला द्वितीय दिवस 5 जुलाई को प्रान्त उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने गुण व्यवहार पर युवाओं के बीच अपनी बात रखी वही प्रान्त सह मंत्री नंदुराम साहू ने प्रवास,बैठक का महत्त्व व संचालन विषय पर जानकारी दी द्वितीय सत्र में प्रान्त मंत्री विभूतिभूषण पांडेय ने संगठनात्मक ढांचा,समिति गठन व वार्षिक कार्यक्रमो की जानकारी दी वही दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय मंत्री विशेष संपर्क विभाग अम्बरीश ने वर्तमान स्थिति व देश मे बदलते परिवेश पर अपना बौद्धिक युवाओं को दिया। क्षेत्र अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने संगठन उद्देश्य,गठन व आयाम पर युवाओं का मार्गदर्शन किया विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने कानून व विधि सम्बंधी जानकारी दी देर रात सत्संग का आयोजन किया गया जहां सुनील वर्मा प्रान्त सत्संग प्रमुख के द्वारा भक्तिपूर्ण संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। वर्ग के अंतिम दिवस प्रान्त संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया ने समिति के कार्य, रचना व सत्संग बढ़ाने का कार्य पर युवाओं को आवश्यक जानकारी दी इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने बजरंग दल के कार्य,स्थापना,उद्देश्य व आयाम पर चर्चा की शाम को वर्ग का समापन जितेंद्र सिंह के प्रमुख उपस्थित में सम्पन्न हुआ वर्ग में पालक अधिकारी विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे थे वर्ग में तीनों जिलों के विहिप संगठन के जिला समिति के कार्यकर्ताओं का बैठक भी सम्पन्न हुआ जिसमें जुलाई व अगस्त माह में संगठन कार्यक्रम करने की कार्ययोजना बना वर्ग में बालोद जिला से जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप ,लाल मुनाई ,जिला मातृशक्ति संयोजिका बालोद सत्या साहू ,मोहला मानपुर जिला मंत्री गुरुदयाल साहू मुरली साहू बालोद जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ,नीलेश श्रीवास्तव, बोधन भट्ट,मोनू सोनवानी,कैलाश साहू,देवेंद्र साहू,योगिता साहू, दीपिका साहू,जानकी यादव, खिलेश्वरी साहू,शोभा साहू,केसरी साहू,सेवन कुमार साहू अधिवक्ता विहिप विधि विभाग बालोद जिला,रघुनंदन गंगबोइर,पंकज साहू गुंडरदेही,टीकम साहू,पूनम साहू गुरुर सहित बालोद संगठन के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# राधाकृष्ण मंदिर में 14 से सावन के प्रत्येक सोमवार को होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन

**नवापारा राजिम ,07 जुलाई देशबंधु ।** श्रावण मास में परंपरागत प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 14 जलाई से सावन के प्रत्येक सोमवार को पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का आयोजन राधाकृष्ण मंदिर में विधिवत रूप से संपन्न कराने के लिए व्यवस्था के संचालन हेतु 6 जुलाई रविवार को एक बैठक रखी गई जिसमें नवापारा के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस बैठक में श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकर मोहन अग्रवाल की उपस्थित में गोपाल अग्रवाल , गिरधारी अग्रवाल , अभिषेक अग्रवाल , बजरंग गोयल , मनमोहन अग्रवाल, गोविंद मोहन अग्रवाल , ओम सारडा , राजकुमार कंसारी ,अजय अग्रवाल ,प्रताप छाबड़ा, संदीप गोयल, पप्पू गुप्ता, पन्ना साहू ,चंदू कंसारी, अनिल अग्रवाल, रवि अग्रवाल ,प्रणय अग्रवाल, नवापारा के सभी समाज के लोग उपस्थित थे मंदिर के सर्वराकर मोहन अग्रवाल ने बताया कि दाद्दा जी शिष्य मंडल के द्वारा प्रत्येक सोमवार भंडारा का आयोजन किया जाता है दिनांक 28 जुलाई 25 तृतीय सोमवार को जल सहस्त्र धारा होगा इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपना जीवन धन्य बनाएं श्रावण मास का प्रति दिन बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है जो व्यक्ति सावन माह में उपवास विधि विधान से पूजा करता है उसकी हर मनोकामना देव महादेव पूर्ण करते हैं ।

# किसानों के खेत तक नहीं पहुंचा नहर का पानी



**परपोड़ी, 7 जुलाई(देशबंधु)।** प्रशासन द्वारा बीते 5 वर्षों में नहर के निर्माण, संधारण और नहर लाइनिंग के कार्य में करोड़ों रुपए खर्च किया गया ताकि किसानों को फसलों के लिये सिंचाई की सुविधा मिल सके। लेकिन किसानो के खेत तक पानी पहुंचा ही नहीं है। सन 2020– 21 में नवागांव,परपोड़ी, भटगांव होते हुए देवकर तक नहर के संधारण, लाइनिंग वाल आदि का कार्य किया गया। किसानों का कहना है कि 5 साल बाद भी किसानों के खेत में पानी नहीं पहुंचा है।

सिंचाई विभाग से लोगो ने जानकारी लेने का प्रयास किया गया। किसानों ने बताया कि सन 2020 में नहर के संधारण का कार्य प्रारंभ हुआ। नवागांव की ओर से भटगांव से गोड़मर्रा व अन्य गांव तक नहर के निर्माण कार्य किया गया। नहर के बांए एवं दाएं तट में नहर लाइनिंग का कार्य भी किया गया है। इससे परपोड़ी हल्का, भटगांव, गोड़मर्रा, तिरियाभाठ, आदि के गांव के किसानों के खेत में पानी को पहुंचना था। किसानों के गांव तक आज पर्यंत एक बूंद भी पानी नहीं सिंचाई के लिए नहीं पहुंचा है जबकि शासन द्वारा इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं।

प्रशासन के करोड़ों रुपए को अधिकारी, अभियंता और ठेकेदार द्वारा बंदरबांट किया गया है। ठेकेदार को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा भरपूर सहयोग करने के कारण गड़बड़ी हुई है।किसानों का कहना है कि खेत की मिट्टी को बिना अनुमति नहर निर्माण में उपयोग किया गया है। किसानों ने जानकारी चाही तो उन्हें धमकाया गया। किसानों को कहा गया कि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। इसका परिणाम यह हुआ कि नहर को जिस गहराई में बनना था वह बना ही नहीं जिससे खेतों में पानी जाना संभव ही नहीं है। किसानों ने बताया कि नहर निर्माण से पहले सिंचाई विभाग द्वारा किसानों की भूमि का सीमांकन भी नहीं कराया गया था। किसानों के खेतों को जबरदस्ती अधिग्रहित किया गया था। चूंकि यह कार्य पूर्व प्रभावी नेता के क्षेत्र में हो रहा था इसलिए किसी की हिम्मत नहीं हुई। सिंचाई विभाग में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार के संबंध में कोई एक शब्द भी बोल पाएं। किसानों के अनुसार भ्रष्टाचार का आलम यह था कि काली मिट्टी पर काला पालीथीन लगाकर डेढ़ से दो इंच का ढलाई किया गया है जो कि पहली बारिश में बह गया है। अंदाज लगाया जा सकता है कि ठेकेदार ने कैसी मनमानी की है।

# पदयात्रा में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान व जनभागीदारी का अनूठा संगम होगा: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

- बुढ़ामहादेव से भोरमदेव तक भव्य पदयात्रा आयोजन हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई बैठक
- भोरमदेव पदयात्रा के संबंध में उपस्थित लोगों ने दिये महत्तवपूर्ण सुझाव

**कवर्धा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। 14 जुलाई को पवित्र श्रावण मास को बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा पदयात्रा निकाली जायेगी। पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या शामिल होकर पदयात्रा को सफल बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध नागरिकगण, मंदिर समिति के सदस्यगण सहित शिक्षा विभाग के सरकारी व प्राईवेट स्कूल के प्राचार्य गण के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप भोरमदेव पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर आवश्यक रूप से सहयोग के लिए कहा।

**14 जुलाई को निकलेगी भव्य पदयात्रा**– नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी आज जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। उन्होनें बताया कि बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक आयोजित होने वाली भव्य पदयात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और प्रेरणादायी बनाने हेतु सभी को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा तथा सभी प्राईवेट स्कूल व सरकारी स्कूल के प्राचार्य से कहा कि सभी अपने-अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पदयात्रा में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होनें पदयात्रा से वापसी के समय स्कूल बस की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।

**नगर पालिका अध्यक्ष ने की अपील** - नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने समस्त नगरवासियों, युवाओं, महिला मंडलों, धार्मिक संगठनों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और अन्य सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने इस पदयात्रा के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दे सकते हैं।

सभी सुविधाओं की उपलब्धता - भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

आज के इस बैठक अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापतिगण, पार्षदगण, समाजसेवी जन, प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकगण, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राईवेट स्कूल संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास, सीबीएसई स्कूल संघ के अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, प्राईवेट स्कूल संघ के उपाध्यक्ष पवन देवांगन, रामशरण चंद्रवंशी के साथ अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# लींनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा द्वारा होम्योपैथी चिकित्सकों का किया सम्मान



**बेमेतरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा की चेयर पर्सन उमा तिवारी के द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सुनील तिवारी जो बच्चों के चिकित्सा हेतु मशहूर हैं, डॉ अविनाश तिवारी जो चिकित्सा क्षेत्र के साथ-साथ वस्त्रदान, रक्तदान जैसी गतिविधियों एवं जन सेवा कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं, डॉ आशीष ठाकुर जी जटिल से जटिल बीमारियों का होम्योपैथिक पद्धति के माध्यम से मरीजों का इलाज करते आ रहे हैं एवं डॉ निधि बनाफर डॉक्टर के साथ-साथ क्लब की सचिव का दायित्व संभाल रही जो की जनकल्याणकारी कार्यों के साथ-साथ वनांचल ग्रामों में निवासरत बच्चों को अपनी सेवाएं विगत कई वर्षों से प्रदान करते आ रही है सभी डॉक्टरों को पुष्प गुछ श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित कर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर क्लब से शारदा तिवारी उमा तिवारी विनोद राघव रामेश्वरी साहू एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर लोलेश्वर मेला स्थल में हुआ

**बेमेतरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय समीप मेला स्थल, ग्राम-लोलेसरा में सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर का आयोजन कबीरपंथ समाज जिला-बेमेतरा द्वारा 5 एवं 6 जुलाई को किया गया मेला आयोजन समिति द्वारा निःशुल्क आवास और भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं। इस दो दिवसीय शिविर में बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल हुए हैं। जिसमें 10 से 20 वर्ष के बच्चें शामिल हुए थे आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग 600 बच्चों से अधिक शामिल है।शिविर में प्रशिक्षक महंत श्री गुरूदयाल दास जी साहेब कानपुर से, महंत श्री त्रिलोकी दास जी साहेब पोटियाडीह धमतरी आश्रम से और संत पवन दास जी रायपुर से उपस्थित हुए आयोजित समिति के द्वारा उनका स्वागत किया गया कार्यक्रम 5 जुलाई प्रथम दिवस प्रात: 7 बजे योग, 8 बजे गुरु महिमा पाठ एवं 9 बजे सामूहिक आरती,10 बजे जलपान-साखी, सुमिरण, सद्गुरु कबीर जीवन दर्शन, दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी 3 बजे भजन सत्संग 4 बजे धनी धर्मदास जी साहेब एवं माता आमीन की अटूट भक्ति, संध्या 5 बजे, संध्या पाठ एवं सामुहिक संध्या आरती, द्वितीय दिवस प्रात: 6-30 बजे योग, 7 सत्संग 4 बजे से प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया दो दिवसीय सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय शिविर का सभी बच्चों ने आज का विषय सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहेब और हमारे बाल शिविर में आप सभी लोगों को सदगुरु कबीर साहब धनी धर्मदास साहब और हमारे वंश गुरुओं के बारे में बातें बताई गई है आए हम उसे पुन: उसे सुनते हैं सबसे पहले एक बात ध्यान देंगे कि



हम लोग कबीरपंथी हैं सदगुरु कबीर साहब हमारा ईस्ट है हमारा मालिक है हमारा गुरु है सतगुरु कबीर साहब से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है अभी भी बच्चों के मन में बात होगी भगवान और कबीर साहेब में क्या अंतर है कुछ लोग सोचते हैं भगवान ही सबसे बड़ा है लेकिन भगवान को बताने वाला समझने वाला वह तो हमें भगवान तक पहुंचा देता है कबीर पंथ बहुत बड़ा है पूरे मानव समाज के लिए कल्याणकारी जीवो के उद्धार के लिए चारों युगों के लिए सतयुग में सहेब का नाम सवसृकृत नाम साहेब पड़ा है साहब जब आए अपने पंथ की स्थापना की उन्होंने सहदेवी बाई ने सतयुग मे सहदेवी बाई को 7 वंश की सुनवाई दी क्योंकि उस समय लोगों की उम्र लाख वर्ष की थी त्रेता युग में भुनीन्द्र नाम साहेब आए उसने अपने वंश गादी को चतुर साहब को दे दी गई भुनीन्द्र नाम साहेब की सिहावा पहाड़ पर आज भी समाधि है छत्तीसगढ़ मे द्वापरयुग में करुणामय नाम साहब को गादी मिली और फिर आता है कलयुग मैं सदगुरु कबीर साहेब ने जन्म लिया बस उसी के बताए हुए मार्ग में चलना है काफी गुणवत्ता और ज्ञान की अपुर की प्राप्ति की है सभी उपस्थित होकर शिविर का समापन किया गया और सभी बच्चों ने आशीर्वाद लिया।

# गौध्वज यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने वालों का किया गया सम्मान

**थानखम्हरिया,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मानस संघ ब्लॉक साजा द्वारा पिछले दिनों क्षेत्र में निकाली गयी गौध्वज यात्रा में सक्रिय योगदान देने वाले श्रद्धालुओं, मानस मण्डलियों के प्रति आभार व्यक्त करने, कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने तथा आयोजन की समीक्षा के दृष्टिकोण से बैठक का आयोजन ग्राम हरडुवा में किया गया।



रामसिंह साहू द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से बैठक आयोजित की गयी। ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू ने दीप प्रज्जवलित कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् वरिष्ठजनों का उद्बोधन, आय- व्यय की जानकारी, एवं सम्मान समारोह हुआ। सभी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से मानस मण्डलियों में भाईचारा, प्रेम एवं एकता का विकास होगा। जो मानस मण्डली नहीं जुड़ पायी है उन्हें भी जोड़ने का प्रयास करें। पूरी यात्रा में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती शामिल रहे जिसने भक्तों में ऊर्जा का संचार किया। गाड़ाडीह की महिला मानस मण्डली ने यात्रा में सराहनीय योगदान दिया भरत साहू ने इन मातृशक्तियों को प्रतीक चिन्ह एवं वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। भोजन व्यवस्था में सहयोग के लिए प्रभात मानस मण्डली हरडुवा एवं ग्रामवासियो को भी प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी शक्ति केंद्र अध्यक्ष का प्रतीक चिन्ह, गमछा प्रदान कर सम्मान किया गया। संचालन होरीलाल पाल ने किया।

बैठक में रामजी साहू (कोषाध्यक्ष), रामसिंह साहू, श्रवण साहू, सुरेश वर्मा (सलाहकार), शक्ति केंद्र अध्यक्ष लीलाधर चन्द्राकर, सुरेश साहू, धनेश्वर साहू, राजेंद्र पटेल, विष्णु साहू, युवराज साहू, ढालेश्वरी साहू, कुसुम साहू, जानूराम यादव, मनोज सिन्हा, गणेशू साहू, भगवानी साहू ( सरपंच प्रतिनिधि), प्रेमप्रकाश शर्मा, भूखन साहू, घनश्याम साहू, केशोराम साहू, भगीरती साहू, जगराखन, चन्द्रदास, ओमकार, विनोद, मंगलू, हिंछा राम, अमरसिंह, टीकाराम आदि उपस्थित रहे।

# शिव शक्ति विद्या धाम में 10 को मनेगा गुरुपूर्णिमा उत्सव



थानखम्हरिया, 7 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम बनिया के शिव शक्ति विद्या धाम में 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। सुबह 10 बजे रूद्राभिषेक होगा। दोपहर 2 से 3 बजे तक गुरूदेव डॉ राजेश्वर प्रसाद तिवारी का आशीर्वचन होगा। दोपहर 3 बजे से बालिका मानस मण्डली रणजीतपुर की सात बहनों द्वारा श्रीरामचरितमानस गान किया जायेगा।

# कलेक्टर ने कान पकड़वाने की गलती स्वीकार कर खेद जताया

- कलेक्टर के अनुरोध पर टीचर्स एसोसिएशन ने मामले को किया समाप्त
- टीचर्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



**कवर्धा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों को कलेक्टर द्वारा कान पकड़वाने की घटना को लेकर चल रहे विवाद अब समाप्त हो गया है। विगत तीन जुलाई को घटित कान पकड़वाने की घटना को जिले के एक मात्र संगठन छ्ग टीचर्स एसोसिएशन ने अनुचित व सिविल सेवा आचरण संहिता के विरुद्ध बताया था। इसके बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के दस हजार कर्मचारियों-अधिकारियों सहित प्रदेशभर के पांच लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा के लिए स्थानीय विधायक व छ्ग शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग किया था। इस मामले की समाप्ति तब हुआ जब एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को सायं स्वयं फोन कर चर्चा के लिए कलेक्टर बंगला बुलाया, जिसके बाद एसोसिएशन की जिला टीम के साथ कलेक्टर ने रात्रि 7-30 बजे से लगभग डेढ़ घंटे तक विस्तार से चर्चा कर कान पकड़वाने की घटना के लिए खेद जताया। टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के बेलगाम अधिकारियों पर कर्मचारी हित में उचित वक्त पर लगाम लगाने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, कैलाश शर्मा, राजकिरण चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजू चन्द्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

**42 कर्मचारियों पर नहीं होगा कार्यवाही**

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के 42 कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध समय पर उपस्थित नहीं होने को लेकर विगत तीन जुलाई को नोटिस जारी किया गया था, जिसे लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगा।

**किसी शिक्षक के विरुद्ध दुर्भावना से नहीं होगा कार्यवाही-**

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने चर्चा के दौरान अपने संघ के पदाधिकारी व सदस्य शिक्षकों के विरुद्ध किसी भी अधिकारी द्वारा दुर्भावनावश कोई कार्यवाही नहीं करने की मांग रखा, जिसपर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया है।

**कर्मचारियों-अधिकारियों से समय पर उपस्थिति का आव्हान -**

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों से निर्धारित समय में ऑफिस पहुंचकर अपने पदीय दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का आव्हान किया है, ताकि कबीरधाम जिला प्रगति के पथ पर द्रुत गति से आगे बढ़ते रहे।

# तीजा-पोरा में अतिरिक्त ट्रेन चलाने की मांग

**थानखम्हरिया,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के व्यवसायी श्याम सुंदर अग्रवाल ने डीआरएम रायपुर को पत्र लिखकर मांग की है कि आने वाले दिनों में तीजा पोरा के अवसर पर अतिरिक्त लोकल ट्रेन चलाई जाये ताकि महिलाओं को इसका लाभ मिल सके।



विदित हो कि रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न अवसरों दुर्गा पूजा, छठ, दीपावली इत्यादि के समय अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाती हैं ठीक इसी तरह तीजा पोरा के अवसर पर भी तीजा स्पेशल ट्रेन चलाई जाये। तीजा पोरा छत्तीसगढ़ की महिलाओं का बहुत बड़ा त्यौहार है। इस समय बसों एवं ट्रेनों में पाँव रखने की जगह नहीं होती है जिसके कारण खासकर महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके निदान के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त लोकल ट्रेन चलाई जाये जिससे छत्तीसगढ़ की मातृशक्तियों को इसका लाभ मिल सके। तीजा पोरा में छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने मायके में बच्चों के साथ आना-जाना करती हैं जिसके कारण उन्हें भारी भीड़ का सामना करना पड़ता है। तीजा पोरा में महिलाएं अनिवार्य रूप से अपने मायके जाती हैं छत्तीसगढ़ का विशेष त्यौहार होने के कारण ट्रेनों में जगह नहीं होने से वे धक्का खाने को मजबूर होती हैं। यदि तीजा पोरा के अवसर पर अतिरिक्त लोकल ट्रेन चलाई जाती है तो छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए सुविधाजनक होगा। श्याम सुंदर अग्रवाल ने आशा व्यक्त की है कि रेलवे प्रशासन इस ओर निश्चित रूप से ध्यान देगा।

# कुम्हारी भाजपा ने मनाई पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**कुम्हारी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा कर्मा भवन वार्ड नंबर 4 में स्व. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी जी की 124 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गोल्डी गोस्वामी ने पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी जी की लोकतांत्रिक विचारधारा एवं संगठन की महता के बारे में बताया इसके पश्चात निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने सत्ता और संगठन के सामंजस्य की बात कही। कार्यक्रम का संचालन दीपक चतुर्वेदी ने किया एवं कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा के द्वारा किया गया इसके अलावा उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री पी एन दुबे , योगेश साहू , अवधेश शुक्ला , रामाधार शर्मा , रामकुमार सोनी , फिंगेश्वर साहू , पार्षद ओंकार मार्कण्डेय , राजकुमार सिंह, पूर्व पार्षद श्रीमती रागिनी निषाद , सुजीत यादव , श्रीमति स्वर्णलता साहू , रामप्रकाश गुप्ता श्रीमति गीता निर्मलकर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र में मवेशियों की आवाजाही पर वन विभाग की अपील

**कवर्धा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मानसून के आगमन के साथ ही भोरमदेव अभ्यारण्य की सीमाओं से लगे कुछ गांवों के पशुपालक परंपरागत रूप से अपने मवेशियों को चराने के लिए जंगलों की ओर ले जाते हैं। यह ग्रामीण जीवन की एक सामान्य प्रक्रिया रही है। लेकिन यह समय वन्यजीवों के लिए बेहद संवेदनशील होता है — वर्षा ऋतु उनके प्रजनन काल का महत्वपूर्ण समय है, जिसमें वे एकांत और शांत वातावरण पसंद करते हैं।



इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, वन विभाग, कवर्धा द्वारा अभ्यारण्य क्षेत्र में मवेशियों की आवाजाही पर रोक लगाने संबंधी जानकारी पूर्व में ही नोटिस व मुनादी के माध्यम से सभी संबंधित गांवों तक पहुँचाई गई थी।

इसके बावजूद, हाल ही में बेदरची, सरेखा सहित कुछ अन्य गांवों के कुछ ग्रामीण लगभग 200 पालतू मवेशियों को लेकर अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इस जानकारी के मिलते ही भोरमदेव अभ्यारण्य की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से शांति व समझदारी से संवाद कर स्थिति स्पष्ट की। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक रवैया दिखाते हुए तुरंत अपने मवेशियों को अभ्यारण्य क्षेत्र से बाहर ले जाने पर सहमति दी, जिसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं।

यह उल्लेख करना जरूरी है कि आने वाले समय में भोरमदेव अभ्यारण्य में इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सफारी जैसी गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएंगी। ये गतिविधियाँ उन्हीं क्षेत्रों से होकर जाएंगी, जहां अभी मवेशियों की आवाजाही देखी जा रही है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो इससे वन्यजीवों के आवास, प्रजनन, और स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, साथ ही जंगल में संक्रामक रोगों का खतरा भी बढ़ सकता है।

मवेशियों की लगातार उपस्थिति के कारण वन्यजीव अक्सर एकांत की तलाश में अभ्यारण्य की सीमा से बाहर भटक सकते हैं, जिससे उनके अवैध शिकार की आशंका भी बढ़ जाती है — यह सभी के लिए चिंता का विषय है।

इसलिए हम समस्त ग्रामवासियों से एक बार फिर सौहार्द्रपूर्ण अपील करते हैं कि वे अपने पालतू मवेशियों को अभ्यारण्य क्षेत्र में ले जाने से परहेज करें।

यह सहयोग न केवल हमारे वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए समृद्ध और जीवंत वन्य जीवन को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

यदि किसी कारणवश इस अपील की अवहेलना की जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक शाला मानिकचौरी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

**कवर्धा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला मानिकचौरी में दिनांक 3 जुलाई 2025 को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन रखा गया। शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर विद्यालय में दाखिल कराया गया। शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं निशुल्क पाठ्यपुस्तक,निशुल्क गणवेश , मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, का लाभ नवप्रवेशी बच्चों को प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मानसिंह साहू, शिक्षाविद सुरेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी फेरुराम साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती के पूजन पश्चात इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का गुलाल लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू ने कहा कि बच्चे जब स्कूल में पहली बार दाखिल होते हैं तभी से भविष्य की नींव रख दी जाती है। इसी बुनियाद पर बच्चे अपने भविष्य का निर्माण, शिक्षकों के मार्गदर्शन, स्वयं की मेहनत एवं पालकों के सहयोग से भविष्य रूपी इमारत का निर्माण करते हैं।अब शासकीय विद्यालयों में पढ़ाई नई शिक्षा नीति 2020, हृष्टस्न-स्नस्, हृष्टस्न-स्श्च के उद्देश्यों एवं निपुण भारत के लक्ष्यों के अनुरूप होगी। जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों में वांछित दक्षता लर्निंग आउटकम्स के अनुसार होगी। नव प्रवेशी बच्चों का दाखिला एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है। सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने हेतु पालकों को प्रेरित करने हेतु शिक्षकों को ध्यान देने की आवश्यकता है । अंत में विद्यालय के सभी बच्चों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक श्रीमती जयश्री शर्मा, शिक्षक जगपाल चंद्रौल, रवि किशोर सिन्हा, श्रीमती छबी वासुदेव, पनमेश कुमार यादव सहित विद्यालय के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।



# जिसने बनाया था उसने ही संवारा

# पूर्ववर्ती सरकार का दंश झेल रहे किसानों को दिलाई बड़ी राहत

- रंग लायी सांसद संतोष पाण्डे की मेहनत, पुन: प्रारंभ होगी जल आवर्धन योजना
- दर्री मटिया एनीकट प्रभावित किसानों की जमीनें मिलेगी वापस

**राजनांदगाँव,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शासन और प्रशासन के द्वारा विकास कार्यों को मूर्तरूप देकर उन्हें जनउपयोगी तथा क्षेत्र वासियों के हितार्थ समर्पित करना देखा है परंतु राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव अनुभाग मुख्यालय में स्थित एक निर्माण कार्य ऐसा भी था जिसे तात्कालीन भाजपा शासन काल में बनाया गया था जिसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं प्रशासनिक लापरवाही के चलते न सिर्फ उक्त निर्माण ध्वस्त हुआ अपितु इस ध्वस्तिकरण प्रक्रिया में शासन को लगभग 20 करोड़ की आर्थिक क्षति हुई वहीं क्षेत्र के 28 कृषक बीते 3 वर्षों तक कृषि कार्य से वंचित हो गये यह पूरा मामला है डोंगरगांव नगर के वार्ड 13 में स्थित दर्री-मटिया एनीकट का जिसे वर्ष 2015-16 में भाजपा की दूरवर्ती सोच वाली सरकार ने कृषकों के सिंचाई, निस्तारी तथा भूजल स्त्रोंतो को बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त एनीकट का निर्माण लगभग 5.50 करोड़ की लागत से कराया गया था उक्त एनीकट निर्माण के उपरांत लगभग 5 वर्षों तक अपने निर्धारित उद्देश्य को पूरा करता रहा इससे क्षेत्र के किसान अपने कृषि भूमि पर रबी एवं खरीफ दोनों फसलों से उत्पादन लेकर अपना जीवन स्तर सुधार रहे थे वहीं इस एनीकट का लाभ नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए भी मिल रहा था साथ ही एनीकट से लगे ग्राम मटिया, दर्री, करियाटोला, बेंदरकट्टा, कोहका एवं नगरीय क्षेत्र डोंगरगांव के अनेक वार्डों में भूजल स्तर में वृद्धि हुई थी। वहीं बीते चार वर्ष पूर्व से उक्त एनीकट विधायक की हठधर्मिता एवं प्रशासनिक लापरवाही के चलते ध्वस्त हो गया था जिसमें 28 किसानों की कृषि भूमि नदी में समाहित हो गई थी वहीं इस विनाश ने भाजपा शासन काल द्वारा स्वीकृत एवं निर्मित नगर के पेयजल आपूर्ति के लिए 12.50 करोड़ की लागत से बने जल आवर्धन योजना पूर्ण से बंद हो चुकी थी जिसे अब पुन: भाजपा की किसान हितैषी सरकार ने करोड़ो की लागत से उक्त विनाश को पुन: विकास में परिवर्तित किया है।



क्षेत्र के इतने बड़े मानवीय भूल से निर्मित आपदा जिसमें लगभग शासन को 20 करोड़ रू. से अधिक का नुकसान शासन का हुआ जिसमें 5.50 करोड़ का एनीकट एवं 12 करोड़ की लागत से निर्मित जल आवर्धन योजना जैसे बड़ी परियोजना शामिल है वहीं 28 किसानों की 15 से 18 एकड़ कृषि भूमि निर्माण कार्य के पूर्व तक कृषि योग्य नहीं हो पाई तथा उक्त कृषक फसल लेने से वंचित रहे वहीं अब इसके पुनरूत्थान में सांसद संतोष पाण्डे की पहल पर लगभग 13 करोड़ की धनराशि वर्तमान किसान हितैषी भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा व्यय किया गया है। इसमें बाढ़ एवं कटाव रोधी 739 मीटर रेटेनिंग वॉल, 173 मीटर एनीकट के जेकेटिंग, पुनरूद्धार तथा 125 मीटर का नया बाढ़ रोधी पहुंच मार्ग सहित किसानों की नदी में समाहित हो चुकी कृषि भूमि को फिलिंग कर पुन: कृषि योग्य बनाया गया है यह कार्य पूर्ण हो चूका है इन कार्यों से किसानों की जमीने उन्हें वापस मिलेगी तथा सबसे बड़ा लाभ नगरवासियों को होगा जिसमें ध्वस्त हो चुके जल आवर्धन योजना को पुन: प्रारंभ कर नगर की पेयजल समस्या को दूर किया जायेगा।

घटना के तत्काल बाद भी लोकप्रिय सांसद संतोष पाण्डेय व उनके सहयोगी मौके पर पहुंचे थे वहां उन्होंने पीड़ित किसानों एवं क्षेत्र का जायजा लिया था इस समस्या के समाधान के लिए सतत् प्रयासरत रहे यह दुर्भाग्य था कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली कांग्रेस सरकार ने इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया। भाजपा के पुन: सत्ता में वापसी के साथ ही इस कार्य को प्रथम प्राथमिकता में रखते हुए 13.50 करोड़ की राशि स्वीकृत किया गया था जिसमें एनीकट के पुनरूत्थान, प्रभावित किसानों की जमीन को भराई कर पुन: कृषि योग्य बनाना, नदी के अप एवं डाऊन स्ट्रीम में बाढ़ सुरक्षा के लिए रिटेनिंग वाल तथा मिट्टी का लंबा पार एवं एनीकट एप्रोज रोड सम्मिलित है उक्त कार्य पूर्ण हो चुके है। साढ़े 13 करोड़ की लागत से ध्वस्त हो चूके जल आवर्धन योजना को पुन: प्रारंभ कर नगर की पेयजल समस्या को दूर किया जायेगा तथा किसानों की नवसृजित कृषि योग्य भूमि को प्रभावित किसानों को सौपने की तैयारी है।

ज्ञात हो कि, भाजपा शासन काल में डोंगरगांव नगर के पेयजल समस्या एवं भूजल स्त्रोत को बढ़ाने तथा कृषकों के सिंचाई के लिए 5.50 करोड़ की लागत से दर्री-मटिया एनीकट का निर्माण किया गया था यह वर्ष 2014-15 में पूर्ण होकर अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर रहा था वहीं नगर में पेयजल समस्या के स्थानीय समाधान के लिए तात्कालीन भाजपा शासनकाल में लगभग साढ़े 12 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना का कार्य स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था जिसमें उक्त एनीकट के अपस्ट्रीम में एक ईंटकवेल, फिल्टर प्लांट, दो उच्च स्तरीय जलागार तथा आपूर्ति हेतु नगर के विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन विस्तार करने का कार्य सम्मिलित था जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और विधायक के चलते ध्वस्त हो चूका था जिसे वर्तमान भाजपा की किसान हितैषी सरकार ने गंभीरता पूर्वक इस समस्या के समाधान के लिए साढ़े 13 करोड़ की परियोजना को स्वीकृत कर उक्त समस्या का स्थायी समाधान किया।

बता दें कि, विनाश की शुरूआत कांग्रेस शासन काल में वर्ष 2020 में शुरू हुई उक्त एनीकट के मटिया स्थित किनारे पर सामान्य कटाव हुआ जिसे विभाग ने वर्षा ऋतु उपरांत मरम्मत कर दिया था जिसके उपरांत पुन: वर्ष 2021 में उसी स्थान पर पुन: कटाव हुआ जिसमें क्षेत्र के 20 किसानों की लगभग 12.50 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो गयी जो वर्ष 2022 में बढक़र कटाव ने 28 किसानों की लगभग 16 एकड़ कृषि भूमि को नदी में समाहित कर दिया तथा नदी की दिशा को परिवर्तित कर दिया जिससे नगर की पेयजल समस्या के लिए बने जल आवर्धन योजना भी बंद हो गयी इस विनाश के पीछे सबसे बड़ी भूमिका क्षेत्रीय विधायक की रही जिन्होंने उक्त एनीकट की चाबी अपने पास रख ली थी और इसके चलते मानसून सीजन में एनीकट के गेट नहीं खोले गये नतीजा यह हुआ कि मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में छोड़े गये पानी ने एनीकट को ध्वस्त कर दिया विशेषज्ञों की माने तो उक्त स्थान पर नदी एनीकट के गेट बंद होने के कारण लगभग ढ़ाई मीटर ऊपर होकर बहने लगी जिससे उक्त कटाव हो गया वहीं विधायक के पास चाबी होने की पुष्टि तात्कालीन कार्यपालन अभियंता जी.डी. रामटेके ने की थी।

वर्ष 2021 एवं 2022 में हुये कटाव के बाद 20 कृषक अपनी कृषि भूमि खो चुके थे उन्हें किसी प्रकार का कोई भी मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ था तद्उपरांत कृषको एवं विपक्षी भाजपा के द्वारा आंदोलन पश्चात प्रभावित 20 किसानों को नाम मात्र का मुआवजा दिया गया था। इसके उपरांत हुए पुन: कटाव में 28 कृषक प्रभावित हुये थे उन्हें कांग्रेस शासनकाल तक कोई मुआवजा अथवा राहत राशि नहीं दी गई जबकि तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बाबत् घोषणा भी की थी परंतु न तो किसानों को मुआवजा मिला और इस वृहत् समस्या के लिए न ही कोई समाधान कारक कार्य योजना बनाई।

## उसरीबोड खरखरा नदी पहुंच मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

**राजनांदगांव,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरीबोड गौठान से खरखरा नदी पहुंच मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं है, बहुत ही ज्यादा खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग गौठान से लगभग 3 किलोमीटर दुरी खरखरा नदी पहुंच मार्ग है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि बारिश के दिनों में इस मार्ग में पैदल चलने लायक भी नहीं रहता है लोग अपनी गाड़ी मोटर साईकिल को गौठान के पास छोड़कर 3 किलोमीटर पैदल चलकर खेत जाते है और खेती-बाड़ी खेती किसानी करने वाले हजारो किसानो को इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। नदी किनारे लगभग 50 परिवार शिव नाथ नदी के आसपास खेती किसानी सब्जी भाजी का धंधा व्यवसाय भी करते हैं जिन्हें बारिश के दिनों में उन्हें के फसल को बहुत नुकसान होता है क्योंकि समय पर मंडी नहीं पहुंच पाता है, रोड इतना खराब हो जाता है कि लोग अपने सिर पर उठाकर लाना ले जाना करते है और सैकड़ो किसानों का खेती बाड़ी का मुख्य इसी मार्ग पर है। सड़क की इस बदहाल हालात के कारण कई लोग शिक्षा से भी वंचित रह जाते हैं उक्त ग्राम में भोले भाले लोग रहते हैं जिनकी समस्या को सुनने के बजाय शासन एवं प्रशासन मुग्ध बैठे हुए हैं आज की स्थिति में उक्त सड़क का निरीक्षण कर डामरीकरण एवं पुलिया निर्माण जनहित में अति आवश्यक है यह ग्राम राजनांदगांव विधानसभा के विधायक डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



## अशोक पंजवानी बने पीएचईडी कांट्रेक्टर एसो. के जिला अध्यक्ष

**राजनांदगांव,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। छग राज्य पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी की अनुशंसा पर कांग्रेस नेता अशोक पंजवानी को एसोसिएशन का राजनांदगांव जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



श्री पंजवानी को जारी नियुक्ति पत्र में उन्हें संगठन के कार्यों एवं सिद्धांतों को दृष्टिगत रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने और पंद्रह दिनों के भीतर जिला कार्यकारिणी का गठन करने कहा गया है। ज्ञात हो कि श्री पंजवानी पूर्व पार्षद के साथ ही शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं प्रवक्ता पद पर रह कर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों में लगातार सक्रियता बनाए हुए हैं। श्री पंजवानी को एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर संगोष्ठी व वृक्षारोपण

**डोंगरगढ़,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) रायपुर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनादगांव के संचालक शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपेक्स बैंक वृक्षारोपण करके कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृहद वृक्षारोपण किया जाना आज की महती आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता, अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन सुब्रत साहू, डॉ सी आर प्रसन्ना सचिव सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन एवं कुलदीप शर्मा आयुक्त एवम् पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ शासन, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के एन कांडे एवं सहकारिता विभाग तथा सभी सहकारी बैंकों के प्रमुख अधिकारीगण, कर्मचारी गण उपस्थित थे।



## विद्यार्थी को तमाचा मार सुनने की शक्ति छीनने वाली टीचर को प्रबंधन समिति का श्रेय

- परिजनों ने स्कूल पहुंच टीचर को निकालने की रखी मांग

**डोंगरगढ़,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के खालसा पब्लिक सीबीएसई स्कूल में कक्षा सातवीं के स्टूडेंट सार्थक सहारे के गाल पर तमाचा मारनें वाली दोषी टीचर प्रियंका सिंह के खिलाफ अब तक स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। जिससे बच्चें की मां जीवनकला सहारे, अन्य परिजन व वार्डवासी सोमवार को स्कूल पहुंचे। उन्होंनें प्रबंधन से दोषी टीचर को स्कूल से निकालनें की मांग रखी। लेकिन प्रबंधन कमेटी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने इस बात से साफ इंकार कर दिया और टीचर को बचानें की सिफारिश की। जिसके बाद नाराज परिजन व वार्डवासी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचें और ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि पखवाड़े भर पहलें खालसा स्कूल की टीचर प्रियंका सिंह ने स्कूल बैग से कॉपी निकालनें में देरी होनें की मामूली बात पर आवेश में आकर स्टूडेंट सार्थक के गाल पर लगातार चार बार तमाचा जड़ दी थी। इस वजह से छात्र सार्थक के कान का पर्दा फट गया है। जिसे अब सुनाई भी नहीं दे रहा है। डोंगरगढ़ व राजनांदगांव में इलाज करानें के बाद उसका उपचार अब रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। लेकिन घटना के बाद से स्कूल प्रबंधन ने अब तक न तो दोषी टीचर के खिलाफ कोई एक्शन लिया है और न ही पीड़ित स्टूडेंट की सूध ली है। जिसे लेकर परिजन व अन्य पालकों में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ खासी नाराजगी व आक्रोश है।



परिजन पहुंचें तो नौकरी से हटानें की बजाय कारण बताओं नोटिस थमाया- मामला उजागर होनें के बाद आनन-फानन में 5 जुलाई को स्कूल प्रबंधन ने दोषी टीचर प्रियंका सिंह को कारण बताओं नोटिस भेजकर जवाब मांगा है और सस्पेंड करनें की बात कही है। खालसा स्कूल का संचालन सिक्ख एजुकेशन सोसायटी डोंगरगढ़ करती है। प्रबंधन के पास सोमवार को परिजन व अन्य पालक पहुंचें और दोषी टीचर को स्कूल से हटानें की मांग की। लेकिन प्रबंधन से ऐसा करनें से सीधे इंकार कर दिया और नोटिस देकर मामलें में दोषी पक्ष का बचाव कर दिया।

कार्रवाई न होनें से नाराज परिजन पहुंचें बीईओं दफ्तर-इसके बाद नाराज परिजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचें और स्कूल प्रबंधन तथा दोषी टीचर प्रियंका सिंह के खिलाफ पूरें मामलें की शिकायत की। पालकों ने बताया कि दोषी टीचर का रवैया बच्चों के प्रति हमेशा सख्त रहता है। तमाचा मारनें से बच्चें की सुननें की क्षमता चली गई है। टीचर का दहशत इतना है कि उसनें तमाचा मारनें की बात किसी को बतानें से डर रहा था। डॉक्टर के पास जानें के बाद ही इसका खुलासा हुआ। इधर मीडिया के माध्यम से मामलें की जानकारी लगनें के बाद प्रभारी बीईओं वीरेंद्र कौर गरचा ने भी जांच कमेटी गठित कर दी है। वही छात्र सार्थक की माता जीवनकला सहारे ने कहा कि हमनें स्कूल प्रबंधन कमेटी के समक्ष मांग रखी कि दोषी टीचर के खिलाफ कार्रवाई करतें हुए उन्हें नौकरी से निकाला जाएं। क्योंकि आज मेरे बच्चे के साथ ऐसी घटना हुई है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होनें से टीचर का हौसला बुलंद होगा और भविष्य में ऐसा कृत्य अन्य छात्रों के साथ भी हो सकता है। लेकिन प्रबंधन ने उन्हें नौकरी से निकालनें साफ इंकार कर दिया। प्रबंधन दोषी टीचर को बचानें में लगें हुए है। केवल कारण बताओं नोटिस भेजकर औपचारिकता पूरी की है। स्कूल प्रबंधन की कार्रवाई से हम संतुष्ट नहीं है।

जांच के बाद अवश्य कार्रवाई होगी- बीईओं- प्रभारी बीईओं वीरेंद्र कौर गरचा ने बताया कि बच्चें के पैरेंट्स व अन्य पालक दफ्तर पहुंचें थे। उन्होंनें इसकी शिकायत की है। मामलें की जांच कराई जाएगी दोषी पाएं जानें पर अवश्य कार्रवाई होगी।

## मंदिर ट्रस्ट चुनाव: नामांकन फार्म का वितरण

- आज और कल, 11 तक होंगे जमा

**डोंगरगढ़,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जेआर बरिहा ने निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करतें हुए बताया कि 8 व 9 जुलाई को सुबह 11 बजें से शाम 4 बजें तक नामांकन फार्म का वितरण किया जाएगा। 10 व 11 जुलाई को दोपहर 2 बजें से शाम 5 बजें तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकतें है। 12 जुलाई को सुबह 10 बजें से दोपहर 2 बजें तक नामांकन पत्रों को लेकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच कर आपत्तियों का निराकरण व स्क्रूटनी की जाएगी। शाम 5 बजें के बाद वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन किया जाएगा। इसी तरह से 13 जुलाई को दोपहर 2 बजें से शाम 5 बजें तक नामांकन पत्र वापसी का समय रहेगा। शाम 5 बजें के बाद उम्मीदवारों के नाम का प्रकाशन श्रेणीवार किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी बरिहा ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा मतदान व मतगणना एजेंटों की नियुक्ति दोपहर 2 बजें से शाम 5 बजें तक कर सकतें है। वहीं 20 जुलाई को सुबह 7 बजें से शाम 4 बजें तक मतदान होगा तथा 21 जुलाई को सुबह 7 बजें से तीनों श्रेणी के मत पत्रों की गिनती शुरु होगी। देर शाम तीनों श्रेणी का परिणाम आ जाएगा। वहीं चुनाव लड़नें वालें उम्मीदवार को 11 हजार रुपये की राशि व स्वयं का पेन कार्ड जमा कर नामांकन फार्म प्राप्त कर सकतें है। बता दें कि संरक्षक श्रेणी से सात, आजीवन श्रेणी से पांच व साधारण श्रेणी से तीन कुल 15 ट्रस्टी चुनकर आएंगे।

## ग्राम दलदली में आज लगेगा विशेष फॉलो-अप शिविर

**कवर्धा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 6 मई 2025 को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्राम दलदली का दौरा किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इन आवेदनों की प्रगति की समीक्षा, त्वरित निराकरण और मुख्यमंत्री के आश्वासन/घोषणाओं के पालन की स्थिति का परीक्षण करने के लिए 08 जुलाई 2025 को प्रात: 11 बजे ग्राम पंचायत दलदली में विशेष फॉलो-अप शिविर और समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक भी शिविर स्थल पर ही आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त समस्त आवेदनों का मौके पर परीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो। उन्होंने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## पुलिस द्वारा 12 जब्त वाहनों की खुली नीलामी 16 को

**बेमेतरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। आबकारी एक्ट के तहत जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी द्वारा जप्त कर राजसात किये गए कुल 12 वाहनों (07 दोपहिया एवं 05 चारपहिया) की खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से नीलामी की जाएगी। पूर्व में यह नीलामी 09 जुलाई 2025 को आयोजित होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसमें आंशिक संशोधन किया गया है।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह नीलामी 16 जुलाई 2025, बुधवार को प्रात: 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक थाना सिटी कोतवाली परिसर में आयोजित की जाएगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित शर्तों के अनुसार—दोपहिया वाहन हेतु ?2000 एवं चारपहिया वाहन हेतु ?5000 का बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, जिला बेमेतरा के नाम से बनवाकर, बंद लिफाफे में संबंधित वाहन का नंबर, वाहन का प्रकार, अपना नाम, पता एवं मोबाइल नंबर अंकित कर 14 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय में रक्षित निरीक्षक, बेमेतरा के समक्ष जमा करना अनिवार्य है। इच्छुक क्रेता नीलामी तिथि के पूर्व थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा परिसर में कार्यालयीन समय में जाकर वाहनों का अवलोकन कर सकते हैं। नीलामी की विस्तृत शर्तें थाना सिटी कोतवाली एवं अन्य थाना/चौकी/पुलिस कार्यालयों के नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित की गई हैं, जिन्हें वहाँ जाकर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है।

## आबकारी एक्ट के तहत आरोपी के कब्जे से 19 पौवा शराब जप्त

- जिला बेमेतरा, बेरला थाना पुलिस टीम की कार्यवाही

**बेमेतरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी श्रीमती संतोषी ग्रेस के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है।

इसी क्रम में 04 जुलाई कोथाना बेरला स्टाफ को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि प्रीतम गायकवाड नामक व्यक्ति चण्डी मंदिर के पास बेरला पतोरा मार्ग में अपने मोटर सायकल के डिग्गी में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना बेरला स्टाफ सूचना के अधार पर बेरला पतोरा मार्ग चण्डी मंदिर के पास पहुच कर घेराबंदी कर प्रीतम गायकवाड को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकडा गया।

आरोपी- प्रीतम गायकवाड पिता लैनू गायकवाड उम्र 28 वर्ष, निवासी पतोरा थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से 19 पौवा देशी मशाला शराब, (3,420द्धद्य) किमती 1,900/- रूपये एवं मोटर सायकल सीजी 07 एल 2429 कीमती 10,000/- रूपये, कुल जुमला 11,900/- रूपये को धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, प्रधान आरक्षक दीनानाथ सिन्हा, आरक्षक संदीप गायकवाड एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।





# बरसात में एक्शन मोड में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष, जलजमाव व पेड़ों की सफाई करवाई



**राजिम,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। लगातार हो रही बारिश के बीच नगर में जलभराव और सड़क मार्ग पर गिरे पेड़ों की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एक्शन मोड में नजर आए और बरसते पानी में हीअपनी टीम लेकर उनके साथ जल भराव स्थल पर उनके साथ न्गर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव , कुलेश्वर साहू , बलराम यादव , सुरेश पटेल , टंकु सोनकर पार्षदगण और नगर पंचायत टीम ने नगर के अन्य जल भराव स्थल पर दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

शिवाजी चौक में भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई थी, वहीं आमापारा नाले की सफाई कार्य तत्काल प्रारंभ कराई गई। नगर के मुख्य मार्ग, विशेष रूप से गरियाबंद रोड पर दो स्थानों पर गिरे पेड़ों को हटाने का कार्य भी मौके पर ही कराया गया।

इस मौके पर नगर पंचायत ब्डव् मनीष गायकवाड़, इंजीनियर नीतीश कुमार भंवर, लोक निर्माण प्रभारी दीपक वर्मा, दीपक कहार, सभापति आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, पार्षद उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकू सोनकर, सहित सफाई कर्मचारी एवं नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।श्रावण मास में यात्रियों की सुविधा हेतु नगर पंचायत राजिम की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान रहेगा ।

नगर पंचायत का उद्देश्य है कि हर श्रद्धालु को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित राजिम नगर की अनुभूति हो ताकि उनकी धार्मिक यात्रा निर्विघ्न और सुखद हो सके। नगरवासियों ने त्वरित कार्यवाही को लेकर नगर पंचायत टीम की सराहना की है।

# बलौदाबाजार जिला कबड्डी संघ का गठन आयुष्मान अध्यक्ष एवं सचिव बने संतोष ध्रुव



**बलौदाबाजार/पलारी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के निर्देशन में बलौदाबाजार जिले की कबड्डी संघ का गठन पर्यवेक्षक ओमप्रकाश जायसवाल की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिले की कबड्डी संघ का अध्यक्ष आयुष्मान बाजपेयीएवं सचिव पद के लिए संतोष ध्रुव को चुना गया। इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों का गठन किया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष ईश्वर साहू एवं उपाध्यक्ष के लिए मुरित राम ध्रुव, शिवकुमार बांधे, बसंत कैवर्त, श्रीमती निर्मला रजक मनोनीत हुए। सहसचिव पद के लिए द्वारिका लाल फेकर, मूलचंद ध्रुव, हरवंश निषाद, लखन लाल प्रधान मनोनीत हुए। प्रमुख सलाहकार बी एल साव, पुनीत वर्मा, एवं धीरज बाजपेयी को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मुंशी राम साहू, भोलेश्वर वर्मा, रोहित निषाद, धनेश्वर साहू, किशन चेलक, रामखिलावन सेन, विरेंद्र साहू, श्रीमती अनामिका निषाद, द्रोण ध्रुव, रामचरण ध्रुव, शशि ध्रुव, चंद्रहास ध्रुव, खिलावन ध्रुव, संतोष साहू, एस राजू, वेदप्रकाश साहू, मालिकराम नेताम, मलेश देवांगन, रामभरोस यादव, टिकेश्वर ध्रुव, पीताम्बर ध्रुव, जगत ध्रुव, टेकसिंह नेताम, भोलाराम ध्रुव, जे आर बारले, रोशन ध्रुव, गौतम नेताम, दुर्गेश ध्रुव, लोकेश निषाद, भागीरथी मरकाम, ईश्वर निषाद, विजय कुमार साहू, मनोनीत हुए। उक्त बैठक में जिला के सभी विकासखंड से कबड्डी के पदाधिकारीगढ़ उपस्थित थे। नवनियुक्त अध्यक्ष आयुष्मान बाजपेयी ने अपने उद्धबोधन जिले की कबड्डी को आगे बढाने के हर संभव सहयोग की बात कही। इसी प्रकार सचिव संतोष ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो उम्मीद कबड्ड़ी संघ बलौदाबाजार ने मुझपर की है उस पर मैं खरा उतरने की कोशिश करूंगा। जिले की नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने कबड्डी संघ पर आभार जताया।

# बाहुड़ा यात्रा के साथ महाप्रभु लौटे अपने धाम



**महासमुंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। बाहुड़ा यात्रा के रूप में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा देवशयनी एकादशी के दिन अपने धाम पहुंचे। इस दौरान जय घोष का शंखनाद होता रहा। सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से बाजे गाजे के साथ बाहुड़ा यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान से तीनों प्रतिमाएं विराजित की गई। अब चार माह तक भगवान योग निद्रा में रहेंगे। इस दौरान मांगलिक व अन्य शुभ कार्य नहीं होंगे।

# कलेक्टर ने की खाद, बीज भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा

**किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश**



**बलौदाबाजार,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। खरीफसीजन में खेती किसानी के लिए जिले के किसानों को आवश्यकता अनुसार समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद-बीज भण्डारण व वितरण की। किसानों को यूरिया सहित एनपीके व डीएपी उर्वरक आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव करने किसानो को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी करें। समितिवार उर्वरक की आवश्यकता हेतु गेप आईडेंटिफाई करें और वहां उर्वरक भण्डारण कराएं। बताया गया कि जिले में बीज का पर्याप्त भण्डारण कराया गया है एवं किसानो को मांग अनुरूप वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में बीज वितरण लगभग पूरा हो गया है। सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों में एनपीके व डीएपी की मांग ज्यादा हैं। डीएपी उर्वरक का लक्ष्य 5000 मेट्रिक टन के विरुद्ध 5700 मेट्रिक टन भण्डारण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 25 मेट्रिक टन डीएपी इस माह मिलने की संभावना है। इसी तरह एनपीके उर्वरक का रेक रेलवे स्टेशन भाटापारा में लगा है जिसमें से 75 मेट्रिक टन जिले के लिए है।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में खड़गे की सभा में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



**महासमुंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुद विधान सभा से सोमवार को 10 बसों सहित 150 गाड़ियों में 1000 से अधिक कार्यकर्ता रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के किसान जवान संविधान सभा में शामिल हुए। भारी बारिश के बीच भी कांग्रेस जनों का उत्साह कम नहीं हुआ।

सभा में शामिल होने रायपुर प्रस्थान के दौरान पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि सभा में जाने से हमें बारिश भी नहीं रोक सकी। भाजपा के कुशासन से आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान हैं। आदिवासियों से उनकी जमीनें छीनी जा रही है। देवभूमि के जंगलों को काटा जा रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा, रोजगार के अवसर खत्म किए जा रहे, शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने शासकीय स्कूलों को बंद किया जा रहा। शिक्षकों के पद खत्म किए जा रहे हैं। जल, जंगल, जमीन को उद्योग पतियों के हवाले किया जा रहा है। संविधान का बार बार अपमान किया जा रहा है। इन सभी बातों को लेकर आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे का रायपुर आगमन हुआ। जहां महासमुंद के 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश के लाखों छत्तीसगढ़िया शामिल हुए। और आने वाले समय में प्रदेश में बदलाव का संकल्प लिया। श्री चंद्राकर के नेतृत्व में महासमुन्द शहर सहित झलप, पटेवा, धनसुली, जलकी, नरतोरा, नायकबांधा, खैरा, खरोरा, नंदगांव, अमावश, अमलोर, खट्टी, अछरीडीह, खट्टीडीह, झालखम्हरिया, अछोला, बम्हनी, बरोण्डाबाजार, बासकुडा, बावनकेरा, गढ़सिवनी, लंहगर, लभराखुर्द, लभरा कला, बडगांव, बोड़रीदादर, बेमचा, घोडारी, बेलसोण्डा, चिंगरौद, कांपा, परसकोल, कोसरंगी, लाफिनकला, कौवाझर, कोलपदर, कछारडीह, चुहरी, छपोराडीह आदि ग्रामों के लोग शामिल हुए।

# प्रदेश सरकार का 19 माह का कार्यकाल विफलताओं से भरा : रश्मि



**महासमुंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महीनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा, गौठान योजनाए जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है। कांग्रेस सरकार के समय हर ग्राम पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था, जहाँ आवारा मवेशियों को सुरक्षा, देखभाल और चारा.पानी की व्यवस्था मिलती थी। सरकारी जमीन चिन्हांकित कर संरक्षित स्थान बनाए गए थे, जहाँ गौ सेवा के साथ महिला स्व.सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार ने इन गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को अब साफदिखने लगा है कि भाजपा सरकार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सड़क हादसों में मानवता की मिसाल बने 'गुड सेमेरिटन' को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**घायलों की मदद कर जान बचाने वाले 5 जागरूक नागरिकों को धमतरी पुलिस ने किया प्रोत्साहित**

**धमतरी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर सराहनीय मानवता का परिचय देने वाले 5 'गुड सेमेरिटन' नागरिकों को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। ये सभी नागरिक दुर्घटनास्थल पर न सिर्फ घायलों की मदद के लिए तत्पर हुए, बल्कि त्वरित सूचना देकर हाईवे पेट्रोलिंग एवं एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि 'ऐसे नागरिक समाज में मानवता और जागरूकता का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। इनकी तत्परता से कई बार बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे उदाहरणों से प्रेरणा लेनी चाहिए।'

सम्मानित 'गुड सेमेरिटन' नागरिक जिन्होंने हाईवे पेट्रोलिंग के माध्यम से सूचित एवं सहयोग प्रदान करने वाले हैं टिकेश्वर साहू, पिता तेजराम साहू, उम्र 26 वर्ष, निवासी पीपरछेड़ी थाना भखारा है जिन्होंने 06.12.2024 को ग्राम भखारा गेट के पास ट्रक एवं पिकअप की टक्कर से घायल हुए तीन लोगों को हाईवे पेट्रोलिंग और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। राज किरण सेन पिता खिलेश सेन उम्र 30 वर्ष निवासी अछोटा थाना अर्जुनी है, जिन्होंने 23.04.2025 को आरटीओ ऑफिस के पास नशे में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखकर हाईवे पेट्रोलिंग को सूचित कर घायल को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। ओम चक्रधारी पिता दयालु राम चक्रधारी उम्र 32 वर्ष निवासी सिलीडीह है, जिन्होंने 06.01.2025 को ग्राम सिलीडीह के पास कार द्वारा मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मारने पर घायल 3 व्यक्तियों की मदद की और 108 एम्बुलेंस व पुलिस को सूचित कर अस्पताल भिजवाया। थानूराम साहू पिता श्यामलाल साहू उम्र 35 वर्ष निवासी भठेली थाना भखारा है, जिन्होंने 04.01.2025 को भखारा बस स्टैंड के पास स्वयं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक चालक की मदद कर तत्काल 108 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सिद्धचक्र विधान जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जिसे सिद्ध परमेष्ठी, सिद्ध भगवानद्ध की पूजा के लिए किया जाता है : ब्रम्हचारी अरुण भैया



**नवापारा राजिम,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। सिद्धचक्र विधान जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान हैए जिसे सिद्ध परमेष्ठी ;सिद्ध भगवानद्ध की पूजा के लिए किया जाता है। यह विधान अष्टान्हिका पर्व में विशेष रूप से प्रचलित है और इसमें सिद्धों के गुणों का स्मरण और आराधना की जाती है। मान्यता है कि इस विधान के माध्यम से जीवन के चक्रों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सिद्धचक्र विधान सिद्ध परमेष्ठी ;सिद्ध भगवानद्ध की पूजा का विधान हैए जिसमें उनके गुणों का स्मरण किया जाता है।

इस विधान को करने से जीवन के चक्रों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता हैए सिद्धचक्र विधान में समस्त सिद्ध समूह की आराधना की जाती है। यह विधान मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है माना जाता है कि सिद्धचक्र विधान करने से जीवन में सफलता और समृद्धि आती है। कुछ मान्यताओं के अनुसारए सिद्धचक्र विधान के प्रभाव से रोगों से भी मुक्ति मिलती हैए सिद्धचक्र विधान में अनेक प्रकार के मंत्रों और बीजाक्षरों का प्रयोग किया जाता हैए जो इस विधान को और भी शक्तिशाली बनाते हैं

नवापारा नगर स्थित 1008 श्री शांतिनाथ जी जिनालय की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं जिसे जैन समाज उत्साह के साथ शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है चारों और उत्साह है अभी वर्तमान में अष्टानिका पर्व चल रहा है इस निमित्त में 3 जुलाई से 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ हो रहा है इसके पुन्यार्जक परिवार मनोज कुमार अनिल कुमार जय कुमार जैन परिवार नवापारा राजिम है आज विधान के पांचवें दिन प्रात: 6रू30 बजे से मंगलाष्टक श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन एवं विधान संपन्न हुआ आज 128 अर्ध समर्पण किया गया

अखरोट बादाम श्रीफल सहित उत्कृष्ट वस्तुओं से अर्घ्य समर्पित किया गया प्रतिदिन रात्रि 7रू00 बजे सभी इंद्र के घर से आरती निकाली जाती है जो कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर श्री जी की महाआरती के रूप में संपन्न होती है आरती के बाद ब्रह्मचारी अरुण भैया और ब्रह्मचारी नमन भैया के प्रवचन होते हैं आज की आरती राजेंद्र जैन गेराज वालों के यहां से निकलकर रमेश पहाड़िया सनत चौधरी एवं प्रदीप जैन के परिवार से होते हुए मंदिर जी में पहुंचेगी जहां संगीतकार की धुनों पर भक्ति आरती नित्य के साथ संपन्न होगी।

# आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में शत्रुघन पिता चमरू, निवासी ग्राम देवतराई तहसील सोनाखान एवं दुधमोती पति स्व. दुवारु बरिहा, निवासी ग्राम कुशभाठा तहसील सोनाखान शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण निमोरा में संपन्न

■ प्रशिक्षण का उद्देश्य शासन प्रणाली को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना है



**बागबाहरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय शासन को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल ठाकुर प्यारेलाल सिंह प्रशिक्षण संस्थान निमोरा रायपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुई।

ठाकुर प्यारेलाल सिंह प्रशिक्षण संस्थान निमोरा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों के नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन प्रणाली को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के साथ श्रीमती निहारिका बारीक सिंह विभागीय सचिव, भीम सिंह संस्थान के निदेशक, पी.सी. मिश्रा प्यारे लाल संस्थान डायरेक्टर एवं संचालक श्रीमती प्रियंका महोबिया विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा रोपित किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव का संदेश भी प्रसारित हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासन की नीतियों, पंचायती राज व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल ग्राम प्रशासन, महिला सशक्तिकरण, एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण जनप्रतिनिधियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं जागरूक बनाकर जनसेवा को अधिक प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम साबित होगा।

इस अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हम जनप्रतिनिधियों के लिए न केवल सीखने का अवसर है। बल्कि अपने अनुभव साझा करने एवं बेहतर प्रशासनिक समझ विकसित करने का भी माध्यम है। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप हम सभी स्थानीय शासन को जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाएंगे।

श्री ठाकुर ने प्रदेश के सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। और इस पहल के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को साधुवाद प्रेषित किया।

# मोहरा पुल में भीड़ से बड़ी दुर्घटना की आशंका, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग तेज



**गरियाबंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को गरियाबंद-धमतरी को जोड़ने वाले मोहरा पुल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही। लोग पुल के समीप नेशनल हाईवे 130 सीसी में ही वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर नदी किनारे उतरकर पिकनिक मनाने और मस्ती करते नजर आए। इससे एक तरफ जहां मार्ग संकरा हो गया वहीं हाईवे पर जाम की स्थिति बनती रही। इसके चलते दिनभर दुर्घटना की आशंका बनी रही। दूसरी ओर कई युवा चार पहिया वाहनों को पुल पर रोककर फोटो व रील बनाते नजर आए। इससे न केवल यातायात में बाधा बने बल्कि इससे पुल पार करने वाले आम यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुल पर बीचोबीच गाड़ी खड़ी करके वीडियो बनाना आम चलन बन गया है, जिससे ट्रैफिक में रुकावट आ रही है।

मालूम हो कि यह पुल गरियाबंद से धमतरी की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए प्रमुख मार्ग है। रोजाना गरियाबंद, छुरा, मैनपुर सहित धमतरी सीमा से लगे गांवों से बड़ी संख्या में लोग यहां से आना जाना करते है। पुल और उससे सटे सड़क पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई और हादसे का खतरा बना रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मोहरा पुल पर चार पहिया वाहनों के रोकने ओर पुल के ऊपर वीडियो/फोटो शूटिंग पर नियंत्रण लाया जाए। हाईवे पर पुल के दोनों ओर 'नो पार्किंग' जोन घोषित कर ट्रैफिक निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि हादसों से बचा जा सके।

गौरतलब है कि यह क्षेत्र एक तेज मोड़ पर स्थित है और यहां से भारी वाहनों की आवाजाही भी निरंतर होती रहती है। तेज रफ्तार और सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से थोड़ी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। लोगो ने मांग की है कि स्थानीय पुलिस शीघ्र कार्रवाई करें। ताकि पर्यटन और यातायात दोनों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जा सके।

# बिहार के बाद धमतरी बनेगा मखाना उत्पादन में अग्रणी जिला, 200 एकड़ में होगी खेती

■ मखाने के खेती से जिले कों मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल ला रही रंग



**धमतरी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। मखाने की खेती के मामले में बिहार के बाद अब छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अग्रणी स्थान पर पहुंच जायेगा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों से जिले में मखाना उत्पादन को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 200 एकड़ क्षेत्रफल में मखाने की खेती की योजना बनाई जा रही है, जिससे खासतौर पर निषाद समाज के लोगों को लाभ मिलेगा।

नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित एक बड़े बहुत भाग में तालाब बनाकर 100 एकड़ में मखाने की खेती जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। इसके अलावा जिले के अन्य जल स्रोतों में भी मखाना उत्पादन को तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। शहर के तालाबों के साथ-साथ जिन क्षेत्रों में पूर्व में कमल ककड़ी की खेती होती थी, वहां अब मखाना उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन, इंदिरा गाँधी कृषि विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर न केवल मखाना उत्पादन कर रहा है, बल्कि उसकी प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी ठोस कदम उठा रहा हैं। 'धनहा धमतरी' नाम से मखाने की ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग की योजना तैयार की जा रही है, जिससे जिले को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सके।

हाल ही में कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम छाती में लगभग 5 एकड़ के अलग अलग तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से मखाने की खेती की वैज्ञानिक पद्धतियों पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञों को निर्देशित किया कि स्थानीय लोगो कों माखने कि खेती के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराये।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा का संकल्प

**गरियाबंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में गरियाबंद एवं बिंद्रानवागढ़ मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्टहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट सेवा को समर्पित रहा। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनकल्याण और राष्ट निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लंबे समय तक संघर्ष किया, उससे आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं।



कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने डॉ. मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनमें देशभक्ति का भाव बचपन से ही था। वे राष्ट के लिए सोचने वाले और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन से जुड़े अहम पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष किया। युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्रीमती मिलेश्वरी साहू, प्रशांत मानिकपुरी, द्वय मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिंद्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए डॉक्टर मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री परसराम देवांगन ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू, वंश गोपाल सिन्हा, प्रकाश यादव, गोविंद तिवारी, खेम सिंह बघेल, प्रियंका सोनी, इतवारी देवांगन, प्रकाश सोनी, प्रतीक सिंह, सरोजनी रात्रे, विनोद नेताम, जगमोहन शर्मा, तरुण ठाकुर, सरला उइके, अर्चना उपाध्याय, मंजरी गुप्ता सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# विश्व आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम 9 अगस्त को बागबाहरा में धूमधाम से मनाया जाएगा

**बागबाहरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगर के मंडी प्रांगण में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के हजारों लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को जोर शोर से मनाने सर्व आदिवासी समाज के लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहाँ हर साल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज के बड़े-बड़े कद्दावर नेता शिरकत करते हैं।

संयुक्त राष्ट संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस आगामी 9 अगस्त को पूरे वैश्विक स्तर पर आदिवासियों के हक अधिकार परम्परा संस्कृति जल - जंगल और जमीन व संवैधानिक अधिकार को संरक्षित करने तथा समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव अंतर्राष्टीय स्तर पर प्रदेश से लेकर जिला/ ब्लॉक एवं ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम से छोटे -छोटे व बड़े आयोजन कर पारंपरिक वेषभूषा में सुसज्जित समाजजन एक जुट होकर एकता, अखंडता और समानता को प्रदर्शित करते हुए एक मंच पर समाज की प्रगति, विकास और उत्थान पर विचार संगोष्ठी के साथ-साथ आयोजन में सम्मिलित समाजजनों के मनोरंजन हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,पारंपरिक वेषभूषा में नर्तक दलों के द्वारा नृत्य,पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन, गायन आदि का कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जो अपने आप में एक अलग पहचान स्थापित करते हैं। इसी तारतम्य में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाने को लेकर महासमुंद जिले में प्रायोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने हेतु ब्लॉक मुख्यालय बागबाहरा के विश्राम गृह में 6 जुलाई दिन रविवार को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष सूअरमाल परिक्षेत्र क्र.02 व मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव के संयोजन में सर्व आदिवासी समाज (रूढ़िजन्य परम्परा पर आधारित) जिला महासमुंद के जिला इकाई कार्यसमिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव किया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद (रूढ़िजन्य परम्परा पर आधारित) के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त को बागबाहरा के मंडी प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। श्री ठाकुर ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने हेतु आगामी बैठक में सर्व सम्मति से विचार विमर्श कर सुनियोजित तरीके से कार्य योजना की तैयारी की जाएगी। वहीं जारी विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने कहा कि अभी से ही क्षेत्र के युवाओं में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाए जाने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।



तथा सोशल मीडिया में काफी सक्रियता नजर आ रही है। इसी प्रकार से अन्य सामाजिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने में प्रयास होना आवश्यक है। ताकि समाज की रीति-नीति, संस्कार , परम्परा संस्कृति के साथ -साथ आर्थिक ,सामाजिक और राजनैतिक विषयों की जानकारी के साथ अपना भविष्य निर्माण कर सकें। पिछले कुछ समय से युवा पीढ़ी में समाज के प्रति लगाव और जागरूकता में काफी बढ़ोतरी हुई है। बागबाहरा के मंडी प्रांगण में प्रायोजित जिलास्तरीय विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने में सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग व समर्थन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सहभागी बनने की पूर्ण सहमति प्रदान की गई ।आयोजन की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल के समाज प्रमुख एवं समस्त पदाधिकारी

गण, सामाजिक कार्यकर्ता गणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ सूअरमाल परिक्षेत्र क्र.02, जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव के संयोजन में बलराम ध्रुव जनपद सदस्य बागबाहरा व अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र खल्लारी %द% ,जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ महिला प्रभाग श्रीमती डेजीरानी नेताम कार्यकारी जिलाध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा श्रीमती भूमिका ध्रुव,सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री ध्रुव, पुष्पेंद्र ध्रुव शिक्षक व मुख्य सचिव गोंडवाना गोंड महासभा जिला महासमुंद,जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग हेमसागर बिंझवार,जिलाध्यक्ष खंडिया समाज पंचूराम खंडिया,जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग संतोष कुमार खंडिया,ब्लाक अध्यक्ष बागबाहरा पूरन सबर,उदयभानू ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद,संरक्षक युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव,मीडिया प्रभारी युवा प्रभाग हितेश्वर मरई,सामाजिक कार्यकर्ता टोपेश ध्रुव,दानवीर ध्रुव,टीकम सिंह नेताम, गुलशन ध्रुव, हरिराम खंडिया,राजकुमार खंडिया, समाज सेवक भेखराम ध्रुव, गैंदलाल दीवान,रमन बरिहा सहित सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के कार्यकारिणी सदस्य गण उपस्थित थे।

# सासंद रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन पर केंजुवा सोसायटी में किया गया वृक्षारोपण



**सरायपाली,** 7 जुलाई (देशबन्धु) महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा केंजुवा सोसायटी में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा सांसद प्रतिनिधि कैलाश अग्रवाल,सोसाइटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह,विधि प्रकोष्ठ संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुमारी भास्कर, श्रीमती पुष्पलता चौहान, सरपंच चैतन्य नायक,मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, रेशम पटेल, प्रमोद सागर ,मंडल उपाध्यक्ष आशीष दास,महामंत्री विदित धनानिया, डॉ प्रकाश पटेल,मनोज दास, दीपक मखीजा, रमेश नायक,लव कुमार चौधरी, मनोज आदित्य,आदर्श गुप्ता,शिवा जायसवाल ,इकबाल एवं ग्राम वासी उपस्थिति रहे। उक्त कार्यक्रम में सोसायटी प्रबंधक दीपक कुमार वर्मा एवं आपरेटर मोहन लाल उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन की पहल से पर्यटन स्थलों का हो रहा विकास, युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

■ पर्यटन से बदलेगी तस्वीर- जबर्रा और नरहरा में नया मॉडल तैयार

■ सीईओ जिला पंचायत श्रीमती श्रीवास्तव ने नगरी के पर्यटन स्थलों सहित अन्य कार्यों का किया निरीक्षण



**धमतरी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने नगरी विकासखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों- जबर्रा और नरहरा का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ इन स्थलों से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विशेष रूप से महिला स्व-सहायता समूहों को 'कैंटीन सुविधा' से जोड़ा जाएगा, जिससे न सिर्फ पर्यटकों को भोजन- पानी की सुविधा मिलेगी, बल्कि महिलाओं की आय में भी वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने एडवेंचर कैम्प की संभावनाओं का भी अवलोकन किया। सीईओ ने ग्राम पंचायत जबर्रा में निर्माणाधीन एकीकृत सुविधा केंद्र और चौक सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत, आरईएस विभाग तथा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को दिए।

इस दौरान उन्होंने जबर्रा के होम स्टे घरों में निर्मित शौचालय और काजल नदी का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद पंचायत नगरी के सीईओ को निर्देशित किया कि वे ऐसे 10 किसानों का चयन करें, जिनके पास कम से कम एक एकड़ भूमि हो और एक सप्ताह के भीतर संबंधित प्रकरण तैयार करें।

सीईओ श्रीमती श्रीवास्तव ने पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु नरहरा में ग्राम समिति की बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद सीईओ नगरी रोहित बोरझा, एपीओ नरेगा धरम सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर निगम द्वारा नगर के प्रमुख सड़कों से हटाया गया मवेशी



■ पशुओं को खुले में छोड़ने पर पशु मालिको के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई लगेगा जुर्माना

■ बीती रात की गई कार्रवाई में 20 मवेशियों को पड़कर रखा गया

**धमतरी,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही आवारा पशुओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए एक विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने शनिवार को दिन और रात में सघन कार्रवाई कर सड़कों पर घूम रहे 20 आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस अभियान के दौरान पशु मालिकों को भी सख्त निर्देश देते हुए समझाइश दी गई कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें, अन्यथा नगर निगम द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम का यह प्रयास नागरिकों की सुरक्षा,सड़क यातायात की सुगमता तथा स्वच्छता बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम है। आम जनता से अपील की जाती है कि वे नगर निगम का सहयोग करें और अपने पालतू पशुओं को नियंत्रित रखें। नगर निगम द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। खुले में आवारा पशुओं को छोड़ने पर एक्शन भी लिया जाएगा।

**अच्छी बारिश होने से किसान खुस**

पलारी 7 जुलाई (देशबन्धु) क्षेत्र में अच्छी बारिश हो से किसानो ने खुशी जाहिर की है। रोपाई का काम चालू हो गया है। समीपस्थ ग्राम बिनौरी में सरपंच किरण सनकुमार साहू खुद रोपा लगाते हुए अपने खेती



# भाजपा मंडल ने डॉ. मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी व वृक्षारोपण के साथ दी श्रद्धांजलि

◆ **पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**



**खरोरा** 7 जुलाई(देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खरोरा मंडल ने आज प्रखर राष्ट्रवादी, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती को भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर गुलाल लगाकर माल्यार्पण किया, एक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया। यह कार्यक्रम राष्ट्र सेवा और पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम बन गया। कार्यक्रम का मंच संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने अपनी कुशल सूझबूझ के साथ किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन चंद्राकर ने डॉ. मुखर्जी के जीवन को राष्ट्र सेवा और बलिदान का प्रतीक बताते हुए कहा, च्आज का वृक्षारोपण डॉ. मुखर्जी के समृद्ध भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक नारे च्एक देश, एक निशान, एक विधानज्ञ को दोहराते हुए पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र की एकता से जोड़ा। उन्होंने कहा, च्हमें उनके आदर्शों को अपनाकर भारत को हर क्षेत्र में मजबूत करना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने में डॉ. मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं से उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी ने कहा, च्डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है, और पर्यावरण संरक्षण भी उसी का हिस्सा है।ज्ञ सुमित सेन ने कहा, वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि डॉ. मुखर्जी की दूरदर्शी सोच को भी जीवंत रखेगा। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर क्षेत्र में दर्जनों पौधे रोपे, जिनमें नीम, पीपल, बरगद, अशोक और अन्य छायादार व फलदार वृक्ष शामिल थे। सभी ने इन पौधों की देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया, ताकि खरोरा को हरियाली और स्वच्छता का प्रतीक बनाया जा सके। संगोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, भारत की एकता और सांस्कृतिक गौरव के लिए उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का प्रण लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, सुनील नायक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा से परस नायक, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूर्णिमा धनकर, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र सेन, भाजपा मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर, पार्षद मनीषा कोशले, पार्षद अम्बिका बंछोर, पार्षद सुश्री हेमलता नशीने, पार्षद लीला देवांगन, पार्षद पंचराम यादव, पार्षद जयप्रकाश वर्मा, शिवलाल देवांगन, शकुन डहरिया, श्रवण भोई, वीरेंद्र बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**स्कूल में वृक्षारोपण**



**नगरी** 7 जुलाई (देशबंधु)।शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, टेंगना में धरती के श्रृंगार एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ की ओर से फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया गया 7 शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि च्धरती के श्रृंगारज पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए एवं प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि त्रिलोक कश्यप, दयालु राम नेताम,असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधान पाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर पार्वती ध्रुव, संतोष बांधव एवं समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# बागबाहरा शहर में डॉ. मुखर्जी की जयंती मनाई गई



**बागबाहरा**, 7 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा शहर मंडल के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 में डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम लगाया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। पेड़ मां के नाम लगाने के कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखी गई, जो मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को दर्शाती है।

इस कार्यक्रम का सफल आयोजन मंडल अध्यक्ष सुश्री डिंपल डाली ध्रुव के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर जी , पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू जी,अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आबिद खान जी, महामंत्री अतुल गंडेचा जी, मंत्री अशोक दीप जी, पार्षद सविता दीवान एवं थानुराम पांडे जी, बागबाहरा ग्रामीण मंडल महामंत्री जानवी साहू जी, युवा मोर्चा महामंत्री राजा देवांगन जी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मोतीलाल पुजारा जी, एवं मंडल एवं बूथ के अनेक कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति झरना देवी ,रामोतिन नायक, आगेशवरी नायक, रूखमणि ठाकुर, ईशवरी यादव, कोमल तिवारी, कुन्ति निषाद, हरिश ठाकुर, मोहन मिर्धा, घुरूषोत्तम दीवान, राजेन्द्र मिर्धा उपस्थित थे। तथा इसी तारतम्य में मंडल के विभिन्न बूथों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिनमें बूथ क्रमांक 113 (बागबाहरा)एवं 41 (सुखरीदबरी) में भी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ताओं द्वारा श्यामप्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।

# पीएम श्री सेजेस आर के स्कूल पिथौरा के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण



**पिथौरा**, 7 जुलाई(देशबंधु)। पी एम श्री सेजेस आर के स्कूल पिथौरा में कक्षा 9 वीं, 10 वीं और 11 वीं कक्षा में अध्ययन रत बच्चे शैक्षिक भ्रमण के लिए 05 जुलाई 2025 को अपने शिक्षकों के नेतृत्व में राजधानी रायपुर स्थित विज्ञान केंद्र (साइंस सेंटर) और नया रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय गए। सर्वप्रथम विज्ञान केंद्र जाकर वहां के वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित चित्रों और उपकरणों का विस्तृत अवलोकन किए तथा बगीचे में कुछ देर समय व्यतीत किए। भोजन के पश्चात बच्चों को नया रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय ले गए, जहां बस्तर के आदिवासियों की जीवन संस्कृति को विस्तार पूर्वक और मनोरंजक ढंग से समझने का मौका मिला। विद्यालय के प्राचार्य श्री एम डी प्रधान और हिंदी माध्यम स्कूल के प्रभारी श्री बी के बघेल ने बताया कि विद्यालय के 260 बच्चे अपने शिक्षकों के नेतृत्व में खुशनुमा माहौल में वैज्ञानिक तथ्यों और आदिवासी जीवन परंपरा को समझे तथा अपनी डायरी में नोट करते गए। इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों को विज्ञान की बारीकियों को समझने में भी आसानी हुई। स्कूली बच्चों के इस शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व वरिष्ठ व्याख्याता श्री एम के भोई, श्री एम के साहू, श्री जी एस प्रधान , श्री आर के दीवान , श्रीमती एस चंद्राकर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने किया। उक्त जानकारी व्याख्याता बी पी पटेल ने दी।

## भाजपा कुरूद ने डॉ. मुखर्जी को किया याद



**कुरूद** 7 जुलाई(देशबंधु)। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कुरूद ने 6 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक मे नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विशाल प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुजा अर्चना कर अभिनंदन स्वरूप आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू विधायक प्रतिनिधि , भानू चन्द्राकर, भाजपा नेतागण भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिनारायण साहू, हरिशंकर सोनवानी,मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, विकास चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, खिल्लू देवांगन, महेश सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, सुरज देवांगन, बल्लू चन्द्राकर, बजरंगी, विकास, डेविड देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण शामिल थे।

# राजीव गॉंधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में नीरज शर्मा सांसद प्रतिनिधी नियुक्त



**सिमगा** 7 जुलाई(देशबंधु)। शासकीय राजीव गाँधी शासकीय महाविद्यालय में रायपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपना प्रतिनिधी नियुक्त किया है शर्मा पूर्व में सुनील सोनी के भी सांसद प्रतिनिधी के तौर पर कार्य कर चुके है शर्मा ने अपनी नियुक्ती पर क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल , भा.ज.पा.प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा , भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष आनंद यादव,अनिल पाण्डेय किसान नेता, मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणी तिवारी , महामंत्री छोटू यादव , के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि वे अपने दायित्व पर खरा उतरेंगे छात्र - छात्राओ को होने वाली समस्याओ के लिए एवं महाविघालय के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे उनके सांसद प्रतिनिधी नियुक्त होने पर पार्षद सचिन जैन, रूजुन सोनकर, मुकुद रजक, अनूप तिवारी, मानिषा माया सलुजा, टैबू देवांगन, विष्णु जायसवाल कमलेश साहू , मनोज चौबे परस पाटकर,,राजेश सिंह, प्रशांत देवांगन, आशिष शर्मा औरेठी, भागसिंग गेण्डरे ,नारायण निषाद, धनश्याम देवांगन, बी.एन. देवांगन, हर्ष तम्बोली, संतोष देवांगन, मुकेश देवांगन,,सहित बडी सुख्या में कार्यकताओ ने बधाई दी है।

## ग्राम बया निवासी रितिक अग्रवाल बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**पिथौरा** । (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, गांव और जिले बालौदाबाजार का नाम गौरवान्वित किया है। रितिक की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिजन, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है रितिक अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री विकास अग्रवाल के भतीजे हैं तथा बया के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री लीलाधर अग्रवाल के पौत्र हैं। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है रितिक की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों व ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रितिक अब युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं।

## निधन

**महादेव प्रसाद श्रीवास्तव**



**महासमुंद** 07 जुलाई (देशबंधु)। स्थानीय पुराना सिविल लाइन निवासी महादेव प्रसाद श्रीवास्तव 87 वर्ष सेवानिवृत प्रधान पाठक का सोमवार शाम निधन हो गया। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा।

**गोपीचंद पटेल**



झलप 07 जुलाई (देशबंधु)। ग्राम छिलपावन निवासी गोपीचंद पटेल 75 वर्ष का 7 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम छिलपावन में किया गया। वे दिनेश पटेल के पिता थे।

**राममनोरथ लोधी**



आरंग 7 जुलाई(देशबंधु)। ग्राम कलई निवासी श्री राममनोरथ लोधी (उम्र 65) का आकस्मिक निधन हो गया है वे रामावतार लोधी एवं रवि लोधी के पिता थे उनका अंतिम संस्कार ग्राम कलई मुक्तिधाम में दिनांक 08 जुलाई 2025 दिन मंगलवार सुबह 10 बजे किया जाएगा।

**नंदिनी देवी साहू**



बागबाहरा, 7 जुलाई। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कसेकेरा निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद के रूपेंद्र कुमार साहू( जिला गौ संवर्धन संयोजन एवं सरस्वती शिशु मंदिर प्रकल्प के आचार्य) की धर्मपत्नी श्रीमती नंदिनी देवी साहू का आज 7 जुलाई सोमवार को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 37 वर्ष की थी। जिनका अंतिम संस्कार कसेकेरा गांव में आज सोमवार की शाम किया गया। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सामुदायिक भवन निर्माण भूमि पूजन



**नगरी** 7 जुलाई(देशबंधु)नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 9 में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद, वार्ड पार्षद अलका साव, सभापति शंकरदेव, पार्षद देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, चेलेश्वरी साहू, जयंती टुकेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, कमल डागा के कर कमलो से किया गया। वार्ड पार्षद अलका साव ने हमारे संवाददाता को जानकारी दी की वार्ड क्रमांक 9 में शिव मंदिर के पास वार्ड वासियों की पुरानी मांग थी, सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक भवन नहीं होने से पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रम के लिए लोगों को परेशान होना पड़ता था, भवन बनने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी एवं यह भवन जल्द बनकर वार्ड वासियों के सुख और दुख के लिए उपयोगी होगा, भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर साहू समाज अध्यक्ष ईश्वर साहू एडवोकेट सुरेश साहू जमुना प्रसाद साहू पूर्व पार्षद चमेली बाई नंदनी बाई चंद्रिका साहू विवेक कुमार साहू उपस्थित थे।

# कुर्मी समाज द्वारा वृक्षारोपण किया गया



**कोहका/तिल्दा** 7 जुलाई(देशबंधु)। कुर्मी समाज की बैठक नेवरा छात्रावास में 6 जुलाई को रखा गया था जिसमें समाज के द्वारा वृक्षारोपण कुर्मी बोर्डिंग में किया साथ ही 28 प्रकरणों की सुनवाई राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा के द्वारा किया गया सबसे पहले भगवान श्री राम के छाया चित्रों व महापुरुषों का पूजा अर्चना किया गया उसके बाद समाज के वरिष्ठों द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ ही प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण किया गया सबसे अहम मुद्दा डीजे व धूमल का रहा जो कुर्मी समाज द्वारा आवाज पर प्रतिबंध है प्रकरण की सुनवाई उपरांत सहयोग राशि लिया गया वह भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो इस पर विशेष जानकारी राज प्रधान ठाकुर राम द्वारा दिया गया इस कार्यक्रम को तिल्दा नेवरा नगर इकाई के द्वारा प्रथम बार तिल्दा राज बैठक ने आहूत किया गया था भोजन व्यवस्था व शांतिपूर्ण कार्यक्रम की तिल्दा राज कार्यकारिणियों द्वारा प्रशंसा किया गया राज्य मंत्री दौलत धुरंधर व अनिल वर्मा द्वारा संचालित कार्यक्रम बहुत अच्छे ढंग से संचालित हुआ महिलाओं की भी सहयोग की प्रशंसा किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा , राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ,के के वर्मा ,नगर अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , जैनेंद्र बघेल ,सेक्टर प्रमुख शिव वर्मा, टॉपलाल वर्मा, अनिल वर्मा ,भागवत वर्मा ,नंदनी खीचरिया,ममता पैकरा ,देवकी बाघमार , घनश्याम वर्मा, रमेश वर्मा सहित समाज के सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित थे।

# राधाकृष्ण मंदिर में 14 से सावन के प्रत्येक सोमवार को होगा पार्थिव

**28 जुलाई तृतीय सोमवार को सहस्त्र जल धारा होगा सम्पन्न**

**नवापारा राजिम** ,07 जुलाई देशबंधु । श्रावण मास में परंपरागत प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 14 जलाई से सावन के प्रत्येक सोमवार को पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का आयोजन राधाकृष्ण मंदिर में विधिवत रूप से संपन्न कराने के लिए व्यवस्था के संचालन हेतु 6 जुलाई रविवार को एक बैठक रखी गई जिसमें नवापारा के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस बैठक में श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वाकर मोहन अग्रवाल की उपस्थित में गोपाल अग्रवाल , गिरधारी अग्रवाल , अभिषेक अग्रवाल, बजरंग गोयल , मनमोहन अग्रवाल, गोविंद मोहन अग्रवाल , ओम सारडा , राजकुमार कंसारी ,अजय अग्रवाल ,प्रताप छाबड़ा, संदीप गोयल, पप्पू गुप्ता, पन्ना साहू ,चंदू कंसारी, अनिल अग्रवाल, रवि अग्रवाल ,प्रणय अग्रवाल, नवापारा के सभी समाज के लोग उपस्थित थे मंदिर के सर्वाकर मोहन अग्रवाल ने बताया कि दादा जी शिष्य मंडल के द्वारा प्रत्येक सोमवार भंडारा का आयोजन किया जाता है दिनांक 28 जुलाई 25 तृतीय सोमवार को जल सहस्त्र धारा होगा इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपना जीवन धन्य बनाएं श्रावण मास का प्रति दिन बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है जो व्यक्ति सावन माह में उपवास विधि विधान से पूजा करता है उसकी हर मनोकामना देव महादेव पूर्ण करते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

**प्रदेश सरकार का 19 माह...**

19 माह में अपने वादों पर खरी नहीं उतर सकी। चाहे वह युवा रोजगार की बात हो, या महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की, हर स्तर पर भाजपा सरकार ने सिर्फघोषणाएं कीं, काम नहीं।

**सड़क हादसों में मानवता की...**

एम्बुलेंस को बुलाकर अस्पताल भेजा। राजू राजपूत पिता तानाजी राजपूत उम्र 43 वर्ष निवासी इंद्रा नगर कुरुद है, जिन्होंने 11.05.2025 को ग्राम डांडेसरा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में घायल हुए 3 लोगों को सड़क से हटाकर पानी पिलाया और हाईवे पेट्रोलिंग की मदद से अस्पताल पहुंचाया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी उनि. खेमराज साहू, प्रआर. जितेन्द्र कृदत्त एवं हाईवे पेट्रोलिंग के 01, 02, 03 के स्टॉफ सहित गुड सेमेरिटन उपस्थित थे।

# अहिल्दा शाला परिसर एवं कक्ष में भरा पानी, जल निकासी की समस्या पर किसी का ध्यान नहीं



**लवन** 7 जुलाई(देशबंधु) लवन के समीप ग्राम अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक शाला में वर्षा के पहले बरसात के साथ जलमग्न हो गया यह समस्या विगत 10 वर्षों से बनी हुई है परंतु शासन प्रशासन पंचायत प्रतिनिधि को कोई मतलब नहीं संस्था के प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि यह समस्या विगत 10 साल से बनी हुई है वे प्रतिवर्ष जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के उच्च अध्यक्ष अधिकारी को इस समस्या से अवगत कराते हैं परंतु आज भी इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकला जिसका परिणाम यह है कि आज साल परिसर पूर्ण रूप से जल मग्न हो गया जिसके कारण शिक्षा छात्र सभी परेशान नजर आए मुश्किल से मध्यान भोजन का संचालन हो पा रहा है आगामी दोनों में यदि पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो निश्चित रूप से शाला बंद करने की नौबत आ सकती है इस बारे में सरपंच शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष एवं सदस्यों को अवगत करा दिया गया है।

# शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

◆ **आरोपी से कुल 10 लीटर महुआ शराब को किया गया जप्त**



**बिलाईगढ** 7 जुलाई(देशबंधु)। थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई कर दिनांक 07,07,25 को मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के ग्राम गोरबा के रोहित खूंटे नाम का व्यक्ति अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी रोहित खूंटे पिता परसराम खूंटे उम्र 40 वर्ष ग्राम गोरबा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमती 1000 रू को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्‍व शिव कुमार धारी प्र.आर. भंवरलाल काटले प्र.आर.किशोर खटकर आर हेमंत जाटवर कमल कुर्रे म आर मोहन कुमारी समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# फूल बाजार में फॉक्सटेल फर्न

## 12 शोभाकारी पत्तियों की बढ़ रही हिस्सेदारी

**भाटापारा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। लेदर लीफ फर्न। यह उस हरी पत्ती का नाम है जिसकी हिस्सेदारी फूलों की बराबरी में पहुंच रही है। अब इसका मुकाबला फॉक्सटेल फर्न से होने जा रहा है, जो अपनी मखमली संरचना की वजह से विशेष रूप से पहचाना जाता है।

फूल बाजार में फूल ही नहीं, अब ऐसी पत्तियां भी अहम मानी जा रहीं हैं, जिनकी प्राकृतिक संरचना अपने आप में अनोखी होती है। कुछ पत्तियां अपनी हिस्सेदारी इसलिए बढ़ा रहीं हैं क्योंकि उनमें नमी ज्यादा देर तक बनी रहतीं हैं, जो फूलों को भी लंबे समय तक ताजा रखती है। इनमें 12 ऐसे पौधे एवं झाड़ियां हैं, जिनकी पत्तियां अब फूल बाजार में नजर आ रहीं हैं।

**यह 12 शोभाकारी पत्तियां:** लेदर लीफ फर्न होती है रेशेदार और गहरे हरे रंग की। इसलिए मांग में सबसे ज्यादा। मुकाबले में सामने है फॉक्सटेल फर्न जिनकी पत्तियां घनी होती हैं। कोडियम की मांग बच्चों के आयोजनों में इसलिए ज्यादा है क्योंकि पत्तियां रंगीन होतीं हैं। आसानी से पहचानी जाती है यूकेलिप्टस की पत्तियां क्योंकि हल्की सुगंध होती है। ट्रेंडी लुक की वजह से बड़े आयोजनों में ड्रासेना की पत्तियां बहुतायत में उपयोग की जा रहीं हैं। शाही लुक के लिए कैलाथिया की पत्तियां और गुलदस्ते में नजर आने वाली आर्किड भी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं।



**इनमें खूब:** ब्राइडल बुके में फॉक्सटेल फर्न, बेबी ब्रेथ और यूकेलिप्टस। गिफ्ट बुके में लेदर लीफ फर्न और ड्रॉसेना। क्रिएटिव डेकोरेशन बुके में मॉन्स्टर, कैलाथिया, कोडियम। टेबल सेंटर पीस के लिए अरालिया, फिलोट्रेशन और पाम की पत्तियां खूब मांगी जा रहीं हैं। यह इसलिए क्योंकि प्राकृतिक संरचना और प्राकृतिक गुण इन पत्तियों में विशेष रूप से होते हैं।

**व्यावसायिक महत्व:** फ्लोरीकल्चर इंडस्ट्रीज में अब न केवल फूलों की मांग बढ़ रही है बल्कि शोभाकारी पत्तियों की व्यावसायिक खेती और विपणन की स्थितियां बन चुकीं हैं। इससे किसानों को आजीविका का एक और सशक्त साधन मिल रहा है। जरुरत उनकी व्यावसायिक खेती, भंडारण, विपणन और बाजार उपलब्ध करवाने की कोशिश की है जिससे रोजगार के नए द्वार खोलने में मदद जल्द मिलेगी।

**समन्वित प्रयास की आवश्यकता:** शोभा बढ़ाने वाली पत्तियों की बढ़ती हुई मांग फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) को एक नया दृष्टिकोण प्रदान कर रही है। इन पत्तियों की व्यावसायिक खेती किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन सकती है, पर्यावरण को अधिक हरित बना सकती है और युवाओं को एक नया व्यवसाय आरंभ करने का अवसर दे सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि समन्वित प्रयास किए जाएं और तकनीकी सहायता प्रदान की जाए।

**– अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# कलेक्टर ने किया दफ्तरों का औचक निरीक्षण, कई गैरहाजिर मिले



**गरियाबंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर बी.एस. उइके ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित कई विभागों का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने भूतल और प्रथम तल पर मौजूद सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनसंपर्क, खेल, राजस्व, आवक-जावक, जिला कोषालय और भू-अभिलेख शाखा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण और कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति भी देखी। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने और सरकारी जिम्मेदारियों को निभाने के निर्देश दिए। परिसर को स्वच्छ रखने को भी कहा। निरीक्षण में कुछ अधिकारी और कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, पंकज डाहिरे और जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# झारा एवं कमरौद के हायर सेकेंडरी स्कूलों में आज सायकल वितरण कर पौधारोपण किया जाएगा

**बागबाहरा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। खल्लारी भाजपा मंडल के अंतर्गत झारा एवं कमरौद के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में आज भाजपा नेताओं द्वारा निःशुल्क सायकल वितरण कर पौधारोपण किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी मण्डल खल्लारी के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं सुचित किया जाता है कि आज 8 जुलाई दिन मंगलवार को ऐतराम साहू भाजपा जिलाध्यक्ष महासमुंद, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद लोकसभा महासमुंद, प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक खल्लारी, श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व छाया विधायक खल्लारी एवं भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद की उपस्थिति में खल्लारी मण्डल के ग्राम पंचायत कमरौद एवं ग्राम पंचायत झारा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क सायकल वितरण एवं पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। यहाँ आयोजित कार्यक्रम इस प्रकार है। सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झारा में सुबह 11 बजे सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम के बाद वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम किया जाएगा। इसी तरह शासकीय उच्च. माध्यमिक शाला कमरौद में 12 बजे छात्राओं को सायकल वितरण कर पौधारोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लोकेश पनुरिया (मण्डल अध्यक्ष), सुजीत साहू, ताराचंद देवांगन महामंत्री, भूषण नामदेव अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति कमरौद, शंकर नेताम अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति झारा के अलावा मीडिया प्रभारी खिलेश साहू मौजूद रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं को भाग लेने की अपील की गई है।

# अलसी की चमक बढ़ी वार्निश-पेंट यूनिटों की डिमांड से, दलहन में भी तेजी

**भाटापारा,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। और तेज होगी अलसी क्योंकि वार्निश-पेंट यूनिटों की डिमांड निकल चुकी है। इसी तरह कच्चे आम की आवक ने सरसों की कीमत बढ़ाई हुई है। इधर दीपावली के लिए दलहन मिलें भंडारण कर रहीं हैं, इसलिए अरहर, चना, तिवरा और बटरी भी तेजी की राह पर है।

दीपावली की तैयारियां ईकाइयों में चालू हो चुकी है। इससे दलहन और तिलहन में तेजी का दौर चालू हो चला है। इसलिए यह तेजी दीर्घ अवधि तक बने रहने की धारणा है। विशेष रूप से तिलहन में अलसी की स्थिति आगे और भी मजबूत हो सकती है। वैसे भी पिछले एक पखवाड़े में इसमें क्विंटल पीछे 500 रुपए की तेजी आ चुकी है।

**बेहद मजबूत यह दोनों:** 500 रुपए की तेजी के बाद अलसी 6500 रुपए क्विंटल। इतनी ही तेजी की धारणा इसलिए बना रही है क्योंकि वार्निश-पेंट बनाने वाली ईकाइयों की डिमांड इसमें निकली हुई है। ठीक ऐसी ही स्थिति सरसों में भी बनी हुई है, जिसमें सरसों तेल उत्पादन करने वाली यूनिटों की खरीदी जारी है। इसके अलावा तिलहन फसलों को लेकर शासकीय प्रोत्साहन ने भी कीमत को बढ़ाने में पूरा सहयोग दिया हुआ है।



**उबाल दलहन में:** दीपावली की तैयारी में लग चुकी है दलहन मिलें। अग्रिम तैयारी के तहत भंडारण ने अरहर को 6000 रुपए क्विंटल की ऊंचाई पर पहुंचाया हुआ है, तो चना खैरी 5300 से 5400 रुपए क्विंटल पर पहुंचकर और तेजी का संकेत दे रहा है। अलबत्ता 3500 रुपए क्विंटल पर तिवरा और बटरी 3800 रुपए क्विंटल पर पहुंचकर व्हेट एंड वॉचज् जैसी स्थिति में है क्योंकि इसमें आने वाले दिनों में बोनी की भी मांग निकलेगी।

**भंडारण पूर्णता की ओर:** धान मोटा और बारीक में भंडारण अब पूर्णता की ओर है। इसलिए दैनिक जरूरत पर ध्यान दे रहीं हैं चावल और पोहा बनाने वाली ईकाइयां। लिहाजा मध्य क्रम पर देखी जा रही है धान की कीमत। ऐसी स्थिति में एचएमटी 2400 से 2500 रुपए क्विंटल, सियाराम 3000 से 3100 रुपए क्विंटल और विष्णुभोग 5400 से 5500 रूपए क्विंटल पर शांत है जबकि महामाया 2000 से 2200 रुपए क्विंटल और सरना 1800 से 1900 रुपए क्विंटल पर स्थिर है।

# जवाहर नवोदय परीक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन कर प्रतिबद्धता से करवाए तैयारी : बीईओ शर्मा

**आरंग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सत्र 2026-27 कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म भरने के सफल क्रियान्वयन एवं आवश्यक दिशा निर्देश के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षणिक हाल में विकासखंड के समस्त प्राथमिक प्रधान पाठकों की बैठक का आयोजन किया गया इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने संस्था प्रमुखों को प्रेरित करते हुए कहा की इस राष्ट्र स्तरीय परीक्षा में शत प्रतिशत नामांकन होना चाहिए ताकि विद्यार्थियों में कांपीटिशन की भावना उत्पन्न हो एवं मोटिवेट करते हुवे जानकारी दी कि नवोदय विद्यालय से पास आउट ही सबसे अधिक आईएएस बनते है, इसके लिए उन्होंने प्रधान पाठक गण सहित, संकुल समन्वयक गण को भी निर्देशित किया साथ ही प्रतिदिन ऑनलाइन एमडीएम एंट्री, ऑनलाइन अवकाश प्रक्रिया, बुक स्कैनिंग तथा शालेय समय सारणी का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया वहीं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से कहा कि नवोदय विद्यालय में पढ़ना एक सपना होता है जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी शिक्षकों सहित हम सबकी है। तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय माना कैंप से आए पीजीटी गण डी के सिंग व रामसहाय ढोली ने कहां की जिले में एकमात्र सुव्यवस्थित, निशुल्क सर्व सुविधा युक्त आवासीय नवोदय विद्यालय माना कैंप में है तथा टेक्निकल जानकारी देते हुए कहा कि अब आवेदन फॉर्म की हार्ड कॉपी की आवश्यकता नहीं है सब कुछ ऑनलाइन और सहज है, उन्होंने जानकारी दी कि विद्यार्थी की फोटो, आधार कार्ड, लिंक मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र से फॉर्म भर जाएगा एवं अपार आईडी, ईमेल आईडी, और पान नंबर को ऑप्शनल बताया साथ ही फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 के जानकारी देते हुए कहा की *शिक्षार्थ आए एवं सेवार्थ जाएं* और किसी भी समस्या के लिए अपने मोबाइल नंबर भी जारी किए तथा बच्चों की जन्म अनिवार्य रूप से 1द्ध5द्ध 2014 से 31द्ध 7द्ध 2016 के बीच होने पर ही फॉर्म सक्सेसफुली अपलोड हो सकेंगे उन्होंने आगे कहा कि पिछले सत्र में 80 सीटों में से 25सीटों में आरंग विकासखंड के बच्चे चयनित हुवे जो गर्व का विषय है कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने किया ।इस अवसर पर नवोदय कंप्यूटर ऑपरेटर वरुण कुशवाहा सहित सहित विकासखंड के समस्त शासकीय, अशासकीय,अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राथमिक संस्था प्रमुख एवं संकुल समन्वय गण जितेंद्र शुक्ला, सुरेंद्रचंद्रसेन,प्रहलाद शर्मा,मनोज मुछावर ,अभिषेक तिवारी, संतोष सोनी,शेख मोहम्मद, शैक्षिक मीडिया प्रभारी अरविंद वैष्णव प्रधान पाठक गण सुशील भतपहरी,नरसिंह दास मानिकपुरी,फागू राम देवांगन,मौसमी शर्मा, छाया वर्मा, लक्षण लहरी, दिगंबर बरिहा, विजय कुरे संदीप दीवान करुणा वर्मा ममता वर्मा आदि सैकड़ों प्रधान पाठक आदि सभी की उपस्थिति रही एवं इस महत्वपूर्ण बैठक को दो पालियों में संचालित किया गया।



# गरियाबंद जिले में सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के 88 पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित

**गरियाबंद,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पदों पर समायोजित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के उपरांत नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए गए हैं। जिले के कुल 88 रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ की गई हैं, जिनमें से सभी पद आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों में भरे गए हैं। इनके नियुक्ति से जिले के सुदूर ग्रामीण, वनांचल और अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों की स्कूलों में लंबे समय से लंबित विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी लगभग दूर हो गई है। साथ ही अब इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा मिलेगी।

उल्लेखनीय की राज्य शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हटाए गए बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित किया गया है। इन समायोजित शिक्षकों में अधिकांश ने इंजीनियरिंग, विज्ञान व तकनीकी विषयों में स्नातक और परास्नातक की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। ऐसे योग्य शिक्षकों की नियुक्ति से विशेष रूप से आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतिस्पर्धी शिक्षा मिलने का रास्ता खुल गया है। इससे अब गरियाबंद जिले के ग्रामीण और वनवासी अंचल के छात्र भी विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसरों से जुड़ सकेंगे, जिससे जिले का शैक्षणिक परिदृश्य सकारात्मक रूप से बदलेगा।

जिला शिक्षा अधिकार एसके सारस्वत ने बताया कि जिले में सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) पद पर समायोजित 88 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इनमें कई शिक्षक बीई, बीटेक, एमटेक व बीएससी जैसे उच्च शिक्षण डिग्रीधारी हैं, इससे जिले के शिक्षा स्तर में सुधार होने के साथ ही वनांचल क्षेत्र की शिक्षा को बल मिलेगा।

**ग्रामीण बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा:** मालूम हो कि अभी तक जिले के सुदूर विद्यालयों में विज्ञान शिक्षकों की भारी कमी थी। प्रयोगशालाएं तो थीं, लेकिन उन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षक नहीं थे। अब इन नियुक्तियों से स्थिति पूरी तरह बदलेगी। तकनीकी और विज्ञान स्नातकों के आने से प्रयोग आधारित पढ़ाई को बल मिलेगा, जिससे छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि, समझ और नवाचार की भावना विकसित होगी।

# छग मरार पटेल महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**बलौदाबाजार,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कर्मचारी भवन रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। बलौदाबाजार निवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।



श्री पटेल ने बताया कि इसके अलावा सामाजिक वेबसाइट के माध्यम से समाज के कर्मचारियों की ऑनलाइन गणना करने, सतत कैरियर मार्गदर्शन करने, समाज के निर्धन प्रतिभावान विद्यार्थियों के शिक्षा के लिए सामाजिक कोष की व्यवस्था करने सहित समाज हित में अनेक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नागेश्वर पटेल, संयोजक लिलार सिंह पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष डेहर पटेल, महासचिव पतिराम पटेल, डॉ चंद्रकांत पटेल, केशव पटेल, पीताम्बर पटेल, लाखन पटेल, नेतराम पटेल, विनय कुमार पटेल, दिलीप पटेल, घनश्याम पटेल, नरेश पाटिल, होरीलाल पटेल, अमृत पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त समन्वयकों को दिया गया ससम्मान विदाई

**बलौदाबाजार,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। समन्वयक संघ बलौदाबाजार ने अपने साथी द्वय समन्वयक सेवानिवृत्त रोशन लाल पटेल उच्च श्रेणी शिक्षक करमदा, बलदाउ राम साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं समन्वयक भरसेला बडा, व रमेशर भारद्वाज सेवानिवृत्त बीआरसीसी कार्यालय को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन कर सहसम्मान विदाई दी गयी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप मे राजेन्द्र कुमार टंडन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अविनाश तिवारी विकासखंड स्रोत समन्वयक, के मुख्यआतिथ्य मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्यअतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सेवानिवृत्त शिक्षको के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये उनके कार्यो का याद किया और बताया कि यह विकासखंड के ऐसे शिक्षक एवं समन्वयक है जिन्हे कोई भी काम शासन द्वारा दिया गया पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ समय पर पूरा किया है। इसके साथ ही उन्होने बीआरसीसी कार्यालय से सेवानिवृत्त रमेशर भारद्वाज के कार्यो को याद किया एवं उनके दीर्धायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम मे आये समन्वयको ने भी अपने सेवानिवृत्त साथियो के कार्यो को याद करते हुए उनके सफ्ल एवं दीर्धायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर समन्वयक संध द्वारा शाल श्रीफ्ल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान किया गया। इसके साथ ही जागेन्द्र पुरेना समन्वयक व अमृतलाल बंजारे समन्वयक का सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षको ने भी अपने साथी शिक्षको द्वारा दिये गये सम्मान के लिए उन्हे धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समन्वयक संध के जिलाध्यक्ष गोर्वधन प्रसाद वर्मा, विकासखंड अध्यक्ष मुन्नालाल मनहरे, भुपेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, गुरूदयाल कैवर्त्य, सुनील कुमार तिवारी, तोता राम खुंटे, सतीश भारद्वाज, अमृतलाल भारद्वाज, जागेन्द्र पुरेना, समारू बांधे, सेवाराम वर्मा, शिवकुमार वर्मा, हरीशचंद साहू, लक्ष्मीकांत पैकरा, संतोष सोनवानी, बसंत कोशले, सुशील सोनवानी, शशीकांत राणा, खुबचंद सिन्हा, सुरेन्द्र बंजारे, रामरतन कैवर्त्य, बिसाहुराम यादव, फगराम डहरिया, ढीलुराम साहू, शिवलाल पैकरा, प्रेमशंकर ध्रुव, मनोज कुमार साहू, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, कमलेश धुव सहित समन्वयक साथी उपस्थित रहे।



# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पुष्पांजलि अर्पित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के आतिथ्य में डॉ मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दर्रा कसडोल भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती मनाया गया। इसके अलावा एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण कर श्री मुखर्जी को नमन भी किया। भाजपा मंडल के गठन के बाद सर्वप्रथम बैठक भी आहूत किया गया। जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहें।




कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने संगठन की विशेषता एवं महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा किया। साथ ही नवीन दायित्व भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। श्री यादव ने कहा कि अगर भाजपा के कार्यकर्ता लगातार पार्टी के दायित्वों का निर्वहन करते है तो पार्टी उस कार्यकर्ता को शीर्ष पदों पर भी विराजित करता है। भाजपा पार्टी को 12 माह कार्य करने वाली पार्टी भी बताया। प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुमार पटेल, पूर्व सभापति नवीन मिश्रा ने भी अपना विचार रखे। स्वागत भाषण भाजपा मंडल कसडोल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने देते हुए नवीन दायित्व मिलें भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का भी परिचय कराया गया।

बैठक मे संघठन के तरफसे जिला अध्यक्ष आंनद यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, पूर्व जिलापंचायत सभापति नवीन मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, जिलामंत्री कृष्णकुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, अनिल श्रीवास, नगर पंचयात अध्यक्ष नागेश्वर साहू सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल के ज्येष्ठ श्रेष्ट पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# आरंग में देवशयनी एकादशी पर्व मनाया गया

**आरंग,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं अग्रसेन योगासन शाखा आरंग द्वारा आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को देव शयनी एकादशी के रुप में संध्या 6–30 बजे से भजन कीर्तन, भगवान लक्ष्मी नारायण की आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि देवशयनी एकादशी जिसे हरिशयनी या भगवान विष्णु का शयन काल भी कहा जाता है ।इस तिथि के बाद भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि तक अर्थात चार माह तक भगवान विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में विश्राम करते है । तब सृष्टि का संचालन भगवान शिव के रुद्र रूप द्वारा किया जाता है ।इस तिथि तक कोई शुभ कार्य जैसे विवाह , गृह प्रवेश एवं शुभ कार्य नही किया जाता। मानव को आत्म अनुशासन में रहते हुए अच्छे कार्य करना चाहिए ।इस अवसर पर बृजेश अग्रवाल , सतीश अग्रवाल , दीपक साहेब गुरुगोश्वामि ओम गुप्ता , शिव गुप्ता ,ओम प्रकाश गुप्ता , बलराम साहू , गोपाल पाल , शंकर पाल रमेश कुमार चौधरी, विनय पटेल ,रामकुमार कंसारी काशी देवांगन एवं अशोक कुमार ठाकुर उपस्थित थे ।

